RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 51
लखनऊ, बुधवार, 9 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




मैन टु मैन में पुरुष बनेंगी अदा शर्मा
विविध-12


www.dailypioneer.com


# किसानों के भारत बंद का रहा आंशिक असर

राजेश कुमार। नई दिल्ली

- हरियाणा-पंजाब समेत कई राज्यों में थोक और खुदरा मंडियां रहीं बंद, उद्योग-मॉल खुले रहे
- उत्तर प्रदेश में नहीं रहा कोई प्रभाव, जनजीवन पूरी तरह से सामान्य रहा, कुछ जगहों पर विरोध प्रदर्शन

**किसान** संगठनों की ओर से मंगलवार को आयोजित भारत बंद का देश में मिला-जुला असर रहा। कई ट्रेड यूनियनों और 22 राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित इस बंदी के दौरान अनेक राज्यों में जहां थोक और खुदरा मंडियां बंद रहीं, वहीं बड़ी संख्या में दुकानें, वाणिज्यिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान और शॉपिंग मॉल खुले रहे। देश के कई हिस्सों विशेषकर विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में सामान्य जीवन बाधित रहा। दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहे। परिवहन सेवाएं प्रभावित हुईं। प्रदर्शनकारियों ने अनेक प्रमुख सड़कों पर जाम लगाया और रेल पटरियों पर बैठकर प्रदर्शन किया। हालांकि कई राज्यों में आम जनजीवन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। जयपुर को छोड़ अन्य जगहों पर यह बंद काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा। जयपुर में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस और भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए जबकि मध्य प्रदेश के ग्वालियर मे पुलिस ने आंदोलनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। यहां प्रदर्षनकारियों का नेतृत्व कांग्रेस नेता कर रहे थे। राजकोट, साबरकांठा और कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) के बाजारों समेत गुजरात के कुछ हिस्सों में आगजनी की घटनाएं भी हुई हैं।

स्वराज इंडिया के नेता योगेंद्र यादव ने दावा किया कि देश के 25 राज्यों में 10,000 स्थानों पर बंद का आयोजन किया गया था। नए कृषि कानूनों के विरोध में राष्ट्रव्यापी बंद का पंजाब और हरियाणा में व्यापक असर दिखा। आंदोलनकारी किसानों ने चंडीगढ़-दिल्ली, अमृतसर-दिल्ली, हिसार-दिल्ली और भिवानी-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कई प्रमुख सड़कों को अवरुद्ध कर दिया और केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ नारे लगाए। किसान कई जगह टोल प्लाजा को घेर कर बैठ गए। पंजाब के अधिकांश स्थानों पर दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे और सार्वजनिक तथा निजी परिवहन सेवाएं बंद रहीं। हरियाणा में कई जगह व्यापारियों ने आंदोलनकारी किसानों का समर्थन किया। अंबाला में थोक कपड़ा बाजार, सर्राफ बाजार और अनाज बाजार बंद हो गए, जबकि कुछ अन्य खुले थे। रोहतक, कैथल, कुरुक्षेत्र, भिवानी और हिसार जिलों में कई स्थानों पर दुकानें भी बंद रहीं। यहां भी बस सेवाएं बाधित हुईं। दोनों राज्यों में पेट्रोल पंप भी बंद रहे।



कृषि कानूनों के विरुद्ध आयोजित बंद को सफल बनाने के लिए किसानों ने गाजीपुर बार्डर पर दिल्ली-मेरठ हाईवे को जाम कर दिया

पंजाब सिविल सचिवालय स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखचैन खैरा ने दावा किया कि राज्य में 50,000 से अधिक सरकारी कर्मचारियों ने किसानों के समर्थन में मंगलवार को सामूहिक अवकाश लिया। शीर्ष गुरुद्वारा निकाय शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने भी अपने कार्यालयों और संस्थानों को बंद रखा। लगभग 95 लाख ट्रक ड्राइवरों और अन्य संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए भारत बंद में हिस्सा लिया। एआईएमटीसी ने कहा कि बंद सफल रहा और परिवहन उद्योग को बंदी के कारण लगभग 2,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। एआईएमटीसी के अध्यक्ष कुलतारन सिंह अग्रवाल ने कहा कि लगभग 90 लाख ट्रक, टेम्पो, ट्रेलर मंगलवार को नहीं चले।

उत्तर प्रदेश में बंद का कोई असर नहीं हुआ। यहां दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान दिनभर खुले रहे। रोडवेज बसें, ट्रक, मिनी बसें, ऑटो-रिक्शा और ई-रिक्शा अन्य दिनों की तरह सड़कों पर दौड़े। हालांकि लखनऊ के विधान भवन में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास किसानों ने मौन विरोध प्रदर्शन। सपा एमएलसी राजपाल कश्यप, सुनील सिंह साजन, आनंद भदौरिया और आशु मलिक इसमें षामिल हुए। कई जिलों में सपा ने प्रदर्शन किए। बिहार में प्रदर्शनकारियों ने रेलवे ट्रैक, राजमार्ग और सड़कों पर कब्जा कर लिया था। यहां भारत बंद के कारण आम जनजीवन खासा प्रभावित हुआ। जहानाबाद में पटना-पलामू एक्सप्रेस की आवाजाही कुछ मिनट के लिए बाधित हुई। महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भी कृषि उपज मंडी समितियां (एपीएमसी) बंद रहीं। पुणे, नासिक, नागपुर और औरंगाबाद जैसे प्रमुख शहरों में थोक बाजार नहीं खुले। राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। पश्चिम बंगाल में बंद की मिली-जुली प्रतिक्रिया रही। कांग्रेस और वामपंथी दलों के समर्थकों ने देशव्यापी बंद को लागू करने के लिए कई स्थानों पर रेल पटरियों को अवरुद्ध किया और सड़कों पर जाम लगाया।

## सरकार और किसानों के बीच आज होने वाली बैठक टली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- गृहमंत्री अमित शाह के साथ हुई किसान नेताओं की बैठक में सरकार की ओर से लिखित प्रस्ताव देने की पेशकश
- किसान संगठन प्रस्ताव पर विचार करने के बाद लेंगे अगला फैसला

**कृषि** सुधार कानूनों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे किसानों के साथ बुधवार को होने वाली छठें दौर की बातचीत टल गई है। इस वार्ता से ठीक एक दिन पहले मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ किसान नेताओं की बैठक के बाद यह फैसला किया गया। यह बैठक भी बेनतीजा रही।

किसान नेताओं के मुताबिक सरकार कृषि कानूनों में संशोधन के लिए एक लिखित प्रस्ताव देगी, जिस पर कल विचार करने के बाद किसान नेता अगली रणनीति के बारे में फैसला लेंगे। देर रात तक चली इस अहम बैठक के बाद किसान नेता हनन मोल्लाह ने बताया कि सरकार एपीएमसी पर किसान संगठनों के लिए नया प्रस्ताव लाएगी। लेकिन वह कृषि सुधार कानूनों को वापस न लेने के अपने रुख पर कायम है। हालांकि वह संशोधन के लिए राजी है। इस संबंध में वह लिखित प्रस्ताव देगी, जिस पर बुधवार को सिंघू बॉर्डर पर किसान नेताओं के साथ बैठक के बाद अगली बातचीत के बारे में फैसला किया जाएगा। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार वही पुरानी बाते दोहराती रही। सूत्रों के मुताबिक, 13 किसान नेताओं को शाह के साथ इस बैठक के लिए बुलाया गया था। रात आठ बजे शुरू बैठक देर रात तक चली। किसान नेताओं में आठ पंजाब से थे जबकि पांच देश भर के अन्य किसान संगठनों से संबंधित थे। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में शामिल नेताओं में अखिल भारतीय किसान सभा के हन्नान मोल्लाह और भारतीय किसान यूनियन के राकेश टिकैत भी थे।

कुछ किसान नेताओं ने बताया कि उन्हें पहले इस बैठक के शाह के आवास पर होने की उम्मीद थी, लेकिन यह राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा में हुई। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण थी क्योंकि किसान तीनों कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग पर अड़े हुए हैं। प्रदर्शन कर रहे किसानों का दावा है कि ये कानून उद्योग जगत को फायदा पहुंचाने के लिए लाए गए हैं और इनसे मंडी और न्यूनतम समर्थन (शेष पेज 9)

## निवेशकों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएं: मुख्यमंत्री

- सीएम ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों के लिये नीति का सरलीकरण किया गया है। आवश्यकता इस बात की है कि निवेशकों को सभी सुविधाएं सुलभ कराई जाएं। उद्योगों की स्थापना के लिये उनको अधिक से अधिक प्रोत्साहन दिया जाए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में औद्योगिक निवेश का विशेष महत्व है। इससे जहां एक तरफ विकास होता है तो दूसरी तरफ लोगों को रोजगार भी मिलता है। अत: उद्योगों की स्थापना के लिये अधिकारी पूरी



रुचि लेकर कार्य करें। धान क्रय केन्द्रों के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केन्द्रों पर किसानों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं और उनका भुगतान समय से कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील किसान भी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

इसलिए उन्हें प्रगतिशील खेती के लिये प्रेरित किया जाए। गोआश्रय स्थलों के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हें आय का केन्द्र बनाया जाए। इसके लिये इन्हें सीएनजी उत्पादन, गोबर (शेष पेज 9)

### योगी आज 3,209 नलकूप चालकों को सौपेंगे नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कल अपने सरकारी आवास पर मिशन रोजगार के अन्तर्गत सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के नवचयनित 3,209 नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों से मुख्यमंत्री वर्चुअल संवाद भी करेंगे। इन नलकूप चालकों का चयन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा परीक्षा के माध्यम से किया गया है। राज्य सरकार नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के सभी प्रयास कर रही है। इसी क्रम में सरकारी भर्तियां भी की जा रही हैं। ज्ञातव्य है कि 16 अक्टूबर को 31,227 (शेष पेज 9)

## थलसेना प्रमुख जनरल नरवणे यूएई सऊदी अरब की यात्रा पर रवाना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- इस यात्रा से रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के नए आयाम खुलने की उम्मीद

**थलसेना** प्रमुख जनरल एमएम नरवणे मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब की छह दिनों की यात्रा पर रवाना हुए। किसी भारतीय थलसेना प्रमुख की खाड़ी क्षेत्र में रणनीतिक रूप से दो महत्वपूर्ण देशों की अब तक की यह पहली यात्रा है। जनरल नरवणे की इस यात्रा से दोनों देशों के साथ भारत के बढ़ते रणनीतिक संबंध प्रदर्शित होते हैं और इससे रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के नए आयाम खुलने की उम्मीद है।

कई अरब देशों के साथ इजराइल के सामान्य हो रहे संबंधों और ईरान के शीर्ष परमाणु हथियार वैज्ञानिक मोहसिन फखरीजादेह की हत्या से उपजी स्थिति सहित खाड़ी क्षेत्र में तेजी से घट रही घटनाओं के बीच जनरल नरवणे की यह यात्रा हो रही है। जनरल नरवणे का पहला गंतव्य संयुक्त अरब अमीरात होगा, जहां वह वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग प्रगाढ़ करने पर चर्चा करेंगे। थल सेना ने एक बयान में कहा, थल सेना प्रमुख जनरल नरवणे संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब की नौ से 14 दिसंबर तक की यात्रा पर रवाना हुए हैं। बयान में कहा गया है, अपनी यात्रा के दौरान, वह इन देशों के अपने समकक्षों और वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे।

यह यात्रा इस मायने में ऐतिहासिक है कि यह पहला मौका है जब कोई भारतीय थल सेना प्रमुख यूएई और सऊदी अरब की यात्रा कर रहे हैं। आधिकारिक कार्यक्रम के मुताबिक थलसेना प्रमुख 13 से 14 दिसंबर तक सऊडी अरब की यात्रा करेंगे। बयान में कहा गया है, वह सऊदी अरब और भारत के बीच उत्कृष्ट रक्षा सहयोग को सुरक्षा प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई बैठकों के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे तथा रक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। बयान में (शेष पेज 9)

## राजस्थान पंचायत चुनावों में भाजपा ने लहराया झंडा

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के 21 जिलों में 4371 पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव में भाजपा के 1835 उम्मीदवार जीत गए हैं जबकि कांग्रेस के 1718 उम्मीदवारों को जीत मिली है। इसे कांग्रेस की गहलोत सरकार के लिए झटका माना जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, निर्दलीय 420 व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) को 56 जगहों पर विजई प्राप्त हुई है। बाकी सीटों के आधिकारिक परिणाम अभी आने हैं। इसी तरह जिला परिषद सदस्यों के चुनाव में कांग्रेस 204, भाजपा 266 व आरएलपी पांच सीटों पर जीती है। कुल 636 जिला परिषद सदस्यों के लिए चुनाव हुए हैं। बाकी सीटों के परिणाम अभी आने हैं। सीकर जिले के फतेहपुर सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को पंचायत चुनाव में जीत के बाद निकल रहे जुलूस के दौरान दो पक्षों में हुई झड़प में एक युवक की मौत हो गई जबकि दस अन्य लोग घायल हो (शेष पेज 9)

## केंद्रीय मंत्रियों का आरोप, विपक्ष कर रहा किसानों को गुमराह

- 90 प्रतिशत किसान नए कृषि कानूनों के समर्थन में: जावडेकर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**विपक्षी** दल जहां किसानों के साथ खड़े हैं, वहीं केंद्र सरकार अपने बनाए कानूनों के फायदे गिना रही है और विपक्ष पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगा रही है। कई प्रमुख केंद्रीय मंत्रियों ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दल किसानों को भटका रहे हैं और भारत बंद का समर्थन कर रहे हैं। मंत्रियों के अनुसार नए कृषि कानून छोटे और सीमांत किसानों के कल्याण के लिए ही बनाए गए हैं।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि विपक्षी दल बेनकाब हो गए हैं। विरोध प्रदर्शन का कोई आधार नहीं है, क्योंकि एपीएमसी और एमएसपी जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 90 प्रतिशत किसान नए कानूनों के पक्ष में हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि किसानों को गुमराह किया जा रहा है। भारत बंद का आयोजन किसान नहीं, विपक्ष कर रहा है। किसान संगठनों के साथ बुधवार को होने वाली अगले चरण की वार्ता में सरकार की ओर से नेतृत्व कर रहे तोमर ने मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की।

इस बीच, केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और एनसीपी नेताओं पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के नेताओं ने संप्रग सरकार के दौरान कृषि विपणन सुधारों का समर्थन किया था और अब उसी मुद्दे पर मोदी सरकार का (शेष पेज 9)

## कोविड का टीका लगवाने वाले भारतीय मूल के पहले दंपति बने हरि-रंजन शुक्ला

भाषा। लंदन

**उत्तर-पूर्वी** इंग्लैंड के भारतीय मूल के 87 वर्षीय व्यक्ति और उनकी 83 वर्षीय पत्नी मंगलवार को दुनिया के भारतीय मूल के पहले दंपति बने जिन्हें कोविड-19 का टीका दिया गया। न्यूकैसल के एक अस्पताल में उन्हें फाइजर, बायोएनटेक टीके की दो खुराकों में से पहली खुराक दी गई। टाइन एंड वेयर के निवासी डॉ. हरि शुक्ला से नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) ने तय मानकों के आधार पर संपर्क किया ताकि वे दुनिया का पहला टीका लगवा सकें। उनकी पत्नी रंजन फिर टीका लगवाने के लिए खुद आगे आईं क्योंकि वह भी 80 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के लोगों के प्रथम चरण में आती हैं। न्यूकैसल हॉस्पीटल्स एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट ने कहा, हरि शुक्ला और उनकी पत्नी रंजन




न्यूकैसल अस्पताल के पहले दो रोगी हैं और दोनों दुनिया के पहले व्यक्ति हैं जिन्हें कोविड-19 का टीका दिया गया है। कोवेंट्री की 90 वर्षीय मारग्रेट मैगी कीनन टीका लगवाने वाली दुनिया की पहली महिला हैं। उनके बाद वार्विकशायर के 81 वर्षीय विलियम शेक्सपियर को टीका लगाया गया। शुक्ला ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि अंतत: हम इस वैश्विक महामारी के अंत की ओर बढ़ रहे हैं और मैं खुश हूं कि टीका लगवा कर, मैं अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यह मेरा कर्तव्य है और मदद के लिए जो हो सकेगा वह मैं करूंगा। (शेष पेज 9)

## 86 सेंटीमीटर और बढ़ी माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई

- अब यह चोटी 8848.86 मीटर ऊंची, चीन और नेपाल ने किया ऐलान

भाषा। काठमांडू,बीजिंग

**नेपाल** और चीन ने माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई संयुक्त रूप से दोबारा मापने के बाद मंगलवार को कहा कि विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी 86 सेंटीमीटर अधिक ऊंची है। उन्होंने माउन्ट एवरेस्ट की ऊंचाई 8848.86 मीटर मापी। उल्लेखनीय है कि छह दशक पहले भारत ने 1954 में एवरेस्ट की ऊंचाई मापी थी।

माउंट एवरेस्ट की संशोधित ऊंचाई सामने आने के बाद दो पड़ोसी देशों के बीच दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को लेकर दशकों पुराने विवाद का अंत हो गया। भारत में ब्रिटिश सर्वेक्षणकर्ताओं ने 1847 में इस पर्वत चोटी की ऊंचाई 8,778



मीटर मापी थी और तभी से इसकी ऊंचाई विवादास्पद रही है। उस समय माउंट एवरेस्ट को पीक 15 कहा जाता था। एवरेस्ट, चीन और नेपाल की सीमा के बीच है और पर्वतारोही इस पर दोनों ओर से चढ़ते हैं। नेपाल सरकार ने एवरेस्ट की सटीक ऊंचाई मापने का निर्णय लिया था क्योंकि 2015 में आए भूकंप तथा अन्य कारणों से चोटी की ऊंचाई में बदलाव की अटकलें लगाई जा रही थीं। डिजिटल माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में नेपाली और चीनी विदेश मंत्रियों ने एवरेस्ट की संशोधित ऊंचाई की घोषणा की। इस आयोजन में नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली ने नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी और चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने अपने राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा लिखे गए पत्रों को पढ़ा। ग्यावली ने कहा, यह ऐतिहासिक दिन है।

माउंट एवरेस्ट की नई ऊंचाई 8848.86 मीटर है। इसके बाद वांग ने भी यही दोहराया। इससे पहले भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा 1954 में एवरेस्ट की ऊंचाई 8,848 मीटर मापी गई थी जो नई ऊंचाई के मुकाबले 86 सेंटीमीटर कम थी। त्रिकोणमिति विधि द्वारा यह सर्वेक्षण बिहार से किया गया था। काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार यह भारत द्वारा किया गया तीसरा सर्वेक्षण था। इसके बाद चीन ने 1975 में एवरेस्ट की ऊंचाई 8848.11 मीटर मापी थी और 1987 से उपग्रह विधि से इटली ने इस पर्वत चोटी की ऊंचाई 8,872 मीटर मापी थी। हाल ही में किया गया संयुक्त सर्वेक्षण इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन और (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 45,608 | ↑ | 181 | |
| निफ्टी | 13,392 | ↑ | 37 | |
| सोना | 49,430 | ↑ | 816 | /10g |
| चांदी | 64,361 | ↑ | 3063 | /kg |

### क्विक न्यूज

**तीन टीकों पर औषधि नियामक गंभीरता से कर रहा विचार**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि औषधि क्षेत्र का नियामक कोविड-19 के तीन टीकों पर गंभीरता से विचार-विमर्श कर रहा है और उनमें से सभी को या किसी को जल्द लाइसेंस दिए जाने की संभावना है। मंत्रालय ने बताया कि कोविड-19 टीकाकरण की तैयारी के संबंध में को-विन सॉफ्टवेयर पर अग्रिम मोर्चे के स्वास्थ्यकर्मियों के बारे में आंकड़ा अपलोड किया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मियों, अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले कर्मियो के लिए तीन करोड़ कोविड-19 टीके की पहली खेप को भंडारित करने के वास्ते मौजूदा शीत भंडारण की व्यवस्था पर्याप्त है। मंत्रालय ने कहा कि एनईजीवीएसी ने सिफारिश की है कि कोरोना टीकाकरण में एक करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

# यूपी में उड़ान भरेंगे फ्लाइंग क्लब

## उड्डयन प्रशिक्षण के लिए सरकारी हवाई पट्टियों के प्रयोग की नीति में होगा बदलाव

● फ्लाइंग क्लब्स को होगी सहूलियत, प्रस्तावित नीति पर सीएम योगी ने दी सैद्धांतिक सहमति



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एयर** कनेक्टिविटी को बेहतरीन करने में जुटी योगी सरकार अब प्रदेश में उड्डयन प्रशिक्षण को भी बढ़ावा देने की तैयारी कर रही है। उड्डयन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए सरकारी हवाई पट्टियों के इस्तेमाल की नीति में सरकार जल्द ही बदलाव करने जा रही है, जिसके बाद विभिन्न निजी फ्लाइंग क्लब्स सरकारी हवाई पट्टियों का इस्तेमाल पहले से कहीं अधिक सुविधाजनक ढंग से कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रस्तावित नीति का प्रस्तुतिकरण देखने के बाद अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े तीन साल में एयर कनेक्टिविटी के लिहाज से प्रदेश में अभूतपूर्व काम हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में 7 फंक्शनल एयरपोर्ट हैं तथा एक उड़ान हेतु तैयार है जबकि 12 अन्य एयरपोर्ट का विकास राज्य सरकार द्वारा कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 8 हवाई पट्टियाँ भी हैं। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के विकास कार्य पूर्ण हो चुका है मात्र लाइसेंसिंग प्रक्रिया का कार्य चल रहा है जबकि नोएडा एयरपोर्ट पर पांच रनवे बनाने से संबंधित स्टडी को पीएमआइसी ने स्वीकार कर संस्तुति की है। यह ऐतिहासिक है। सीएम योगी ने कहा कि अपने संसाधनों से इतनी संख्या में एयरपोर्ट विकसित करने में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विमानन गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ साथ इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक युवाओं को बेहतरीन प्रशिक्षण के अवसर भी उपलब्ध कराएगी।

नवीन नीति के बारे में प्रस्तुतिकरण देते हुए निदेशक एवं विशेष सचिव नागरिक उड्डयन विभाग सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रस्तावित नीति में विमानन के क्षेत्र में पायलट, अभियन्ता, टेक्नीशियन, फ्लाईट डिस्पैचर, केबिन क्रू से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए हवाई पट्टी का उपयोग किये जाने की व्यवस्था की गई है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त हवाई पट्टी राजकीय विमानों तथा चार्टर आपरेशन के लिए भी उपलब्ध रहेगी। निजी संस्था को स्वयं के व्यय पर ट्रेनिंग हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा तथा नियामक संस्थाओं से स्वीकृतियाँ प्राप्त करना व उनकी गाइडलाइंस का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। हवाई पट्टी पर उपलब्ध अन्य संसाधनों का उपयोग निजी संस्थाओं द्वारा किया जा सकेगा। इसके अलावा, अब तक फ्लाइंग क्लब्स से प्रारंभिक 5 वर्ष और फिर 5-5 वर्ष करके 30 वर्ष तक नवीनीकरण की व्यवस्था थीए जिसे अब एकमुश्त 10 वर्ष किए जाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह क्षेत्र असीम संभावनाओं का है। उत्तर प्रदेश को इसका लाभ लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने नई नीति में कतिपय सुधार के भी निर्देश दिए। जिसके अनुसार संशोधन करते हुए जल्द की नवीन नीति कैबिनेट के सामने प्रस्तुत की जाएगी। प्रदेश में स्थित नागरिक उड्डयन विभाग के अधीन हवाई पट्टियों का उपयोग विमानन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा उड्डयन क्षेत्र में दक्ष श्रमशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2007 में नीति निर्धारित की गई थी। नीति के परिणामस्वरूप विभिन्न हवाई पट्टियों पर 7 निजी संस्थाओं द्वारा पायलट तथा विमानन अभियन्ता के कोर्स का संचालन किया जा रहा है। पूर्व नीति के जारी होने से अब तक 13 वर्षों के अन्तराल में विमानन क्षेत्र में हुए व्यापक परिवर्तन के दृष्टिगत पूर्व नीति में संशोधन किए जाने की आवश्यकता अनुभव की जा रही थी, जिसके बाद अब नई नीति लाई जा रही है।

## सल्फरलेस शुगर प्लांट का आज उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल के गन्ना किसानों को बस्ती के मुंडेरवा और गोरखपुर के पिपराइच में चीनी मिलों की सौगात दी थी। अब ये दोनों मिलें चीनी उत्पादन के क्षेत्र में एक नया सोपान जोड़ने जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्घाटित पिपराइच व मुंडेरवा चीनी मिलें वर्तमान पेराई सत्र में सल्फरलेस चीनी का उत्पादन करेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य चीनी एवं गन्ना विकास निगम लिमिटेड की दोनों चीनी मिलों में सल्फरलेस शुगर प्लांट का उद्घाटन बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान प्रदेश के गन्ना विकास व चीनी मिल विभाग के मंत्री सुरेश राणा भी मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश में पहली बार निगम क्षेत्र में सल्फरलेस चीनी का उत्पादन होने जा रहा है। सल्फरलेस उत्पादित होने वाली चीनी की निर्यात की संभावनाएं अधिक होती है। इसके लिए पिपराइच व मुंडेरवा की चीनी मिलों में करीब 25.25 करोड़ रुपये के अत्याधुनिक प्लांट लगाए गए हैं। सल्फरलेस चीनी बनाने के लिए पिपराइच व मुंडेरवा की चीनी मिलों में अत्याधुनिक टरबाइन लगाई गई है। इनके निर्माण पर तकरीबन 25-25 करोड़ रुपये की लागत आई है। नई टरबाइन में चीनी की सफाई के लिए कार्बन डाईऑक्साइड का इस्तेमाल होगा।

## वैक्सीन के परिवहन व भंडारण के लिए दो दिन में दे एक्शन प्लानः सीएस



**लखनऊ।** मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कोविड-19 वैक्सिनेशन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कोरोना वैक्सीन के जनपद एवं मण्डल स्तर पर सुरक्षित ट्रांसपोर्टेशन एवं स्टोरेज के लिये एक्शन प्लान दो दिवस में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। इसके अतिरिक्त वैक्सीन लगाने के लिये स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण का ट्रेनिंग प्रोग्राम भी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुये वैक्सीन की सुरक्षा के लिये सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं ताकि वैक्सीन को सुव्यवस्थित रूप से लोगों को उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन के लिए विस्तृत प्लान शीघ्र तैयार कर प्रस्तुतीकरण किया जाए।

# अब स्वस्थ पूर्वांचल होगा सरकार का नया एजेंडा

● सीएम गोरखपुर में 10 को करेंगे राष्ट्रीय वेबिनार-सह सेमिनार का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोरखपुर** समेत पूरे पूर्वांचल में अभिशाप बन चुकी दिमागी बुखार की बीमारी पर अंकुश लगाने में योगी सरकार में सफलता मिली है। ऐसे में अब स्वस्थ पूर्वांचल के संकल्प को लेकर पूर्वांचल के 28 जिलों की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक रोडमैप तैयार किया जाएगा। यह रोडमैप गोरखपुर के दीन दयाल उपाध्याय विवि में पूर्वांचल का सतत विकास पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए एक नई पहल को लेकर 10 दिसंबर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी के दौरान तैयार किया जाएगा। इसे स्वस्थ्य पूर्वांचल के रूप में सरकार का नया एजेंडा भी कहा जा सकता है।

नियोजन विभाग के संयोजन में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी के दौरान ही पूर्वांचल में वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के जरिये उद्योगों धंधों कैसे बढ़ावा दिया जाए। इसका भी रोडमैप तैयार किया जाएगा। इस राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। समापन सत्र में केंद्रीय आयुष मंत्री स्वतन्त्र प्रभार श्रीपद यशो नाइक करेंगे। सूबे के पूर्वांचल क्षेत्र की आबादी छह करोड़ से अधिक है। गंगा-यमुना और सरयू जैसी नदियां भी इसी क्षेत्र में हैं। पूर्वांचल में बरसात भी खूब होती है। मानव संसाधन भी क्षेत्र में खूब है और यहां के लोग बेहद मेहनती हैं। पूर्वांचल के 28 जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का फैसला हुआ है। इसके लिए चिकित्सा सेक्टर में ऐसे क्या कदम उठाये जाएं, जिनके चलते पूर्वांचल के 28 जिलों में लोगो को हर बीमारी का सस्ते में आधुनिक इलाज पास में मिल सके। उन्हें मुंबई, दिल्ली या अन्य महानगरों के अस्पतालों में समय और संसाधन खर्च कर इलाज के लिए ना जाना पड़े। इसके लिए अब गोरखपुर एम्स की देखरेख में 10 से 12 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी के दौरान देश के सभी एम्स और यूपी के सभी मेडिकल कालेजों के विख्यात डाक्टरों से विचार-विमर्श करेंगे। उसके आधार पर एक रोडमैप तैयार किया जाएगा।

इसके साथ ही गोरखपुर एम्स की देखरेख में यूपी के सभी मेडिकल कालेजों को जोड़कर एक नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इस नेटवर्क में हर बीमारी और इलाज के सूचनांक दर्ज किये जाएंगे ताकि गांव और कस्बों के अस्पतालों में भी लोगों का इलाज करने में सुविधा हो। इसी प्रकार पूर्वांचल में उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के लिए ओडीओपी योजना यानी एक जिला एक उत्पाद योजना को लाभकारी बताया जा रहा है। पूर्वांचल में इस योजना के लिए एक बड़ा बाजार तैयार होने की संभावना जताई जा रही है।

## एसटीएफ को सौंपी गई मिर्जापुर तिहरे हत्याकांड की जांच

**लखनऊ।** मिर्जापुर में हुई तीन किशोरों की हत्या के मामले की जांच एसटीएफ को सौंप दी गई है। हत्याकांड की जांच के लिए गठित की गई एसआईटी को एक सप्ताह बाद भी कोई सफलता हाथ नहीं लगने के बाद अब जिम्मा एसटीएफ को दिया गया है। एसटीएफकी वाराणसी यूनिट ने अपनी कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी है। एसटीएफने मृत बच्चों के परिजनों और इस आईटी से मिलकर मामले की जानकारी ली। मालूम हो कि थाना लालगंज क्षेत्र के बामी गांव निवासी श्याम नारायन तिवारी के परिवार के 3 बच्चे सुधाशुं उर्फविनय, शिवम तथा हरिओम तिवारी उर्फडीएम पहली दिसम्बर 2020 को दोपहर घूमने के लिए गांव से तकरीबन 3 किमी दूर जंगल गए थे। देर शाम बाद भी घर वापस न लौटने पर परिवार वालों ने उनकी तलाश शुरू की और लालगंज कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज करा दी। दूसरे दिन दोपहर में विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कामापुर लेहडिया बंधे में तीनों बच्चों की लाश मिली। परिवार वाले जहां तीनों की हत्या किए जाने की बात कर रहे थे वही पुलिस मौत का कारण डूबना बताती रही। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं परिजनों से फोन पर बात कर 48 घंटे में हत्याकांड के खुलासे का भरोसा दिलाया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद एसआईटी का गठन किया गया लेकिन अब तक हत्यारों का कोई सुराग नहीं लग सका। एसआईटी को असफल होता देख अब शासन के निर्देश पर हत्याकांड की जांच एसटीएफ के सुपुर्द की है।

# साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाए पुलिसः अवनीश अवस्थी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● साइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम के उपायों पर हुई चर्चा

**अपर** मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने मंगलवार को साइबर अपराधों की रोकथाम से सम्बन्धित समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि लखनऊ व गौतमबुद्धनगर के साथ साथ 16 परिक्षेत्रों में स्थापित साइबर थानों को क्रियाशील करा दिया गया है। इन परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम पुलिस थानों में साइबर अपराधों से सम्बंधित जटिल प्रकार के अभियोग पंजीकृत किये जाते हैं तथा स्थानांतरित अभियोगों की विवेचना भी की जाती है। वर्तमान में नवसृजित परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम पुलिस थाना आगरा 11, अलीगढ 6, प्रयागराज 11, चित्रकूट धाम बांदा 2, बरेली 9, मुरादाबाद 19, गोरखपुर 8, बस्ती 5, देवीपाटन गोण्डा 3, कानपुर 13, झांसी 5, अयोध्या 8, लखनऊ 29, गौतमबुद्ध नगर(मेरठ), 22, सहारनपुर 5, आजमगढ 10, मिर्जापुर 5 व वाराणसी 14 सहित कुल 184 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि साइबर क्राइम की विवेचना एवं जांच मे आ रही जटिल समस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता में वृद्धि हेतु साइबर क्राइम इकाई द्वारा एक दिवसीय साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गयाए जिसमे साइबर-फॉरेन्सिक विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश के समस्त जनपद के लगभग 450 साइबर सेल प्रभारी अधिकारी, कर्मचारीगण को प्रशिक्षित किया गया। प्रदेश में साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु साइबर क्राइम के पंजीकरण, विवेचना, पयवेक्षण, अभियोजन एवं न्यायालय में विचारण हेतु थाना, जनपद एवं जोन स्तर पर अपराध की श्रेणियों के अनुसार प्रथम व द्वितीय चरण में साइबर क्राइम टीमों का गठन किया गया है। अवस्थी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि साइबर अपराधियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा अपराध के नये.नये तरीके अपनाये जा रहे हैं जैसे प्रधानमंत्री केयर फंड के नाम पर धोखाधड़ी, रोजमर्रा के सामान की ऑनलाइन डिलीवरी व उक्त महामारी से राहत दिलाने के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से सम्बन्धित धोखाधड़ी इत्यादि पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जाए।

## लालजी टंडन के नाम पर होगा चौक स्टेडियम में नवनिर्मित बॉक्सिंग हॉल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मंत्री स्व. लालजी टंडन के जनसेवा भाव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए लखनऊ स्थित चौक स्टेडियम में नवनिर्मित बॉक्सिंग हॉल का नामकरण स्व. लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हॉल करने का निर्णय लिया है। नवनिर्मित बॉक्सिंग हॉल का निर्माण खेल विभाग द्वारा कराया गया है, शीघ्र ही इसे लोकार्पित किया जाएगा।

आवश्यकता है
एच.एम.एच.डिग्री कालेज
लहरपुर - सीतापुर में
गृहविज्ञान, राजनीति शास्त्र, उर्दू व शिक्षाशास्त्र विषयों में प्रवक्ताओं की।
योग्यता-पी0एच0डी0/नेट।
सम्पर्क करें
सलाउद्दीन (प्रबन्धक)
मो.: 9415770042

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद खलीलाबाद जनपद-संतकबीरनगर**

पत्रांक-832/न0पा0 दिनांक-08.12.2020

**अति अल्पकालिक ई-टेण्डर सूचना**

नगर पालिका खलीलाबाद को पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से लकड़ी की आपूर्ति हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन निविदा दिनांक 18.12.2020 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 18.12.2020 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नगर पालिका परिषद खलीलाबाद सीमान्तर्गत फर्म को ही वरीयता दी जायेगी। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
खलीलाबाद, संतकबीरनगर

**कार्यालय ग्राम पंचायत रिहार, वि0ख0 बेहटा सीतापुर**

पत्रांक : मेमो/नि0पत्रा0/2020-21 दिनांक : 08.12.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वि0ख0 बेहटा की ग्राम पंचायत रिहार में मनरेगा व 15वॉ वित्त योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से सीलबंद निविदायें दिनांक 15.12.2020 की अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी।

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (1) | पंचायत भवन मरम्मत कार्य | 1,31,441/- | 500/- | 15वॉ वित्त |
| (2) | ग्राम ढखिया में रामनरेश के घर से बिरजू के घर तक खड़ंजा कार्य | 1,38,258/- | 500/- | मनरेगा |
| (3) | पुरुषोत्तम के घर से शिवबालक के घर के पास तक खड़ंजा कार्य | 2,24,992/- | 500/- | मनरेगा |
| (4) | मदरसा के पास से गुफरान के घर के पास तक खड़ंजा कार्य | 3,04,632/- | 500/- | मनरेगा |

धीरेन्द्र कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी

# भारत बंद के समर्थन में सड़क पर उत्तरी सपा

● निकला जलूस, ट्रेनें रोकीं, सड़कों व विधान भवन परिसर में दिया धरना




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मंगलवार को किसानों के भारत बंद को समाजवादी पार्टी ने पूर्ण समर्थन दिया। प्रदेश के सभी जनपदों में समाजवादी कार्यकर्ताओं ने किसानों की मांगों के समर्थन में किसान यात्राएं निकालीं और बंद में भी भागीदारी की। समाजवादी पार्टी की किसान साइकिल यात्राएं अगले निर्देश तक लगातार चलती रहेंगी।

पुलिस की जगह-जगह रोक-टोक के बावजूद भारत बंद पर समाजवादी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनपदों में जलूस निकाले, ट्रेनें रोकी, बाजार बंद कराया और सड़कों पर धरना दिया। समाजवादी कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने बाधाएं खड़ी की और कई जगह हल्का फुलका बल प्रयोग किया। कई नेता, कार्यकर्ता पुलिस के बल प्रयोग से घायल हो गए। तमाम नेताओं को घरों में नज़रबंद कर दिया गया।

समाजवादी पार्टी के विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्रियों एवं जिलाध्यक्षोंए महानगर अध्यक्षों सहित हजारों कार्यकर्ताओं को आज गिरफ्तार किया गया। अधिवक्ताओं ने अदालतों में कार्य बहिष्कार किया। किसान भाइयों ने भीख मांगकर अपना विरोध जताया। कई जगह बैलगाड़ी और ट्रैक्टर के साथ प्रदर्शन किया गया। समाजवादी पार्टी के कई विधायकों ने विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह के प्रतिमा स्थल तक पहुंच कर भाजपा की किसान विरोधी कुनीतियों के खिलाफ मौन धरना दिया। धरने में आनन्द भदौरिया, सुनील सिंह साजन, उदयवीर सिंह, डॉ राजपाल कश्यप, वासुदेव यादव, संतोष सनी, आशू मलिक तथा हीरालाल यादव शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने फतेहपुर में देवमई ब्लाक में किसान साइकिल यात्रा का नेतृत्व किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों को किसानों के समर्थन में साइकिल यात्राएं निकालने ओर भारत बंद में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने के लिए बधाई देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं को घरों में नज़रबंद करना लाठीचार्ज और उनकी गिरफ्तारी अलोकतांत्रिक है। किसानों के संघर्ष में समाजवादी साथ खड़े रहेंगे।

## किसानों से बात किए बिना कैसे बन सकते हैं किसान कानून



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव एवं यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने मंगलवार को किसानों द्वारा भारत बन्द आन्दोलन के समर्थन में ट्वीट करते हुए कहा कि नाम किसान कानून लेकिन सारा फायदा अरबपति मित्रों का। किसान कानून बिना किसानों से बात किए कैसे बन सकते हैं, उनमें किसानों के हितों की अनदेखी कैसे की जा सकती है, सरकार को किसानों की बात सुननी होगी। आइए मिलकर किसानों के समर्थन में आवाज उठाएं। शाम को उन्होने एक दूसरा ट्वीट कर कहा कि किसानों का साथ देने के लिए आज पूरे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को नजरबंद एवं गिरफ्तार किया जा रहा है। कड़कड़ाती ठंड में बैठे किसानों के लिए खेती, किसानी एमएसपी बचाने के लिए ये करो या मरो की लड़ाई है। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने आखिरी दम तक किसानों के साथ है।

## मीटर रीडिंग न देने पर कटेगा बिजली कनेक्शन

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं के विरूद्ध जो कि उनके आवासीय परिसर में मीटर रीडर्स को रीडिंग करने पर आपत्ति जताते हैं। मीटर की रीडिंग नहीं लेने देते हैं उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई करने जा रहा है। उप्र विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी टैरिफ के अनुसार ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं पर 50 रूपए प्रति किलोवाट पैनाल्टी प्रविधानित है। जो कि मीटर रीडर्स को विभागीय कार्य करने में बाधा उत्पन्न करते हैं। वहीं सप्लाई कोड में प्रद्दत्त व्यवस्था 6-2 के अनुसार बिजली कनेक्शन काटने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मध्यांचल डिस्काम के जनसपर्क अधिकारी शालिनी यादव ने बताया कि मीटर रीडिंग लेने के कार्य में मीटर रीडर्स को सहयोग प्रदान करें। अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी जिसमें बिजली काट दी जाएगी।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम शेहरान नूर से बदलकर सेहरान नूर कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा। सेहरान नूर पुत्र अब्दुल इस्लाम पता- 131/281 बेगम पुरवा टी0पी0 नगर कानपुर

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री अदिती नायक उर्फ पूजा के गलत चाल - चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए कार्यों व लेन- देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। वह अपने किए गए कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी। मुरलीधर नायक पुत्र स्व0 आर0 सी0 नायक, निवासी-ई-4453, सेक्टर-12, राजाजीपुरम, लखनऊ।

# कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता किए गए गिरफ्तार व नजरबंद

## लल्लू ने कहा दमन पर उतरी योगी सरकार, सफल रहा बंद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस की ओर से भारत बंद के समर्थन की घोषणा किए जाने के बाद सोमवार की देर रात से ही विभिन्न जिलों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला एवं शहर अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं को उनके आवास पर नजरबन्द या गिरफ्तार कर लिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि योगी सरकार दमन पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि किसानों के आवाहन पर हुए भारत बन्द को सभी वर्गों का भरपूर समर्थन और सहयोग मिला। आम जनता के साथ साथ कर्मचारी वर्ग ने भी किसानों के पक्ष में अपने प्रतिष्ठानों में काम बन्द कर भारत बन्द का समर्थन किया और प्रदेश में भारत बन्द पूरी तरह सफल रहा। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि किसानों के भारत बन्द आन्दोलन में वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी को इलाहाबाद में व विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को प्रतापगढ़ में उनके आवास पर नजरबन्द किया गया। वहीं किसानों के समर्थन में उतरे विधायक मसूद अख्तर को गिरफ्तार किया गया। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विश्वविजय सिंह सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं को गोरखपुर में गिरफ्तार किया गया। लखनऊ में महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान एवं जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय के सामने किसानों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस के सचिव त्रिभुवन नारायण मिश्रा, जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान को गोरखपुर में घर पर नजरबन्द किया गया।

## भारत बंद के समर्थन में रालोद कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**देश** के किसानों द्वारा किसान विरोधी कृषि बिल को वापस लेने की मांग को लेकर आवाह्न किये गये भारत बंद को सफल बनाने हेतु मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों के समर्थन में प्रदर्शन किया एवं गिरफ्तारियां दी। राजधानी लखनऊ में विधानसभा के पास सड़क पर प्रदर्शन करते हुये युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल तथा महानगर अध्यक्ष चन्द्रकांत अवस्थी के नेतृत्व में अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी। रालोद प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने बताया कि प्रदेश सरकार राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों पर उत्पीड़न से सम्बन्धित कार्यवाही करते हुये रालोद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद को घर से कार्यालय जाते हुये लखनऊ पुलिस ने घर पर ही नजरबंद कर दिया ताकि राष्ट्रीय लोकदल के प्रदर्शन को विफल किया जा सके।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुरेला विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी**

पत्रांक/टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक, दिसम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुरेला वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन निर्मित किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईंट, सीमेन्ट, रोडत्र बजरी टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेत सीलबन्द निविदायें दिनांक 09.12.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.12.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र0 सं0 | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत घर निर्माण कार्य | मु0 20.50 रु0 | 20000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 09.12.2020 से 15.12.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संतोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम गुरेला के नाम बंधक होनी चाहिए।

चप्पू बेगम
प्रधान
ग्राम पंचायत-गुरेला
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

चन्द्रशेखर
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-गुरेला
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# लखनऊ सहित सात जिलों में बेडों की संख्या बढ़ाएं: योगी

## कोरोना वैक्सीन कोल्ड चेन को पल्स पोलियो वैक्सीन के लिये बनाई गई कोल्ड चेन की तर्ज पर तैयार किया जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये पूरी सतर्कता बरतने और लखनऊ, मेरठ, वाराणसी, कानपुर नगर, झांसी, गाजियाबाद तथा गोरखपुर जिलों में कोविड 19 के बेडों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड.19 से बचाव व उपचार की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। साथ ही कान्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम की व्यवस्था को पूरी तरह से सक्रिय रखा जाए। उन्होंने कान्टैक्ट ट्रेसिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक कोविड.19 की कोई कारगर दवा अथवा वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो जाती तब तक सतर्कता ही बचाव है। उन्होंने कहा कि टीम.11 द्वारा पूरे समन्वय के साथ बेहतर परिणाम दिए गए हैं। कार्य की गति को आगे भी इसी प्रकार जारी रखा जाए। उन्होंने इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोविड 19 के प्रसार की रोकथाम में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कोविड 19 की मेडिकल टेस्टिंग रैण्डम आधार पर किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, औद्योगिक एवं अवस्थापना आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजधानी में 233, सूबे में कोरोना के 1824 नए मरीज मिले

**लखनऊ( पीएनएस )।** राजधानी सहित सूबे में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है। मंगलवार को राजधानी में कोरोना के 233 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1824 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 21374 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3244 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7967 मरीजों की और राजधानी में 1033 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 550,206 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2111 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 528, 832 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा जनपद लखनऊ में 9460 लोगों के सैम्पल लिये गये। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 23, आलमबाग 16, गोमती नगर 25, रायबरेली रोड 15, चौक 10, आशियाना 14, महानगर 10, विकासनगर 17, तालकटोरा 13, हजरतगंज 10, मड़ियांव 11 आदि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये।

## शहर में धारा144 लागू कार्यक्रमों के लिए लेनी होगी अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**तेग** बहादुर शहीद दिवस, क्रिसमस डे जैसे कार्यक्रमों को देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस आयुक्त द्वारा शांति भंग की संभावना को देखते हुए धारा 144 लगायी गयी है। रैली, जुलूस की बिना अनुमति के नहीं निकाल सकेंगे। मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रमों में अधिकतम 100 व्यक्तियों की अनुमति पहले ही दी जा चुकी है। मंगलवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था नवीन अरोरा ने बताया कि राजनैतिक दलों एवं कुछ लोगों द्वारा लोकशान्ति व्यवस्था भंग किये जाने की संभावना हैं, जिससे शान्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता हैं। साथ ही कोविड–19 वैश्विक महामारी का प्रभाव जन जीवन को व्यापाक रूप से प्रभावित कर रहा है। 19 दिसंबर को गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस, 25 दिसंबर को क्रिसमस–डे, 31 दिसंबर को वर्ष के समापन और एक जनवरी को नव वर्ष पर भी शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए धारा 144 लगाने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस उपायुक्तों की पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना न तो 5 या इससे अधिक व्यक्तियों का किसी प्रकार का कोई जुलूस निकालेगा न ही सार्वजनिक स्थान पर 5 से अधिक व्यक्तियों का समूह बनायेगा।

## पूरे शहर को मिलेगी वाई–फाई की सुविधा

### स्मार्ट सिटी की बोर्ड बैठक में लिए गए अहम निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** को जल्दी ही वाई फाई की सौगात मिलेगी, जिसे जनता को ऑनलाइन कार्य करने की क्षमता बढ़ेगी। यह निर्णय स्मार्ट सिटी के बोर्ड बैठक में लिया गया है। इसके साथ ही मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए एटीएम हेल्थ को स्थापित करने को हरी झंडी दी है। इससे जनता, एसजीपीजीआई सहित दूसरे चिकित्सालयों के चिकित्सकों से परामर्श ले सकेगी।

मंगलवार को लालबाग के स्मार्ट सिटी परिसर में अपर पुलिस महानिदेशक वूमेन पावर लाइन नीरा रावत व मण्डलायुक्त रंजन कुमार की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी की 12वीं बोर्ड बैठक हुई। बैठक में नगर आयुक्त अजय द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त अमित कुमार, स्मार्ट सिटी के वित्त प्रबन्धक जेपी सिंह, सचिव स्मार्ट सिटी शुभी श्रीवास्तव की मौजूदगी में क ई निर्णय लिए गये। बैठक में स्मार्ट सिटी द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। पूरे लखनऊ में वाई–फाई की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इससे लोगों को ऑनलाइन कार्य करने में काफी सहायता मिलेगी। साथ ही शहर का डिजिटाइलजेशन बढ़ेगा। शहर वासियों के स्वास्थ्य को देखते हुए एसजीपीजीआई से वार्ता कर एटीएम हेल्थ स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया। एसजीपीजीआई के प्रतिनिधि को आमंत्री के तौर पर बुलाकर विचार विमर्श किया गया, इस योजना से स्थापित एटीएम हेल्थ द्वारा एसजीपीजीआई एवं अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सालयों के विशेषज्ञों द्वारा टेली मेडिसिन की व्यवस्था की जायेगी, जिसके बाद निर्धन व मध्यम वर्ग के लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा परामर्श उपलब्ध हो सकेगा। लखनऊ स्मार्ट सिटी द्वारा अनेक परियोजनायें यथा स्मार्ट एलईडी स्क्रीन कैसर बाग चैराहे एवं इंवनिंग ओपेन रेस्टोरेंट नगर निगम के पार्को में खोले जायेगें। लखनऊ स्मार्ट सिटी द्वारा डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिये कैशलेश मार्केटिंग शुरू की जायेगी।

## राष्ट्रपति होंगे केजीएमयू दीक्षांत के मुख्य अतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**21 दिसंबर** को प्रस्तावित किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के मुख्य अतिथि के रूप में इस बार देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए विवि प्रशासन को राष्ट्रपति कार्यालय से क्लियरेंस मिल गया है। हालांकि कोविड 19 प्रोटाकाल के चलते वह कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहेंगे या वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे, अभी इस पर संशय है।

फिलहाल इस बारे में राष्ट्रपति कार्यालय से विवि को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि समारोह के नजदीक आने पर अवगत करा दिया जाएगा। फिलहाल विवि प्रशासन ने अपनी तरफ से तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व की तरह इस बार भी विवि का सांइटिफिक कन्वेंशन सेंटर केजीएमयू के 16वें दीक्षांत समारोह का साक्षी बनेगा। समारोह की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। विवि के कुलसचिव आशुतोष द्विवेदी के मुताबिक मेधावियों की सूची तैयार कराई जा रही है। समारोह के दौरान एमबीबीएसए बीडीएसए पीजी और सुपर स्पेशियालिटी कोर्स के मेधावियों को मेडल दिए जाएंगे।

## बेटियों से पीड़ित सीनियर वैज्ञानिक दंपति की हाईकोर्ट में गुहार

### हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी को तत्काल कार्रवाई का दिया आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एक** सीनियर वैज्ञानिक व उनकी पत्नी ने अपनी बेटियों और दामाद से खुद की व अपनी सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पीठ ने याचिका पर जिलाधिकारी लखनऊ को तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया है। साथ ही छह हफ्ते में कृत कार्रवाई की रिपोर्ट भी दाखिल करने को कहा है। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश सीनियर वैज्ञानिक डॉ. कृष्ण पाल सिंह व उनकी पत्नी की याचिका पर दिया है। याचिका के मुताबिक डा. कृष्ण पाल सिंह अपनी पत्नी के साथ अलीगंज में पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग के पास अपने मकान में रहते हैं। उनकी तीन बेटियां है। इनमें से एक अपने परिवार के साथ कनाडा में रहती है। लेकिन दो बेटियां व उनके पति उनके अलीगंज स्थित मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। उनकी पुत्रियों व दामादों ने उनके मकान में सुधा यादव नाम की एक महिला को रख दिया है। जिसकी वजह से उनके सामाजिक जीवन में खलल पड़ गया है। याचिका में कहा गया है कि 18 जून 2020 को उन्होंने इस संदर्भ में जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देते हुए खुद की व अपने सम्पत्ति की सुरक्षा की गुजारिश की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने याचिका में सुधा यादव नाम की महिला से अपना घर खाली कराने व दोनों बेटी दामादों को मकान में हस्तक्षेप से रोकने के की मांग की है। पीठ ने मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ परेंट्स एंड सीनियर सिटीजंस एक्ट 2007 व इसके तहत बनी नियमावली के तहत माना कि जिला प्रशासन और विशेषत: जिलाधिकारी पर वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दायित्व है। पीठ ने उक्त आदेश के साथ ही पूर्व में दिये गए एक आदेश के अनुपालन में भरण पोषण अधिकारी की नियुक्ति, वरिष्ठ नागरिकों के लिए ट्रिब्युनल के गठन और वरिष्ठ नागरिकों के जिला कमेटी के गठन इत्यादि के सम्बंध में भी राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई की भी रिपोर्ट तलब की है।

## राजबब्बर व अजय राय समेत चार मुल्जिमों ने किया सरेंडर

### अदालत ने निरस्त किया वारंट

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 2015 में धरना प्रदर्शन के दौरान तोड फोड़ व पुलिस बल पर हमला करने आदि के एक मामले में मंगलवार को कांग्रेस नेता राज बब्बर, अजय राय, प्रभु जी उर्फ प्रहलाद द्विवेदी व शैलेंद्र तिवारी ने एमपी एमएलए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया और वारंट रिकाल करने गुहार लगाई। विशेष जज पवन कुमार राय वारंट रिकाल करते हुए इन्हें 50 हजार के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। उन्होंने इसके साथ ही इस मामले में गैरहाजिर रहने पर मुल्जिम प्रदीप आदित्य जैन के विरुद्ध एक बार फिर से गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया।

### अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** गबन के एक आपराधिक मामले में नामजद सेवानिवृत आईएएस तुलसी गौड़ की अग्रिम जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज संदीप गुप्ता ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। कहा है कि मामला आर्थिक अपराध से जुड़ा है। सरकारी वकील प्रभा वैश्य ने अग्रिम जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया।

## बाबी खन्ना हत्याकांड में डॉ. नैमिष त्रिवेदी की जमानत याचिका खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**रिट्ज** रेस्टोरेंट के मालिक बाबी खन्ना हत्याकांड के बहुचर्चित मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ ने डेंटल सर्जन नैमिष त्रिवेदी की दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने यह आदेश मुल्जिम त्रिवेदी की याचिका पर दिया है। वर्ष 2016 में सप्रू मार्ग स्थित रिट्ज रेस्टोरेंट के मालिक ब्रम्हाशंकर उर्फ बाबी खन्ना की हत्या कर दी गई थी। इस मामले की जांच एसटीएफ ने करते हुए डॉ नैमिष त्रिवेदी को घटना का मास्टर माइंड बताया था। अभियोजन के मुताबिक डॉ नैमिष त्रिवेदी ने अपना घर बाबी खन्ना को बेंचने के लिए साढे सात करोड़ में सौदा किया था व एडवांस में एक करोड़ 33 लाख रुपये भी प्राप्त किए। लेकिन बाद में डॉ नैमिष त्रिवेदी मकान बेचने से मुकरने लगा।

## शहर में एक वार्ड– एक सफाई सुपरवाइजर व्यवस्था लागू

### सफाई और शिकायत की पूरी जिम्मेदारी होगी सुपरवाइजर की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए एक वार्ड एक सुपरइवाइजर की व्यवस्था लागू की जा रही है। नगर आयुक्त द्ारा सुपरवाइजर को कई जिम्मेदारी से नवाजा है। वार्ड की सफाई की पूरी जिम्मेदारी देते हुए वाहनों का रख रखाव, कूड़ा निस्तारण, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति सहित कई अधिकार दिए गए हैं। साथ ही लखनऊ वन ऐप एवं कंट्रोल रूम की शिकायतों का निस्तारण भी करना होगा।

मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने के लिए नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी द्वारा एक वार्ड एक सफाई सुपरवाइजर व्यवस्था लागू की गई है। लालबाग में इस पर नगर निगम के समस्त सुपरवाइजरों, अपर नगर आयुक्त अमित कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस के रावत, पर्यावरण अभियंता पंकज भूषण के साथ बैठक की गयी है, जिसमें निर्देशित किया गया कि अब प्रत्येक वार्ड की समस्त सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, वाहनों का रखरखाव, वार्ड सुपरवाइजर द्वारा किया जाएगा। इसमें किसी का हस्तक्षेप नहीं होगा, सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए संसाधनों का उपयोग कर सकेगा। वार्ड सुपरवाइजर द्वितीय पाली में अपने साथ वार्ड के अन्य बीट इंचार्ज, सुपरवाइजर के साथ पूरे क्षेत्र का दोबारा भ्रमण करेंगे एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करेंगे। लखनऊ वन ऐप एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराएंगे। इन कार्यों के अतिरिक्त सुपरवाइजर व्यवसायिक क्षेत्रों में सफाई के साथ–साथ प्रतिष्ठान के संचालकों को कूड़ा सड़क पर नही डाल करके कूड़े को इकोग्रीन की गाड़ियों को दिए जाने के लिए दुकानदारों और शहर के नागरिकों को जागरूक करेंगे। सभी सुपरवाइजर एवं कार्य पर्यवेक्षक का दायित्व होगा कि उनको आवंटित वार्डों में कूड़ा उठान सत प्रतिशत कार्यदाई संस्था के श्रमिकों की उपलब्धता भी नियमित कराएंगे। सफाई कर्मचारियों के विभिन्न संगठनों से वार्ता करते हुए नगर आयुक्त द्वारा अपने कार्य योजना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई ।


विवाद से विश्वास योजना 2020

सुलझाएं विवाद, बढ़ाएं विश्वास






आयकर विवादों को सुलझाने का स्वर्णिम अवसर

पात्रता

- दिनांक 31.01.2020 तक या उससे पहले दायर एवं लंबित अपील/याचिका
- वे आदेश जिनकी अपील दाखिल करने का समय दिनांक 31.01.2020 तक समाप्त नहीं हुआ है
- दिनांक 31.01.2020 तक विवाद समाधान पैनल (DRP) के समक्ष लंबित मामले
- ऐसे मामले जहां DRP ने दिनांक 31.01.2020 या उससे पहले निर्देश जारी किया था लेकिन कोई आदेश पारित नहीं किया गया है
- ऐसे मामले जहां निर्धारिती ने दिनांक 31.01.2020 या उससे पहले धारा 264 के अन्तर्गत रीविजन के लिए अनुरोध किया हो
- सर्च के ऐसे मामले जहां विवादित कर, एक वर्ष में 5 करोड़ से कम है
- करदाताओं अथवा विभाग द्वारा दायर अपील/याचिकाएं
- ऐसे विवाद के मामले जिनमें भुगतान पहले ही किया जा चुका है, भी पात्र होंगे
- भारत या विदेशों में मध्यस्थता के मामले

समाविष्ट विवाद

- निम्न से संबंधित सभी विवाद (कुछ विवादों के अतिरिक्त)
  (i) विवादित कर
  (ii) विवादित पेनल्टी
  (iii) विवादित ब्याज
  (iv) विवादित शुल्क
  (v) स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) या स्रोत पर कर संग्रहण (टीसीएस) से संबंधित विवाद

मुख्य बिंदु .................. भुगतान की शर्तें

| सुनिश्चित तिथि या उससे पहले किया गया भुगतान | विवादित कर से संबंधित अपील | केवल विवादित ब्याज या पेनल्टी या शुल्क से संबंधित अपील |
|---|---|---|
| 31 मार्च, 2021 | विवादित कर का 100% (सर्च के मामले में 125%) | विवादित पेनल्टी या ब्याज या शुल्क का 25% |
| **सुनिश्चित तिथि या उसके बाद किया गया भुगतान** | **विवादित कर से संबंधित अपील** | **केवल विवादित ब्याज या पेनल्टी या शुल्क से संबंधित अपील** |
| 1 अप्रैल, 2021 को या उसके बाद जारी होने वाली अधिसूचित तिथि तक | विवादित कर का 110% (सर्च मामलों में 135%) यदि यह कुल मांग में वृद्धि नहीं करता हो | विवादित पेनल्टी या ब्याज या शुल्क का 30% |

यदि मामले में करदाता की लंबित अपील पर अपीलीय अधिकरण द्वारा निर्णय पहले ही करदाता के पक्ष में आया है या विभाग ने मामले में अपील दायर की है तो उपर्युक्त राशियों का 50% देय होगा।

विवाद से विश्वास योजना 2020 - मुख्य तिथियाँ:

डिक्लेरेशन फाइल करने की अंतिम तिथि
31 दिसम्बर, 2020

बिना अतिरिक्त राशि के भुगतान करने की तिथि
31 मार्च, 2021

देखें: www.incometaxindia.gov.in
www.incometaxindiaefiling.gov.in

आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

@incometaxindiaofficial
@IncomeTaxIndia

davp 15401/13/0003/2021

# भारत बंद: छुटपुट नोकझोंक के बीच चला धरना-प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

देशभर में किसान आंदोलन के चलते भारत बंद के ऐलान के बाद राजधानी लखनऊ में जगह जगह जहां राजनीतिक पार्टियों ने भारत बंद में अपना समर्थन दिया और जगह-जगह धरना प्रदर्शन किया वहीं किसानों ने भी कई जगह पर चक्का जाम कर अपनी गिरफ्तारियां दीं। हालांकि बाजार लगभग पूरे तौर पर खुले रहे। पुलिस की बैरिकेडिंग व सुरक्षा व्यवस्था के चलते भारत बंद के दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है पुलिस और किसान नेताओं के बीच में कहीं कहीं पर हल्की फुलकी नोकझोंक हुई जबकि कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को विभिन्न थाना क्षेत्रों में हिरासत में लिया गया वह कई लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन लाया गया। शहर में बंद का आंशिक असर ही दिखा।

चिनहट इलाके में लखनऊ और बाराबंकी सीमा पर पुलिस सक्रिय रही। इसके बाद मंगलवार देर शाम किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने औपचारिक गिरफ्तारी दी। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने औपचारिक गिरफ्तारी दी थी। इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। इसके अलावा सीतापुर रोड, कानपुर रोड, रायबरेली रोड, सुल्तानपुर रोड के साथ साथ सीमावर्ती जिलों के सीमाओं पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर आंदोलनकारियों को रोकने का भरसक प्रयास किया बावजूद इसके कई नेता प्रदर्शन करने में व सड़क जाम करने में सफल रहे जिसकी वजह से राजधानी के विभिन्न थाना क्षेत्रों में महामारी अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में कई दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।



निगोहां कस्बे में किसान यूनियन के संगठनों द्वारा सैकड़ों की संख्या में किसान एकत्रित होकर निगोहां कस्बे में विरोध प्रदर्शन किया। किसान यूनियन ने निगोहां कस्बे में एकत्रित होकर लखनऊ रायबरेली हाइवे से पैदल मार्च करते हुए लखनऊ की ओर रवाना हो लिए वहीं सूचना पर पहले से ही मौजूद पीएसी बल और भारी पुलिस बल ने उन्हें कस्बे में जगह जगह रोकने का प्रयास करती रही। किसान नेताओं ने इस दौरान निगोहां कस्बे में दुकाने बन्द करने का भी प्रयास किया। जिसके बाद निगोहां थाने के सामने सीओ निगोहां नईमूल हसन को किसानों ने ज्ञापन सौंपा और सीओ के समझाने के बाद किसानों का प्रदर्शन समाप्त हुआ। भारत बंद आंदोलन माल थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण रहा। कस्बा सहित क्षेत्र में आंदोलन का मिला जुला असर दिखाई पड़ा। एक तरफविभिन्न किसान संगठनों तथा सपा कार्यकर्ताओं ने कस्बे की सड़कों पर प्रदर्शन कर विरोध जताया वही अधिकांश व्यवसाई अपनी दुकान खोलकर व्यापार करते देखे गए। प्रशासन की मुस्तैदी से आंदोलन सड़क पर प्रदर्शन तक ही सीमित रहा। दुबग्गा हरदोई रोड कानपुर बाईपास रिंग रोड पर स्थित भारतीय किसान यूनियन अंबावत गुट के प्रदेश कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में किसान एकत्र हुए और लामबंद होकर भारत बंद के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष अनूप पांडेय के नेतृत्व में रोड मार्च और नारेबाजी की। जबकि सपा के जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान और सरोजनीनगर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव के नेतृत्व में ट्रैक्टर और बैल गाड़ियों से निकाली गई यह किसान यात्रा मंझली खेड़ा, भटगांव और रसूलपुर होते हुए रसूलपुर बाजार में समाप्त हुई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अधिकतर नीतियां जन विरोधी हैं। सरकार जबरन अपना नियम कानून किसानों पर थोपना चाह रही है। वहीं शिवसेना लखनऊ इकाई द्वारा बंथरा स्थित सई नदी में जल सत्याग्रह कर किसानों के समर्थन में आवाज बुलंद की गई। वहीं भारत बंद के समर्थन में भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के बैनर तले किसानों ने जानकीपुरम से पैदल मार्च निकाला।

### ट्रेनों व बसों पर नहीं पड़ा कोई असर

लखनऊ। किसान आंदोलन के बंद के दौरान यात्री वाहनों को रोकने का प्रयास नाकाम रहा। राजनैतिक दलों के समर्थक छुटपुट विरोध प्रदर्शन करते रहे। सड़क पर उतरकर पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोकने की कोशिश भी की। बावजूद रेलवे स्टेशन हो या बस अड्डा किसान आंदोलन से ट्रेनें और बसों पर कोई असर नहीं पड़ा। इस दौरान स्टेशनों पर ट्रेनें व बस अड्डे से बसों का संचालन रोजाना की तरह जारी रहा। रेलवे स्टेशनों पर पुलिस बल के जवान लगातार गस्त करते रहे। वहीं दुबग्गा सिटी बस डिपो में सुबह की पॉली से चंद सिटी बसें ही सड़क पर दौड़ सकी। इस दौरान बस स्टापेज पर दैनिक यात्री सिटी बसों के इंतजार में खड़े रहे। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी आरके मंडल ने बताया कि दोपहर तीन घंटे के लिए बस संचालन बाधित रहा।

### जबरन दुकानें बंद कराने वाला दरोगा निलम्बित

सरोजनीनगर। भारत बंद के दौरान सरोजनीनगर की बदाली खेड़ा चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक आरएस यादव दुकाने बंद करा रहे थे। मौके पर पहुंचे कुछ मीडियाकर्मियों ने दुकानदारों से बयान लेकर वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने संज्ञान और जांच का निर्देश दिया। जांच के दौरान यहां के दुकानदारों ने चौकी प्रभारी पर जबरन दुकाने बंद कराने की बात कही। जांच के दौरान दरोगा राम सुधार यादव पर जबरन दुकाने बंद कराने का आरोप सही पाये जाने पर पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने निलम्बन का आदेश जारी कर दिया।

## 17 दिसंबर को पेंशनर्स दिवस मनाया जाएगा

लखनऊ। मुख्य कोषाधिकारी आदर्श कोषागार कलेक्ट्रेट लखनऊ एमके तिवारी ने बताया कि 17 दिसंबर को पेंशनर्स दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। पेंशनर्स के विभिन्न समस्याओं के जिला स्तर पर निराकरण एवं सुनवाई के लिए नगर मजिस्ट्रेट लखनऊ की अध्यक्षता में 17 दिसंबर को वित्तीय प्रबंध एवं प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान 24 /3-4, इंदिरा नगर लखनऊ के ऑडिटोरियम में सभाकक्ष में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पूर्वाहन 11 बजे पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि पेंशनर दिवस के आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए सभी पेंशनर्स एसोसिएशन एवं कार्यालयाध्यक्षों से अनुरोध किया जाता है कि 17 दिसंबर को निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित हों जिससे यथा संभव समस्याओं का समाधान किया जा सके।

उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड अति–अल्पकालिक ई–निविदा सूचना सं0–38 / अनु0ई0 / श0भ0वि0 / 2020–21 अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई–निविदा विशिष्टि सं0–45 / अनु0ई0 / श0भ0वि0 / 2020–21 के द्वारा शक्ति भवन (मु0) के कक्ष संख्या में 517 में विद्युतीय, नेटवर्किंग एवं टेलीफोन वायरिंग इत्यादि कार्य कराये जाने हेतु निविदायें दिनांक 17.12.2020 को 14:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 16.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। निविदा के विक्रय व धरोहर धनराशि सम्बन्धी विवरण एवं अन्य विवरण कारपोरेशन की वेबसाइट http:#etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण इकाई, कक्ष सं0–104, प्रथम तल, शक्ति भवन (विस्तार) 14–अशोक मार्ग, लखनऊ। पत्रांक–2012 दिनांक 8.12.2020 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" हेल्प लाईन नं0–18001808752

उ0प्र0पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, ई–निविदा आमंत्रण सूचना अनुभवी एवं ई–निविदा हेतु पंजीकृत फर्मो / ठेकेदारों / कार्यदायी संस्थाओ से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा दो भागो में आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई–निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ई–टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन / तिथि विस्तार इत्यादि हेतु निविदा खुलने की तिथि तक उक्त वेबसाईट पर लॉग–ऑन करें। समस्त निविदा प्रपत्र केवल उक्त वेबसाईट के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त / अस्वीकार करने का अधिकार अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल, मिर्जापुर के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा सं0 (19) – 132 के0वी0 उपकेन्द्र चौरी पर 02 अदद 132 के0वी0 बे का निर्माण। निविदा सं0 (20)–विद्युत प्रेषण खण्ड चतुर्थ वाराणसी के अन्तर्गत विभिन्न पारेषण लाइनो के नियमित निरीक्षण एवं अनुरक्षण का कार्य। निविदा सं0 (21)–132 के0वी औराई(400)–राजातालाब लाइन के कतिपय टावरों के विस्थापन एवं हाइट रेजिंग का कार्य। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, उ0प्र0पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड पथरहिया रोड–मीरजापुर, (उ0प्र0)–231001 पत्रांक–3047 / वि0प्रे0मं0(मि0) / टी–टेण्डर, दिनांक 07.12.2020, "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

उ0प्र0 पावर ट्रान्समीशन कारपोरेशन लिमिटेड ई–निविदा अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों / फर्मों से निम्न कार्य हेतु दिनांक 08.01.2021 को 14.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन 15.00 बजे के पश्चात् खोली जायेंगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि को आरटीजीएस / एनईएफटी अथवा सीधे अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के खाता संख्या 50200029446442, आई.एफ. एस.सी. कोड HDFC0001914, बैंक का नाम एच0डी0एफ0सी0 बैंक लि0 लखीमपुर में जमा करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र अधिशाषी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के कार्यालय से 08.01.2021 को 14.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्पूर्ण ई–निविदा या ई–निविदा के किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। ई–निविदा सूचना सं0 – 11 / वि0पारे0खं0(लखी0) / 2020–21 विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र गोला का निर्माणकार्य प्रगति पर है एवं उपकेन्द्र का ऊर्जीकरण शीघ्र किया जाना लक्षित है। उपकेन्द्र के ऊर्जीकरण हेतु लीलो 132 के0वी गोला–बण्डा @ गोला (220) एवं लीलो 132 के0वी0 गोला–शाहजहाँपुर @ गोला (220) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त लाइन के कारीडोर की सफाई हेतु पेड़ों की कटाई – छटाई के कार्य हेतु, धरोहर धनराशि रु0 1000.00 मात्र, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) 590 /– मात्र (प्रति निविदा)। ई–निविदा सूचना सं0 – 12 / वि0पारे0खं0 (लखी0) / 2020–21 विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र ओयल का निर्माणकार्य प्रगति पर है एवं उपकेन्द्र का ऊर्जीकरण शीघ्र किया जाना लक्षित है। उपकेन्द्र के ऊर्जीकरण हेतु लीलो 132 के0वी लखीमपुर–लहरपुर @ ओयल (132) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त लाइन के कारीडोर की सफाई हेतु पेड़ों की कटाई – छटाई के कार्य हेतु, धरोहर धनराशि रु0 1000.00 मात्र, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) 590 /– मात्र (प्रति निविदा)। (रामानन्द) अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्स0, कारपो0, लि0, 132 के0वी0 उपकेन्द्र (छाउछ), लखीमपुर–खीरी–उ0प्र0 262701, पत्रांक–1267 दिनांक 08.12.2020, "राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

## कोविड से उबरने में आयुर्वेद बना लोगों का सहारा: अनीता भटनागर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उप्र राज्य लोक सेवा अधिकरण की सदस्य डा अनीता भटनागर जैन ने कहा है कि वैश्विक महामारी कोरोना के इस दौर में भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति का पूरे विश्व में डंका बज रहा है। देश को कोविड से उबरने में आयुर्वेद ही लोगों का सहारा बना। इसलिए लोगों का पुन: आयुर्वेद की जड़ी बूटियों पर भरोसा बढ़ा है। रोगों को समूल नष्ट करने में आयुर्वेद की दवाइयां ही बिना किसी दुष्प्रभाव के कारगर हैं। मैं आयुष विभाग में तैनात रही हूँ, मैंने पाया कि आयुर्वेद से अनेक असाध्य संक्रामक रोग ;आटो इम्यून डिस आर्डसद्ध का इलाज भी आयुर्वेद में सम्भव है।



मंगलवार को निजी आयुष निदानशाला के उद्घाटन को सम्बोधित करती हुई डॉ जैन ने कहा कि आयुर्वेद विशेषज्ञों को अधिक से अधिक अनुसंधान पर बल देना होगा तथा डाटा बेस प्रबन्धन कर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। आयुष निदानशाला के मुख्य चिकित्सक डा शिव शंकर त्रिपाठी आयुर्वेद विभाग के एक अच्छे एवं कर्मठ अधिकारी रहे हैं, इनके व्यापक अनुभव का लाभ अब आमजन को सुगमता से प्राप्त होगा। डा शिव शंकर त्रिपाठी ने बताया कि इस सेन्टर में जोड़ो के दर्द, कठिन चर्म रोग, हेपेटाइटिस, वृक्कपात , खान पान की गड़बड़ी से युवतियों में बढ़ रहे रोग पीसीओडी एवं गर्भाशय रसौली आदि अनेक जटिल रोगों का उपचार आयुर्वेद की जड़ी बूटियों से किया जायेगा।

## चलती फॉर्च्यूनर में लगी आग

लखनऊ। पिकप फ्लाइओवर पर चलती हुई फॉर्च्यूनर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। वहीं एक राहगीर की सतर्कता से कार चला रहे अधिवक्ता की जान जोखिम में पड़ने से बच गई। सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड संजय शुक्ला ने बताया कि हुसैनगंज निवासी मो खलील अधिवक्ता हैं। उन्होंने बताया कि खलील को अपनी फॉर्च्यूनर कार यूपी 32 सीएक्स 0100 सर्विस के लिए डालनी थी। लिहाजा मंगलवार शाम करीब 4 बजे वह चिनहट स्थित टोयोटा के सर्विस सेंटर जाने के लिए घर से निकले। इस दौरान वह जैसे ही पिकप ओवरब्रिज पर पहुंचे कार के बोनट से धुआं निकलने लगा। धुआं निकलता देख राहगीर सरफराज ने उन्हें इशारा किया। सरफराज का इशारा पाते ही खलील ने कार साइड में लगाई और बोनट खोलने लगे। इस दौरान जल्दबाजी में बोनट उनके हाथ पर गिर गया और वह मामूली रूप से घायल भी हो गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

## स्फूर्ति योजनान्तर्गत तीन संस्थाओं के डीपीआर केन्द्र सरकार को भेजने पर सहमति बनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● डा. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में हुई प्रोजेक्ट स्क्रीनिंग समिति की बैठक

अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डा नवनीत सहगल की अध्यक्षता में स्फूर्ति योजनान्तर्गत प्राप्त प्रस्तावों के मूल्यांकन हेतु प्रोजेक्ट स्क्रीनिंग समिति की बैठक उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड पर सम्पन्न हुई।

बैठक में सीएस दिशा फाउण्डेशन गाजियाबाद के 463 लाख रुपयेए माहेश्वरी महिला जन कल्याण सेवा संस्थान, शाहजहांपुर के 494 लाख रुपये एंव प्रयागराज के रिसर्च बायो एनर्जी फारमर प्रोडयूसर कंपनी लि. के 249 लाख रुपये के डीपीआर को अनुमोदित करते हुए उप सचिव एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार को प्रेषित किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी। इन परियोजनाओं के फलीभूत होने से लगभग 1700 कारीगरों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके अतिरिक्त बोर्ड के समक्ष 6 नये प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये। जिसमें गौतमबुद्ध डेवलपमेंट सोसायटी, फर्रूखाबाद द्वारा हैण्ड ब्लाक प्रिटिंग क्लस्टर हेतु 438 लाख रुपये का प्रस्ताव दिया गया है। समिति द्वारा प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करते हुए तकनीकी एजेन्सी से डीपीआर तैयार कराने की संस्तुति की गयी। कानपुर नगर की साइबर एकेडमी ने हर्बल प्रोडक्ट क्लस्टर हेतु 445 लाख रुपये का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। समिति द्वारा संशोधित प्रस्ताव प्रोजेक्ट स्क्रीनिंग समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार लखनऊ की आर्य श्री शिक्षा समिति ने कारीगरी प्रोत्साहन सेवा (चिकन इम्ब्रायडरी एंव जरी जरदोजी) क्लस्टर हेतु 246 लाख रुपये का प्रस्ताव दिया है।

## फॉरेंसिक रिपोर्ट पर टिकी निगाहें, पीएम रिपोर्ट में सुसाइड की ओर इशारा

लखनऊ। चिनहट के ओमेगा ग्रीन अपार्टमेंट में दरोगा के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत मामले में पीएम रिपोर्ट सुसाइड की ओर इशारा कर रही है। हालांकि स्थानीय पुलिस की अब फॉरेंसिक रिपोर्ट पर निगाहें टिकी हुई हैं। इसके अलावा कई अन्य जांच रिपोर्ट भी अहम मानी जा रही है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह ओमेगा ग्रीन अपार्टमेंट में रहने वाली एक महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई थी। वह ललितपुर में तैनात दरोगा राहुल राठौर के साथ लिव इन रिलेशनशिप में थी। हालांकि पुलिस ने दावा किया था कि मामले से संबंधित अहम साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं पीएम रिपोर्ट में दाहिनी तरफ से गोली चलने और बाएं तरफ निकलने का जिक्र किया गया है। वहीं मृतक महिला राइट हैंडेड बताई जा रही है।

## एक ही पटल पर वर्षों से तैनात केजीएमयू कर्मियों की राजभवन से शिकायत

पायनियर समाचार। लखनऊ

● शिकायत पर कुलसचिव ने शुरू की जांच

पिछले कई वर्ष से शासनादेशों का उल्लंघन कर अपनी पहुंच के चलते एक ही पटल पर कार्य करने वाले किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों की उल्टी गिनती शुरू हो गई। कर्मचारियों के इस कॉकस की शिकायत राजभवन में किये जाने के बाद विवि ने इसकी जांच शुरू कर दी है। विवि के कुलसचिव आशुतोष द्विवेदी का कहना है कि गुण.दोष के आधार पर मामले की जांच कर सही कदम उठाया जाएगा। यह बात दीगर है कि शिकायत में रजिस्ट्रार की भूमिका भी संदेह के घेरे में बताई गई है। आरटीआई एक्टिविस्ट चंद्रकांत वर्मा की तरफसे राजभवन में की गई शिकायत में कहा गया है कि वर्षो से एक ही पटल पर कार्यरत कर्मचारियों का कॉकस इतना फैला हुआ है कि इनके खिलाफशिकायतों के निस्तारण के बजाय दबा दिया जाता है। जिसके चलते वो मान बैठे है कि वह कुछ भी करें कुछ नहीं होगा। जबकि शिकायती पत्र में शासनादेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि इसका खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। शिकायती पत्र में आरटीआई एक्टिविस्ट ने वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों के नाम, आरोप और एक ही पटल पर तैनाती के समय का उल्लेख करते हुए राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र में रजिस्ट्रार की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। जिसमे एक खास वर्ग के मामले में उनकी भूमिका संदेह के घेरे में बताई गई है। वही राजभवन में हुई शिकायत के मामले में रजिस्ट्रार ने राजभवन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर कार्यवाही करने की बात कही है।

## 58 हजार नई बीसी सखी का प्रशिक्षण 15 दिसम्बर से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● महिला स्वावलंबन व सशक्ती करण को मिलेगा नया आयाम

ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं को सहज बनाने और महिला स्वावलंबन को नई दिशा देने वाली बीसी सखी (बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सखी) का प्रशिक्षण 15 दिसम्बर से शुरू होगा। प्रशिक्षण पूरा होने के साथ ही प्रदेश को एकमुश्त 58,000 बीसी सखी मिलेंगी।

बीसी सखी के प्रशिक्षण, कार्यप्रणाली, ड्रेस, अनुश्रवण आदि की तैयारियों का प्रस्तुतीकरण देखने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीसी सखी, महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके साथ ही, बैंकिंग सेवाओं के विस्तार और सुगमता के लिहाज से भी यह अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने बीसी सखी के लिए भारतीय परंपरा अनुसार ड्रेस तय करने के भी निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह ने बताया कि हर ग्राम पंचायत में एक बीसी सखी नियुक्त करने संबंधी मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में प्रदेश भर से आवेदन मंगवाए गए। कुल 216000 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 58532 पंचायतों से आवेदन मिले। विधिवत चयन प्रक्रिया के आधार पर प्रथम चरण ने 56875 आवेदक छांटे गए। इनका प्रशिक्षण 15 दिसम्बर से होगा। उन्होंने बताया कि बीसी सखी को एंकर करने के लिए वाणिज्यिक बैंक, कॉरपोरेट बीसी, फिनटेक पेमेंट बैंक को जोड़ा जा रहा है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। 34 कम्पनियों ने इसमें सहयोग के लिए रुचि दिखाई है।

## मरीज के परिजनों व सुरक्षा कर्मियों के बीच मारपीट

● पिता के इलाज में लापरवाही बरतने पर बेटा भड़का, पांच हिरासत में

लखनऊ। विभूतिखण्ड थाना क्षेत्र के लोहिया अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए तीमारदार के बेटे ने जमकर हंगामा काटा। वार्ड बाय और सुरक्षाकर्मियों ने तीमारदार के बेटे और खून देने आये युवक को जमकर पीटा। युवक ने खुद को बचाने के लिए सर्जिकल ब्लेड से हमला कर दिया। वार्ड बॉय सहित तीन गम्भीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस वार्ड बॉय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक बालू अड्डा निवासी माता प्रसाद पिछले एक महीने से लोहिया अस्पताल में भर्ती थे। मंगलवार सुबह माता प्रसाद की तबियत बिगड़ गई। माता प्रसाद के बेटे आकाश ने डॉक्टरों से मिन्नते की लेकिन किसी ने एक न सुनी आकाश का आरोप है कि डॉक्टरों का दस बजे राउंड होता है। वही डॉक्टर एक घण्टे से देरी पर पहुंचे। डॉक्टर के देरी से पहुंचने पर आकाश की डॉक्टर से बहस हो गई। इस पर आकाश को कमरे से बाहर निकाल दिया गया। आकाश इस पर भड़क गया और उसकी अस्पताल स्टाफ से झड़प हो गई। आकाश का आरोप है डॉक्टर ने वार्ड बाय और सुरक्षाकर्मियों के साथ उसे कमरे में ले जाकर जमकर पीटा। आकाश ने खुद को बचाने के लिए सर्जिकल ब्लेड से हमला बोल दिया। जिसमे सुरक्षा कर्मी सनातन सहित वार्ड बॉय जय प्रकाश और सचिन गम्भीर रुप से घायल हो गए। लोहिया अस्पताल में हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आकाश और उसके पांच साथियों को हिरासत में के लिया है। वार्ड बॉय जयप्रकाश की तहरीर पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया है।

## नवनियुक्त प्रवक्ताओं के आनलाइन नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रवक्ता पद हेतु लोक सेवा आयोग प्रयागराज के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों के आनलाइन नियुक्ति पदस्थापन की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। अभियान का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा निदेशक विनय कुमार पाण्डेय ने किया। अभ्यर्थी अपने नियुक्ति पदस्थापन हेतु 15 दिसम्बर तक वरीयता क्रम में इच्छित विद्यालयों के विकल्प आवेदित कर सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में अभियान के शुभारंभ के बाद निदेशक ने बताया कि वेबसाइट के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा वरीयता क्रम में इच्छित विद्यालयों के विकल्प आवेदित किये जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा हाईस्कूल परीक्षा का अनुक्रमांक, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर तथा ई मेल आईडी का उपयोग आनलाइन नियुक्ति पदस्थापना प्रक्रिया में किया जाएगा। आवेदन पत्र आनलाइन ही सबमिट होगा किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## डाक्टरों ने दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल कर जताया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से आयुर्वेद चिकित्सकों को सर्जरी की अनुमति दिए जाने के भारत सरकार के आदेश के विरोध में आईएमए के आह्वान पर मंगलवार को निजी डाक्टरों ने 2 घण्टे का सांकेतिक हड़ताल कर विरोध जताया। आंदोलन को लेकर आईएमए का कहना है कि अगर सरकार ने निर्णय वापस नही लिया तो 11 दिसम्बर को एसेंशियल सेवाओ को छोड़ सभी सेवाएं बन्द रखी जायेंगी।

सांकेतिक हड़ताल को लेकर आईएमए लखनऊ के सचिव डॉ जेडी रावत ने बताया कि मिक्सोपैथी के चलते हजारों मरीजों की जान को खतरा हो सकता है। जिससे लोगों के मन में मेडिकल प्रोफेशन के प्रति विश्वास तो घटेगा ही और साथ ही देश के चिकित्सा की गुणवत्ता पर काफी बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यदि आयुर्वेदिक चिकित्सकों को सर्जरी की इजाजत मिलने लगेगी तो आने वाली पीढ़ियां यह एमबीबीएस जैसे जटिल कोर्स को करने से बचेंगे। इस मौके पर आईएमए लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष डॉ पीके गुप्ता ने कहा कि सेंट्रल काउंसिल फॉर इंडियन मेडिसिन ने हाल ही में जो अधिसूचना जारी की है और आयुर्वेदिक एवं अन्य आयुष चिकित्सकों को कुछ सर्जरी करने की इजाजत दी है। डॉ गुप्ता ने कहा कि दोनों आयुष और एलोपैथी मेडिसिन अपने आप अलग अलग विधाएं हैं और दोनों में किसी भी तरीके की मिक्स पैथी करने के परिणाम घातक होंगे। आईएमए लखनऊ के निर्वाचित अध्यक्ष डॉ मनीष टंडन ने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द अपना यह अध्यादेश वापस लेना होगा नहीं तो आईएमए और उससे जुड़े हुए लाखों चिकित्सक देश भर में अपने अपने स्थानों पर इसका विरोध करते रहेंगे।

### नाबालिग से अश्लील हरकत करने वाले को सात साल की सजा

लखनऊ(विसं)। एक नाबालिग लड़की से अश्लील हकरत करने वाले मुल्जिम मो. नईम को पॉक्सो की विशेष अदालत ने सात साल के कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज राम विलास प्रसाद ने इस पर पांच हजार का जुर्माना भी ठोंका है। एक नवंबर 2014 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना गुड़म्बा में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील शशि पाठक के मुताबिक मुल्जिम वाशिंग मशीन की रिपेयरिंग करने पीड़िता के घर गया था। मशीन बनाने में अधिक समय लगने की वजह से पीड़िता की मां की आंख लग गई। इस दौरान मुल्जिम ने पांच साल की मासूम के साथ गंदी हरकत की। पीड़िता ने शाम को यह बात अपनी मां व पिता को बताई।

### रंगदारी न देने पर युवक को मारा चाकू

लखनऊ। मड़ियांव के इंजीनियरिंग चौराहे पर रंगदारी न देने पर दबंगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर करने के साथ ही उसे चाकू मार कर घायल कर दिया। पीड़ित ने लूटपाट का भी आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि सीतापुर रोड योजना निवासी अजय वर्मा एक निजी कंपनी में काम करते हैं। अजय के मुताबिक वह रविवार रात करीब 11.30 बजे घर लौट रहा था। इस दौरान चाय पीने के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर रुका। तभी वहां पर ब्रेजा कार सवार पलटन छावनी निवासी अनुभव श्रीवास्तव अपने कई साथियों के साथ पहले से मौजूद थे। अजय के मुताबिक अनुभव ने उससे रंगदारी की मांग करने लगे, विरोध करने पर अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसके पास मौजूद 1800 रुपये भी लूट लिएए विरोध पर उसे चाकू मार कर भाग निकले।

### लाखों की ठगी, साइबर क्राइम सेल ने वापस कराया पैसा

लखनऊ। साइबर क्राइम सेल ने केवाईसी के नाम पर जानकारी लेकर लाखो रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पीड़ित का पैसा वापस कराने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस उपायुक्त अपराध पीके तिवारी ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा जानकीपुरम निवासी सैयद मोहम्मद यायहा की केवाईसी की जानकारी ली गई और उसके बाद उनके खाते से तीन बार में 311798 निकाल लिया गया। मैसेज मिलते ही इसकी तत्काल जानकारी साइबर क्राइम सेल को दी। साइबर क्राइम शिकायत के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए 181000 रुपए पीड़ित के खाते में वापस करा दिए। बाकी धनराशि को वापस कराने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

### संदिग्ध हालत में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

लखनऊ। राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध हालात में पेड से लटकता हुआ शव मिला। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनौरा निवासी धनीराम ने बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार कल सुबह काम से निकला था जो कि देर शाम घर वापस नहीं लौटा। कई बार मोबाइल पर संपर्क किया गया लेकिन उसका मोबाइल नहीं उठा। इसके बाद मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली कि उसके पुत्र का पेड़ से लटक रहा है जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी।


### एकेडमिक रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए एलयू व एनबीआरआई में अनुबन्ध

लखनऊ। एकेडमिक रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर.एनबीआरआई) के बीच एक अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय, प्रो मोनिशा बनर्जी डीन रिसर्च सेल लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रो अरविंद मोहन डीन अकादमिक सेल लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ विवेक श्रीवास्तव एनबीआरआई, प्रो सुधीर मेहरोत्रा विभागाध्यक्ष जीव रसायन विज्ञान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ आशुतोष सिंह अतिरिक्त डीन रिसर्च सेललखनऊ विश्वविद्यालय हस्ताक्षर करने के दौरान उपस्थित थे। एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के छात्रों, अनुसंधान विद्वानों, वैज्ञानिकों और संकायों की भागीदारी के माध्यम से बहु.अंतर्विज्ञानी और बहु.अनुशासनात्मक अनुसंधान गतिविधियों को साझा करना, विशेषज्ञता और संसाधनों को साझा करना है।

### पशु कल्याण जागरूकता पर सीएमएस कम्युनिटी रेडियो सम्मानित

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के कम्युनिटी रेडियो की टीम को कोरोना काल में जनमानस को पशुओं के प्रति संवेदनशीलता बरतने हेतु जागरूक करने के लिए सम्मानित किया गया है। सीएमएस कम्युनिटी रेडियो को यह सम्मान एमआरएसपी सेवा समिति द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीएमएस रेडियो के विभागाध्यक्ष वर्गीज़ कुरियन एवं प्रोग्राम कोर्डिनेटर आरके. सिंह को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी एवं डा. (श्रीमती) भारती गाँधी ने सीएमएस रेडियो की इस उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की।

### रोशन गांधी को इण्डियाज मोस्ट इम्पैक्टफुल स्कूल लीडर अवार्ड



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के चीफएक्जीक्यूटिव ऑफीसर रोशन गाँधी को 'इण्डियाज मोस्ट इम्पैक्टफुल स्कूल लीडर' अवार्ड से नवाजा गया है, जो कि सीएमएस परिवार के लिए गर्व का विषय है। रोशन गाँधी को यह सम्मान शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय नेतृत्व प्रदान करने हेतु इण्डियन प्रिन्सिपल्स नेटवर्क के तत्वावधान में प्रदान किया गया। अभी हाल ही में जूम एप पर आयोजित भव्य ऑनलाइन सम्मान समारोह में रोशन गाँधी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर 'भारत के सर्वाधिक प्रभावशाली स्कूल नेतृत्वकर्ता' के रूप में सम्मानित किया गया।

### एलयू में गर्भ संस्कार कोर्स की जल्द लगेंगी कक्षाएं

लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल की पहल पर लखनऊ विश्वविद्यालय गर्भ संस्कार का कोर्स इस सत्र से शुरू करने वाली प्रदेश की पहली यूनिवर्सिटी बन गई है। इस कोर्स की कक्षाएं डिपार्टमेंट ऑफवीमेन स्टडीज के अंतर्गत जल्द शुरू होंगी। नई शिक्षा नीति के आधार पर सीबीसीएस सिस्टम आधारित इस कोर्स में इंटर्नशिप के भी मौके छात्रों को मिलेंगे। कोर्स कोआर्डिनेटर प्रो अर्चना शुक्ला ने बताया कि कोर्स को वेबसाइट पर भी अपलोड किया जा चुका है। पहले और दूसरे सेमेस्टर में 5-5 पेपर है, इसके अलावा 1 महीने की इंटर्नशिप भी होगी। इसके अलावा अभ्यर्थी मेटरनिटी सेंटर में कुछ घंटे की ट्रेनिंग भी करेंगे। उन्होंने कहा कि कोविड.19 के चलते इस कोर्स में थोड़ा सा विलंब हो गया है।

### कौशल विकास प्रशिक्षण के अनुश्रवण के लिए मुख्य कार्यालय का शुभारम्भ

लखनऊ। ग्राम्य विकास आयुक्त के रवीन्द्र नायक ने आज हजरतगंज स्थित राम कुमार प्लाजा द्वितीय तल पर कौशल विकास प्रशिक्षण के अनुश्रवण के मुख्य कार्यालय का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री नायक ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को रोजगार से भी जोड़े जाने का भी कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को बेहतर ढंग प्रशिक्षण प्रदान किया जाय, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। श्री नायक ने कहा कि रामा इन्फोटेक प्राईवेट लिमिटेड द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजनान्तर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों में गुणवत्तायुक्त यन्त्रों एवं उपकरणों की स्थापना की गयी है।

# सपा ने किसानों के भारत बंद का किया समर्थन



**संवाददाता।** अयोध्या

**किसान** संगठनो के द्वारा आज भारत बंद के आहवान् पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी किसानो के भारत बंद के समर्थन में पूरी ताकत से शिरकत कर रही है भारत बंद के एक दिन पूर्व भी समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर किसान आन्दोलन के समर्थन में पूरे प्रदेश में किसान यात्रा निकाली गयी। इसी क्रम में भारत बंद के समर्थन में भाजपा सरकार द्वारा समाजवादी पार्टी के नेताओ कार्यकर्ताओ को जेल भेजने का क्रम जारी है।इसी क्रम में अयोध्या विधानसभा के पूर्व विधायक पूर्व मंत्री तेज नारायण पाडेयष्पवनष् को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। हाउस अरेस्ट के दौरान पत्रकारो से वार्ता करते हुए श्री पाडेंय ने कहा जब तक किसान विरोधी बिल वापस नही होगा तब तक समाजवादी पार्टी के नेताध्कार्यकर्त्ता चुप नहीं बैठेगे इसके लिए हम लोग निरन्तर संघर्ष जारी रखेगे।किसान अन्नदाता के साथ कोई भी अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।भाजपा सरकार द्वारा किसान विरोधी बिल लाकर उधोगपतियो को लाभ पहुॅचाने का कार्य भाजपा की तानाशाही सरकार कर रही है।इस सरकार में नौजवान, किसान, दलित, मजदूर, बेरोजगार सभी वर्ग इस भाजपा सरकार के गलत नितियो से त्रस्त है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने कहा जिले के सभी विधानसभा में किसान संगठनो द्वारा भारत बंद के आहवान् का समाजवादी पार्टी समर्थन कर रही श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के तानाशाही रवैया से किसान परेशान है इस सरकार में किसान विरोधी बिल जो लाई है जब तक यह बिल वापस नहीं होता है तब तक समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेंगे श्री यादव आज गोसाईगंज क्षेत्र में किसानों के भारत बंद के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देशानुसार किसान विरोधी बिल के विरोध में किसानों के समर्थन में गोशाईगंज विधान सभा के अमसिन बाजार में मनोज वर्मा विधान सभा अध्यक्ष यूथ बिग्रेड के नेतृत्व में मार्च निकालकर जनसभा की गई। जनसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रपाल यादव ने कहा कि देश व प्रदेश में बैठी भाजपा की नीतियाँ जनविरोधी व पूँजी परस्त हैं। इन्होंने पहले लालकिला फिर भारत सरकार के विभिन्न उपक्रमों को बेचने के बाद किसानों की खेती को गिरवी रखने के लिए कानून बना डाला लेकिन हम समाजवादी कार्यकर्ता इनके मनसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। जनसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व सचिव पिछड़ा वर्ग विजय बहादुर वर्मा ने कहा कि देश की आजादी में हजारों वीर सपूतों ने इसलिए कुर्बानी नहीं दिया था कि अंग्रेजों के दलाल के नस्ल के लोग सत्ता में बैठकर देश के अन्नदाता के खिलाफ सुनियोजित तरीके से पूँजीपतियों के पक्ष में कानून बनायेंगे। इस काले कानून को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सड़क से सदन तक किसानों के समर्थन में लड़ रहे हैं। कार्यक्रम में त्रिभुवन प्रजापति जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, मुईद्दीन खान 'बंटी खान', राजकुमार पटेल, संदीप यादव युवा नेता, राम प्रवेश यादव, भानू यादव विधान सभा अध्यक्ष यूथ बिग्रेड, ध्रुवदेव वर्मा, अशफाक अहमद, उदयभान यादव, कुलदीप यादव, राजेश वर्मा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, उमेश वर्मा, मुकेश पाल, जगदम्बा, राम भवन यादव, प्रवीण यादव, हौसिला प्रसाद, मेवालाल वर्मा, प्रेम प्रकाश आदि सैकड़ों लोग शामिल हुये।

## किसानों की हक की लड़ाई को भारत बंद में निकले कांग्रेसजन, बलपूर्वक गिरफ्तार



**अयोध्या।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किसान विरोधी तीन काले कानून पास किए जाने के विरोध में देश के किसान आंदोलनरत हैं किसान की मांगों के समर्थन में किसान संगठनों द्वारा 8 दिसंबर को भारत बंद का कांग्रेस पार्टी ने समर्थन का इसमें शामिल हुई। जिलाअध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में अयोध्या कांग्रेसजन पार्टी कार्यालय पर एकत्र होकर प्रदर्शन करते हुए बंद को अपना समर्थन देने के लिए जैसे ही निकले वैसे भारी पुलिस बल व पीएसी ने उन्हें बलपूर्वक रोक लिया इस पर भी कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस के घेर को तोड़कर आगे बढ़े तो कांग्रेस और पुलिस नोकझोंक व हाथापाई हुई इस पर कांग्रेसजन सड़कों पर बैठ कर धरना देने लगे इस पर एसपी सिटी वासियों सिटी के आदेश पर सभी को गिरफ्तार कर गाड़ियों में भरकर पुलिस लाइन लाया गया समाचार लिखे जाने तक सभी पुलिस लाइन में गिरफ्तार हैं इसके पूर्व उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा इस कठोर ठंड में शांति पूर्वक अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसान भाइयों के ऊपर पुलिस द्वारा वाटर कैनन से पानी और आंसू गैस के गोले उनके ऊपर छोड़े जाना एवं किसान भाइयों को आतंकवादी कहना स्पष्ट रूप से भाजपा के किसान विरोधी चेहरे को बेनकाब करता है उन्होंने कहा संसद के अंदर व बाहर इन कानूनों के खिलाफ लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे आगे रही हैं और जब तक किसानो की हक की मांगे मानकर तीन काले कानूनों को वापस नहीं लिया जाता तब तक यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सोनिया गांधी जी ने कठोर कृषि संबंधी बिलों के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलन व देशभर में कोविड.19 महामारी के मद्देनजर 9 दिसंबर को अपना जन्मदिन नहीं मनाने का निर्णय लिया है।

# कृषि बिल के विरोध में उतरे सपा कार्यकर्ताओं से पुलिस की हुई नोकझोंक, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**कृषि बिलों** के विरोध में आंदोलित किसानों द्वारा घोषित भारत बंद के समर्थन में सड़क पर उतरे सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से पुलिस की कई स्थानों पर झड़प हुई। कचहरी चौराहे पर जहां पुलिस और सपा नेताओं के बीच तीखी झड़प हुई वहीं नौसढ़ में कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस को जमकर पसीना बहाना पड़ा। हालांकि दोनों स्थानों से पुलिस ने घेराबंदी कर आंदोलित सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। सपा जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी नौसढ़ के समीप स्थित बहरामपुर अपने आवास से चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र के रामनगर कड़जहा से निकलने वाली किसान यात्रा में शामिल हाने जा रहे थे। उनके साथ बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। जैसे ही सपा नेता और कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आगे बढ़े, पुलिस कर्मियों ने रोक लिया। सपा कार्यकर्ता उग्र हो गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने सपा नेताओं को घेर लिया। नौसढ़ से ही जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी और पार्टी नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया। जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी ने कहा कि किसानों की आवाज को सत्ता के जोर पर कुचलने की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि अंतिम सांस तक किसानों की लड़ाई लडते रहेगें। पुलिस ने यहां से जिला महासचिव अखिलेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष रजनीश यादव, पूर्व विधायक विजय बहादुर यादव, पूर्व विधायक यशपाल रावत, अमरेंद्र निषाद, अमित सिंह, राम नक्षत्र यादव, गवीश दुबे, ओमप्रकाश यादव, कमल किशोर यादव, संजय सिंह एडवोकेट, कपिलमुनि यादव, राजेंद्र यादव, आजम लारी, आनंद राय, ओम यादव, दिलीप यादव, राहुल यादव, विपिन, भूपेंद्र सरकार, संतोष गौड़, मनीष पांडेय, संतोष यादव को गिरफ्तार कर सहजनवां थाने पर उठा ले गई।

इधर समाजवादी पार्टी के नेता सिंहासन यादव, कीर्तिनिधि पांडेय, बिंदा देवी और राजकुमार देवी के नेतृत्व में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सेंट एण्ड्रयूज कालेज से जुलूस निकाला और कचहरी चौराहे पर पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कचहरी चौराहे पर पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस तैनात थी। सपा नेताओं के जमा हो जाने की जानकारी दूसरी जगहों से भी बड़ी संख्या में पुलिस के जवान पहुंच गए। पुलिस के अधिकारियों ने टाउनहाल की तरफ बढ़ रहे सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को घेर लिया। यहां पुलिस कर्मियों के साथ सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धक्का-मुक्की भी की। पुलिस ने इन नेताओं के साथ ही हाजी शकील अंसारी, संजय यादव, रमेश यादव, अशोक यादव, लालबहादुर पासवान, अमीरूद्दीन अंसारी, पार्षद विश्वजीत तिवारी, चर्चिल अधिकारी, राहुल गुप्ता, राजकुमारी देवी, बिंदा देवी, उर्मिला देवी, कंचन श्रीवास्तव, अख्तर जहां, चन्दभान प्रजापति, अभिमन्यु मौर्या, जुबेर अहमद, विक्की निषाद, धर्मराज यादव, धर्मेंद्र यादव, सच्चिदानंद यादव, विनोद यादव, आफ्ताब अहमद, सुशीला भारती, व्यंकटेश तिवारी, रामकेवल निषाद, प्रशांत यादव, अवधेश पांडेय, अनूप यादव, अजय यादव, बिट्टू यादव, नूर मोहम्मद, विनोद, शहाब अंसारी और शब्बीर कुरेशी को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी को पुलिस लाइन ले जाया गया।

### सपा नेता जियाउल को पुलिस ने घर से उठाया

**समाजवादी** पार्टी के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष जियाउल इस्लाम के कोतवाली क्षेत्र स्थित मकान पर मंगलवार की सुबह ही बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंच गए। पुलिस कर्मियों ने जियाउल का मकान घेरा लिया। पुलिसकर्मियों ने आवाज लगाई। जियाउल इस्लाम मकान के अंदर नहीं थे। परिवार वालों ने बताया कि जियाउल इस्लाम घर पर नहीं है। पुलिस वाले मानने को तैयार नहीं थे। पुलिसकर्मी जियाउल के परिवारीजनों से बातचीत कर ही रहे थे कि उसी दौरान वह मार्निंग वॉक कर पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने जियाउल को जैसे ही देखा उन पर टूट पड़े। दर्जन भी की संख्या में पुलिसकर्मियों ने जियाउल को उठा लिया और गाड़ी में लाद दिया। जियाउल को उनके घर से गिरफ्तार करने के बाद पुलिसकर्मी उन्हें पुलिस लाइन लेकर चले गए। पुलिस लाइन में ही उन्हें बंद कर दिया गया। इधर कचहरी चौराहे से गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं को भी कचहरी में ही बंद किया गया है।

### नगर निगम परिसर से पकड़े गए किसान नेता

**भारतीय** किसान यूनियन के कुछ नेता पुलिसकर्मियों से नजरें बचाते हुए नगर निगम परिसर में पहुंच गए। सूचना पाते ही बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने पहुंचकर उन्हें घेर लिया। पुलिस कर्मियों ने किसान नेता महेश्वर सिंह, संतराज यादव, विनोद सिंह, अरविन्द सिंह और रामकिशुन से बाहर न निकलने केलिए कहा तो किसान नेता भड़क गए। उनका कहना था कि वे धारा 144 का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं। वे संख्या में कम हैं। खाली हाथ हैं। वे लोग केवल व्यापारियों ने भारत बंद में समर्थन मांग रहे हैं। ऐसे में उन्हें रोकना अनुचित है। किसानों ने कहा कि किसान आंदोलन शुरू हुआ है। सरकार सम्भल जाए। किसानों का दमन उसे भारी पड़ेगा। किसान जागा है। यदि गुर्राया तो सरकार को पसीना आ जाएगा। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने समझाने की कोशिश की लेकिन किसान नेता नहीं माने। पुलिस ने किसान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया।

## क्विक न्यूज

### आज गोरखपुर आयेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर।** प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 9 दिसम्बर को 2.40 बजे जनपद में आगमन होगा। वे 2.45 से 3.30 तक पिपराईच चीनी मिल में सल्फरलेस सुगर प्लाण्ट की परियोजना का लोकार्पण करने के उपरान्त 4 बजे गोरखनाथ मंदिर आयेंगे।

### प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

**गोरखपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह कल 9 दिसम्बर को गोरखपुर आयेंगे। प्रदेश अध्यक्ष हवाई यात्रा कर लखनऊ से चलकर सुबह 9 बजे एयरपोर्ट पहुचेंगे। इसके बाद वह सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ 287 पर बूथ अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी और मंडल अध्यक्ष से रूबरू होंगे। फिर भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय आयेंगे। यहां पर सबसे पहले 10 बजे से गोरखपुर जिला और महानगर के पदाधिकारियों से मिलेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे से गोरखपुर जिला, महानगर और महराजगंज जनपद के मंडल प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ. बच्चा पांडेय नवीन ने बताया कि अंतिम बैठक दोपहर 2 बजे से होगी, जिसमें मंडल प्रभारी और भाजपा के पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता रहेंगे।

### किसानों के समर्थन में धरमू ने दिया धरना

**गोरखपुर।** आल इंडिया रेलवे फेडरेशन द्वारा सम्पूर्ण भारतीय रेलों पर किसानों द्वारा अपनी मांग को लेकर चलाए जा रहे आन्दोलन पर किसानों के समर्थन और उनका हौसला बुलंद करने के लिए नरमू के सहायक महामंत्री के एल गुप्ता ने अपने साथियों के साथ भोजन अवकाश में धरना दिया। उन्होंने भारत सरकार के तानाशाही रवैया की निन्दा करते हुए कहा देश में प्रजातंत्र नाम की चीज खत्म है। उन्होंने किसानों की समस्यायों के समाधान की मांग की।

### हॉस्पिटल-क्लीनिक कराया बंद

**गोरखपुर।** कोविड टीकाकरण हेतु स्वास्थ्य कर्मियों की सूचना नहीं भेजने वाले निजी अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग सख्त है। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय द्वारा विगत 1 माह से कोविड टीकाकरण हेतु निजी चिकित्सकों/डाइग्नोस्टिक सेंटरों और नर्सिंग होम से स्वास्थ्य कर्मियों का ब्यौरा मांगा जा रहा है। जनपद में 667 ऐसे पंजीकृत केंद्र हैं जिन्हें यह ब्यौरा भेजना था। परंतु बार-बार कहने के बावजूद अबतक 591 केंद्रों से विवरण प्राप्त हो पाया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इसके पूर्व सभी निजी अस्पतालों को 24 घंटे के अंदर विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे अन्यथा की स्थिति में इन केन्द्रों का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलंबित मानते हुए कार्रवाई किये जाने की चेतावनी दी गयी थी। इसके क्रम में आज अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा माँ तरकुलहा हॉस्पिटल, जगजननी हॉस्पिटल एवं भोपा बाजार में डॉ सुनीत मिश्रा द्वारा संचालित पॉली क्लीनिक को बंद कराया गया।

### वृंदावन के संत महंत भगवान दास की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** वृंदावन धाम के परम पूज्य गौ और संत सेवाा के अग्रदूत महंत भगवान दास की पुण्य स्मृति में श्री अयोध्या धाम दशरथ महल बड़ा स्थान मंदिर में श्री महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में अयोध्या के संतो महंतों ने श्री महाराज जी को शब्द रूपी पुष्पांजलि अर्पित की। सभा की अध्यक्षता करते हुए श्री महाराज जी ने कहा कि आज हम सब महापुरुष संत श्री भगवान दास जी महाराज को शब्द रूपी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे है। आप ने अपने गुरु जी श्रीमहंत सुदामा दास जी महाराज द्वारा दी गई सेवा की शिक्षा को अनवरत चला ही नहीं रहे है ए बल्कि उसमें विस्तार भी किया है। श्री वृंदावन धाम में श्री सुदामा कुटी ऐसा स्थान है जहां आज भी श्री भगवान दास जी महाराज के शिष्य महंत सुतीक्षण दास जी महाराज के नेतृत्व में अनवरत गौ सेवा ए संत सेवा और प्राणी मात्र की सेवा चल रही है। श्री महाराज जी ने कहा कि सुतीक्षण दास जी महाराज अपने गुरु महाराज जी के पुण्य स्मृति में अवध ही नहीं बल्कि सभी धामों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया और संतों की सेवा की। श्री भगवान दास जी महाराज अनवरत संतों की सेवा करते थे सुतीक्षण दास जी महाराज वैसे ही कर रहे है। महंत सुतीक्षण दास जी महाराज ने कहा की अवध धाम से पधारे सभी संतो मैं का हृदय से सम्मान करता हूं और मेरा सौभाग्य है की जिस दशरथ महल में आज पूज्य गुरुदेव भगवान की स्मृति में सभा का आयोजन किया गया है उसी की शाखा हम सब है और संतों के आशीर्वाद से गुरु महाराज जी द्वारा संचालित सेवाओं को उन्हीं के आशीर्वाद से अनवरत चला रहा हूं।श्री दास ने कहा सेवा से मन तो प्रसन्न हो जाता है ए लेकिन अगर सेवा से संतो के हृदय से प्रसन्नता निकलती है तो वह सर्वोत्तम सेवा होती है।

## विधायक व जिला उपाध्यक्ष के साथ बड़ी संख्या में सपाई नजरबंद

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**● विधायक ने कहा, पूंजी पतियों के हाथ मे गिरवी हो जाएगी कृषि व्यवस्था**

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर किसान आंदोलन के समर्थन में भारत बंद कार्यक्रम के सहयोग में जलालपुर विधायक सुभाष राय, जिला उपाध्यक्ष डॉ.अभिषेक सिंह, पूर्व जिला महासचिव राजितराम यादव, मनोज यादव ,सतिराम मौर्य ,इंद्र श्याम यादव, अंकित यादव सहित दर्जनों समजवादी कार्यकर्ता जलालपुर के रामगढ रोड पर निकले जिस पर जलालपुर प्रशासन ने विधायक सहित सभी साथियों को नजरबंद कर दिया। विधायक सुभाष राय एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ.अभिषेक सिंह ने कहा कि मौजूदा पास हुआ किसान बिल किसानों के लिए आत्महत्या करने के समान है इस किसान बिल पर किसानों की मंडिया खत्म हो जायेगी। निजी क्षेत्र के उद्योगपति प्राइवेट मंडियों के द्वारा किसानों का शोषण करेंगे। न्यूनतम समर्थन मूल्य का खत्म होना किसानों के लिए घातक है। पूरी कृषि व्यवस्था पूंजीपतियों के हाथ में गिरवी हो जायेंगी।

## जलालपुर में फ्लाप रहा बंद का आह्वान



**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**भारत बंद** के आह्वान को लेकर जहां पूरा अमला सतर्क रहा वहीं कुछ किसानों ने धरना प्रदर्शन कर रोड जाम करना चाहा । सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। किसान आंदोलन के आह्वान पर मंगलवार को भारत बंद की योजना थी परंतु यह योजना जलालपुर में धरी की धरी ही रह गई। कहीं भी इसका असर देखने को नहीं मिला। रोजमर्रा की तरह जलालपुर में सभी दुकानें खुली रही और आवागमन जारी रहा। पुलिस प्रशासन के अलर्ट को देखते हुए कोई भी धरना प्रदर्शन का हिम्मत नहीं जुटा पाया लेकिन कुछ किसानों ने जलालपुर मालीपुर रोड पर ब्रह्मलोक मंदिर के पास धरना प्रदर्शन कर रोड जाम करना चाहा। इसी बीच कोतवाल मनीष कुमार सिंह अपने हम राहियो के साथ पहुंच कर उन लोगों को समझा-बुझाकर वापस भेजना चाह रहे थे परंतु किसान कुछ भी सुनने को नहीं तैयार थे जिस पर पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। तत्पश्चात पूरे क्षेत्र में गस्त बढ़ा दिया गया जिससे कोई भी किसान आंदोलन में भाग लेकर किसी प्रकार का माहौल खराब ना कर सके। कोतवाल मनीष कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है किसी प्रकार से किसी को धरना प्रदर्शन व रोड जाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। जो भी इसके खिलाफ कदम उठाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## घर से निकलते ही हिरासत में लिये गये सपा नेता

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**किसान** बिल के विरोध में किसान संगठनों द्वारा मंगलवार को किए गये भारत बंद के आहवान को समाजवादी पार्टी द्वारा समर्थन दिये जाने के बाद प्रशासन ने सभी बड़े नेताओं को नजरबन्द कर दिया। नजरबन्दी के बावजूद घर से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिये गये नेताओं को पुलिस लाइन में रखा गया । जहां शाम को उन्हें रिहा कर दिया गया। किसानों के समर्थन में सपा नेताओं के आ जाने के बाद प्रशासन ने सभी नेताओं को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया था। मंगलवार को सुबह ही पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा के घर के बाहर पुलिस का पहरा बैठा दिया गया। जिलाध्यक्ष रामशकल यादव के घर के बाहर भी पुलिस बल तैनात हो गया और उन्हें घर में ही नजरबन्द कर दिया गया। पार्टी के महासचिव मुजीब अहमद सोनू को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस की रोक के बावजूद घर से बाहर निकल रहे पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा व पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त को भी हिरासत में ले लिया गया। इसके अलावां डॉ0 अभिषेक सिंह,आनन्द वर्मा, डॉ0 महन्त चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी को भी हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया गया। सपा नेता अनिल मिश्रा, हाजी अकमल, जगदीश राजभर, उत्तम चौधरी, डॉ0 अखिलेश पटेल, उसैद सिद्दीकी समेत बड़ी संख्या में सपा नेता हिरासत में ले लिए गये। युवा सपा नेता महेन्द्र यादव को भी अकबरपुर पुलिस ने घर से ही गिरफ्तार कर लिया। जलालपुर में विधायक सुभाष राय को उस समय हिरासत में ले लिया गया जब वह एक अन्तिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। हालांकि पुलिस का कहना है कि वह प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। युवा सपा नेता सिद्धार्थ मिश्रा को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिये गये सभी नेताओं को पुलिस लाइन में रखा गया।

## मौसम में अचानक हुआ बदलाव, शुरू हुआ कोहरे का प्रकोप

**अम्बेडकरनगर।** बीते कुछ दिनों से सामान्य चल रहे मौसम में मंगलवार की सुबह अचानक बदलाव आ गया। जबरदस्त कोहरे से दृश्यता काफी कम हो गई जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ी। कोहरे के कारण चन्द मीटर की दूरी तक भी देख पाना संभव नही हो पा रहा था। इससे तापमान में भी गिरावट आ गई है। आसमान में दिन भर बादल छाये रहे । लोग ठंड के कारण बाहर निकलने से कतराते रहे। तापमान में आई गिरावट से ठंड से बचाने वाले कपड़ों की मांग में अप्रत्याशित रूप से तेजी आ गई है।


## पूर्वोत्तर रेलवे

सूचना संख्या-146/2020



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विशेष गाड़ियों का संचलन संशोधित समय-सारणी के अनुसार निम्नवत किया जायेगा।

05909/05910 डिब्रूगढ़-लालगढ़-डिब्रूगढ़ विशेष गाड़ी (दैनिक)
गाड़ी सं. 05909 - डिब्रूगढ़ से 10.12.2020 से प्रतिदिन
गाड़ी सं. 05910 - लालगढ़ से 10.12.2020 से प्रतिदिन

| 05909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ आगमन | 05909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ प्रस्थान | स्टेशन | 05910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ आगमन | 05910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 10.20 | डिब्रूगढ़ | 15.35 | -- |
| 11.05 | 11.15 | न्यू तिनसुकिया | 14.25 | 14.35 |
| 12.11 | 12.13 | भोजो | 13.13 | 13.15 |
| 12.41 | 12.43 | शिमालगुड़ी जं. | 12.43 | 12.45 |
| 13.40 | 13.50 | मरियानी जं. | 11.30 | 11.40 |
| 14.50 | 14.52 | फरकटिंग जं. | 10.40 | 10.42 |
| 15.20 | 15.22 | सरुपथार | 09.06 | 09.08 |
| 15.55 | 16.00 | दीमापुर | 08.30 | 08.35 |
| 16.36 | 16.38 | दीफू | 07.31 | 07.33 |
| 17.30 | 17.35 | लामडिंग जं. | 06.55 | 07.00 |
| 18.10 | 18.12 | होजाई | 05.49 | 05.51 |
| 18.58 | 19.00 | चपरमुख जं. | 04.50 | 04.52 |
| 19.48 | 19.50 | जागीरोड | 04.04 | 04.06 |
| 21.43 | 21.58 | गुवाहाटी | 02.55 | 03.10 |
| 22.15 | 22.20 | कामाख्या जं. | 02.32 | 02.35 |
| 23.00 | 23.10 | रंगिया जं. | 01.10 | 01.20 |
| 00.04 | 00.09 | बरपेटारोड | 00.02 | 00.07 |
| 01.05 | 01.15 | न्यू बूंगईगांव जं. | 23.15 | 23.25 |
| 02.45 | 02.50 | न्यू अलीपुरद्वार जं. | 21.10 | 21.15 |
| 03.15 | 03.20 | न्यू कूच बिहार | 20.45 | 20.50 |
| 04.07 | 04.12 | धूपगुड़ी | 19.35 | 19.37 |
| 04.55 | 04.57 | जलपाईगुड़ी रोड | 19.05 | 19.07 |
| 06.00 | 06.25 | न्यू जलपाईगुड़ी | 17.30 | 17.55 |
| 07.08 | 07.10 | अलुआबाड़ी रोड | 16.05 | 16.07 |
| 07.38 | 07.43 | किशनगंज | 15.35 | 15.40 |
| 08.05 | 08.07 | डालखोला | 15.05 | 15.07 |
| 08.35 | 08.40 | बारसोई | 14.40 | 14.42 |
| 08.53 | 08.55 | आजमनगर रोड | 14.21 | 14.23 |
| 10.45 | 11.00 | कटिहार जं. | 13.20 | 13.35 |
| 11.48 | 11.50 | नवगछिया | 10.56 | 10.58 |
| 12.03 | 12.05 | थानाबिहपुर | 10.41 | 10.43 |
| 12.38 | 12.40 | मानसी जं. | 10.04 | 10.06 |
| 12.50 | 12.52 | खगड़िया जं. | 09.48 | 09.50 |
| 13.23 | 13.25 | बेगूसराय | 09.11 | 09.13 |
| 14.15 | 14.25 | बरौनी जं. | 08.45 | 08.56 |
| 14.52 | 14.54 | दलसिंह सराय | 07.48 | 07.50 |
| 15.30 | 15.40 | समस्तीपुर जं. | 07.20 | 07.25 |
| 16.35 | 16.40 | मुजफ्फरपुर जं. | 06.18 | 06.23 |
| 17.30 | 17.35 | हाजीपुर जं. | 05.23 | 05.28 |
| 19.35 | 19.45 | छपरा | 03.50 | 04.00 |
| 21.01 | 21.06 | सिवान जं. | 02.25 | 02.30 |
| 21.57 | 21.59 | भटनी जं. | 01.10 | 01.15 |
| 22.21 | 22.23 | देवरिया सदर | 00.42 | 00.47 |
| 23.30 | 23.45 | गोरखपुर जं. | 23.30 | 23.45 |
| 00.26 | 00.28 | खलीलाबाद | 22.16 | 22.18 |
| 00.54 | 00.57 | बस्ती | 21.45 | 21.48 |
| 01.43 | 01.45 | मनकापुर जं. | 20.47 | 20.49 |
| 02.15 | 02.20 | गोण्डा जं. | 20.20 | 20.25 |
| -- | -- | जरवल रोड | 19.27 | 19.29 |
| 03.53 | 03.55 | बाराबंकी जं. | 18.49 | 18.51 |
| 05.15 | 05.30 | लखनऊ जं. | 17.45 | 18.00 |
| 07.03 | 07.05 | बालामऊ जं. | 15.42 | 15.44 |
| 07.38 | 07.40 | हरदोई | 15.10 | 15.12 |
| 09.16 | 09.18 | शाहजहाँपुर | 13.46 | 13.48 |
| 10.27 | 10.32 | बरेली | 12.25 | 12.30 |
| 11.28 | 11.30 | रामपुर | 11.31 | 11.33 |
| 12.15 | 12.30 | मुरादाबाद | 10.55 | 11.03 |
| 13.03 | 13.05 | अमरोहा | 09.53 | 09.55 |
| 14.09 | 14.11 | हापुड़ | 08.54 | 08.56 |
| 14.25 | 14.27 | पिलखुआ | 08.38 | 08.40 |
| 15.06 | 15.08 | गाजियाबाद | 08.10 | 08.12 |
| 15.55 | 16.10 | दिल्ली जं. | 07.10 | 07.25 |
| 16.22 | 16.24 | दिल्ली किशनगंज | 06.40 | 06.42 |
| 16.36 | 16.38 | शकूर बस्ती | 06.26 | 06.28 |
| 16.46 | 16.48 | नाँगलोई | -- | -- |
| 16.59 | 17.01 | बहादुरगढ़ | 05.48 | 05.50 |
| 17.35 | 17.37 | रोहतक जं. | 05.13 | 05.15 |
| 18.15 | 18.17 | जींद जं. | 04.27 | 04.29 |
| 18.42 | 18.44 | नरवाना जं. | 03.58 | 04.00 |
| 19.04 | 19.06 | टोहाना | 03.37 | 03.39 |
| 19.22 | 19.24 | जाखल जं. | 03.24 | 03.26 |
| 19.36 | 19.38 | बरेटा | 03.09 | 03.11 |
| 19.51 | 19.53 | बुढलाडा | 02.55 | 02.57 |
| 20.06 | 20.08 | मानसा | 02.40 | 02.42 |
| 20.22 | 22.24 | मौड़ | 02.24 | 02.26 |
| 21.25 | 22.00 | भटिण्डा | 01.30 | 02.00 |
| 22.31 | 22.33 | मंडी डबवाली | 00.25 | 00.27 |
| 22.55 | 22.57 | संगरिया | 23.59 | 00.01 |
| 00.10 | 00.15 | हनुमानगढ़ जं. | 23.30 | 23.35 |
| 00.36 | 00.38 | पीलीबंगा | 23.03 | 23.05 |
| 01.10 | 01.15 | सूरतगढ़ जं. | 22.30 | 22.40 |
| 02.01 | 02.03 | महाजन | 21.17 | 21.19 |
| 02.33 | 02.35 | लूनकरनसर | 20.45 | 20.47 |
| 04.10 | -- | लालगढ़ जं. | -- | 19.50 |

**रेक संरचना**-जनरेटर सह लगेज यान-02, साधारण द्वितीय श्रेणी-04, शयनयान-06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01, पेन्ट्री कार-01 = 22 यान

कृपया ध्यान दें-1. इस गाड़ी के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे। 2. इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं उनकी रोकथाम हेतु जारी दिशा-निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाथि/टी-68सी — मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

## नई संसद योजना

### जल्दबाजी पर सवाल

**सर्वोच्च** न्यायालय ने सेंट्रल विस्टा या नई संसद परियोजना में जल्दबाजी पर सरकार की खिंचाई करते हुए इसके निर्माण पर रोक लगा दी है। महामारी के कारण देश इस समय सबसे बुरे संकट से गुजर रहा है, ऐसे में यथार्थ को अनदेखा कर इस परियोजना को प्राथमिकता देने पर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में देश के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने समक्ष लंबित याचिकाओं पर निर्णय देने के पहले ही परियोजना क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसके शिलान्यास की अनुमति देते हुए यह कहा है कि निर्धारित क्षेत्र में कोई निर्माण या पेड़ काटने जैसी कार्रवाई उसके द्वारा फैसला किए जाने तक न की जाए। सरकार ने 1000 करोड़ की इस परियोजना को यह कह कर उचित ठहराया था कि बदलते समय के अनुसार नई संसद का निर्माण तथा सेंट्रल विस्टा का पुनर्गठन आवश्यक हो गया है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'कोई स्थगन आदेश न होने का यह अर्थ नहीं कि आप निर्माण शुरू कर सकते हैं। हमने कोई स्थगन आदेश इसलिए नहीं दिया था कि हम आपको व्यावहारिक वादकारी समझते थे और अनुमान लगाया था कि आप न्यायालय का सम्मान करेंगे।' जब सरकारी वकील तुषार मेहता ने निर्माण या तोड़फोड़ पर आदेश का जवाब देने के लिए समय मांगा तो न्यायालय ने जवाब दिया कि वे पांच मिनट में जवाब दें या निर्णय का पालन करें। इस प्रकार न्यायालय ने सरकार की महत्वाकांक्षाओं पर उस समय विराम लगाने का काम किया है जब परियोजना के समय और उस पर होने वाले खर्च पर सवाल उठ रहे थे। सरकार का तर्क था कि लूटियन की दिल्ली, खासकर राजपथ पर सेंट्रल विस्टा में परिवर्तन मंत्रालय कार्यालयों को ज्यादा स्थान देने तथा उनका कामकाज सुचारु बनाने के लिए जरूरी है। इससे नागरिकों को भी ज्यादा स्पेस मिल सकता है। लेकिन कुछ लोगों की नजर में यह परियोजना सांस्कृतिक या भविष्योन्मुखी होने के बजाय राजनीतिक अधिक है।



आलोचकों के दृष्टिकोण से यह उस फ्रांसीसी प्रयोग की तरह था जब लूरे संग्रहालय के आंगन में कांच का एक पिरामिड बनाया गया था, पर संरक्षणवादियों ने तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रांसुआ मितरां को इसे हटाने पर मजबूर किया था। भारत में भी आलोचकों ने सरकार के इस कदम को इतिहास के पुनर्लेखन की तरह देखा है। हालांकि, परंपरा के साथ आधुनिकता का मेल हमारे डीएनए में है और दिल्ली इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। यहां अनेक शासकों के बनवाये स्मारक बदलते समय के साथ अपनी प्रासांगिकता बनाए हुए हैं। दिल्ली में राजपूत, इस्लामी, यूरोपीय व औपनिवेशिक विरासत ने इसे एक जीवन्त इतिहास बना दिया है। ऐसे में नई डिजाइन पर इसलिए भी सवाल उठते थे कि इससे नागरिकों को मुक्त विचरण का स्पेस कम होता जो जाड़ों में गुनगुनी धूप और गर्मियों की शाम ठंडी हवा का आनन्द उठाने यहां आते हैं। यहां किसी प्रकार के कियोस्क या खुदरा बिक्री के स्थानों की जरूरत नहीं है। गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस आयोजन के समय इन स्थानों पर सुरक्षा कारणों से रोक लग जाती है और ये स्थान वाशिंगटन के नेशनल माल जैसे स्थान की तरह सार्वजनिक नहीं रह जाते हैं। ऐसे में क्षेत्र के पुन: विकास का अर्थ जनता की स्वतंत्रता पर और रोक लगना था। इस क्षेत्र में इंडिया गेट के बाद अब शहीद सैनिकों की स्मृति में युद्ध स्मारक का निर्माण किया गया है। ऐसे में प्रशासनिक कार्यालयों के लिए यहीं पर और स्पेस पैदा करने पर भी सवाल उठ रहे थे, जबकि कुछ वास्तुकारों के विचार से यह काम आंतरिक डिजाइन में परिवर्तन से भी संभव है। नई इमारत से स्काईलाइन में परिवर्तन पर भी लोगों को आपत्ति थी। राजपथ एक प्रतीकात्मक स्थल है जहां गरिमापूर्ण ढंग से सरकारी इमारतों, संग्रहालयों व राष्ट्रीय स्मारकों को भी स्थान मिला है। इसे बदलने का अर्थ इस स्थान की पहचान बदलने के समान है। इसकी ऐतिहासिकता भी बदलते समय का एक प्रतीक है। संभवत: वर्तमान सरकार भारत की अपनी अलग नव-सांस्कृतिक पहचान स्थापित करना चाहती है।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का प्रबंधन

सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों में भी दरबारी पूंजीवाद के उदाहरण मिलते हैं। सभी बैंकों में अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए नियामक नियंत्रण मजबूत करना जरूरी है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के आंतरिक कार्यकारी समूह-आईडब्लूजी को अपनी उस संस्तुति पर विशेषज्ञों की भारी आलोचना का शिकार होना पड़ा है जिसमें आवश्यकता होने पर उद्योग घरानों को अपने बैंक खोलने की बात कही गई है। इन आलोचकों में आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन भी शामिल हैं। उन्होंने यह सवाल उठाते हुए इस विचार को खारिज कर दिया है कि कर्ज लेने वाला स्वयं कर्जदाता कैसे बन सकता है। इससे कर्ज गलत हाथों व मुख्यत: बैंकों के मालिक उद्योग घरानों द्वारा संचालित उद्यमों के हाथों में पड़ सकता है। हालांकि, यह आशंका उचित है, लेकिन सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किसी स्वामित्व वाले बैंक में संभव है। अब तक सार्वजनिक क्षेत्र बैंक-पीएसबी सत्तारूढ़ अवस्थापना द्वारा संरक्षित बिजनेसमैनों की सेवा करते रहे हैं। निजी बैंकों में भी स्थिति अलग नहीं है जो यस बैंक की विफलता से स्पष्ट है, जबकि इसका स्वामित्व किसी उद्योग घराने के पास नहीं था। ऐसे में बैंकों पर नजर रखने के लिए नियामक व्यवस्था मजबूत करना जरूरी है। आईडब्लूजी ने प्रमोटरों को लगातार 26 प्रतिशत शेयर बनाए रखने या 15 साल के बाद इनको शुरुआती पांच साल का न्यूनतम 40 प्रतिशत बने रहना जरूरी है। उसने इस आधार पर उद्योग घरानों द्वारा बैंक खोलने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का सुझाव दिया है। इसमें 50,000 करोड़ रुपये से अधिक परिसंपत्तियों वाली तथा 10 साल से अधिक समय से कार्यरत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों-एनबीएफसी को बैंकों में बदलने का सुझाव दिया है, चाहे उनका स्वामित्व उद्योग घरानों के पास हो या नहीं।

इन संस्तुतियों का एक निश्चित संदर्भ है। लंबे टकराव के बाद बैंकिंग नियामक ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड-केएमबीएल प्रमोटरों को 26 प्रतिशत हिस्सा बनाए रखने की अनुमति दी है। इससे अन्य निजी क्षेत्र बैंकों के प्रमोटरों का उत्साह बढ़ा है जिन्होंने अपना हिस्सा घटा कर 15 प्रतिशत कर दिया था। इस मामले में हिंदुजा ग्रुप के इंडुसिंड बैंक ने अपील की थी। तार्किक कदम उठाते हुए आईडब्लूजी ने सभी निजी बैंकों में प्रमोटरों को 26 प्रतिशत हिस्सा बनाए रखने की अनुमति दी है। 15 प्रतिशत हिस्से से प्रमोटर इच्छित लाभ नहीं पा सकता था, इसलिए उसकी गंभीरता व प्रतिबद्धता कम होती थी। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, इंडिया द्वारा किए अध्ययन से भी यह बात स्पष्ट थी। पुराने निजी बैंकों के विश्लेषण से कैथोलिक सीरियन बैंक व लक्ष्मी विलास बैंक के उदाहरण सामने आए थे। 12 पुराने बैंक तकनीकी व जोखिमों के मामले में पिछड़े थे और व्यवस्था में उनका हिस्सा चार प्रतिशत से अधिक नहीं बढ़ा था।

वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार प्रमोटर शुरुआत 40 प्रतिशत हिस्से से कर उसे 15 प्रतिशत तक ला सकता है। इसका कारण शुरुआती चरण में कठिनाइयों से निपटते हुए काम आगे बढ़ाना है। इस व्यवस्था को अनुचित नहीं कहा जा सकता है। केएमबीएल प्रमोटर ने आरबीआई से उच्च शेयर बनाए रखने का अनुरोध किया था जिस पर सहमति मिली थी। सर्वोच्च बैंक को आईडब्लूजी की दीर्घकालीन रूप से 26 प्रतिशत हिस्सा बनाए रखने की संस्तुति को स्वीकार करना चाहिए। दूसरी बड़ी संस्तुति उद्योग घरानों को बैंक खोलने की अनुमति से पहले लंबित मुद्दों या 'संबंधित कर्ज' का समाधान तथा बैंकिंग विनियमन कानून-बीआर एक्ट में अंतर्निहित सुरक्षा मानकों का पालन करना है। इसे आरबीआई व वित्त मंत्रालय द्वारा इस साल के शुरू में दिए एक और सुझाव के साथ रख कर देखना चाहिए। आरबीआई ने प्रस्ताव किया था कि केन्द्र को 6 सर्वोच्च पीएसबी में अपना हिस्सा घटा कर 26 प्रतिशत कर लेना चाहिए। इस रास्ते पर चलते हुए केन्द्र ने अगले 12-18 महीनों में अपना हिस्सा 51 प्रतिशत तक घटाने के कदम उठाए हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बाजार में कार्पोरेट जगत का लाभ उठाने की संभावना तलाशी है। अनेक कार्पोरेट हस्तियां बहुत अमीर हैं और वे पीएसबी के शेयर खरीद कर सफल विनिवेश को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे सरकार को वर्तमान वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे से निपटने में काफी सहायता मिलेगी क्योंकि वह इस कदम के माध्यम से 43,000 करोड़ रुपये एकत्र करने की उम्मीद करती है। इसके लिए विनियामक एजेंसी को एक नीतिगत निर्णय ले कर कार्पोरेट को बैंक के स्वामित्व का अधिकार प्रदान करना होगा। आईडब्लूजी का यही विचार है। लेकिन विशेषज्ञों ने इसकी आलोचना की है। उनका कहना है कि बैंक किसी परियोजना के औचित्य पर विचार किए बिना मालिकों की इच्छा से उसे कर्ज दे देंगे। सरल भाषा में इसका अर्थ जनता के पैसे से कार्पोरेट को अनुचित तरीके से अमीर बनाना है। निसंदेह इस पर ध्यान देना होगा। पीएसबी में भी राजनीतिक संरक्षण वाले बिजनेसमैनों को आसानी से कर्ज मिलता रहा है। इसके अलावा बैंक उनसे कर्ज अदा करने पर दबाव नहीं बनाते हैं, न ही कर्जदारों को कोई भय होता है क्योंकि कार्रवाई की क्षमता वाले लोग कोई कदम नहीं उठाते हैं। इस कारण बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां-एनपीए बहुत अधिक बढ़ गईं और केन्द्र सरकार को करदाताओं के पैसे से उनको बाहर निकालना पड़ा।

निजी बैंकों में भी यही स्थिति बनी हुई है जिनका स्वामित्व कार्पोरेट घरानों के पास नहीं है। किसी भी बैंक में केवल उद्योग क्षेत्र घराने का संचालन होने से ही जनता के पैसे का दुरुपयोग होने की संभावना नहीं बनती है। यह एक ओर प्रबंधन के कामकाज की गुणवत्ता और दूसरी ओर बैंकिंग नियामक की निगरानी पर निर्भर करता है। इनमें से कोई भी शर्त पूरी न होने पर बरबादी अपरिहार्य है, भले ही बैंक का स्वामी कोई हो। इसके लिए नियामक निगरानी मजबूत करनी जरूरी है। आरबीआई को सक्रिय कदम उठाते हुए कुप्रबंधन व अनियमितताएं 'फौरन' रोकने की व्यवस्था बनानी चाहिए। भारत को उपयुक्त पूंजी के साथ ज्यादा बैंकों की जरूरत है ताकि 2024-25 तक 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की कर्ज आवश्यकतायें पूरी हो सकें। यह केवल शेयर पूंजी से संभव नहीं है। सरकार पीएसबी को भी निजी क्षेत्र के लिए खोलना चाहती है, अत: ऐसे में संभावित निवेशकों का परिदृश्य विस्तार जरूरी है। इस पहल में बड़े उद्योग घरानों को शामिल करने से बहुत सहायता मिलेगी। सरकार को बीआर एक्ट में संशोधन कर 'संबंधित कर्ज' मुद्दे को संबोधित करते हुए सुरक्षा उपाय लागू करने के बाद ही आईडब्लूजी की संस्तुतियों पर विचार करना चाहिए। अन्य समूह उद्यमों वाले सभी बैंकों को गैर-आपरेटिंग फाइनेंसियल होल्डिंग कंपनियों-एनओएफएचसी द्वारा संचालित होना चाहिए।

वर्तमान 500 करोड़ के स्थान पर शुरुआती पूंजी 1,000 करोड़ करने का निर्णय उचित है। लेकिन इस सीमा को 5,000 करोड़ तक बढ़ा कर यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि केवल बहुत गंभीर उद्यमी ही इस क्षेत्र में आएंगे। आईडब्लूजी ने 50,000 करोड़ परिसंपत्ति व 10 साल संचालन वाली एनबीएफसी को बैंकों में बदलने की संस्तुति की है जो आरबीआई के निर्णयों के अनुरूप है। अब संशोधन से केवल उद्योग समूहों के स्वामित्व वाली एनबीएफसी को भी ऐसा करने की संस्तुति की गई है। संभवत: आरबीआई का अनुमान है कि उद्योग समूहों द्वारा अच्छी तरह संचालित एनबीएफसी अच्छी तरह बैंक संचालित कर सकती हैं।

समूह ने विभिन्न लाइसेंसिंग निर्देशों को 'सुसंगत' बनाने की पैरवी की है ताकि सभी उद्यमों को विभिन्न मोड़ों पर रियायतें दी जा सकें, भले ही उनको लाइसेंस किसी समय मिला हो। कुछ महत्वपूर्ण संस्तुतियों में प्रमोटर की 'स्पष्ट' व 'निरंतर' परिभाषा पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही सभी गैर-प्रमोटरों के लिए न्यूनतम शेयर 15 प्रतिशत करने तथा बैंकों को बैंक के भीतर किसी अलग सहायक द्वारा कोई अन्य अनुमन्य गतिविधि पर रोक लगाने की संस्तुति की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक को इन संतुलनों व नियंत्रणों संबंधी संस्तुतियों पर गौर करना चाहिए।

# क्या भाजपा के पाले में जाएंगे रजनीकांत?

> संभावित रूप से रजनीकांत का निश्चित रूप से भाजपा के साथ गोपनीय अथवा खुला समझौता होना तय है क्योंकि दोनों को एक दूसरे की जरूरत है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

क्या भाजपा तमिल सुपरस्टार रजनीकांत को साथ लाने में सफल होगी, जिन्होंने जनवरी 2021 में अपनी बहुप्रतीक्षित राजनीतिक पार्टी बनाने की योजनाएं घोषित की हैं? यह अभिनेता एक प्रघटना है और आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में एक अहम किरदार होगा जो अप्रैल-मई 2021 में होने वाले हैं। उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी का आगाज़ करने के लिए अपना समय चुन लिया है क्योंकि दो पूर्व मुख्यमंत्रियों एवं बड़ी राजनीतिक हस्तियों यथा 2018 में द्रमुक सिरमौर एम करुणानिधि एवं अन्नाद्रमुक की पूर्व मुखिया जयललिता के निधन के बाद राज्य में एक बड़ा शून्य पैदा हो गया है।

फिल्मस्टार से नेता बने रजनीकांत ने इस सप्ताह ट्वीट किया था, ''यह समय की मांग है। यदि अब यह नहीं हुआ तो फिर कभी नहीं होगा। इसके लिए, मैं जनता से अपने समर्थन में खड़े होने का आग्रह करता हूं। साथ मिलकर हम बदलाव लाएंगे।'' अटकलें लगाई जाती रही हैं कि उनका झुकाव भाजपा की ओर है, यद्यपि रजनीकांत ने कभी भी अपनी योजनाओं को जाहिर नहीं किया है। भाजपा के लिए समस्या यह है कि यदि रजनीकांत की पार्टी अकेले चलने का निर्णय लेती है और सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ती है, तो यह भाजपा की सहयोगी अन्नाद्रमुक के वोटों में द्रमुक के वोटों से ज्यादा सेंध लगाएगी। रजनीकांत का प्रवेश ऐसे समय पर हुआ है जब सत्ताधारी अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन, द्रमुक-कांग्रेस-वामपंथनीत मोर्चा और सुपरस्टाार कमल हासन ने पहले ही गठजोड़ तय कर लिया है। दक्षिण में पंख फैलाने की भाजपा की महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ, क्या संभव है कि रजनीकांत भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन से जुड़ जाएं? क्या चुनाव अब गणित का खेल बन गया है?

रजनीकांत 1996 से राजनीति में प्रवेश को नकारते रहे हैं, जब सबसे पहले कांग्रेस ने तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता को टक्कर देने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की पेशकश की थी। तब से, कांग्रेस तथा भाजपा उनको लुभाने के प्रयास में लगे रहे हैं। रजनीकांत ने इस सप्ताह वादा किया था, ''तमिलनाडु का भाग्य पुन: लिखने का समय आ गया है। बदलाव की प्रबल आवश्यकता है... अभी नहीं तो कभी नहीं। यदि हम सत्ता में आते हैं, तो सबकुछ बदल देंगे।'' बार-बार तमिलनाडु में पांव जमाने में विफल रही भाजपा रजनीकांत को राजनीति में प्रवेश करने हेतु मनाने का प्रयास करती रही है, लेकिन अभी तक तो उन्होंने भाजपा की पेशकश को ठुकराया ही है।

भाजपा वहां कमजोर है, और उसके पास राज्य स्तर पर कोई बड़ा नेता नहीं है, और वह उनका इस्तेमाल मुखौटे के तौर पर करना चाहेगी। एक बड़े कद के स्टार होने के नाते, उनके पास जाना-पहचाना चेहरा होने का लाभ है और उनके बहुत से अनुयायी व प्रशंसक क्लब हैं। उन्होंने नास्तिक द्रविड़ दलों के विपरीत एक आध्यात्मिक पार्टी खड़ी करने का प्रस्ताव रखा है। यह अभिनेता के लिए भी लाभकारी होगा, क्योंकि भाजपा एक अनुशासित दल है और उसके पास मानव शक्ति तथा धन दोनों की बहुतायत है। भाजपा नए दल के गठन को बढ़ावा देने में मदद भी करेगी। अत: दोनों को लगता है कि वे नैसर्गिक सहयोगी हैं।

दूसरे, रजनीकांत के पास चुनावों के पूर्व पार्टी को बनाकर मजबूती देने का समय नहीं है। उनके प्रशंसक क्लब पर्याप्त नहीं होंगे। यद्यपि उन्होंने अपने अनुयायियों को उनकी वेबसाइट पर अपने नाम पंजीकृत कराने को कहा है, लेकिन बूथ प्रबंधन एवं दर-दर प्रचार करने आदि के लिए टीमों की आवश्यकता होती है। भाजपा ने पहले ही, तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं बौद्धिक सेल के प्रमुख, अर्जुन मूर्ति को नई पार्टी का मुख्य समन्वयकर्ता बना दिया है, जो एक संकेत है।

यद्यपि भाजपा ने राजनीति में उनके प्रवेश का स्वागत किया है, उपमुख्यमंत्री एवं अन्नाद्रमुक समन्वयकर्ता ओ पनीरसेल्वम ने भी राजनीकांत की पार्टी के साथ संभावित गठजोड़ के संकेत दिए हैं। इस सप्ताह थेनी में एक सभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा था, ''हम महान फिल्म अभिनेता रजनीकांत के राजनीति में प्रवेश का स्वागत करते हैं। राजनीति में, कुछ भी हो सकता है। यदि अवसर मिलता है तो गठबंधन बनाया जा सकता है।''

रजनीकांत के सामने भी चुनौतियां हैं।, सर्वप्रथम, तमिलनाडु में पहले से ही द्रमुक व अन्नाद्रमुक के रूप में दो सशक्त द्रविड़ पार्टियां विद्यमान हैं, जिनकी लगभग 50 प्रतिशत वोटबैंक में सम्मिलित साझीदारी है। पीएमके, एवं अभिनेता विजयकांत की डीएमडीके जैसे छोटे मगर महत्वपूर्ण राजनीतिक खिलाड़ी भी कतार में खड़े हैं। दूसरे, रजनीकांत के साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते उनका बहुत धुआंधार चुनाव प्रचार करना संभव नहीं होगा। तीसरे, अभी तक इस बाबत कोई स्पष्टता नहीं है कि उनकी पार्टी तमिलनाडु में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ेगा या चुनावी गठबंधन करेगी। चौथे, एक जाति प्रभावित राज्य में, अगड़ी जातियां, यथा मुदालियार, ने अपनी वफादारी लंबे समय से दो द्रविड़ पार्टियों के बीच बांटी हुई है। जहां तक प्रभु जातियों का सवाल है, गौंदार जाति के मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी हैं, थेवर के ओ पनीरसल्वम हैं, वनियार के डॉ रामदोस और अनुसूचित जाति की विदुथलाई चिरुथाइगाल काची- वीसीके हैं। विजयकांत की डीएमडीके, वायकू-नीत एमडीएमके, दो वामपंथी पार्टियां एवं अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मक्काल नीधी मैयाम भी जाति समूहों में साझीदार हैं। अल्पसंख्यक द्रमुक अथवा अन्नाद्रमुक के साथ जाएंगे। माकपा, भाकपा और वीसीके तथा एमडीएमके द्रमुक गठबंधन के साथ रहेंगी।

संभावित रूप से रजनीकांत का निश्चित रूप से भाजपा के साथ गोपनीय अथवा खुला समझौता होना तय है क्योंकि दोनों को एक दूसरे की जरूरत है। मगर रजनीकांत के साथ समस्या यह होगी कि प्रचार के दोरान वो किस पर हमला बोलेंगे, केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार पर? संकेत मिल रहे हैं कि रजनीकांत भाजपा की ओर जाएंगे।

## आप की बात

### भारत बंद बेअसर

**किसानों** के आह्वान पर भारत बंद का ऐलान किया गया था। हालांकि किसानों ने सिर्फ चार घंटे ही भारत बंद करने की बात कहीं थी। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक, दिल्ली, यूपी समेत अन्य बॉर्डर पर चक्का नाम किया गया।गौरतलब है कि किसानों के कहने के बावजूद राजनैतिक पार्टियां वोट बैंक की राजनीति करने से बांज नहीं आ रही। किसानों के बहाने अपने स्वार्थ को सिद्ध करने में जुटी हुई हैं।किसानों ने शांति पूर्ण तरीके से बंद की बात कही थी, जिससे कि आम जन को किसी प्रकार की दुविधा न हो। लेकिन कुछ राजनैतिक पार्टी और उनके समर्थक कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। दिल्ली से लेकर मुंबई तक सभी कार्य रोज की तरह ही चल रहे हैं।यातायात सेवाएं भी रोज की तरह कार्यरत हैं। हालांकि दिल्ली के बॉर्डर पर किसानों ने चक्का जाम कर, विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ तथाकथित लोग स्वार्थ सिद्ध करने और सरकार का विरोध करने का मौका पाकर, हर संभव प्रयास कर रहे कि किस तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन में घी डालकर अराजकता का माहौल बनाया जाए। जरूरत है ऐसे लोगों से सावधान रहने की अन्यथा किसान के नाम पर विरोध करने के बजाय आत्मघाती हमले न कर दें।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली

### बोलियों के हित में

**एक** जानकारी के मुताबिक गूगल सर्च इंजन ने अपने पहले डायरेक्ट स्पीच टू स्पीच ट्रांसलेसन सिस्टम में बिना किसी दुभाषिए के दो अलग भाषा बोलने वाले लोगों के बीच बिना किसी असुविधा के संवाद मुमकिन बना दिया है। वैश्विक व्यापार से लेकर विभिन्न संस्कृतियों के बीच भाषाई दूरी को खत्म करने का काम करेगा। ठीक उसी तरह क्षेत्रीय बोलियां भी हैं जिसमें कई तो विलुप्ति की कगार पर जा पहुंचीं, और कई बोलियां अन्य बोलियों में एवं अंग्रेजी में मिश्रित हो गई हैं। जिससे उनको बोली जाने वाली लय एवं शब्द अपने मूल स्वभाव से दूर होती दिखाई देने लगी है। इनके हित के लिए गूगल सर्च इंजन डायरेक्ट स्पीच टू स्पीच ट्रांसलेसन सिस्टम में क्षेत्रीय बोली को भी जोड़ा जाना चाहिए, ताकि भाषा के अलावा क्षेत्रीय बोलियों की भी एक दूसरे को समझ हो सकें। बोलियों को बचाने की पहल की जाना चाहिए। बोलियों तो व्यवहार में लाने से ही जिन्दा रहेगी। कई क्षेत्रों में बोली बोले जाने का प्रतिशत कम होता दिखाई देने लगा है। कई बार क्षेत्रीय बोली खड़ी भाषा के संग मिश्रित हो जाती है। क्षेत्रीय बोली जहां उचित हो वहां पर अवश्य बोली जाए।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र


### मिलावटखोरों पर शिकंजा

**विगत** समय से मसालों, खाद्य पदार्थो ,मावा,घी इत्यादि में मिलावटी दौर ने जनता जनार्दन के स्वास्थ और मुंह के स्वादिष्ट जायके को बुरी तरह प्रभावित किया है। समाचार पत्रों में सामग्रियों में मिलावट करने की खबरें सुर्खियों में रहती है। घटिया मसालों को अच्छी गुणवत्ता वालो मसालों में तब्दील करने वाली फैक्टरी पर प्रशासन और खाद्य और औषधि विभाग के अधिकारियों ने महानगर में छापामार कार्यवाही की। मिलावट में लाल रंग, लिक्विड गलूकोज, एसिटिक एसिड, आदि। समझ से परे लगता है कि मिलावट करने वालो को आम जनता से मात्र पैसे ही ऐंठने का उद्देश्य रहता है। स्वास्थ्य , और उनकी फिटनेस का नहीं? मिलावट में उपयोग करने वाले केमिकल, ओर अन्य पदार्थ कितने घातक होते है इन लोगों को बिल्कुल भान नही।लीवर , किडनी,हार्ट, शुगर जैसी बीमारियों का होना ये सब मिलावट के खाद्यपदार्थ खाने से ही है। ज्यादा पैसे कमाने की लालच में जनता जनार्दन के स्वास्थ्य और विश्वास के साथ खिलवाड़ करना कहां तक उचित है?

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र


पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



**किसान** मुश्किल में हैं। उन्हें जाड़े में ठिठुरने के लिए बाध्य किया जा रहा है। चलिए भारत बंद के दौरान हम उनकी मदद करें।

– **गोपाल राय**
दिल्ली के पर्यावरण मंत्री



**हम** जनता के समर्थन से विधानसभा चुनाव जीतेंगे और तमिलनाडु में एक ईमानदार, जातिविहीन एवं आध्यात्मिक राजनीति लाएंगे।

– **प्रख्यात तमिल सिने स्टार**
रजनीकांत



**राजनीति** में कोई भी शामिल हो सकता है। पहले रजनीकांत को अपना राजनीतिक दल गठित करने व अपनी राजनीतिक नीति स्पष्ट करने दीजिए, फिर मैं टिप्पणी करूंगा।

– **एमके स्टालिन**
द्रमुक प्रमुख

# भारत बंद के समर्थन में विपक्षी दलों के नेता सड़क पर उतरे

**● अरविन्द सिंह, कुंवर सुरेश सिंह, मो. आरिफ, हीरालाल यादव सहित कई गिरफ्तार, सपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने काले कानून के विरोध में दी गिरफ्तारी**










**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भारत बंद** को लेकर मंगलवार की सुबह से ही विभिन्न राजनैतिक और किसान संगठन पूर्वांचल और वाराणसी में रणनीति बनाते रहे। भारत बंद का समय सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर बाद तीन बजे तक का नई दिल्ली में होने की वजह से भी बंद को लेकर भी संगठनों में असमंजस की स्थिति रही। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ ही पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता खुलकर सड़क पर उतरे और विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सुरक्षा कारणों से भारत बंद के मद्देनजर वाराणसी में पुलिस चौकन्नी रही और ड्रोन कैमरे से निगरानी में देर शाम तक लगी रही। वहीं पूर्वांचल भर में नेताओं को नजरबंद करने का सिलसिला रात से ही जारी रहा और सुबह तक नेताओं को उनके घर में ही नजरबंद करने की प्रक्रिया जारी रही। बाजार सुबह से ही खुले रहे और कारोबारी गतिविधियां भी सुबह से पूर्ववत जारी रहीं। बाजार में कहीं कोई बंदी की स्थिति नहीं रहने से पर्याप्त रौनक बनी रही। सिर्फ किसान संगठन से जुड़े लोग और पार्टी कार्यकर्ता संग पदाधिकारी ही प्रदर्शन में शामिल नजर आए। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे, मयंक चौबे, डॉ0 जितेन्द्र सेठ सहित दर्जनों ने दी गिरफ्तारी।

बनारस में नेताओं की नजरबंदीव्वाराणसी के मिर्जामुराद में किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को भारत बंद के मद्देनजर मेंहदीगंज गांव निवासी किसान आंदोलन के समर्थक और एनएपीएम के राज्य संयोजक सुरेश राठौर को मिर्जामुराद थानाप्रभारी सुनीलदत्त दुबे द्वारा रात से ही घर पर नजर बंद कर दिया गया। सपा कार्यकर्ताओं की रविंद्रपुरी के पास पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तारी की है। भारत बंद के समर्थन में जुलूस निकाल रहे अपना दल के नेता गगन यादव को मुढैला से गिरफ्तार किया गया हैए इस दौरान पुलिस से धक्का मुक्की भी हुई। सुबह 11 बजे मैदागिन स्थित टाउन हाल मैदान में किसान यूनियन के पदाधिकारियों की जुटान शुरू हुई। भारत बंद को लेकर सक्रिय जिला प्रशासन ने टाउन हाल मैदान से गिरफ्तार करके कोतवाली ले गईए जहां पुलिस ने उन्हें बैठाया है। गंगापुर में कांग्रेस के चेयरमैन दिलीप सेठ तथा कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष बृजभान केसरी को पुलिस द्वारा उनके घर पर नजरबंद किया गया। वहीं दूसरी ओर सपा नेता जय सिंह टाइगर को समर्थकों संग पुलिस ने घर से हिरासत में ले लिया। जंगमबाडी वार्ड के पार्षद गोपाल यादवए रवि यादव भाइयों जिला सचिव युवजन सभा सहित कमलेश यादवए करणए राहुल दासए अनिरुद्ध यादवए कल्लूए राजेश यादवए आयुषए गोलू को दशाश्वमेध पुलिस ने जंगमबाड़ी स्थित जंगमबाडी मठ के सामने हिरासत में ले लिया। किसान आंदोलन के समर्थन में भारत बन्द के आह्वान पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर किसानों की मांगों के प्रति अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए अपनी गिरफ्तारी दी । मैदागिन स्थित कम्पनी गार्डेन के सामने सड़क पर एकत्रित होकर जुलूस निकालने का प्रयास कर रहे नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार नेताओं को पुलिस कोतवाली थाने ले गई । गिरफ्तार नेताओं में प्रमुख रूप से पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह ए मार्क्स वादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रांतीय सचिव डा हीरालाल यादव ए समाजवादी नेता कुंवर सुरेश सिंह ए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय सचिव राकेश पाठक ए गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता डा मोए आरिफ ए बैंक कर्मी यूनियन के नेता शिवनाथ यादव ए माकपा के जिला सचिव नंदलाल पटेल समेत कई लोग शामिल रहे । इस दौरान सभी लोग तीनो काले कानून वापस लो ए किसान एकता जिंदाबाद ए पूंजीपतियों और सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी आदी नारे लगा रहे थे। गिरफ्तारी के बाद ये सभी लोग कोतवाली में भी जमकर नारे लगाते रहे । नेताओं ने कहा कि लाठी गोली और जेल के जरिये किसानों की जायज मांगो को दबाया नहीं जा सकता । पूरा देश अन्नदाता के साथ मजबूती से खड़ा है।

**जिला मुख्यालय के मुख्य गेट का ताला बंद कर सपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोधः** आज किसानों के समर्थन मे भारत बन्द के समर्थन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वाराणसी जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी कार्यालय के गेट पर ताला बन्द करके विरोध प्रदर्शन करने का कार्य किया और राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की गयी की जो केंद्र सरकार द्वारा किसान विरोधी बिल पास किया गया है उसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाय नहीं तो आने वाले समय मे किसान केवल कर्जदार व बंधुआ मजदूर बन कर रह जायेगा। विरोध प्रदर्शन मे मुख्य रूप से राजू यादव विकास यादव नीरज यादव सहित काफी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसानों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** बांगरमऊ उन्नाव



**भारतीय किसान** यूनियन ने आज तहसील क्षेत्र के ग्राम लहरापुर में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने कृषि विरोधी तीनों कानूनों को तत्काल वापस लेने की पुरजोर मांग उठाई। यूनियन के तहसील अध्यक्ष रामसनेही यादव के नेतृत्व में आज सैकड़ों किसानों ने गंज मुरादाबाद बल्लापुर मार्ग पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा थोपे गए इस किसान विरोधी कानून से देश में कंपनी राज कायम हो जाएगा। किसानों के अनुसार कृषि क्षेत्र में कानून नियंत्रण मुक्त विपणन, भंडारण और आयात निर्यात किसानों के हित में कतई नहीं है। बंगाल के किसान सन 1943- 44 में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा अनाज भंडारण के चलते भुखमरी झेल चुके हैं। केंद्र सरकार द्वारा पारित तीनों कानून किसानों को कंपनियों का बंधुआ मजदूर बनाने वाले हैं। किसानों ने उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार को दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग उठाई गई है कि कृषक सशक्तिकरण और संरक्षण, कीमत आश्वासन एवं कृषि सेवा पर करार तथा कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य संवर्धन और सरलीकरण एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम संशोधन तीनों अध्यादेश तुरंत वापस लिए जाएं। साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य को फल और सब्जी सहित सभी फसलों पर लागू करने का कानून बनाया जाए और समर्थन मूल्य से कम खरीद को अपराध की श्रेणी में शामिल किया जाए। अन्यथा किसान यूनियन का आंदोलन लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शन में रूपनारायण, बिशुन नरायन, राम भरोसे, रामचंद्र, उमाशंकर, प्रताप सिंह, छत्रपाल सिंह व श्रवण कुमार आदि किसान शामिल हुए।

### प्रशासन ने पूर्व विधायक को किया हाउस अरेस्ट

मौरावां। मंगलवार को एसडीएम पुरवा राजेश प्रसाद चौरसिया सहित सीओ हसनगंज आरके शुक्ला मौरावां थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजावत ने दल बल के साथ सपा पूर्व विधायक उदयराज यादव को हाउस अरेस्ट किया। पूर्व विधायक व प्रशासन के बीच क्षेत्र में जाने को लेकर वार्तालाप चलती रही। पुलिस बल ने घर से न निकलने को अपना दबाव बनाएं रखा। इस दौरान युवजन सभा जिलाध्यक्ष आदिल खां, विधानसभा अध्यक्ष आसिफअली, रामकिशुन लोधी, जीशान खान, जीतू दीक्षित, अवधेश यादव सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

## आईएमए बनारस शाखा का द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉ. कार्तिकेय तथा मानद सचिव डॉ. राजेश्वर नारायण निर्वाचित

**● वर्तमान अध्यक्ष डॉ. मनीषा सिंह सेंगर ने जीते हुए प्रत्याशियों को जीत की बधाई दी**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**गहमागहमी के** बीच हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन-वाराणसी के चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉ. कार्तिकेय ने जीत हासिल की है। सोमवार सुबह 11 बजे से तीन बजे तक चली मतगणना में उन्होंने सीधे मुकाबले में डॉ. एमके श्रीवास्तव को 256 मतों से हराया। डॉ. कार्तिकेय को 564 तो वहीं डॉ. श्रीवास्तव को 308 वोट मिले हैं। महामारी संकट के बीच कोविड.19 नियमों का पालन करते हुए रविवार को सुबह आठ बजे शाम छह बजे तक हुए मतदान में कुल 49.13 फीसद वोट पड़े थे।

सचिव पद पर डॉ. राजेश्वर नारायण सिंह 455 मतों के साथ विजयी रहेए वहीं डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी करीबी मुकाबले में 48 वोट से हार गए। उन्हें 407 वोट मिले थे। संयुक्त सचिव के दो पदों पर डॉ. अभिषेक सिंह व डॉ. विजय गुप्ता ने क्रमशरू 407 व 428 मत पाकर जीत हासिल की। वहीं हारने वाले डॉ. अजय कुमार सिंह व डॉ. हेमंत कुमार सिंह को क्रमशरू 367 व 327 वोट मिले थे। वित्त सचिव पद पर 503 वोट के साथ डॉ. मधु अग्रवाल ने डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ;356 वोटद्ध को शिकस्त दी। वहीं सामाजिक सचिव पद पर डॉ. अतुल कुमार सिंह ने डॉ. विशाल सिंह यादव को 131 मतों के अंतर से हराया। दोनों को कमशरू 496 व 365 वोट मिले थे। चुनाव अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि मतों की गणना सुबह 11 बजे शुरू हुईए जो तीन बजे तक चली। शाखा कार्यकारिणी के 21 पद व प्रदेश कार्यकारिणी के 36 पदों पर भी चुनाव संपन्न हुआ। आईएमए बनारस शाखा की वर्तमान अध्यक्ष डॉ0 मनीषा सिंह सेंगर ने द्विवार्षिक चुनाव में जीते हुए चिकित्सों को जीत की बधाई दी।

## क्विक न्यूज

### डॉ. नूतन ने कार्रवाई की मांग की

**वाराणसी।** एक्टिविस्ट डॉ. नूतन ठाकुर ने कल 7 दिसंबर 2020 को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी व अन्य लोगों द्वारा घसियारी टोला त्रिदेव मंदिरए वाराणसी के पास बिना हेलमेट पहने स्कूटी चलाये जाने के संबंध में कार्यवाही की मांग की है। अपने ट्विटर हैंडल तथा डीजीपी यूपी एच सी अवस्थी एवं अन्य अफसरों को भेजी अपनी शिकायत में नूतन ने कहा कि उन्हें प्राप्त वीडियो के अनुसार 33.22 लाख रुपए लागत से स्वीकृत घसियारी टोला त्रिदेव मंदिर के पास जलनिकासी व इंटरलॉकिंग कार्य के सरकारी कार्यक्रम में डॉ नीलकंठ तिवारी व उनके साथी बिना हेलमेट पहने स्कूटी चलाते पहुंचे। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के डॉ नीलकंठ तिवारी पीला जैकेट व अन्य लोगों द्वारा स्कूटी चलाया जाना विधि विरुद्ध है नूतन ने इस प्रकरण में नियमानुसार विधिक कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### बाइक के साथ वाहन चोर गिरफ्तार, रोहनिया में मिला युवक का शव

**वाराणसी।** वाराणसी जिले में मंगलवार की सुबह दो अलग अलग वारदातों में जहां शिवपुर में चोरी की मोटर साइकिल के साथ एक गिरफ्तार किया गया वहीं दूसरी ओर रोहनिया में सड़क किनारे मिला युवक का शव मिलने के बाद पुलिस विधिक जांच पड़ताल में जुट गई। शिवपुर पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल के साथ एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। चांदमारी चौकी प्रभारी चंद्रदीप वाहनों व संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रहे थे। इस बीच सुतबलपुर गेट शिवपुर के पास एक व्यक्ति नीले काले रंग की मोटर साइकिल से मुर्दहा की तरफसे आता दिखा जिसे रुकने का इशारा करने पर भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस बल द्वारा मौके से गाडी सहित उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया गया।

### कृषि वैज्ञानिक प्रो. पंजाब सिंह इफको अवॉर्ड से सम्मानित

**वाराणसी।** कृषि वैज्ञानिकए रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के चांसलर एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपतिए प्रो० पंजाब सिंह को फर्टिलाइज़र असोसिएशन ऑफ इंडिया ने इफको अवॉर्ड से सम्मानित किया है। उन्हें यह पुरस्कार इंडिया हैबिटेट सेन्टर में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। कृषि शिक्षा अनुसंधान एवं कृषि विकास में अनुसंधानकर्ता नीति निर्माता शोध एवं शिक्षा मार्गदर्शक समेत विभिन्न



भूमिकाओं में प्रो० पंजाब सिंह के चार दशक से अधिक के योगदान के फलस्वरूप देश ने खाद्य आत्मनिर्भरता एवं खाद्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल किया। भारत में कृषि विकास में योगदान के लिए उर्वरक उद्योग द्वारा प्रदान किया जाने वाला यह सम्मान अत्यंत प्रतिष्ठित है। पिछले वर्ष यह सम्मान विश्व खाद्य पुरस्कार 2020 के विजेता डॉ० रतन लाल को दिया गया था जो अमेरिका की ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी में मृदा वैज्ञानिक हैं।

### कोविड महामारी में काफी चुनौतीपूर्ण रहा वर्ष

**प्रयागराज।** कोविड महामारी के दौरान सहयोग करने वाले लोगों को सम्मानित किए जाने की योजना है। बीते अट्ठाइस वर्षों से कार्यक्रमों यादगार कहानियों और किरदारों के जरिए लोगों का मनोरंजन जी टीवी कर रहा है। किरदारों की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। जिनके साथ मिलकर उन्होंने अलग अलग भावनाओं का अनुभव किया। कोविड महामारी के चलते साल दो हजार बीस काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। पूरे लॉकडाउन के दौरान लोगों के बीच खुशियां फैलाने की कोशिश करता रहा। पसंदीदा चैनल जी रिश्ते अवार्डस के जश्न के साथ असंख्य एक्टर्स, डायरेक्टर्स प्रोड्यूसर्स क्रिएटिव टीम और टेक्नीशियन के योगदान को सम्मानित करेगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण जी रिश्ते अवार्डस का प्रसारण सत्ताईस दिसंबर को शाम सात बजे होगा। इस साल महामारी की वजह से त्योहार और जश्न थोड़े सादे ढंग से मनाए गए, लेकिन अब लोगों को शानदार मनोरंजन दिया जायेगा। जिसमें भारत एक रात में पूरा साल मनाएगा। इस मौके पर कई विशेष लोगों की उपस्थिति रहेगी।

### नई तकनीक को लाने के प्रयास हुए तेज

**प्रयागराज।** नई नई तकनीक को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। तकनीक को सभी के लिए सुलभ बनाने के प्रयासों को एक बार फिर से दोहराया जा रहा है। इसी के साथ वीवो ने देश में वाई फिफ्टी वन के साथ इसकी यूथ फुल वाई सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। सत्रह हजार नौ सौ नब्बे रुपए की कीमत पर नया फोन दो रंग विकल्पों टाइटेनियम सैफायर और क्रिस्टल सिम्फनी में मिलेंगे। वीवो वाई फिफ्टी वन में फास्ट चार्ज तकनीक के साथ बड़ी बैटरी के साथ सहज इंटरफेस का वादा किया गया है। निदेशक निपुण मार्य ने कहा कि वाई सीरीज लोगों की मांगों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए उत्पादों की एक व्यापक रेंज के लिए जानी जाती है। इसके साथ केंद्रित दृष्टिकोण की ओर एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं। डिजाइन और लोगों के लिए सहज अनुभव के साथ तकनीक को सभी के लिए सुलभ बनाने के प्रयासों को दोहराता है।

### विकास कार्यों के लोकार्पण पर पहुंचे विधायक बम्बा लाल दिवाकर

**नवाबगंज उन्नाव।** विकासखंड नवाबगंज के विभिन्न ग्राम पंचायतों रायपुरगढ़ी, शाहपुर एवं बिरसिंहपुर में ग्राम पंचायत विकास निधि द्वारा कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण उद्घाटन विधायक सफीपुर बम्बा लाल दिवाकर एवं क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, प्रमुख अरुण सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान नगर पंचायत के अध्यक्ष दिलीप लश्करी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक एवं प्रमुख के द्वारा ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्य सीसी रोड, मनरेगा द्वारा खड़ंजा निर्माणएवं शासन की महत्वपूर्ण योजना गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत बनाए जा रहे



सार्वजनिक शौचालय, पंचायत घर सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर में आंगनवाड़ी केंद्र इत्यादि कार्यों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया। इस अवसर पर विधायक सफीपुर व प्रमुख नवाबगंज अरुण सिंह के द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं के संदर्भ में जनता को विस्तार से बताया गया एवं भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मंशा के बारे में सामान्य जनमानस को अवगत कराया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में सर्वेश सिंह बूथ अध्यक्ष भाजपा, प्रधान सेवरा आसिफराजा, प्रधान सधीरा अवधेश प्रताप सिंह एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामप्रधान गण, क्षेत्र पंचायत सदस्य गण, ग्राम पंचायत सदस्यगण, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाहपुर राजेश सिंह आदि कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उपस्थित रहे।

## डीएम ने दिए मासिक व वित्तीय लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्त्वपूर्ण 37 बिंदुओं, विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की बैठक का आयोजन संबंधित अधिकारियों के साथ किया गया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी योजना, अमृत योजना, सामुदायिक शौचालय निर्माण, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, दवाओं की उपलब्धता, ऑपरेशन कायाकल्प, चिकित्सकों की उपलब्धता, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नई सड़कों का निर्माण, नहरों में टेल तक पानी पहुंचाना, अपशिष्ट प्रबंधन, मत्स्य पालन हेतु तालाबों का आवंटन, माननीय मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजनाएं, छात्रवृत्ति वितरण, कन्या सुमंगला योजना, आईसीडीएस मनरेगा, पंचायती राज, एवं आईसीडीएस विभाग की कन्वर्जेंस के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, सेवाओं की स्थिति, उद्योग बंधु एवं उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण, श्रमिक पंजीयन, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना आधार सीडिंग एवं आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण की प्रगति, निराश्रित गोवंश को संरक्षित करना, टीकाकरण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## पंचायत चुनाव के पहले अवैध शराब अभियान में मिली बड़ी सफलता

**संवाददाता।** उन्नाव

**● भारी मात्रा में गैर प्रान्तीय शराब समेत तीन कारे, कन्टेनर व ट्रैक्टर-ट्राली बरामद**

**आगामी पंचायत** चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज पुलिस, आबकारी, स्वाट टीम को उस समय बड़ी सफलता हांथ लगी, जब तस्करी के लिए ले जायी जा रही भारी मात्रा में गैर प्रान्त की शराब वाहन चेकिंग के दौरान हत्थे चढ़ गये। यही नहीं डेढ़ लाख की शराब के साथ धरपकड़ अभियान में पांच शराब तस्करो को भी दबोच लिया। जिनके पास से तीन कारे, एक ट्रैक्टर-ट्राली व एक कन्टेनर 10 टायरा सहित करीब 40 लाख की अवैध सम्पत्ति भी बरामद हुई है। आबकारी के साथ ही पुलिस पिछले कई महीनो से प्रदेश में कच्ची जहरीली तथा मिलावटी शराब से हो रही घटनाओ को लेकर अभियान चला रही है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी आगामी पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखकर मातहतो को सख्त निर्देश दे रहे है कि जिले में शराब की बिक्री केवल सरकारी ठेको से ही होनी चाहिए तथा उनकी भी रूटीन चेकिंग होनी चाहिए। जिला प्रशासन की इस चेतावनी से हरकत में आये आबकारी व पुलिस विभाग का अवैध शराब के विरूद्ध अभियान जारी है। इसी के तहत मुखबिर की सूचना पर आज सदर कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम तथा आबकारी विभाग के द्वारा दोस्तीनगर बैरियर पर वाहन चेकिंग कर हरियाणा प्रान्त की शराब की एक बड़ी खेप जो तस्करी के लिए ले जायी जा रही थी। पुलिस ने दो कारो को चेकिंग के लिए रोका तो पुलिस की आंखे फटी रह गयीं, दोनो गाड़ियो में भारी मात्रा में शराब भरी थी। पूंछताछ के दौरान पकड़े गये तस्करो ने पीछे से शराब लदी एक और ट्रैक्टर-ट्राली आने की सूचना दी। टैक्ट्रर-ट्राली में भी कई लोग सवार थे जो पुलिस को देखते ही फरार हो गये जबकि दो लोगो को पुलिस ने दबोच लिया। जिसके बाद आरोपियो की निशानदेही पर लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर एआरटीओ आफिस के पास से चोरी का टैंकर बरामद हुआ। इस प्रकार पुलिस ने कुल पांच तस्करो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन कार, एक ट्रैक्टर-ट्राली व एक कंटेनर 10 चक्का, एक मास्टर चाभी, तीन बोरी में कुल 698 पौवा अवैध देशी शराब संतरा ब्रांड फार सेल इन हरियाणा, एक बोरी में 200 खाली पौवा, 500 ढक्कन, 228 नकली क्यूआर कोड, 32 पेटी में कुल 1600 पौवा अवैध देशी शराब संतरा ब्रांड फार सेल इन हरियाणा बरामद कर गिरफ्तार किया। बरामद अवैध शराब की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपए तथा बरामद वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है।

**नए कृषि कानूनों का विरोध...**

## प्रयागराज में भारत बन्द का मिला जुला असर, सपाइयों ने रोकी ट्रेन

**विरोध कर रहे सपाइयों, कांग्रेसियों, आप नेताओं से पुलिस की झड़प**

**भारत बंद का समर्थन कर रहे लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज







**केन्द्र सरकार** के काले कृषि कानून का विरोध मंगलवार को किसानों भारत बंद कर किया। किसानों द्वारा भारत बन्द के आह्वान पर मिला जुला असर रहा। फिलहाल प्रयागराज में बंद का असर बहुत ही कम दिखा। जहां दुकानें खुली रहीं और उन्हें बंद कराने का प्रयास किया गया तो पुलिस ने लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं प्रयागराज में अधिकतर बाजार खुले रहे। बीस दलों के संयुक्त विपक्षी पार्टियों का समर्थन आज किसानों को मिला जरूर लेकिन भारत बंद पूरी तरह से सफल नहीं रहा। तमाम व्यापारिक संगठनों, अधिवक्ताओं और छोटे बड़े दलों ने कृषि कानून द्वारा अडानी और अंबानी जैसे पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की खातिर लाए गए कृषि बिल के विरोध में भारत बन्द का आह्वान किया था। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन के नेतृत्व में सपाई सिविल लाइंस में दुकान बन्द करवाने निकले तो सुभाष चौराहे पर शान्तिपूर्वक दुकान बन्द करवाने के दौरान पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। नेताओं के साथ धक्का मुक्की की गई। जिससे चौराहे पर अफरा तफरी के बीच पुलिस ने सपाईयों को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन भेज दिया। उधर सपाईयों द्वारा ट्रेन रोककर विरोध किया गया। सपा नेता अखिलेश यादव के आह्वान किसान रैली में शहर सहित ग्रामीण इलाकों में जिस प्रकार सपाई गली कूचों से निकल कर विरोध जताते रहे। इससे बौखलाई पुलिस ने रात भर सपाईयों को घरों में कैद रखने को गली गली की खाक छानी। उधर नए कृषि कानून के खिलाफ किसान आंदोलन द्वारा भारत बन्द के आवाहन पर सिविल लाइंस पत्थर गिरिजा घर से दुकाने बन्द कराते कांग्रेसियों को पुलिस ने बलपूर्वक सुभाष चौराहे पर हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों से पुलिस की तीखी झड़प भी हुई। कांग्रेसियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि नये कृषि कानून को निलंबित होने तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। हिरासत में लिए गए कांग्रेसियों को पुलिस लाइन भेज दिया गया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता किसानों के भारत बंद के आह्वाहन के समर्थन में केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ शान्तिपूर्वक अपना विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने आप कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने वालों में सर्वेश यादव, ज्योति प्रकाश चौबे, अंजनी मिश्रा, सनिया मिर्जा, शिमला श्री, मोहम्मद जैद आदि रहे। महिला जिलाध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि क्या मोदी योगी के राज में अब विपक्ष किसी काले कानून का विरोध दर्ज नहीं करा सकता। जब से भाजपा सत्ता में आई है तब से लगातार तानाशाही रवैया अपना रही है। भारत बंद का समर्थन में एनएसयूआई इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के परिसर में बैनर, पोस्टर और नारे लगाते हुए लोगों को इसके बारे में जागरूक किया। छात्रों ने परिसर में पर्चा वितरित किया। साथ ही दुकानों को बंद कराने के लिए छात्र विश्वविद्यालय मार्ग की ओर निकले तभी इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर तैनात भारी पुलिस बल ने बलपूर्वक उन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में एनएसयूआई के छात्रों को गिरफ्तार कर उन्हें पुलिस लाइन भेज दिया। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष और इविवि उपाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों से सरकार चाहे जितनी भी तानाशाही कर ले, किसानों के साथ इस लड़ाई में पूरा युवा और छात्र शामिल है। गिरफ्तारी देने वालों में इलाहाबाद एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांति वीर, विश्वविद्यालय प्रभारी हरिकेश हैरी, इकाई अध्यक्ष सत्यम कुशवाहा, अभिषेक द्विवेदी, अभिषेक सिंह, वीरेंद्र कुमार आदि रहे। अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के आवाहन पर भारत बंद के दौरान अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के बैनरतले घूरपुर बाजार में रैली निकालकर खेती के तीन नए कानून रद्द करने की मांग की। रैली के दौरान नारे लगाए खेती के तीन नए कानून रद्द करो। बिजली बिल 2020 रद्द करो, खेती में बड़ी कम्पनियों पर रोक लगाओ। खाद बीज डीजल के दाम आधे करो, आंदोलनरत किसानों पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापिस लो, किसानों पर दमन बन्द करो के नारे लगाए। रैली के दौरान लोगों ने कहा खेती के तीन नए कानून भारत की पूरी खेती की श्रंखला को बर्बाद कर देगी। खेती के तीनों कानून बड़े कारपोरेट पक्षधर हैं, किसान विरोधी हैं। खेती के तीन नए कानून के विरोध में किसान जब शान्तिपूर्वक विरोध किया तो आरएसएस भाजपा की नेतृत्व वाली योगी सरकार ने किसानों पर लाठी बरसाई। मुकदमे दर्ज कराए। इससे यह साबित हो रहा है कि यह सरकार किसान विरोधी है। इस मौके पर सुरेश निषाद, विनोद निषाद, भीमलाल, रामतीरथ, मालती बिंद, सावित्री उपस्थित रहे। नागरिक संघर्ष मोर्चा इलाहाबाद के बैनरतले किसान संगठनों द्वारा किसान विरोधी और कॉरपोरेट घरानों के हित में लाये गये किसान बिल को समाप्त करने की मांग के लिए भारत बंद के समर्थन में किसान बिल को वापस लेने, अन्न भंडारण की सीमा पूर्व की भांति बहाल करने, अन्न का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण हेतु कानून बनाने आदि तीन सूत्रीय मांग पत्र राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर विपिन कुमार चतुर्वेदी एसीएम प्रथम को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में नागरिक संघर्ष मोर्चा के संयोजक एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह, वरिष्ठ पार्षद आनंद घिल्डियाल, कमलेश सिंह, अशोक सिंह, अमरजीत यादव, रंजन कुमार, सुशील कुमार, पूर्व पार्षद अशोक कुमार, चंद्र प्रकाश गंगा, अनुराधा, अनंत कुमार चौधरी, चंद्रशेखर बच्चा, सुशील कुमार जैन, अश्विनी कुमार उपस्थित थे।

# गोली लगने से भाजपा कार्यकर्ता की मौत जांच सीआईडी को सौंपी: बंगाल पुलिस

**भाषा।** कोलकाता

**सिलीगुड़ी** में पार्टी की रैली में भाजपा कार्यकर्ता की मौत शॉटगन से की गई गोलीबारी में हुई। पश्चिम बंगाल पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस इस तरह के हथियार का उपयोग नहीं करती है। पुलिस की गोलीबारी में भाजपा कार्यकर्ता की मौत होने के आरोपों से इंकार करते हुए राज्य पुलिस ने कहा कि पार्टी की सोमवार को हुई रैली में भाजपा कार्यकर्ता के मारे जाने की घटना की जांच सीआईडी को सौंप दी गई है।

पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक ट्वीट में कहा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक शॉटगन जख्मों के कारण मौत हुई। पुलिस शॉटगन का इस्तेमाल नहीं करती है। यह स्पष्ट है कि सिलीगुड़ी की कल की रैली में हथियारबंद लोग लाए गए और उन्होंने आग्नेयास्त्रों से गोलीबारी की। इसने कहा, प्रदर्शन स्थल पर खड़े भाजपा कार्यकर्ता के पास ही किसी व्यक्ति ने नजदीक से गोली चलाई जिससे वह जख्मी हो गया। यह अभूतपूर्व है। हथियारबंद लोगों को प्रदर्शन के कार्यक्रमों में लाना और उन्हें गोली चलाने के लिए उकसाने के बारे में नहीं सुना गया है।

राज्य पुलिस ने कहा कि आग्नेयास्त्रों का इस्तेमाल कर हिंसा भड़काने की मंशा थी और सीआईडी को जांच के लिए कहा गया है। इसने कहा, सच्चाई बाहर आएगी और जिन लोगों ने जघन्य अपराध की योजना बनाई और अंजाम दिया उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। बहरहाल, भाजपा ने आरोप लगाया कि सोमवार की दोपहर संघर्ष के दौरान पुलिस ने शॉटगन से गोलीबारी की, जिससे उलेन राय की मौत हो गई।

भाजपा के राज्य महासचिव सायंतन बसु ने संवाददाताओं से कहा, हमारी पार्टी के कार्यकर्ता की मौत शॉटगन से जख्म के कारण हुई। हमारे खिलाफ यह आरोप कि हमने हथियारबंद लोगों को लाया था, पूरी तरह निराधार है और यह पुलिस गोलीबारी की बात को ढंकने के लिए कहा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उतर बंगाल के शहर में ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आहूत हिंसक प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें कीं।

संघर्ष में कई प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हो गए। भाजपा ने पहले आरोप लगाए कि राय की पुलिस ने लाठीचार्ज के दौरान पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस कार्वाई और अपनी पार्टी के कार्यकर्ता की मौत के खिलाफ भाजपा ने उत्तर बंगाल में 12 घंटे का बंद आहूत किया है।

## भाजपा फैला रही है झूठ, रैलियां आयोजित कर लोगों की हत्याएं करवा रही : ममता

**रानीगंज (पश्चिम बंगाल)।** सिलीगुड़ी में प्रदर्शन मार्च के दौरान भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि भगवा पार्टी अपनी रैलियों में लोगों को मार रही है। भाजपा ने पार्टी कार्यकर्ता उलेन रॉय की हत्या के विरोध में और उत्तर बंगाल में राज्य सचिवालय उत्तरकन्या तक सोमवार के मार्च के दौरान पुलिस की कथित कार्वाई को लेकर मंगलवार को 12 घंटे के बंद का आह्वान किया था। बनर्जी ने रानीगंज में जनसभा में आरोप लगाया, भाजपा झूठ फैलाने में लिप्त है। वह लोगों की हत्याएं करवा रही है। वह धरना, रैली कर लोगों की हत्याएं करवा रही है। बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को सरकारी नियंत्रण वाली कोयला खदानों को बेचने की अनुमति नहीं देगी। उन्होंने कहा, कोयला माफिया भगवा पार्टी के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं।



कुड्डलौर में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने इडापडी में तूफान प्रभावित भूरेवी क्षेत्र का दौरा किया।

# राकांपा ने आंदोलनकारी किसानों का समर्थन किया, भाजपा की आलोचना

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राकांपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल के नेतृत्व में मंगलवार को भारत बंद का समर्थन किया। केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर बंद का आयोजन किया गया। महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री पाटिल ने आंदोलनकारी किसानों से एकजुटता दिखाने के लिए काली पट्टी बांधी। पाटिल ने यहां संवाददाताओं से कहा मैं आज काली पट्टी बांध रहा हूं ताकि किसानों का समर्थन कर सकूं। यह पूछने पर कि भाजपा ने दावा किया है कि नए कृषि कानूनों में वही प्रावधान हैं जिनका समर्थन राकांपा प्रमुख शरद पवार ने संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहते हुए किया था, तो पाटिल ने कहा कि राजग के मुख्य सहयोगी को वर्षों पहले लिखे गए पत्रों का इस्तेमाल कर वर्तमान मुद्दों पर रूख लेने की जरूरत नहीं है।

पाटिल ने कहा कि अगर वे शरद पवार साहेब का इतना ही सुनते हैं तो साहेब ने कई सुझाव दिए (भाजपा नीत राजग सरकार को) कि किस तरह से किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है.... तो फिर उन्हें केंद्र को स्वीकार करना चाहिए। राकांपा प्रवक्ता नवाब मलिक ने भी उपनगर चेंबूर में पार्टी कार्यकर्ताओं के एक प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने इसे ऐसी पार्टी बताया जो किसानों के उत्पाद लूटती है। राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने किसानों के साथ केंद्र सरकार की वार्ता की वकालत की। बारामती की सांसद ने मराठी में ट्वीट किया, किसान हमें भोजन मुहैया कराते हैं। यह सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि अगर समाज का कोई वर्ग गुस्से में है तो वह (समस्या का) समाधान वार्ता के माध्यम से करे। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री और राकांपा के नेता राजेश टोपे ने ट्विटर पर आंदोलनकारी किसानों का समर्थन किया।

## महाराष्ट्र में मनुष्य व तेंदुओं में संघर्ष की घटनाएं बढ़ी

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र में 2020 में तेंदुओं के हमले में 27 लोग मारे गए जबकि पिछले साल ऐसी मात्र आठ घटनाएं सामने आई थीं। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसी दौरान पिछले साल की तुलना में तेंदुओं की मौत की संख्या भी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इस साल विभिन्न कारणों से राज्य में कुल 172 तेंदुओं की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पिछले साल यह संख्या 110 थी। तेंदुओं और मनुष्यों की मौत की संख्या में वृद्धि से पता चलता है कि वन्यजीवों और मनुष्यों के बीच संघर्ष की घटनाएं बढ़ी हैं। महाराष्ट्र में इस साल तीन दिसंबर तक तेंदुओं के हमले में कुल 27 लोग मारे गए। नासिक में तेंदुओं के हमले में सर्वाधिक 12 लोग मारे गए, मराठवाड़ा क्षेत्र में सात लोग मारे गए। बाकी मौतें राज्य के अन्य हिस्सों में हुईं। तेंदुओं की मौत की घटनाओं में वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने कहा कि कुछ सड़क हादसे के शिकार हुए तो कुछ कुएं में गिर कर मर गए।

# शिवसेना ने नए कृषि कानूनों का कभी समर्थन नहीं किया: संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना के सांसद संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने लोकसभा में तीनों कृषि कानूनों का कभी समर्थन नहीं किया और भाजपा गलत आरोप लगा रही है। राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल राकांपा ने कहा कि वार्ता के जरिए किसानों की समस्या का समाधान करना केंद्र सरकार का नैतिक दायित्व है। राउत ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि कृषि कानूनों के खिलाफ भारत बंद कर रहे किसानों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बात करनी चाहिए।

शिवसेना नेता ने यहां संवाददाताओं से कहा कि गैर राजनीतिक बंद को देशभर से लोगों का समर्थन मिल रहा है।राज्य में सत्तारूढ़ शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस ने भारत बंद को अपना समर्थन दिया है। राउत ने भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस की उस टिप्पणी को खारिज किया कि शिवसेना ने लोकसभा में नए कृषि कानूनों का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि शिवसेना ने ऐसा कभी नहीं किया।

राउत ने कहा कि बंद में कोई राजनीति नहीं है और यदि सरकार के पास दिल है तो प्रधानमंत्री या गृह मंत्री को किसानों से बात करनी चाहिए। शिवसेना नेता ने एक सवाल के जवाब में कहा कि राकांपा प्रमुख शरद पवार किसानों के मुद्दे पर अन्य विपक्षी नेताओं के साथ बुधवार को निश्चित ही राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलेंगे। वहीं, राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यदि समाज के किसी तबके में नाराजगी है तो वार्ता के जरिए मुद्दे का समाधान करना सरकार का नैतिक दायित्व है।

उन्होंने ट्वीट किया, किसान हमारा पेट भरते हैं। यदि समाज के किसी तबके में नाराजगी है तो वार्ता के जरिए मुद्दे का समाधान करना सरकार का नैतिक दायित्व है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री एवं राकांपा नेता राजेश टोपे ने अपने ट्वीट में कहा, किसानों को मेरा समर्थन है। इस बीच, किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा लाए गए नए कृषि कानून कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने वाले हैं।

पूर्व सांसद एवं स्वाभिमानी शेतकारी संगठन के नेता राजू शेट्टी ने कहा कि केंद्र को बढ़ते दबाव के चलते कानून वापस लेने ही पड़ेंगे। संगठन के सदस्यों ने आज सुबह बंद के समर्थन में बुल्ढाना जिले में मलकपुर स्टेशन पर अहमदाबाद नवजीवन एक्सप्रेस ट्रेन को रोक दिया। बुल्ढाना, जालना और औरंगाबाद में विभिन्न किसान संगठनों ने कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन किया। वहीं, किसान नेता रघुनाथ पाटिल ने राकांपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार की आलोचना की और कहा कि उन्होंने कृषि मुद्दों पर हमेशा दोहरा रुख अपनाया है।

## क्विक न्यूज

### कोयला कारोबारी के खिलाफ लुक-आउट नोटिस जारी

**कोलकाता।** अवैध कोयला कारोबार के मामले में जांच कर रही सीबीआई ने कोयला व्यापारी अनूप मांझी उर्फ लाला के खिलाफ लुक-आउट नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि लाला का पता लगाने के लिए नोटिस जारी किया गया है क्योंकि जांच के सिलसिले में उससे पूछताछ जरूरी है। सीबीआई ने 28 नवंबर को पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न जगहों पर अवैध कोयला खनन के खिलाफ 45 जगहो पर छापेमारी की थी। पश्चिम बंगाल के अलावा झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अनेक ठिकानो पर तलाशी अभियान चलाया गया था। मांझी के अलावा ईसीएल के दो महाप्रबंधकों, तीन अधिकारियों, ईसीएल, सीआईएसएफ और भारतीय रेलवे के अज्ञात अधिकारियो के परिसरो मे छापेमारी की गई थी। इन लोगो पर ईसीएल के तहत आने वाले कुनूस्टोरिया और कजोरा खनन क्षेत्रों से कोयले का अवैध तरीके से खनन और चोरी करने का आरोप है। प्रवक्ता ने कहा था कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नही हुई है।

### मोदी ने की प्रकाश सिंह बादल से बात, दी जन्मदिन की शुभकामना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता प्रकाश सिंह बादल से बात कर उन्हे उनके 93वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। केंद्र सरकार सरकार द्वारा लाए गए कृषि सुधार कानूनों को किसान विरोधी करार देते हुए बादल इसकी कटु आलोचना करते रहे है। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मोदी ने फोन कर बादल को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। दोनो नेताओ के बीच क्या बातचीत हुई, इसके बारे में कोई जानकारी नही दी गई। बादल ने सोमवार को मोदी से तीनों कृषि सुधार कानूनों को रद्द करने की अपील की थी। उन्होंने दावा किया था कि इन कानूनों ने देश को गहरे संकट में ला दिया है। लंबे समय तक भाजपा के सहयोगी रहे अकाली दल ने कृषि कानूनों के विरोध में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ लिया था। बादल इन कानूनों के विरोध में पद्म विभूषण सम्मान लौटाने की घोषणा कर चुके है।

### एनएलएफटी के उग्रवादियों ने तीन कामगारों को अगवा किया

**अगरतला।** प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के संदिग्ध उग्रवादियो ने धलाई जिले मे भारत-बांग्लादेश सीमा के नजदीक स्थित एक गांव से निर्माण कार्य में जुटे तीन कामगारों को अगवा कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ए कामगार जिले के गंगानगर पुलिस थाने के अंतर्गत मालदापारा गांव में एनबीसीसी की ओर से सीमा पर बाड़ लगाने का काम कर रहे थे। अपहृत कामगारों की पहचान सुभाष भौमिक, सुबल देबनाथ और गणपति त्रिपुरा के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि हथियारबंद उग्रवादियो का एक समूह सोमवार को निर्माण स्थल पर आया जो पड़ोसी देश के चटगांव हिल ट्रेक्ट्स की सीमा से लगा है और तीन कामगारों को अगवा कर बांग्लादेश ले गया। पुलिस अधीक्षक किशोर देबबर्मा पुलिस बल तथा त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवानों को लेकर घटना स्थल पर पहुंचे और इलाके में तलाश अभियान चलाया। संदिग्ध एनएलएफटी उग्रवादियो ने उत्तर त्रिपुरा जिले मे त्रिपुरा-मिजोरम सीमा पर स्थित एक गांव से एक व्यवसाई को अगवा कर डेढ़ लाख रूपए की फिरौती मांगी है।

### किसानों के समर्थन में अन्ना हजारे एक दिन के अनशन पर बैठे

**पुणे।** केन्द्र के तीन कृषि कानूनो के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानो के समर्थन मे सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे मंगलवार को एक दिन के अनशन पर बैठ गए। प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों ने मंगलवार को भारत बंद रखने की अपील भी की है। हजारे ने कहा कि देश में आंदोलन होना चाहिए ताकि सरकार पर दबाव बने और वह किसानो के हित मे कदम उठाए। हजारे ने एक रिकॉर्डेड संदेश में कहा, मैं देश के लोगों से अपील करता हूं, दिल्ली मे जो आंदोलन चल रहा है, वह पूरे देश मे चलना चाहिए। सरकार पर दबाव बनाने के लिए ऐसी स्थिति बनाने की जरूरत है और इसके लिए किसानो को सड़को पर उतरना होगा। लेकिन कोई हिसा ना करे। हजारे महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के रालेगण सिद्धि गांव में अनशन पर बैठे है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए सड़कों पर आने और अपना मुद्दा हल कराने का यह सही समय है। उन्होंने कहा, मैंने पहले भी इस मुद्दे का समर्थन किया है और आगे भी करता रहूंगा। हजारे ने कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) को स्वायत्तता देने और एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने सरकार को सीएसीपी को स्वायत्तता नही देने और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें ना लागू करने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

### लातेहार में नौ बारूदी सुरंगें बरामद

**मेदिनीनगर (झारखंड)।** लातेहार जिले मे पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने नौ बारूदी सुरंगो को बरामद कर नष्ट कर दिया है। सुरक्षा बलो ने मेदिनीनगर से 40 किलोमीटर दूर दुमुहान के समीप मेदिनीनगर-रांची मार्ग पर मनिका थाना क्षेत्र में बारूदी सुरंगे बरामद की। पुलिस ने बताया कि नक्सलियो ने सुरक्षा बलो को निशाना बनाकर ए सुरंगे बिछाई थी।



कोलकाता में कृषि कानूनों के विरोध में विभिन्न समुदाय के लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए।

## कारण बताओ नोटिस के खिलाफ कोश्यारी की याचिका पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट राजी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की उस याचिका पर सुनवाई के लिए मंगलवार को राजी हो गया जो उन्होंने उत्तराखंड उच्च न्यायालय से जारी कारण बताओ नोटिस के खिलाफ दायर की थी। दरसअल उच्च न्यायालय में दायर एक याचिका में कोश्यारी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान आवंटित सरकारी बंगले का किराया कथित तौर पर नहीं भरने के कारण उनके खिलाफ अवमानना की कार्वाई की मांग की गई थी जिसके बाद अदालत ने उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

न्यायमूर्ति आरएफ नरीमन, न्यायमूर्ति केएम जोसफ और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया तथा इस मामले को इसी मुद्दे पर लंबित याचिकाओं अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ दिया। राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने नोटिस स्वीकार कर लिया। इससे पहले, 26 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल के खिलाफ शुरू हुई अवमानना कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। दरअसल, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों द्वारा सरकारी आवास के किराए का भुगतान करने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के पिछले साल के आदेश का कथित तौर पर पालन नहीं करने के मामले में पोखरियाल के खिलाफ कार्यवाही शुरू की गई थी।

कोश्यारी ने उच्च न्यायालय के आदेश पर स्थगन लगाने की अपनी याचिका में दलील दी थी कि वह महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं और संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत उन्हें ऐसी किसी भी कार्यवाही से संरक्षण प्राप्त है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष तीन मई को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों को आदेश दिया था कि पद से हटने के बाद वे जितनी अवधि तक सरकारी आवास में रहे हैं, उसका बाजार के मुताबिक किराया उन्हें अदा करना होगा।

# बंगाल में बंद की राजनीति कर रही है भाजपा: सुब्रत मुखर्जी

**भाषा।** कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में बंद की राजनीति कर रही है। पार्टी ने जोर देकर कहा कि सिलीगुड़ी में भाजपा के कार्यकर्ता की मौत की वजह पुलिस द्वारा गोली चलाना नहीं है बल्कि उसकी मौत शॉट गन से निकले छर्रों के कारण हुई जो संभवत: सात दिसंबर को हुई भाजयुमो की रैली में हिस्सा लेने वाले किसी व्यक्ति के पास थी।

रैली के दौरान अपने एक समर्थक की मौत के विरोध में भाजपा ने उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में 12 घंटे का बंद आहूत किया था। तृणमूल के वरिष्ठ नेता सुब्रत मुखर्जी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रैली स्थल से पुलिस काफी दूर थी जबकि भाजपा कार्यकर्ता के शरीर पर जो घाव हैं वह नजदीक से गोली लगने के हैं। अपनी बात के समर्थन में मुखर्जी ने भाजपा के कार्यकर्ता उलेन रॉय की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला दिया। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि घाव शॉट गन से दागे गए छर्रों से हुए जबकि पुलिस तो इस तरह के हथियार का इस्तेमाल नहीं करती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गन पक्षियों का शिकार करने के लिए इस्तेमाल की जाती है जो संभवत: रैली में शामिल लोगों ने ले रखी थी जो पुलिस पर इससे निशाना साधना चाहते थे। ममता के मंत्रिमंडल में वरिष्ठ मंत्री मुखर्जी ने कहा, पोस्टमार्टम से भाजपा का खेल सामने आ गया जो बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां फैलाने चाहती थी और पुलिस को गोली चलाने के लिए उकसाना चाहती थी। उन्होंने दावा किया कि इसके बावजूद पुलिस ने केवल लाठी चार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। भाजपा ने दावा किया है कि उलेन रॉय नाम के पार्टी कार्यकर्ता को पुलिस ने लाठी चार्ज के दौरान पीट-पीटकर मार डाला। भाजपा ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

# दिग्विजय सिंह ने साधा मोहन भागवत पर निशाना

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**राज्यसभा सांसद** और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को नए कृषि कानूनों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ हमला बोलने के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत पर भी निशाना साधा। भारत बंद के दौरान यहां छावनी क्षेत्र स्थित संयोगितागंज अनाज मंडी में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए सिंह ने कहा, भागवत (संघ समर्थित) भारतीय किसान संघ (बीकेएस) से कहें कि वह नए कृषि कानून वापस लेने की मांग को लेकर (आंदोलनरत) किसानों के साथ खड़ा रहे और धरना दे। अगर वे ऐसा नहीं करेंगे, तो हम मानेंगे कि आप सब नाटक-नौटंकी केवल वोट के लिए करते हैं और समाज एवं धर्म के नाम पर महज राजनीति करते हैं।

गौरतलब है कि संघ समर्थित बीकेएस ने सोमवार को कहा था कि वह नए कृषि कानूनों के खिलाफ मंगलवार को बुलाए गए भारत बंद का समर्थन नहीं करता है, लेकिन इन कानूनों में कुछ सुधार होने चाहिए। सिंह ने सूबे की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान दावा किया, "नए कृषि कानूनों के अमल में आने के बाद कॉर्पोरेट क्षेत्र के बड़े उद्योगपति भारत के कृषि उत्पादों का वह विशाल बाजार हथिया लेंगे, जिसका आकार 12 लाख करोड़ रुपए और 15 लाख करोड़ रुपए के बीच आंका जाता है। उन्होंने कहा, "बड़े उद्योगपति मनमाने दाम पर किसानों की उपज खरीदेंगे। इससे देश के कारोबारी उनके कमीशन एजेंट बनने को मजबूर हो जाएंगे।

राज्यसभा सांसद ने यह दावा भी किया कि अमेरिका सरीखे विकसित देशों के हितों की पैरवी करने वाले विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के दबाव में मोदी सरकार ने वर्ष 2015 में इस निकाय के साथ "गुप्त समझौतौ किया था और भारत के नए कृषि कानून इस कथित करार का ही परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया, "नए कृषि कानून गरीबों को सस्ता अनाज मुहैया कराने वाली उचित मूल्य की दुकानें और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से फसलों की खरीदी समाप्त करने के षड्यंत्र की शुरूआत हैं, ताकि बड़े उद्योगपति किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों का शोषण कर सकें।


सिंह ने कहा, गेहूं, चना और सोयाबीन सरीखी फसलें एमएसपी से नीचे बिकने के कारण किसानों को घाटा हो रहा है। आखिर हम अन्नदाताओं को लेकर मोदी के वचनों पर भरोसा कैसे करें? उन्होंने मोदी सरकार पर हमले जारी रखते हुए कहा, जैसा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि मोदी के संरक्षण में सूट-बूट की सरकार चल रही है, जबकि दूसरी ओर गरीब, किसान, छोटे व्यापारी, मजदूर, हम्माल और तुलावटी हैं। राज्यसभा सांसद ने मोदी सरकार से नए कृषि कानूनों को तत्काल वापस लेने की मांग की और कहा कि प्रधानमंत्री सर्वदलीय संसदीय समिति बनाकर किसानों के मसले सुलझाएं।



इंदौर में कांग्रेस नेता और सांसद दिग्विजय सिंह किसान बिल के खिलाफ प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए।

# केंद्र के नए कृषि कानून किसानों के अनुकूल: शिवराज सिंह चौहान

भाषा। भोपाल



**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केन्द्र के नए कृषि कानूनों को किसानों के अनुकूल बताते हुए मंगलवार को कहा कि मध्य प्रदेश में 80 लाख किसानों में से केवल 12-13 लाख किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अपनी उपज बेचते हैं।

चौहान ने अपने बयान में कहा, केन्द्र सरकार द्वारा देश में लागू किए गए तीनों कृषि कानून किसान-हितैषी हैं तथा इनसे न केवल किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, बल्कि उनकी आर्थिक सुरक्षा के लिए ए बहुत बड़ा कदम है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एमएसपी पर खरीदी निरंतर जारी रहेगी, इसे समाप्त करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। बयान में उनके हवाले से कहा गया कि कृषि उपज मंडियां भी पूर्वानुसार कार्य करती रहेंगी, साथ ही किसानों को मंडी के बाहर फसल बेचने की सुविधा दिए जाने की प्रतिस्पर्धी व्यवस्था से किसानों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को छोटे-बड़े सभी किसानों के हितों का पूरा ध्यान है तथा नए कानून सभी के लिए हितकारी हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में लगभग 80 लाख किसान हैं, परन्तु उनमें से 12-13 लाख किसान ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेचते हैं। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश की कृषि विकास दर सबसे ज्यादा है। यहां के किसान समझते हैं कि तीनों नए कृषि कानून उनके लिए लाभदायक हैं, अत: वे पूरी तरह आश्वस्त हैं। कई लोग भ्रम फैला रहे हैं, परन्तु उनके प्रयास सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह सरकार कृषि उपज व्यापार एक वाणिज्य कानून (एपीएमसी) लागू करने की पक्षधर थी।

तत्कालीन केन्द्रीय कृषि मंत्री शरद पवार ने उन्हें पत्र लिखकर कहा था कि वर्तमान कृषि उपज व्यापार एवं वाणिज्य कानून (एपीएमसी एक्ट) को मॉडल एपीएमसी एक्ट 2003 की तर्ज पर संशोधित करने की आवश्यकता है। इससे बाजार-अधोसंरचना में निजी क्षेत्र का निवेश प्रोत्साहित होगा तथा किसानों, उपभोक्ताओं और कृषि-व्यापार के समग्र हित में वैकल्पिक प्रतिस्पर्धात्मक बाजार की राहें खुलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र की पिछली संप्रग सरकार की तुलना में राजग सरकार के कार्यकाल में समर्थन मूल्य पर अधिक कृषि उपज किसानों से खरीदी गई है।

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना टीकाकरण पर निगरानी के लिए मोबाइल ऐप तैयार किया

**नई दिल्ली( भाषा )।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 टीकों की समयबद्ध आपूर्ति की निगरानी, डाटा एकत्र करने तथा टीकाकरण के लिए लोगों के पंजीकरण के वास्ते एक डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने कहा कि को-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म में मुफ्त में डाउनलोड होने वाला मोबाइल ऐप्लिकेशन शामिल है, जिससे टीके से संबंधित डाटा एकत्रित करने में मदद मिलेगी। टीका चाहने वाला व्यक्ति इसपर अपना पंजीकरण करा सकता है। इस ऐप में पांच मॉड्यूल होंगे, जिनमें प्रशासक मॉड्यूल, पंजीकरण मॉड्यूल, टीकाकरण मॉड्यूल, लाभार्थी सूचना प्राप्ति मॉड्यूल तथा रिपोर्ट मॉड्यूल होंगे। प्रशासक मॉड्यूल प्रशासकों के लिए है, जो टीकाकरण सत्र आयोजित करेंगे। पंजीकरण मॉड्यूल टीकाकरण के इच्छुक लोगों के पंजीकरण के लिए है। टीकाकरण मॉड्यूल में लाभार्थी की जानकारी का सत्यापन होगा। वहीं, लाभार्थी सूचना प्राप्ति मॉड्यूल में लाभार्थी को टीकाकरण के बाद एसएमएस तथा क्यूआर आधारित प्रमाणपत्र भेजा जाएगा। रिपोर्ट मॉड्यूल में यह रिपोर्ट तैयार की जाएगी कि कितने टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए।



गुवाहाटी में मंगलवार को किसानों द्वारा केंद्र सरकार के कृषि कानूनों को रद्द करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान गणेशगुरी फ्लाईओवर पर पसरा संनाटा

## संरा पुरस्कार भारत को निवेश के लिए पसंदीदा स्थल बनाने की सरकार की कोशिश का सबूत है: नरेंद्र मोदी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने निवेश को प्रोत्साहित करने वाली केंद्र सरकार की एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया को 2020 संयुक्त राष्ट्र निवेश संवर्धन पुरस्कार मिलने पर मंगलवार को बधाई दी। मोदी ने ट्वीट किया कि यह पुरस्कार इस बात का सबूत है कि हमारी सरकार भारत को निवेश के लिए दुनिया का पसंदीदा स्थल बनाने और कारोबार करना अधिक सुगम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) ने इन्वेस्ट इंडिया को संयुक्त राष्ट्र निवेश संवर्धन पुरस्कार 2020 का विजेता घोषित किया है। पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार को जिनेवा स्थित यूएनसीटीएडी के मुख्यालय में हुआ। यह पुरस्कार विश्व की निवेश संवर्धन एजेंसियों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। मोदी ने कहा, यूएनसीटीएडी का 2020 संयुक्त राष्ट्र निवेश संवर्धन पुरस्कार जीतने के लिए इन्वेस्ट इंडिया को बधाई। यह इस बात का सबूत है कि हमारी सरकार ने भारत को निवेश के लिए दुनिया में पसंदीदा स्थल बनाने और कारोबार करना अधिक सुगम बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। यूएनसीटीएडी ने दुनिया भर की 180 राष्ट्रीय निवेश संवर्धन एंजेसियों के कार्यों के मूल्यांकन के बाद इन्वेस्ट इंडिया को पुरस्कार दिया।

## मोदी ने कतर के अमीर से की बात

- भारत में निवेश के लिए टास्क फोर्स गठित करने का फैसला

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल सानी ने मंगलवार को निवेश के प्रवाह और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया और खाड़ी देश द्वारा भारत में निवेश को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स गठित करने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, मोदी ने टेलीफोन पर हुई इस बातचीत के दौरान अल सानी को कतर के आगामी राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं दीं। कतर के अमीर ने शुभकामनाओं के लिए मोदी को धन्यवाद कहा और वहां के राष्ट्रीय दिवस समारोहों में भारतीय समुदाय की भागीदारी की सराहना की। उन्होंने मोदी को दीपावली की बधाई भी दी। मोदी ने ट्वीट कर कहा, मेरे अच्छे मित्र मीर शेख तमीम बिन हमद अल सानी से बहुत सुखद वार्ता हुई। कतर के राष्ट्रीय दिवस पर मैंने उन्हें शुभकामनाएं दीं। भारत की ऊर्जा सुरक्षा में कतर एक महत्वपूर्ण स्तंभ और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का एक अहम स्रोत है। सभी क्षेत्रों में हम अपने संबंधों को और मजबूत बनाने पर सहमत हुए। पीएमओ के मुताबिक, दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच निवेश के प्रवाह और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने को लेकर चर्चा की और इस दिशा में हाल में हुई सकारात्मक वृद्धि की समीक्षा भी की।

पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने कतर निवेश प्राधिकरण द्वारा भारत में निवेश को और सुविधाजनक बनाने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स गठित करने का फैसला किया। दोनों नेताओं ने भारत में समग्र ऊर्जा मूल्य-श्रृंखला में कतर के निवेश की संभावनाएं तलाशने का निश्चय किया। दोनों नेताओं ने लगातार संपर्क में बने रहने और कोविड-19 महामारी से उत्पन्न स्थिति के सामान्य होने के बाद मिलने पर भी सहमति जताई।

## धान की खरीदारी के लिए योजना आरंभ करेगी पश्चिम बंगाल सरकार

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार अपनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए धान की खरीदारी की योजना शुरू करने जा रही है, ताकि आगामी जून तक करीब 10 करोड़ लोगों को बिना रुकावट के नि:शुल्क चावल दिया जा सके। राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक ने कहा कि इस योजना के तहत सरकार का लक्ष्य 30 लाख से अधिक किसानों को पंजीकृत करना है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में लगभग 72 लाख धान किसानों में से अब तक करीब 13 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है।

मल्लिक ने कहा, हम अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचने की योजना बना रहे हैं, ताकि हमारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए चावलों की लगातार आपूर्ति के मकसद से धान की खरीदारी की जा सके। योजना जल्द ही शुरू की जाएगी और हम इस महीने के अंत में धान की खरीदारी शुरू कर देंगे। कृषि विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस साल काफी पैदावार हुई है, लेकिन मांग कम रही है, जिसका असर धान की कीमत पर पड़ा है और यह सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी नीचे चली गई है। उन्होंने कहा कि हम हर किसान से खरीदी जाने वाली धान की सीमा तय करने की योजना बना रहे हैं। इससे इस योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को पंजीकृत कराने में मदद मिलेगी। सरकार हर किसान से करीब 45 क्विंटल धान खरीदने की योजना बना रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाघिन के हमले में बच्चे की मौत

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में जंगल के एक गांव में बाघिन ने कथित तौर पर एक 12 वर्षीय लड़के पर हमला कर उसकी जान ले ली। शहडोल के मुख्य वन संरक्षक पी के वर्मा ने मंगलवार को बताया कि संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के बफर जोन के पास स्थित बोचरो गांव का रहने वाला रोहित पनिका (12) सोमवार शाम को घर के पीछे शौच के लिए गया हुआ था तभी एक बाघिन ने उस पर हमला कर दिया और उसे उठाकर जंगल की ओर ले गई। वर्मा ने बताया कि ग्रामीण जब तक शोर मचाते तब तक बाघिन लड़के को उठाकर ले जा चुकी थी, शाम को अंधेरा हो जाने के कारण उसको नही ढूंढा जा सका। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह वन विभाग के हाथियों और डॉक्टरों के साथ जंगल में बाघिन और बालक की तलाश शुरू की तो उन्हें लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर बालक का क्षत-विक्षत शव मिला। उन्होंने बताया कि बालक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के अमले ने बाघिन को खोज लिया है और उसे पकड़ लिया गया है। बाघिन को फिलहाल बांधवगढ़ नेशनल पार्क, उमरिया के बाड़े में रखा जाएगा।

### नए कृषि कानूनों के खिलाफ जम्मू में किसानों के समर्थन में प्रदर्शन

**जम्मू।** ट्रांसपोर्टर सहित विभिन्न संगठनो ने मंगलवार को यहां शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया ताकि भारत बंद का आह्वान करने वाले किसानों के साथ एकजुटता दिखा सकें। बंद का जम्मू क्षेत्र में मिला-जुला असर रहा, जहां अधिकतर सार्वजनिक परिवहन सड़कों से नदारद रहे। यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा और उन्हें पैदल जाते देखा गया लेकिन दुकाने एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान आंशिक रूप से खुले रहे। मुख्य प्रदर्शन रैली जम्मू-कश्मीर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन (जेकेटीडब्ल्यूए) ने बिक्रम चौक से दिगयाना तक निकाली जिससे जम्मू-पठानकोट राजमार्ग जाम हो गया। जेकेटीडब्ल्यूए और एक दर्जन से अधिक सामाजिक, धार्मिक तथा राजनीतिक संगठनो ने बंद के आह्वान का समर्थन किया है। अधिकारियो ने बताया कि प्रदर्शनकारी शांत रहे और जम्मू जिले या प्रांत में कही से भी अप्रिय घटना की खबर नही आई है।

### कांग्रेस विधायक ने संबित पात्रा को कानूनी नोटिस भेजा

**कटक।** ओडिशा में कांग्रेस के एक विधायक ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता को कानूनी नोटिस भेजा और आपराधिक मानहानि का मुकदमा करने की धमकी दी है। बाराबाती-कटक सीट से कांग्रेस के विधायक मोहम्मद मुकीम ने उच्चतम न्यायालय के वकील शाश्वत सिंह के जरिए भेजे नोटिस में कहा है कि उनकी छवि को कथित रूप से खराब करने के लिए पात्रा तत्काल सार्वजनिक तौर पर उनसे माफी मांगे नही तो वह भाजपा नेता के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा कर देंगे। पात्रा ने एक दिसंबर को मीडिया के एक वर्ग के समक्ष आरोप लगाया था कि कांग्रेस के सभी नौ विधायकों ने नयागढ़ जिले में हुए नाबालिग लड़की के अपहरण और हत्या के मामले में चुप रहने के लिए और बीजद के मंत्री अरुण कुमार साहू का समर्थन करने के लिए सत्तारूढ़ बीजद से पैसा लिया है। साहू ने इस मामले में कथित रूप से आरोपियों को संरक्षण दिया है। पात्रा की ओर से तत्काल टिप्पणी प्राप्त नही हो सकी।

### आयकर के छापे में 170 करोड़ की काली कमाई का पता चला

**नई दिल्ली।** इस्पात की वस्तुएं बनाने और उनका कारोबार करने वाले ओडिशा के एक औद्योगिक समूह के खिलाफ आयकर विभाग के छापों में 170 करोड़ रुपए की काली कमाई का पता चला है और कुछ सीधे-सादे दिहाड़ी मजदूरों के नाम निदेशक के तौर पर दर्ज होने की बात भी सामने आई है। इस समूह के परिसर राउरकेला और इसके आसपास हैं। आयकर विभाग ने तीन दिसंबर को इन परिसरों पर छापे मारे थे। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा, समूह की इकाइयां 17 बोगस कंपनियों के नाम पर दो वित्तीय वर्ष से करीब 170 करोड़ रुपए की फर्जी खरीद दिखा रही थी। सीबीडीटी ने उन कंपनियो के नाम नही बताए लेकिन कहा कि सभी 17 कंपनियो ने बयानों में कबूल किया है कि उनके नाम पर हो रहे इस तरह के कारोबार की उन्हे जानकारी नही थी।

## कोविड-19 के 26,567 नए मामले, 385 मौतें

भाषा। नई दिल्ली



**भारत** में पिछले 24 घंटे में करीब पांच महीने बाद मंगलवार को कोविड-19 के 27 हजार से कम नए मामले सामने आए। इसके साथ देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 97 लाख के पार चले गए, जिनमें से 91.78 लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 के 26,567 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 97,03,770 हो गए। वहीं 385 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर।,40,958 हो गई। आंकड़ों के अनुसार देश में 91,78,946 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही, मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 94.59 प्रतिशत हो गई। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.45 प्रतिशत है। देश में लगातार दूसरे दिन उपचाराधीन लोगों की संख्या चार लाख से कम है। अभी 3,83,866 लोगों का कोरोना वायरस का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 3.96 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार सात दिसम्बर तक 14,88,14,055 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई, जिनमें से 10,26,399 नमूनों का परीक्षण सोमवार को किया गया। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 385 लोगों की मौत हुई, उनमें से दिल्ली के 63, पश्चिम बंगाल के 48, महाराष्ट्र के 40, हरियाणा तथा केरल के 23-23, छत्तीसगढ़ के 21 और उत्तर प्रदेश के 20 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वायरस से महाराष्ट्र में 47,774, कर्नाटक में 11,867, तमिलनाडु में 11,809, दिल्ली में 9,706, पश्चिम बंगाल में 8,771, उत्तर प्रदेश में 7,944, आंध्र प्रदेश में 7,038, पंजाब में 4,934, गुजरात में 4,095 और मध्य प्रदेश में 3,347 लोगों की मौत हुई है।

## भाजपा की ओर से बुलाए गए उत्तर बंगाल बंद का रहा मिला जुला असर

- उत्तर बंगाल के विभिन्न शहरों में बंद समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया और जुलूस निकाला

भाषा। सिलीगुड़ी (प. बंगाल)

**भारतीय** जनता पार्टी की ओर से उत्तर बंगाल में बुलाए गए 12 घंटे के बंद के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चित्र लगे होर्डिंग कथित रूप से फाड़े जाने पर सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच यहां मंगलवार को झड़प हो गई। हालांकि बंद का मिला जुला असर दिखाई पड़ा।

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सोमवार को शाखा सचिवालय उत्तरकन्या तक निकाले गए जुलूस के दौरान कथित रूप से पुलिस की ओर से की गई गोलीबारी में पार्टी कार्यकर्ता उल्लेन राय की मौत के विरोध में बंद का आह्वान किया गया था। उत्तर बंगाल के विभिन्न शहरों में बंद समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया और जुलूस निकाला। इस दौरान कूचबिहार, माथाभांगा और मालदा में सड़कों पर अवरोधक लगाए गए थे। हालांकि, आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कोई अप्रिय घटना देखने को नहीं मिली। बाजार और दुकानें आंशिक रूप से खुले रहे जबकि निजी बसें तथा सड़क परिवहन के अन्य साधन कम दिखाई दिए। हालांकि सरकारी बसें चलती रहीं।

## पेज 1 का शेष

### सरकार और...

मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था खत्म हो जाएगी। हालांकि बैठक को लेकर किसान संगठनों के बीच असंतोष के स्वर उभरने लगे। भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) ने निर्धारित वार्ता से एक दिन पहले अमित शाह के साथ किसानों की बैठक को लेकर सवाल उठाया। प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों में यह सबसे बड़ा संगठन है। सोशल मीडिया पर साझा की गई एक पोस्ट में जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि आधिकारिक वार्ता से पहले वार्ता की कोई जरूरत नहीं थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि बैठक में शामिल नेता सबसे बड़े संगठन के विचार को जरूर ध्यान में रखेंगे। उगराहां को इस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। इससे पहले, किसान नेता आर.एस. मानसा ने सिंघु बॉर्डर पर संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि बीच का कोई रास्ता नहीं है। हम आज की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह से केवल 'हां' या 'नहीं' में जवाब देने को कहेंगे। सिंघु बार्डर पर हजारों की संख्या में किसान पिछले 12 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नये कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर किसान संगठनों के 'भारत बंद' के आह्वान के बाद आज देश के कई हिस्सों में दुकानें एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के बंद रहने, यातायात बाधित होने से जनजीवन प्रभावित हुआ। बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सड़क एवं रेल मार्गों को बाधित किया। हालांकि, बंद लगभग शांतिपूर्ण रहा और किसानों ने अपनी ताकत दिखाई। किसानों के विरोध के बावजूद केंद्र सरकार लगातार कहती रही है कि ये कृषि सुधार कानून किसानों के हित में है और केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

### निवेशकों को...

के दीप निर्माण तथा अन्य आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग को शहरी क्षेत्रों में लागू की जा रही अमृत मिशन तथा स्मार्ट सिटी योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत कराये जाने वाले विकास कार्य पूरी गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरी किये जाएं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, औद्योगिक एवं अवस्थापना आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### योगी आज...

एवं 5 दिसम्बर 2020 को 36,590 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को आनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। विगत 23 अक्टूबर 2020 को माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत भी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 3,317 नवचयनित सहायक अध्यापकों को पदस्थापन एवं नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

### थलसेना प्रमुख...

कहा गया है कि जनरल नरवणे रॉयल सऊदी लैंड बल के मुख्यालय और किंग अब्दुल अजीज मिलिट्री एकेडमी का भी दौरा करेंगे। थल सेना प्रमुख के सऊदी अरब के राष्ट्रीय डिफेंस यूनिवर्सिटी का दौरा करने और संस्थान के छात्रों एवं संकाय सदस्यों को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की बहरीन और यूएई की यात्रा के कुछ दिनों बाद जनरल नरवणे की खाड़ी क्षेत्र की यह यात्रा हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में सऊदी अरब और यूएई के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हुए हैं। भारत और सऊदी अरब ने पिछले साल एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रणनीतिक रूप से अहम क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए एक रणनीतक साझेदारी परिषद की स्थापना की थी। समझा जाता है कि सऊदी अरब रक्षा उपकरणों के संयुक्त उत्पादन के लिए भारत के साथ सहयोग करने को इच्छुक है। चीन, अमेरिका और जापान के बाद सऊदी अरब, भारत का चौथा व्यापारिक साझेदार है और ऊर्जा (तेल) का एक बड़ा स्रोत है। भारत इस देश से अपने कच्चे तेल की जरूरत का करीब 18 प्रतिशत आयात करता है। सऊदी अरब भारत के लिए एलपीजी का भी एक बड़ा स्रोत है। पिछले महीने, थलसेना प्रमुख ने नेपाल की तीन दिवसीय यात्रा की थी, जिसके महत्वपूर्ण कूटनीतिक मायने हैं। अक्टूबर में जनरल नरवणे ने विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला के साथ म्यामां की यात्रा की थी।

### राजस्थान पंचायत...

गए। टोंक पंचायत समिति में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला और तीन निर्दलीय उम्मीवारों ने जीत दर्ज की है जो यहां बोर्ड बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कांग्रेस नेता और टोंक के विधायक सचिन पायलट को बोर्ड बनाने के लिए समर्थन दिया है। कुल 19 सीटों में से कांग्रेस ने 7 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि भाजपा ने 9 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं तीन निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। प्रवक्ता ने बताया कि जिला मुख्यालयों पर यह मतगणना सुबह नौ बजे शुरू हुई थी। इस गणना से 636 जिला परिषद सदस्यों के लिए 1778 उम्मीदवारों व 4371 पंचायत समिति सदस्यों के लिए 12663 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने पंचायती चुनाव में भाजपा की जीत पर कहा कि पंचायती राज चुनावों के ये परिणाम वास्तव में कांग्रेस सरकार के झूठ, फ़रेब, दम्भ व अहंकार की पराजय है तथा यह जीत केन्द्र की मोदी सरकार पर जनता के विश्वास की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि पंचायती राज चुनाव के परिणाम इस भ्रष्ट सरकार की विदाई का एक निश्चित संकेत है। राजस्थान के 21 जिलो में कुल 636 जिला परिषद सदस्यों और 4,371 पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए अजमेर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चुरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनू, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सीकर, टोंक और उदयपुर में मतदान 23 और 27 नवंबर और एक और पांच दिसंबर को चार चरणों हुआ था।

### केंद्रीय मंत्रियों...

विरोध करने के लिए किसानों के आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। यह धोखा है, पाखंड है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को किसान हितों से कोई लेना-देना नहीं है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि विपक्षी दल देश को समृद्ध नहीं होने देना चाहते। वे प्रगति में रोड़ा बन रहे हैं। आरएसएस के संगठन भारतीय किसान संघ ने भारत बंद में भाग नहीं लिया है, लेकिन वह कृषि उत्पादों के लिए एमएसपी की गारंटी देने की मांग सरकार से जरूर कर रहा है।

### कोविड का...

उन्होंने कहा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के साथ लगातार सम्पर्क में रहने की वजह से , मुझे पता है कि उन सभी ने कितनी मेहनत की है और उन सभी के लिए बड़ा सम्मान है... उनका दिल बहुत बड़ा है और वैश्विक महामारी के दौरान हमें सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने जो कुछ भी किया, उसके लिए मैं आभारी हूं। शुक्ला को एनएचएस द्वारा ब्रिटेन की टीका एवं टीकाकरण संबंधी संयुक्त समिति द्वारा निर्धारित मानदंड के आधार पर चुना गया था। घातक वायरस से मौत का सबसे अधिक खतरा जिन लोगों को है, उसके आधार पर ही टीकाकरण किया जाएगा। सबसे पहले यह टीका 80 या उससे अधिक वर्ष के लोगों, स्वास्थ्य कर्मी सहित एनएचएस के कर्मियों को सबसे पहले लगेगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस पल को एक बड़ी प्रगति बताया और ब्रिटेन में मंगलवार को वी-डे या वैक्सीन डे होने की बात कही। प्रधानमंत्री जॉनसन ने कहा, आज, ब्रिटेन ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा कदम उठाया है, क्योंकि हम देशभर में टीका भेजने वाले हैं। मुझे टीका विकसित करने वाले वैज्ञानिकों, ट्रायल में हिस्सा लेने वाले लोगों और इसको लाने के लिए दिन-रात मेहनत करने वाले एनएचएस पर बहुत गर्व है। प्रधानमंत्री ने साथ ही इस बात के प्रति आगाह किया कि व्यापक स्तर पर टीकाकरण में अभी समय लगेगा और लोगों से तब तक सर्तक रहने और आने वाले ठंड के महीनों में भी लॉकडाउन के नियमों का पालन करने की अपील की। फाइजर, बायोएनटेक को पिछले हफ्ते ब्रिटेन के दवा एवं स्वास्थ्य सेवा उत्पाद नियामक एजेंसी से टीका लगाने की अनुमति मिली जिसके बाद एनएचएस ने कहा कि इसके कार्यकर्ता टीका लगाने के लिए चौबीसों घंटे बड़े स्तर पर साजो-सामान चुनौती का प्रबंध करने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। फाइजर के टीके को शून्य से नीचे 70 डिग्री सेल्सियस तापमान पर भंडारित करने की जरूरत है और इस्तेमाल करने से पहले इसे उस शीत श्रृंखला में महज चार बार इधर-उधर किया जा सकता है।

### 86 सेंटीमीटर...

नेपाल के बीच 2018 में एवरेस्ट की ऊंचाई को लेकर मतभेद पैदा हो गया था। चीन और नेपाल के बीच की सीमा एवरेस्ट से होकर गुजरती है और दोनों देशों ने 1961 में सीमा विवाद सुलझा लिया था। वर्ष 1950 में तिब्बत पर कब्जा करने के बाद बीजिंग ने पूरे एवरेस्ट पर अपना अधिकार छोड़ दिया था जिसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सीमा समझौते में माउंट एवरेस्ट की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। राष्ट्रपति शी ने अपने पत्र में कहा कि चीन और नेपाल पिछले साल एवरेस्ट की ऊंचाई मापने के संयुक्त प्रयास पर सहमत हुए। उन्होंने कहा कि एक साल से भी अधिक समय तक दोनों देशों के सर्वेक्षण दलों ने सभी प्रकार की बाधाओं को पार कर काम किया और अंतत: पर्वत चोटी की ऊंचाई का पता लगाया। चीन के सरकारी मीडिया शिन्हुआ की खबर के अनुसार शी ने कहा कि माउंट एवरेस्ट चीन और नेपाल के पारंपरिक संबंधों का महत्वपूर्ण प्रतीक है।

# भारत के विजय अभियान पर लगा विराम

## आस्ट्रेलिया ने आखिरी टी-20 में टीम इंडिया को 12 रन से हराया

## भारत सीरीज 2-1 से जीतने में सफल रहा

**भाषा** । सिडनी



**मैथ्यू** वेड और ग्लेन मैक्सवेल के अर्धशतकों के बाद लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन की फिरकी के जादू से आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 12 रन से हराकर टीम इंडिया के लगातार 10 जीत के विजय अभियान पर विराम लगा दिया। टीम इंडिया श्रृंखला 2-1 से जीतने में सफल रही। आस्ट्रेलिया के 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम कप्तान विराट कोहली की 85 रन की पारी के बावजूद स्वेपसन (23 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के कारण 20 ओवर में सात विकेट पर 174 रन ही बना सकी।

कोहली ने 61 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए नाकाफी था। आस्ट्रेलिया ने वेड (80) और मैक्सवेल (54) के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 90 रन की साझेदारी की बदौलत पांच विकेट पर 186 रन बनाए। वेड ने स्टीव स्मिथ (24) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 65 रन जोड़े।

वेड ने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 53 गेंद का सामना करते हुए सात चौके और दो छक्के लगाए जबकि मैक्सवेल ने 36 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और तीन छक्के जड़े। वेड और मैक्सवेल की बदौलत आस्ट्रेलिया की टीम अंतिम नौ ओवर में 99 रन जोड़ने में सफल रही। भारत को खराब क्षेत्ररक्षण का खामियाजा भी भुगतना पड़ा। उसने कम से कम दो कैच टपकाने के अलावा एक स्टंप का मौका भी गंवाया जबकि कई बार मिसफील्ड की। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत खराब रही। आस्ट्रेलिया ने हैरानी भरा फैसला करते हुए पहला ओवर मैक्सवेल को सौंपा और लोकेश राहुल (00) इस कामचलाऊ स्पिनर की दूसरी गेंद को ही डीप मिडविकेट बाउंड्री पर स्मिथ के हाथों में खेल गए। कप्तान कोहली नौ रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब मैक्सवेल की गेंद को हवा में लहरा गए लेकिन इस बार स्मिथ बाउंड्री पर कैच लपकने में नाकाम रहे। कोहली ने चौथे ओवर में डेनियल सैम्स पर चौके के साथ पारी की पहली बाउंड्री लगाई। एंड्रयू टाई ने हालांकि अपनी पहली ही गेंद पर उनका एक और कैच टपकाया। कोहली ने छठे ओवर में सीन एबट पर चौका मारा जबकि शिखर धवन ने भी दौ चौके जड़े। भारत ने पावर प्ले में एक विकेट पर 55 रन बनाए।

धवन हालांकि 21 गेंद में 28 रन बनाने के बाद स्वेपसन की गेंद पर करारा शॉट खेलने की कोशिश में सैम्स को कैच दे बैठे। कोहली ने एडम जंपा की गेंद पर एक रन के साथ 41 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। स्वेपसन ने 13वें ओवर में भारत को दोहरा झटका दिया। संजू सैमसन नौ गेंद में 10 रन बनाने के बाद लांग आन पर स्मिथ को आसान कैच दे बैठे जबकि श्रेयस अय्यर खाता खोले बिना पगबाधा आउट हुए। कोहली ने इसी ओवर में एक रन के साथ टीम का स्कोर 100 रन तक पहुंचाया। भारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 76 रन की दरकार थी। कोहली ने सैम्स पर लगातार दो छक्कों के साथ तेवर दिखाए जबकि हार्दिक पंड्या ने भी इस ओवर में छक्का जड़ा। पंड्या ने 17वें ओवर में टाई की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। वह हालांकि अगले ओवर में जंपा की गेंद को हवा में लहराकर फिंच को कैच दे बैठे। उन्होंने 13 गेंद में 20 रन बनाए। भारत को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 36 रन की दरकार थी। टाई के 19वें ओवर की पहली गेंद पर कोहली ने सैम्स को कैच थमा दिया

जिससे भारत की जीत की रही सही उम्मीद भी टूट गई। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेड एक बार फिर अच्छी लय में दिखे और उन्होंने दीपक चाहर के पहले ओवर में दो चौकों के साथ शुरुआत की। चोट के कारण दूसरे टी-20 से बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले कप्तान आरोन फिंच नाकाम रहे और खाता खोले बिना ही आफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर की गेंद पर मिड आफ पर पंड्या को आसान कैच दे बैठे। स्मिथ को शुरुआत से ही बड़े शॉट खेलने में दिक्कत हुई, लेकिन वेड ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। आस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में एक विकेट पर 51 रन जोड़े।

स्मिथ 18 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब विकेटकीपर राहुल ने सुंदर की गेंद पर उन्हें स्टंप करने का मौका गंवा दिया। स्मिथ हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए और दो गेंद बाद इसी स्पिनर की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 23 गेंद की अपनी पारी में एक चौका जड़ा। वेड ने नटराजन की गेंद पर दो रन के साथ 34 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। वेड और मैक्सवेल ने इसके बाद ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। वेड ने शारदुल ठाकुर का स्वागत छक्के से किया मैक्सवेल ने इस तेज गेंदबाज पर चौके के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया।

मैक्सवेल 18 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब युजवेंद्र चहल की गेंद पर राहुल ने उनका कैच लपका लेकिन यह नोबॉल हो गई।

**स्कोर बोर्ड**

आस्ट्रेलिया: मैथ्यू वेड पगबाधा बो ठाकुर 80, आरोन फिंच का पंड्या बो सुंदर 00, स्टीव स्मिथ बो सुंदर 24, ग्लेन मैक्सवेल बो नटराजन 54, मोइजेस हेनरिक्स नाबाद 05, डार्सी शॉर्ट रन आउट 07, डेनियल सैम्स नाबाद 04

अतिरिक्त: 12

कुल:20 ओवर में पांच विकेट पर: 186 रन

विकेट पतन:1-14, 2-79, 3-169, 4-175, 5-182

गेंदबाजी: चाहर 4-0-34-0, सुंदर 4-0-34-2, नटराजन 4-0-33-1, चहल 4-0-41-0, ठाकुर 4-0-43-1

भारत: लोकेश राहुल का स्मिथ बो मैक्सवेल 00, शिखर धवन का सैम्स बो स्वेपसन 28, विराट कोहली का सैम्स बो टाई 85, संजू सैमसन का स्मिथ बो स्वेपसन 10, श्रेयस अय्यर पगबाधा बो स्वेपसन 00, हार्दिक पंड्या का फिंच बो जंपा 20, वाशिंगटन सुंदर का टाई बो एबट 07, शारदुल ठाकुर नाबाद 17, दीपक चाहर नाबाद 00

अतिरिक्त: 07

कुल: 20 ओवर में सात विकेट पर: 174 रन

विकेट पतन:1-0, 2-74, 3-97, 4-100, 5-144, 6-151, 7-164

गेंदबाजी: मैक्सवेल 3-0-20-1, एबट 4-0-49-1, सैम्स 2-0-29-0, टाई 4-0-31-1, स्वेपसन 4-0-23-3, जंपा 3-0-21-1

# पहले टेस्ट से पूर्व साहा का अर्धशतक, अभ्यास मैच ड्रॉ

**सिडनी**। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रिधिमान साहा ने अपने हाथ मांजते हुए अर्धशतक जमाया जबकि बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे और आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहला अभ्यास मैच मंगलवार को ड्रा रहा। आस्ट्रेलिया ए के मध्यम तेज गेंदबाज मार्क स्टीकेटी ने 37 रन देकर पांच विकेट लिए। पहली पारी में खाता भी नहीं खोल सके साहा ने भारत ए के लिए दूसरी पारी में सर्वाधिक 54 रन बनाए जिसके लिए उन्होंने सौ गेंदों का सामना किया। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े। भारत ने पहली पारी में 59 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी नौ विकेट पर 189 रन पर घोषित की। जवाब में आस्ट्रेलिया ए को 15 ओवर में 130 रन की जरूरत थी लेकिन तीसरे और आखिरी दिन का खेल समाप्त होने पर उसने एक विकेट पर 52 रन बनाए। विराट कोहली की गैर मौजूदगी में पहले टेस्ट के बाद भारतीय टीम की कमान संभालने जा रहे उपकप्तान अजिंक्य रहाणे ने पहली पारी में शतक के बाद 28 रन बनाए। पहली पारी में अर्धशतक बनाने वाले चेतेश्वर पुजारा खाता भी नहीं खोल सके। पृथ्वी साव (19) और शुभमन गिल (29) ने पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े। कैमरन ग्रीन ने साव को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। पुजारा लंबे समय तक नहीं टिक सके और माइकल निसार ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद हनुमा विहारी क्रीज पर आए। विहारी ने 28 रन बनाए और निसार की गेंद पर जो बर्न्स को कैच दे बैठे। ग्रीन ने पहली पारी में शतक जड़ने के बाद गेंदबाजी से भी प्रभावित किया। वहीं भारत के लिए पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले उमेश यादव ने दूसरी पारी में गिरा एकमात्र विकेट चटकाया। आस्ट्रेलिया ने कल आठ विकेट पर 286 रन बना लिए थे। ग्रीन 114 रन बनाकर खेल रहे थे जिन्होंने 15 रन और जोड़े। आस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी नौ विकेट पर 306 रन पर घोषित की।

**स्कोर बोर्ड**

भारत ए पहली पारी : नौ विकेट पर 247 रन (घोषित)

आस्ट्रेलिया ए पहली पारी: 95 ओवर में नौ विकेट पर 306 रन

भारत ए दूसरी पारी : पृथ्वी साव का पुकोवस्की बो ग्रीन 19, शुभमन गिल का स्टीकेटी बो ग्रीन 29, चेतेश्वर पुजारा बो नासिर 0, हनुमा विहारी का बर्न्स बो नासिर 28, अजिंक्य रहाणे पगबाधा बो स्टीकेटी 28, रिधिमान साहा नाबाद 54, आर अश्विन का और बो स्टीकेटी 8, कुलदीप यादव का बर्न्स बो स्टीकेटी 0, उमेश यादव का पुकोवस्की बो स्टीकेटी 11, मोहम्मद सिराज बो स्टीकेटी 0, कार्तिक त्यागी नाबाद 2

अतिरिक्त : 10 रन

कुल योग : 61 ओवर में नौ विकेट पर 189 रन

विकेट पतन : 1-37, 2-46, 3-50, 4-104, 5-119, 6-127, 7-129, 8-143, 9-143

गेंदबाजी: पेटिन्सन 16-2-54-0, निसार 14-3-41-2, ग्रीन 4-1-12-2, स्टीकेटी 15-1-37-5, हेड 12-1-42-0

आस्ट्रेलिया दूसरी पारी: विल पुकोवस्की रिटायर्ड हर्ट 23, जो बर्न्स बो उमेश 0, मार्कस हैरिस नाबाद 25, ट्रेविस हेड नाबाद 2

अतिरिक्त : दो रन

कुल योग : 15 ओवर में एक विकेट पर 52 रन

विकेट पतन :1-1

गेंदबाजी: उमेश 4-0-14-1 सिराज 5-0-19-0, त्यागी 4-0-15-0, कुलदीप 2-0-4-0

## विश्व कप क्वालीफाइंग: इटली की डगर कठिन

**ज्यूरिख**। विश्व कप 2018 में चूकने के बाद इटली फुटबॉल टीम के लिए कतर में 2022 में होने वाले टूर्नामेंट में क्वालीफाई करना भी आसान नहीं होगा जिसमें उसे बेहद कठिन ड्रा मिला है। चार बार की चैम्पियन इटली को सोमवार को निकाले गए ड्रा मे स्विटजरलैंड के साथ रखा गया है जो पिछले तीन विश्व कप खेल चुकी है। इटली 2018 में विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी जिससे फीफा को टीवी प्रसारण राजस्व में करीब 10 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ। पहले स्थान पर रहने वाली टीमों को ही स्वत: प्रवेश मिलता है। ग्रुप सी में उत्तरी आयरलैंड, बुल्गारिया और लिथुआनिया भी हैं। इटली अगले साल नेशंस लीग फाइनल खेलेगी। विश्व कप विजेता फ्रांस, बेल्जियम और स्पेन भी युएफा के नए खिताब की दौड़ में है। फ्रांस ग्रुप डी में यूक्रेन, फिनलैंड, बोस्निया और हर्जेगोविना और कजाखस्तान के साथ है। जर्मन ग्रुप जे में रोमानिया, आइसलैंड, आर्मेनिया, लीश्टेंस्टेन और नार्थ मेसेडोनिया के साथ है। ग्रुप जी में नीदरलैंड, तुर्की, नॉर्वे, मोंटेनीगरो, लाटविया और जिब्राल्टर हैं। ग्रुप बी में स्पेन, स्वीडन, कोसोवो, जॉर्जिया और यूनान हैं। ग्रुप आई में इंग्लैंड, पोलैंड, हंगरी, अल्बानिया, एंडोरा और सान मारिनो भी हैं। ग्रुप ई में शीर्ष रैंकिंग वाली बेल्जियम, वेल्स, चेक गणराज्य, बेलारूस और एस्तोनिया हैं जबकि यूरोपीय चैम्पियन पुर्तगाल, सर्बिया, आयरलैंड, लक्जेमबर्ग और अजरबैजान ग्रुप ए में हैं।

## पेरिस ओलंपिक 2024 में ब्रेकडांस शामिल

**जिनेवा**। ब्रेकडांस अब आधिकारिक तौर पर ओलंपिक खेल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने पेरिस में 2024 में होने वाले खेलों में इसे शामिल कर लिया है। युवा दर्शकों को लुभाने के लिए आईओसी ने यह फैसला लिया है। इसके अलावा स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइम्बिंग और सर्फिंग को भी इन खेलों में शामिल किया गया है। इन तीन खेलों को टोक्यो ओलंपिक में शामिल किया जाना था जो कोरोना वायरस महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित कर दिए गए। आईओसी ने पेरिस खेलों में पदक स्पर्धाओं की संख्या तोक्यो की तुलना में 10 कम कर दी यानी अब वहां 329 पदक स्पर्धाएं होंगी। भारोत्तोलन की चार श्रेणियां कम कर दी गई है। इसके साथ ही 2024 में खिलाड़ियों का कोटा 10500 होगा जो टोक्यो ओलंपिक से 600 कम है।

## चैंपियन सौराष्ट्र का अभ्यास शिविर शुक्रवार से

**राजकोट**। मौजूदा रणजी ट्राफी चैंपियन सौराष्ट्र शुक्रवार से अपने खिलाड़ियों के लिए अभ्यास शिविर का आयोजन करेगा। कोरोना वायरस के कारण लगाए गए लॉकडाउन के बाद पहली बार उसके खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे। सौराष्ट्र उन छह संघों में शामिल है जिसने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से सैयद मुश्ताक अली ट्राफी राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप का आयोजन 20 दिसंबर के बजाय जनवरी में करने का आग्रह किया है। पता चला है कि सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) ने खिलाड़ियों से कोविड-19 के लिए परीक्षण करवाने और गुरुवार (10 दिसंबर) से पहले संघ को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है क्योंकि शिविर इसके अगले दिन से शुरू होगा। संघ ने 10 दिन तक चलने वाले शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं। इनमें गेंद पर लार नहीं लगाने और सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करना भी शामिल है।

## कोरोना-19: मुक्केबाजी महासंघ चुनाव स्थगित

**नई दिल्ली**। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने कोरोना महामारी के कारण 18 दिसंबर को होने वाले चुनाव स्थगित कर दिए हैं। एजीएम गुरूग्राम में महासंघ के मुख्यालय पर होनी थी लेकिन अधिकांश प्रदेश संघों ने कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित करने की मांग की है। ए चुनाव पहले सितंबर में होने थे लेकिन कोरोना महामारी के कारण स्थगित कर दिए गए थे। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने राज्य संघों के अध्यक्षों और सचिवों को भेजे पत्र में लिखा , बीएफआई ने निर्वाचन अधिकारी जस्टिस राजेश टंडन को लिखे पत्र में महामारी के कारण चुनाव स्थगित करने का अनुरोध किया है।

## आलराउंडर बेन स्टोक्स के पिता का निधन

**क्राइस्टचर्च**। इंग्लैंड के स्टार आलराउंडर बेन स्टोक्स के पिता गेड का निधन हो गया है। गेड ने मस्तिष्क के कैंसर से एक साल तक जूझने के बाद मंगलवार को यहां अंतिम सांस ली। वह 65 बरस के थे। स्टोक्स फिलहाल इंग्लैंड की टीम के साथ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गए हैं। वह तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेले लेकिन उन्हें एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला से आराम दिया गया जिसे जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में कोविड-19 संक्रमण के कई मामले सामने आने के बाद सोमवार को रदद कर दिया गया।

# टेस्ट क्रिकेट में हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी की जरूरत: कोहली

**भाषा** । सिडनी



**हार्दिक** पंड्या ने सीमित ओवरों की श्रृंखला में बल्लेबाज से शानदार प्रदर्शन किया लेकिन भारतीय कप्तान विराट कोहली ने स्पष्ट किया है कि टेस्ट क्रिकेट में इस आलराउंडर के नाम पर विचार के लिए उन्हें नियमित रूप से गेंदबाजी करने की जरूरत है। पंड्या को पहले और तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में क्रमश: 90 और 92 रन की पारियों के अलावा दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 22 गेंद में नाबाद 42 रन की मैच विजयी पारी खेलने के लिए मैन आफ द सीरीज चुना गया। कोहली से जब यह पूछा गया कि चार टेस्ट की आगामी श्रृंखला में क्या वह पंड्या को विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में उतारना पसंद करेंगे तो उन्होंने इससे इनकार कर दिया। अपनी प्राथमिकताओं को लेकर स्पष्ट कोहली ने कहा कि हार्दिक गेंदबाजी नहीं कर सकता और हमें पता है कि वह गेंदबाजी नहीं कर पाएगा, लेकिन हमने आईपीएल में देखा कि वह किस मानसिकता में है। लेकिन टेस्ट क्रिकेट अलग चुनौती है और हमें उसकी गेंदबाजी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमने इस बारे में बात की। वह ऐसा खिलाड़ी हैं जो दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड जैसे विदेशी हालात में हमें काफी संतुलन देता है। वह गेंदबाजी में काफी संतुलन लेकर आता है। कोहली ने कहा कि पंड्या उस जगह आ रहे हैं जहां वह खेल के सभी प्रारूपों में प्रदर्शन करना पसंद करेंगे। कप्तान ने हालांकि कहा कि पंड्या भी महसूस करते हैं कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी फॉर्म के शीर्ष पर पहुंचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं गेंदबाजी करना चाहता है और सुनिश्चित करना चाहता है कि टेस्ट के लिए उपलब्ध रहे क्योंकि पांच दिवसीय मैचों में अतिरिक्त योगदान काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। कोहली ने कहा कि वह समझता है कि उसे सबसे फिट होकर वापसी करनी है।

**डीआरएस लेने का फैसला करने में गलती अस्वीकार्य : कोहली**

**सिडनी**। आस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने भारतीय टीम के डीआरएस लेने में देरी के कारण जीवनदान हासिल करने के बाद 30 महत्वपूर्ण रन बनाए जो आखिर में निर्णायक साबित हुए और कप्तान विराट कोहली ने इस तरह की गलती को अस्वीकार्य करार दिया। आस्ट्रेलियाई पारी के 11वें ओवर में नटराजन की गेंद वेड के पैड पर लगी थी। अंपायर ने इसे नॉटआउट करार दिया। भारतीय टीम ने कुछ देर चर्चा के बाद अपील करने का फैसला किया और अंपायर ने डीआरएस का संकेत दिया। वेड ने हालांकि तुरंत ही इस पर आपत्ति जताई, क्योंकि डीआरएस लेने के लिए तय 15 सेकेंड का समय समाप्त हो चुका था। इसके बाद डीआरएस लेने का फैसला पलट दिया गया। कोहली ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, वह सीधी गेंद थी और साफ एलबीडब्ल्यू था लेकिन हम तब भी चर्चा करते रहे कि क्या गेंद लेग साइड की तरफ जा रही थी और फिर रिव्यू का फैसला किया लेकिन अंपायर ने कहा कि अब कुछ नहीं किया जा सकता है।

## इंग्लैंड टीम में संक्रमण नहीं, स्वदेश जाने की स्वीकृति मिली

**केपटाउन**। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर आई इंग्लैंड टीम में कोरोना वायरस के दो अपुष्ट पॉजिटिव मामले नेगेटिव आने के बाद उन्हें मंगलवार को पृथकवास से बाहर निकलने की स्वीकृति दे दी गई है। दो पॉजिटिव मामलों के अलावा दक्षिण अफ्रीकी शिविर में संक्रमण के प्रकोप और केपटाउन के होटल में जहां टीमें ठहरी थी वहां के कर्मचारियों के बीच पॉजिटिव मामलों के बाद सोमवार को बाकी दौरा रद्द कर दिया गया था। इंग्लैंड के अधिकारियों ने हालांकि इसके बावजूद शिविर में पॉजिटिव नतीजों की स्वतंत्र जांच कराई। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बयान में कहा कि आगे के परीक्षण और विश्लेषण के बाद, केपटाउन और लंदन के स्वतंत्र विषाणु रोग विशेषज्ञों ने बताया है कि दो व्यक्ति संक्रमित नहीं हैं और टीम के बाकी सदस्यों के उनसे संक्रमित होने का कोई खतरा नहीं है।

उन्होंने कहा कि सलाह दी गई है कि वे अब बाकी टीम से जुड़ने के लिए स्वतंत्र हैं और पृथक वास में नहीं हैं। इंग्लैंड का दल गुरुवार को स्वदेश लौटेगा। टीमों ने तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेली थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका की टीम में संक्रमण के एक और मामले के बाद शुक्रवार को होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय को रविवार तक टाल दिया गया।

# स्वदेश लौटेंगे हार्दिक पंड्या



**सिडनी**। सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन से आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया में रुकने की उम्मीद जगाने के दो दिन बाद भारत के आक्रामक आलराउंडर हार्दिक पंड्या ने मंगलवार को कहा कि वह स्वदेश वापस लौट रहे हैं। पीठ के आपरेशन के बाद वापसी करने वाले पंड्या ने नियमित रूप से गेंदबाजी शुरू नहीं की है लेकिन सीमित ओवरों की श्रृंखला में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उम्मीद बंधी थी कि टेस्ट टीम में चयन के लिए उनके नाम पर विचार हो सकता है। रविवार को टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद इस आलराउंडर ने जब कहा था कि टीम प्रबंधन अगर चाहता है तो उन्हें आस्ट्रेलिया में रुकने में कोई दिक्कत नहीं है तो उनके रुकने की उम्मीद बढ़ गई थी। हालांकि दो दिन बाद पंड्या ने पुष्टि की कि वह वापस भारत लौट रहे हैं। पंड्या ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय के बाद कहा, मुझे लगता है कि मुझे स्वदेश लौटना चाहिए और अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहिए। मैंने चार महीनों से अपने बच्चे को नहीं देखा है, इसलिए मैं अब अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहता हूं। टेस्ट क्रिकेट में वापसी के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, शायद भविष्य में। मुझे नहीं पता, शायद। इससे पहले जब पंड्या से पूछा गया कि क्या वह टेस्ट श्रृंखला के लिए रुकना चाहते हैं तो उन्होंने कहा था, यह अलग प्रारूप है, मुझे लगता है कि मुझे ऐसा करने की जरूरत है, मेरे कहने का मतलब है कि मुझे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन अंत में फैसला प्रबंधन को करना है। कप्तान विराट कोहली के साथ मिलकर पंड्या एक बार फिर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाते दिख रहे थे लेकिन आस्ट्रेलिया ने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए पंड्या को मैन आफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने कहा, मैं खुश हूं और मैन आफ द सीरीज पुरस्कार जीतने की मुझे खुशी है लेकिन यह टीम प्रयास था। उन्होंने कहा कि हम सभी ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के बाद फैसला किया था कि हम इसे अब चार मैचों की श्रृंखला के रूप में देखेंगे और हमें उम्मीद थी कि हम चार में से तीन मैच जीतेंगे और ऐसा ही हुआ इसलिए खुशी है। भारत ने पहले दो मैच गंवाने के बाद एकदिवसीय श्रृंखला 1-2 से गंवा दी थी लेकिन इसके बाद शानदार वापसी करते हुए टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती।

# सेंसेक्स, निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर

## रिलायंस इंडस्ट्रीज व आईटी शेयरों में तेजी

**भाषा** । मुंबई

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरो में जोरदार तेजी से मंगलवार को शेयर बाजार नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। विदेशी कोषों के सतत प्रवाह से भी बाजार धारणा को बल मिला और बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहा। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में मजबूत सुधार से भी बाजार की तेजी को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाले सेंसेक्स 181.54 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 45,608.51 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी दर्ज हुई। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त का सिलसिला बना रहा। निफ्टी भी 37.20 अंक या 0.28 प्रतिशत बढ़कर 13,392.95 अंक के नए उच्चस्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर सबसे अधिक 3.15 प्रतिशत चढ़ गया। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, एसबीआई और कोटक बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा है कि कंपनी 2021 की दूसरी छमाही में 5जी दूरसंचार सेवाएं शुरू करेगी। इसके बाद कंपनी के शेयर में 1.82 प्रतिशत का उछाल आया। वहीं दूसरी ओर सन फार्मा, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, ओएनजीसी और एशियन पेंट्स के शेयर 2.36 प्रतिशत तक टूट गए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि नवंबर से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बाजार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और यह सिलसिला जारी है। इससे आज बेंचमार्क सूचकांक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। भारत में आपातकालीन मंजूरी के साथ टीके को पेश करने और अमेरिका तथा जापान में प्रोत्साहन पैकेज की उम्मीद से भी बाजार को मजबूती मिली।

उन्होंने कहा कि ब्रेक्जिट वार्ता को लेकर उम्मीदें धूमिल पड़ने तथा कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों से यूरोपीय बाजारों की धारणा नकारात्मक रही। हालांकि, बाजार अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर हैं, लेकिन वैक्सीन को लेकर अच्छी खबरों तथा प्रोत्साहन पैकेज से बाजार और उंचाई पर जा सकते हैं। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 0.29 प्रतिशत तक नीचे आ गए।

**त्योहारी मांग से यात्री वाहनों की बिक्री चार प्रतिशत बढ़ी**

**नई दिल्ली**। त्योहारी सीजन की मांग से नवंबर में यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 4.17 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2,91,001 इकाई रही है। वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फाडा ने कहा है कि नवंबर में दिवाली-धनतेरस त्योहारों की वजह से वाहनों का पंजीकरण बढ़ा है। नवंबर, 2019 में यात्री वाहनों की बिक्री 2,79,365 इकाई रही थी। फाडा द्वारा 1,472 में से।,265 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) से वाहनों के पंजीकरण के आंकड़े जुटाए हैं। आंकड़ों के अनुसार नवंबर में हालांकि दोपहिया वाहनों की बिक्री 21.4 प्रतिशत घटकर 14,13,378 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान महीने में 17,98,201 इकाई रही थी। समीक्षाधीन महीने वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 31.22 प्रतिशत घटकर 50,113 इकाई रह गई।

# निजीकरण के बाद भी एलपीजी ग्राहकों को मिलती रहेगी सब्सिडी, बनेगी अलग इकाई

**नई दिल्ली**। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के निजीकरण के बाद भी उसके 7.3 करोड़ घरेलू रसोई गैस ग्राहकों को सब्सिडी का लाभ मिलता रहेगा। कंपनी के एलपीजी कारोबार के लिए एक अलग रणनीतिक कारोबारी इकाई (एसबीयू) बनाने की योजना है। बीपीसीएल के नए मालिक को अधिग्रहण के तीन साल बाद ही कंपनी के एलपीजी कारोबार को अपने पास बनाए रखने अथवा बेचने का अधिकार होगा। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि तीन साल बाद भी यदि बीपीसीएल का नया मालिक एलपीजी कारोबार को कंपनी में ही बनाए रखना चाहेगा तो उसके बाद भी ग्राहकों को सरकारी सब्सिडी मिलती रहेगी। यदि नया मालिक एलपीजी कारोबार को रखने से मना करता है तो तीन साल बाद उसके एलपीजी ग्राहकों को अन्य दो सरकारी कंपनियों इंडियन ऑयल कारपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि सरकार कंपनी के 7.3 करोड़ ग्राहकों को निजीकरण के बाद भी सब्सिडी जारी रखेगी। लेकिन किसी निजी कंपनी को सरकारी सब्सिडी देने में हितों के टकराव के चलते एलपीजी कारोबार को एक अलग एसबीयू के तहत रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि एसबीयू अलग से खातों का विवरण रखेगी। साथ ही उसे कितनी सब्सिडी मिली और डिजिटल तरीके से उसने कितने ग्राहकों को सब्सिडी भेजी इसका भी ब्यौरा उसे रखना होगा।



ओटावा में एक प्रेस वार्ता के दौरान स्पीकर से सवालों को सुनते कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो

# 90 साल की कीनान ने टीका लगवाकर रचा इतिहास

- फाइजरबायोएनटेक द्वारा निर्मित टीका लगवाने वाली दुनिया की पहली व्यक्ति बनी
- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस पल को एक बड़ी प्रगति बताया

**भाषा** । लंदन


कोवेंट्री के स्थानीय अस्पताल में कोरोना के विरुद्ध टीका लगवातीं 90 साल की मार्गरेट कीनान

**उत्तरी आयरलैंड** की 90 साल की एक महिला कोविड-19 से बचाव के लिए फाइजरबायोएनटेक द्वारा निर्मित टीका लगवाने वाली दुनिया की पहली व्यक्ति बन गई हैं। मार्गरेट कीनान मैगी को टीका लगाए जाने के साथ ही ब्रिटेन के इतिहास के सबसे बड़े टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत भी हो गई। मैगी को कोवेंट्री के स्थानीय अस्पताल में सुबह छह बजकर 31 मिनट पर नर्स मे पारसंस ने कोविड-19 का टीका लगाया। नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) ने इसे ऐतिहासिक पल बताया। इस दिन को भयावह कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में वी-डे या वैक्सिन डे कहा जा रहा है। अगले हफ्ते 91 वर्ष की होने जा रही मैगी ने कहा, मुझे बहुत खास महसूस हो रहा है कि मैं ऐसी पहली व्यक्ति हूं जिसका कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। समय से पहले मिला यह मेरे लिए जन्मदिन का सबसे अच्छा उपहार है क्योंकि इसका मतलब यह होगा कि अब अंततः मैं अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर नववर्ष मना सकती हूं। इस लगभग पूरे साल मुझे अकेला ही रहना पड़ा। मैगी को अगली खुराक (बूस्टर डोज) के तौर पर दूसरा टीका 21 दिन बाद लगाया जाएगा। उन्होंने कहा, मेरी सलाह होगी कि जिसे भी टीका प्राप्त हो, वह उसे स्वीकार करे। यदि मैं 90 की उम्र में इसे लगवा सकती हूं तो आप भी लगवा सकते हैं। मैगी उन चुनिंदा लोगों में शामिल हैं जिनसे एनएचएस ने टीका लगाने के लिए पहले से संपर्क कर रखा था। उनके अलावा उत्तर-पूर्वी इंग्लैंड के भारतीय मूल के 87 वर्षीय हरि शुक्ला दुनिया के उन कुछ पहले लोगों में शामिल हो गए, जिन्हें कोविड-19 का टीका लगा।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस पल को एक बड़ी प्रगति बताया और ब्रिटेन में मंगलवार को वी-डे या वैक्सीन डे होने की बात कही है। मैगी और शुक्ला समेत कुछ लोगों को एनएचएस द्वारा ब्रिटेन की टीका एवं टीकाकरण संबंधी संयुक्त समिति द्वारा निर्धारित मानदंड के आधार पर चुना गया था। घातक वायरस से मौत का सबसे अधिक खतरा जिन लोगों को है, उसके आधार पर ही टीकाकरण किया जाएगा। सबसे पहले यह टीका 80 या उससे अधिक वर्ष के लोगों, स्वास्थ्य कर्मी सहित एनएचएस के कर्मियों को सबसे पहले लगेगा। प्रधानमंत्री जॉनसन ने कहा, आज, ब्रिटेन ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा कदम उठाया है, क्योंकि हम देशभर में टीका भेजने वाले हैं। मुझे टीका विकसित करने वाले वैज्ञानिकों, ट्रायल में हिस्सा लेने वाले लोगों और इसको लाने के लिए दिन-रात मेहनत करने वाले एनएचएस पर बहुत गर्व है। प्रधानमंत्री ने साथ ही इस बात के प्रति आगाह किया कि व्यापक स्तर पर टीकाकरण में अभी समय लगेगा और उन्होंने लोगों से तब तक सतर्क रहने और आने वाले ठंड के महीनों में भी लॉकडाउन के नियमों का पालन करने की अपील की। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री मैट हेनकॉक ने कहा, आज के दिन वी-डे को हम इस भयावह रोग से लड़ाई में एक महत्वपूर्ण पल के रूप में देखेंगे। मुझे गर्व है कि पूरे यूनाइटेड किंगडम में हमारी स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा हमारा अब तक का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

## अमेरिकी नियामकों ने फाइजर के टीके पर सकारात्मक विश्लेषण दिया

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिकी नियामकों द्वारा जारी दस्तावेजों में इस बात की पुष्टि की गई कि फाइजर और बायोएनटेक का कोविड-19 रोधी टीका कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ बहुत सुरक्षित है। यह टीके को लेकर पहला विस्तृत विश्लेषण है। खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) ने ऑनलाइन अपना विश्लेषण जारी किया। ब्रिटेन ने मंगलवार को अपने बुजुर्ग नागरिकों को फाइजर-बायोएनटेक टीका लगाना शुरू किया। लेकिन अमेरिकी विशेषज्ञ अलग तरह से टीकों का परीक्षण करते हैं। एफडीए बृहस्पतिवार को एक विज्ञान अदालत बुलाएगी जिसमें इस बारे में बहस होगी कि टीके की खुराक के समर्थन में आंकड़े वास्तव में कितने प्रभावशाली हैं। स्वतंत्र वैज्ञानिकों का एक दल एफडीए के पहले विश्लेषण का अध्ययन करेगा और इस बात की सिफारिश करेगा कि क्या टीका लाखों अमेरिकियों के लिए सुरक्षित और प्रभावी है या नहीं। एफडीए समीक्षा के बाद कुछ दिनों में फैसला सुना सकता है। अगर टीके को एफडीए की हरी झंडी मिल जाती है तो सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों और नर्सिंग होम में भर्ती लोगों को टीका लगाया जाएगा। फाइजर और उसकी जर्मन साझेदार बायोएनटेक ने पहले कहा था कि एक अध्ययन में टीका हल्के से गंभीर संक्रमण को रोकने में 95 प्रतिशत प्रभावी रहा। चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल ऑफ फिलाडेल्फिया में कार्यरत और एफडीए के एक सलाहकार डॉ पॉल ओफिट ने हाल ही में कहा था, हम यथासंभव सर्वश्रेष्ठ डेटा की उम्मीद कर रहे हैं।

# अमेरिका ने धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने वाले देशों की सूची में पाकिस्तान, चीन का नाम रखा

**भाषा** । वाशिंगटन



**अमेरिका ने** पाकिस्तान और चीन को उन देशों की सूची में शामिल किया है, जहां धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन विशेष चिंता का विषय है। विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने यह जानकारी दी।पोम्पिओ ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि पाकिस्तान और चीन के अलावा म्यामां, इरिट्रिया, ईरान, नाइजीरिया, उत्तर कोरिया, सऊदी अरब, ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को उस सूची में रखा गया है जो धार्मिक स्वतंत्रता के व्यवस्थित, निरंतर एवं घोर उल्लंघन में लिप्त हैं या फिर ए उल्लंघन होने दे रहे हैं।विदेश विभाग ने कोमोरोस, क्यूबा, निकारागुआ और रूस को विशेष निगरानी सूची में डाला है जहां की सरकारें धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन में या तो लिप्त हैं या उसे होने दे रही हैं।

पोम्पिओ ने कहा, धार्मिक स्वतंत्रता एक अहस्तांतरणीय अधिकार है और मुक्त समाजों का आधार है जिन पर वे फलते-फूलते हैं। आज अमेरिका ने एक बार फिर उन लोगों की रक्षा के लिए कदम उठाया है जो यह आजादी चाहते हैं।

अमेरिका ने अल शबाब, अल कायदा, बोको हराम, हयात तहरीर अल शम, हूथी, आईएसआईएस, आईएसआईएस-ग्रेटर सहारा, आईएसआईएस- वेस्ट अफ्रीका, जमात नासर अल इस्लावल मुस्लिमिन और तालिबान को विशेष चिंता का विषय बने संगठन बताया।

पोम्पिओ ने कहा कि सूडान और उज्बेकिस्तान की सरकारों द्वारा पिछले एक वर्ष के दौरान की गई उल्लेखनीय एवं ठोस प्रगति के चलते उन्हें विशेष निगरानी सूची से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा, कानून संबंधी साहसी सुधारों के चलते ए देश अन्य राष्ट्रों के लिए आदर्श हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी यह काम पूरा नहीं हुआ है और अमेरिका दुनियाभर में धर्म के नाम पर होने वाले दुर्व्यवहार एवं उत्पीड़न को खत्म करने के लिए अथक काम करता रहेगा।अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी अमेरिकी आयोग ने विदेश विभाग द्वारा दस राष्ट्रों को विशेष चिंता का विषय बने देशों (कंट्रीज ऑफ पर्टीक्यूलर कंसर्न या सीपीसी) की सूची में डालने के कदम की सराहना की है। हालांकि विदेश विभाग ने आयोग द्वारा भारत, रूस, सीरिया और वियतनाम को भी सीपीसी सूची में डालने की अनुशंसा स्वीकार नहीं की।

# ट्रंप ने चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप फिर दोहराया

**एजेंसी** । वाशिंगटन

- कहा, अमेरिका तीसरी दुनिया के देश के समान

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर राष्ट्रपति चुनाव में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए तथा मतों के बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े के निराधार दावों को दोहराते हुए अमेरिका को तीसरी दुनिया के देश के समान बताया। पहलवान एवं कोच डान गाबल को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान प्रदान करने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा कि चुनाव हमारे देश के लिए शर्मिंदगी का कारण बना।उन्होंने कहा, यह तीसरी दुनिया के देश के समान है- मत एक ऐसी मशीनरी के जरिए हर ओर से आ रहे थे जिसके मालिक का किसी को पता नहीं, जिसके बारे में कोई कुछ नहीं जानता। उनमें गड़बड़ियां थीं। वे हजारों मत भेजते पाए गए, सारे के सारे मेरे खिलाफ। राष्ट्रपति चुनाव जो बाइडन जीत चुके हैं लेकिन ट्रंप ने हार स्वीकार नहीं की है तथा चुनाव परिणामों को कानूनी चुनौती दी है। राज्यों के अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की बात से इनकार किया है। अनेक राज्यों के चुनाव अधिकारियों ने बाइडन को विजेता घोषित कर दिया है।ट्रंप ने कहा, यह एक तीसरी दुनिया के देश की तरह हुआ। मेरे खयाल से मामला बन गया है। अब हम देखते हैं कि क्या किया जा सकता है। लेकिन आपको देखने को मिलेगा कि अगले कुछ दिन में कुछ बड़ा होने वाला है। मेडल ऑफ फ्रीडम पाने वाले गाबल अमेरिकी इतिहास में इस सम्मान से नवाजे गए पहले पहलवान हैं।


व्हाइट हाउस में पहलवान एवं कोच डान गाबल को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान प्रदान करते डोनाल्ड ट्रंप

## क्विक न्यूज

### बाइडन ने पूर्व सैन्य जनरल लॉयड ऑस्टिन को रक्षा मंत्री के तौर पर चुना



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने सेवानिवृत्त सैन्य जनरल लॉयड ऑस्टिन को रक्षा मंत्री के तौर पर चुना है। मीडिया मे आई खबरो मे इस बारे में दावा किया गया है। सीनेट की मंजूरी मिल जाने पर ऑस्टिन रक्षा मंत्रालय का नेतृत्व करने वाले अफ्रीकी मूल के पहले अमेरिकी होंगे। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति के कार्यालय ने ऑस्टिन को रक्षा मंत्री के तौर पर चुने जाने संबंधी खबरो की पुष्टि नही की लेकिन कहा कि बाइडन क्रिसमस के पहले रक्षा मंत्री समेत अपनी कैबिनेट के कुछ और सदस्यो के नामो की घोषणा करेंगे।न्यूज वेबसाइट पोलिटिको ने सोमवार को बताया, सेवानिवृत्त जनरल लॉयड ऑस्टिन को पेंटागन का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है, हालांकि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के रक्षा मंत्री पद के लिए उनके चुने जाने की उम्मीद कम ही थी। सीएनएन ने भी सूत्रों के हवाले से बताया कि बाइडन ने अमेरिका की सेंट्रल कमान के पूर्व कमांडर ऑस्टिन को रक्षा मंत्री के तौर पर चुना है। ऑस्टिन 2013 से 2016 के बीच अमेरिकी सेंट्रल कमान के कमांडर थे। ऑस्टिन 2016 मे सेना से सेवानिवृत्त हो गए थे।

### अमेरिका ने चीन के 14 वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाया

**वाशिंगटन।** हांगकांग की स्वायत्तता को कमजोर करने से संबंधित मामले मे अमेरिका ने सोमवार को चीन के 14 वरिष्ठ अधिकारियो पर प्रतिबंध लगाया, जिनमे एक तिब्बती भी शामिल है।प्रतिबंधो की घोषणा करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा कि चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थाई समिति (एनपीसीएससी) द्वारा हांगकांग के लोगो की अपने प्रतिनिधि का चुनाव करने की क्षमता को प्रभावित किया गया। प्रतिबंधो मे वीजा पर रोक भी शामिल है। उन्होने कहा कि एनपीसीएससी के 14 उपाध्यक्षो को प्रतिबंधित सूची मे शामिल किया गया है।

# वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के मरीजों में प्रतिरक्षा प्रणाली का किया आकलन

**भाषा** । लंदन

**वैज्ञानिकों ने** कोविड-19 के 150 से अधिक मरीजों में कोरोना वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया का आकलन किया और पाया कि श्लेष्मा झिल्ली में पाई गई एंटीबॉडी अन्य की तुलना में काफी पहले सक्रिय हो गई थी। इस नई खोज से महामारी के खिलाफ नया टीका विकसित करने में मदद मिल सकती है। श्लेष्मा झिल्ली यानी म्यूकस मेम्ब्रेन शरीर के अंदरूनी हिस्से की ठीक उसी तरह से हिफाजत करती है, जैसे शरीर के बाहरी हिस्से की रक्षा त्वचा करती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, पेरिस स्थित सोरबोन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों सहित अन्य के मुताबिक श्लेष्मा में पाई गई आईजीए एंटीबॉडी आईजीएम और आईजीजी जैसी अन्य एंटीबॉडी की तुलना में जल्द ही प्रभावशाली प्रतिक्रिया देती है। इस संबंध में साइंस ट्रांजिशनल मेडिसीन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में उन्होंने कहा कि अनुसंधान के ए नतीजे मिलने की उम्मीद नहीं थी क्योंकि आईजीएम एंटीबॉडी आमतौर पर प्रतिरक्षा प्रणाली की पहली पंक्ति में मौजूद प्रतिरोधक होती है। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने रक्त, लार जैसे शरीर के तरल पदार्थों में एंटीबॉडी प्रतिक्रिया की माप की। वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षण पहली बार नजर आने के शुरुआती तीन- चार हफ्तों में इन तरल पदार्थों में आईजीजी और आईजीएम एंटीबॉडी की तुलना में आईजीए एंटीबॉडी का सकेंद्रण अधिक पाया। वैज्ञानिकों का मानना है कि अनुसंधान के नतीजे ऐसे टीके विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो आईजीए प्रतिक्रिया को मजबूत करेंगे और शुरुआती चरण में कोरोना संक्रमण का आईजीए आधारित जांच से पता लगाने में भी मदद मिलेगी। यह भी पता चला कि आईजीए एंटीबॉडी सार्स-कोवी-2 को रोकने में आईजीजी एंटीबॉडी की तुलना में कहीं अधिक कारगर है।

## डब्ल्यूएचओ ने लोगों को गले मिलने से बचने का परामर्श जारी किया

**जिनेवा ( एपी )।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपने संदेश में लोगों से छुट्टियों के दौरान विशेष सावधानी बरतने और गले मिलने से परहेज करने के लिए कहा है।कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के आपात मामलों के प्रमुख डॉ. माइकल रेयान ने सोमवार को कहा कि खासकर अमेरिका में कोविड-19 के मामलों और संक्रमण से होने वाली मौत के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। इसका यही मतलब है कि लोगों को इस साल अपने प्रियजनों के ज्यादा करीब आने से बचना चाहिए। डॉ. रेयान ने कहा, अमेरिका में महामारी का प्रकोप बढ़ रहा है। यह व्यापक रूप में फैल गया है। उन्होंने कहा, अमेरिका में बेहतरीन स्वास्थ्य प्रणाली और आधुनिक तकनीक हैं, वहां एक मिनट में संक्रमण से एक से दो लोगों की मौत होना चौंकाने वाली बात है। रेयान ने कहा कि दुनिया में कोविड-19 के कुल मामलों के एक तिहाई मामले अमेरिका में हैं। संवाददाता सम्मेलन के दौरान रेयान से यह पूछा गया था कि क्या गले मिलने को करीबी संपर्क माना जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने कोरोना वायरस संक्रमण के लिहाज से उच्च जोखिम वाले देशों में लोगों के लिए करीबी संपर्क से बचने का परामर्श जारी किया है। कोविड-19 पर डब्ल्यूएचओ की तकनीकी प्रमुख मारिया वान केरखोवे ने कहा कि संक्रमण के अधिकतर मामले साथ भोजन करने और साथ रहने के कारण हुए हैं। हालांकि यह बता पाना मुश्किल है कि यह वायरस वास्तव में किस तरह से फैला। रेयान ने कहा, महामारी को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने लोगों से एक दूसरे से दूर रहने और गले नहीं मिलने के लिए कहा है।

# चीन ने नए प्रतिबंधों, ताइवान को हथियारों की बिक्री को लेकर अमेरिका की ओलाचना की

- अमेरिका ने ताइवान को हथियारों की बिक्री की दी मंजूरी

**एपी** । बीजिंग

**चीन ने** अपने अधिकारियों पर नए प्रतिबंध लगाए जाने तथा ताइवान को हथियारों की और अधिक बिक्री किए जाने के मुद्दे पर मंगलवार को अमेरिका की निन्दा की। विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका की कार्वाई राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से अधिक दबाव वाले तौर तरीकों की है जिससे नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए चीन के साथ संबंधों को सुगम करने में जटिलता उत्पन्न हो सकती है।अमेरिका ने हांगकांग राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित करने वाली चीन की स्थाई विधाई समिति के 14 सदस्यों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हांगकांग मामलों के चीन के मंत्रिमंडल कार्यालय ने कहा कि वह अमेरिका के इस कदम की निन्दा करता है।इस बीच, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने अमेरिका से मांग की कि वह ताइवान को हथियारों की नवीनतम बिक्री को रद्द करे। उन्होंने कहा कि चीन इसका उचित और आवश्यक जवाब देगा।अमेरिका के विदेश विभाग ने सोमवार को कहा था कि उसने हांगकांग में नागरिक अधिकारों के हनन को लेकर चीन की स्थाई विधाई समिति के 14 सदस्यों का नाम भी उन चीनी अधिकारियों की सूची में शामिल कर लिया है जो न अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं और न ही अमेरिका की वित्तीय प्रणाली तक कोई पहुंच बना सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ताइवान को हथियारों की एक नई बिक्री की मंजूरी दे दी है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसने ताइवान को 28 करोड़ डॉलर के उन्नत सैन्य संचार उपकरणों की बिक्री की मंजूरी दे दी है।मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने प्राप्तकर्ता (ताइवान) की सुरक्षा को बेहतर बनाने और क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, सैन्य संतुलन, अर्थव्यवस्था और प्रगति को बनाए रखने में मदद करने और ताइवान के मिशनों तथा परिचालन जरूरतों के लिहाज से उसकी सैन्य संचार क्षमता को आधुनिक बनाने के लिए संचार उपकरणों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी ताइवान के रक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए ट्रंप प्रशासन द्वारा हाल ही में उठाए गए कई कदमों में से एक है।

## अमेरिकी सैनिकों की वापसी से पश्चिम एशिया में ईरानी हमलों का बढ़ा डर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के तहत पेंटागन आने वाले कुछ सप्ताहों में पश्चिम एशिया से अपने सैनिक वापस बुलाना शुरू कर देगा और ऐसे में अमेरिकी सैन्य नेताओं ने क्षेत्र में ईरान और उसके करीबी देशों के संभावित हमलों से निपटने के तरीके ढूंढने शुरू कर दिए हैं। क्षेत्र की जानकारी रखने वाले अमेरिकी सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इराक और अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी और अरब की खाड़ी से विमानवाहक पोत यूएसएस निमित्ज के प्रस्थान की योजना का ईरान फायदा उठा सकता है।अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को देखते हुए सैन्य नेताओं ने निमिट्ज को अभी और आने वाले कुछ समय के लिए वहीं रहने देने का फैसला किया है। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा जरूरत पड़ने पर लड़ाकू विमान स्क्वाड्रन भी वहां भेजा जाएगा। निमिट्ज खाड़ी क्षेत्र से रवाना हो गया था और वापस देश आने वाला था। लेकिन इराक और अफगानिस्तन से सैनिकों की वापसी के मद्देनजर पोत को फिलहाल वहां अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने का पिछले सप्ताह आदेश दिया गया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 9 दिसंबर 2020



## फिल्म की कहानी पर फोकस रखते हैं आयुष्मान खुराना



**अभिनेता** आयुष्मान खुराना का कहना है कि 'जब मैं अपनी फिल्में चुनता हूं तो मैं कहानी पर अधिक फोकस रखता हूं। मैं ये भी देखता हूं कि फिल्म की संकल्पना रुढ़ियों को तोड़ने वाली हो तो और भी अच्छा। और ये मनोरंजक भी होना चाहिये। मैं इस बात को अपना दायित्व मानता हूं कि यदि मैं स्वयं देष भर में जाकर लोगों से मिलता हूं तो फिल्म में कुछ मनोरंजक जानकारी अवष्य होनी चाहिये जो लोग मेरी फिल्मों से अपेक्षा करते हैं।'

## कोविड-19 के बाद भी नवाजुद्दीन की पौ बारह!



**अभिनेता** नवाजुद्दीन सिद्दीकी का ये साल अच्छा गया है। लॉकडाउन के बावजूद भी उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भूमिकाएं मिली और उन्होंने अच्छा काम भी किया। डिजिटल रिलीज़ हुई उनकी फिल्म 'रात अकेली है तथा सीरियस मेन जैसी उनकी फिल्मों ने सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने माना कि ये साल उनके लिए विषेष रहा है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए दो बिलकुल विरोधी चरित्रों वाली फिल्मों के कारण ये साल विषेष रहा है। मैंने जटिल ताडव तथा अय्यन मणि की भूमिकाएं की जो व्यवहारिकता के दो अलग आयामों को प्रदर्षित करती हैं। और यही कारण है कि वे विषेष हैं। नवाजुद्दीन ने कहा, 'दर्षकों से मिले प्यार के लिए मैं उनका आभारी हूं।'

# 'शॉट पूरा होते ही मैं वापस मनीष वर्मा बन जाता हूं'

अभिनेता **मनीष वर्मा** ज़ी टीवी पर चल रहे धारावाहिक 'तेरी मेरी एक जिंदड़ी' में खलनायक की भूमिका निभाने की तैयारी कर चुके हैं। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने अभिनय क्षेत्र में कॅरियर बनाने, इस रोल को कैसे अर्जित किया, खलनायक के चरित्र के आकर्षण तथा अभिनय में आने से जुड़ी जानकारी जुटाई। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश-



**■ इस शो के लिए आपका चयन किस प्रकार संभव हुआ?**

कास्टिंग निर्देषक सदा कार्यषील रहते हैं और वे निर्माता तथा अभिनेताओं के संपर्क में भी रहते हैं। मैं इससे पहले बेहद 2 की टीम के साथ काम कर चुका था। अभिनेता होने के नाते हमें प्रारंभ होने वाले शोज़ के बारे में पहले से जानकारी हो जाती है। उन्होंने मुझे ऑडिशन के लिए के लिए बुलाया था मैंने सकारात्मक भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था लेकिन मुझे नकारात्मक रोल मिला।

**■ इस भूमिका के मिलने से क्या आप निराश हैं?**

नहीं ऐसा बिलकुल नहीं है। अपने वास्तविक जीवन में हम सभी सकारात्मक अभिरुचि रखते हैं लेकिन अभिनय में आप खलनायक का प्रयोग कर सकते हैं। देखिये पूरी बात ये है कि वास्तविक जीवन में सकारात्मक रहते हुए मेरी कम से कम एक बार खलनायक का चरित्र करने की इच्छा थी।

**■ आपने ये रोल क्या सोचकर स्वीकार किया?**

मैंने इसी चरित्र को करने के लिए ही इसे स्वीकार किया था। मैं कई निर्माण संस्थानों के संपर्क में रहता हूं। इससे जाने पहचाने लोगों के साथ काम करने का अवसर मिल जाता है। अत: पता होता है कि किस प्रकार का काम होगा और ये सब हमें सहज होकर काम करने का अवसर देता है।

**■ आपने कुंडली भाग्य, कवच, जमाई 2.0 तथा बेहद2 में काम किया है आपको इनमें से सर्वाधिक प्रिय भूमिका कौन सी लगती है?**

मेरी राय में ये बेहद2 ही होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि दूसरे शोज़ में मैं कैमयो की ही भूमिका में रहा हूं जैसे कि हीरो का चचेरा भाई या हीरोइन का उत्पीड़न करने वाला व्यक्ति। लेकिन बेहद2 में ही मुझे अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। मैंने इसे इसलिये स्वीकार किया क्योंकि जब मैं मुंबई आया था उस समय मुझे डेढ़ साल बाद कुंडली भाग्य में ही भूमिका मिली थी। उस समय कुछ हो सकता था लेकिन अंतिम समय पर सब निरस्त हो गया। लेकिन इस बार मुझे भूमिका मिली तो मैंने झट से उसे स्वीकार कर लिया।

**■ मॉडल से लेकर अभिनेता तक की आपकी यात्रा कैसी रही है?**

मैं तो सदा से अभिनेता ही बनना चाहता था कोई मार्गदर्षन करने वाले के अभाव हमें मुझे तो पता था कि मॉडलिंग ही अभिनय होता है। दिल्ली में अभिनय के लिए अधिक संभावनाएं नहीं हैं। मुझे लगा कि मॉडलिंग प्रारंभ करके कुछ संपर्क स्थापित किये जाएं और फिर मुंबई की राह पकड़ी जाए। लेकिन मॉडलिंग बहुत कठिन बहुत अलग होती है और मुझे ऐसा लगते ही मैंने मुंबई की राह पकड़ी और यहां आ गया।

**■ जब कोई अभिनेता खलनायक का चरित्र करता है तो दर्शक उसे एक विशिष्ट दृष्टि से देखते हैं। क्या अभिनेताओं के बारे में भी ये बात सही बैठती है?**

अभिनेता तो केवल अभिनय करना चाहता है। वो अलग अलग प्रकार की अधिक से अधिक भूमिकाएं करना चाहता है। मैं तो केवल अभिनय करता हूं और इस क्रम में नहीं देखता कि भूमिका सकारात्मक है या नकारात्मक। यदि मुझे नए नए रोल मिलते गए तो मैं ये नहीं देखता कि चरित्र कैसा है मैं तो बस उसे स्वीकार कर ही लूंगा। हर चरित्र की कुछ भीतरी बातें होती हैं और इसके लिए आपको स्क्रिप्ट को ध्यान से देखना होता है। जब आप कोई नकारात्मक रोल करते हैं तो आपके लिए प्रयोग करने और अपने मन से अभिनय करने की अधिक छूट होती है।

**■ तो क्या आप कह रहे हैं कि नकारात्मक भूमिका में अधिक रचनात्मकता होती है?**

जैसा कि मैंने बताया कि मैं जीवन में सकारात्मक व्यक्ति हूं। लेकिन जब मैं नकारात्मक रोल करता हूं तो स्क्रिप्ट मेरे मन में ही घूमती रहती है। मैं सोचा करता हूं कि मैं इस चरित्र को और अधिक अच्छा कैसे बना सकता हूं। लेकिन अच्छी बात ये है कि दृष्य समाप्त होते ही मैं वापस मनीष वर्मा बन जाता हूं। हमें चरित्र को आत्मसात करने का पर्याप्त अवसर भी नहीं मिल पाता। कोई भी दृष्य पांच या दस मिनट से अधिक नहीं होता?

**■ संविभ्रमित न होना कितना कठिन है और ऐसे में सावधानी सहित शूट करना कितना कठिन हो जाता है?**

अभी हमनें शूटिंग प्रारंभ नहीं की है लेकिन मुझे विष्वास है कि जब हम शूटिंग प्रारंभ करेंगे तो सबकुछ नियमत: किया जाएगा हम सभी मास्क, सैनिटाइज़र तथा सामाजिक दूरी के साथ ही संपन्न करेंगे। हम केवल शॉट देते समय ही मास्क नहीं पहने दिखेंगे। आजकल सावधानी लेकर काम करना अधिक महत्वपूर्ण है।

**■ आप अभिनय के क्षेत्र में कैसे आए?**

मैंने किसी प्रकार का कोई कोर्स आदि नहीं किया है। दिल्ली में मैंने एक थियेटर वर्कषॉप की थी लेकिन कुछ समझ में नहीं आया कि क्या हो रहा है। मैं वहां दो या तीन दिनों के लिए गया और फिर जाना छोड़ दिया। मुंबई में भी मैंने सबकुछ ऑडिषन देते हुए ही सीखा। आप किसी को अभिनेता बना नहीं सकते। ये तो जन्म से ही अभिनेता होते हैं। बस आप केवल तकनीकी पक्ष मजबूत कर सकते हैं कि शॉट किस प्रकार दिया जाए या फिर कहां रुका जाए और क्या बोला जाए आदि।

**■ बॉलिवुड में जाने के बारे में क्या सोचा है?**

ये तो होना ही है। लेकिन वर्तमान में मैं इसके बारे में कुछ भी नहीं कह सकता। मैं तो केवल टीवी पर ही फोकस कर रहा हूं। लेकिन 'तेरी मेरी .... की तिथियां अभी निष्चित नहीं हैं। जैसे ही ये निश्चित होगा तो मुझे पता चल जाएगा कि मैं और कितने प्रोजेक्ट ले सकता या कर सकता हूं।

## 'मैन टु मैन' में पुरुष बनेंगी अदा शर्मा

**अभिनेत्री अदा** शर्मा अपनी नई फिल्म 'मैन टु मैन' में एक पुरुष का चरित्र निभाने जा रही हैं। उनका कहना है कि उन्होंने पुरुष का चरित्र करने के बारे में जीवन में कभी नहीं सोचा था। अदा ने बताया, 'ये फिल्म रोमांटिक कॉमेडी है। एक लड़का लड़की से प्यार कर बैठता है और बाद में पता चलता है कि वो लड़की नहीं लड़का है। मैं इसमें लड़के की भूमिका कर रही हूं। अभी मैं अधिक नहीं बता सकती लेकिन इतना अवष्य कह सकती हूं कि आपने ऐसा कुछ अपने जीवन में पहले नहीं देखा होगा।' आगे बताते हुए उन्होंने कहा, 'उन्होंने पुरुष का चरित्र करने के बारे में जीवन में कभी नहीं सोचा था। फिल्म में मेरा चरित्र एक लड़के का है जो बाद में सर्जरी की मदद से लड़की बन जाता है। मुझे विष्वास है कि हम ट्रांस जेंडर समुदाय के साथ इस फिल्म के माध्यम से न्याय कर पाएंगे।'



## बिली ईलिश ने कैंसिल किया टूर



**गायिका** बिली ईलिश ने आधिकारिक रूप से अपने 'वेन वी ऑल फॉल अस्लीप, वेयर डु वी गो' टूर को ये कहते हुए निरस्त कर दिया है कि उन्होंने इसे करने का पूरा प्रयास किया लेकिन कोई तरीका नहीं मिला। उनका ये टूर छ: माह का था और इसे मार्च में लॉन्च किया गया था। कोविड महामारी के कारण इसे केवल तीन शो के बाद ही निरस्त करना पड़ा। ईलिष ने ट्विटर पर बताया, 'मेरी आप सभी से इस साल मिलने की बहुत इच्छा थी लेकिन मैं स्टेज पर आपके लिए परफार्म नहीं कर पाई।' आगे बताते हुए उन्होंने लिखा, 'हमनें हर विकल्प खंगाला लेकिन ये किसी भी प्रकार से संभव नहीं हो सका। मुझे पता है कि आप सभी अपने टिकट और वीआईपी पास संभाल कर रखना चाहते हैं। लेकिन हमारे लिए सबसे अच्छा ये होगा कि आपको आपका धन शीघ्र से शीघ्र वापस मिल जाए।'

## वैज्ञानिकों ने चूहों में उम्र संबंधी नेत्रहीनता, मोतियाबिंद से नुकसान को पलटा

एजेंसी। बोस्टन

**वैज्ञानिकों ने** चूहों की आंखों में स्थित जीन के युवावस्था के कार्य को फिर से बहाल कर उनकी दृष्टि वापस लाने में कामयाबी पाई है। यह कदम मनुष्यों में उम्र संबंधी कई बीमारियों के उपचार के लिए जमीन तैयार कर सकता है। जर्नल नेचर में प्रकाशित परिकल्पना का साक्ष्य शोध चूहों में उम्र के साथ आने वाली दृष्टिहीनता को भी सफलतापूर्वक पलटता है। चूहों को भी काफी कुछ मनुष्यों में होने वाले मोतियाबिंद की तरह ही बीमारी से उम्र बढ़ने पर दिखाई देना बंद हो जाता है। मोतियाबिंद दुनिया भर में दृष्टिहीनता का एक प्रमुख कारण है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह अध्ययन उस पहले प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करता है कि आंख की तंत्रिका कोशिकाओं जैसे जटिल उत्तकों को सुरक्षित तरीके से पहले की उम्र तक ले जाना संभव हो सकता है। अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में जेनेटिक्स के प्रोफेसर और इस अध्ययन के वरिष्ठ लेखक डेविड सिंक्लेयर ने कहा, हमारा अध्ययन यह प्रदर्शित करता है कि रेटिना जैसे जटिल उत्तकों की उम्र को सुरक्षित तरीके से पीछे ले जाना और उनके युवावस्था के जैविक कामकाज को फिर से बहाल करना संभव है। शोधकर्ताओं का मानना है कि आगे के अध्ययनों में भी अगर यह परिलक्षित होता है तो यह उम्र को कम करने और इंसानों में उम्र संबंधी बीमारियों के उपचार के नए तरीकों का रास्ता खोल सकता है। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने एक एडीनो-एसोसिएटेड वायरस (एएवी) को एक वाहक के तौर पर चूहे के रेटिना में तीन युवावस्था बहाल करने वाले जीन - ऑक्ट4, एसओएक्स2 और केएलएफ4- की आपूर्ति के लिए इस्तेमाल किया।

## आंध्र में पानी में भारी धातु तत्वों की मौजूदगी रहस्यमय बीमारी का कारण

एजेंसी। एलुरु

**आंध्र प्रदेश** के एलुरु शहर में पेयजल और दूध में निकेल तथा सीसा जैसे भारी तत्वों की मौजूदगी प्राथमिक रूप से रहस्यमय बीमारी का कारण है। इसके चलते अब तक 500 से अधिक लोग बीमार हो चुके हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और राज्य तथा अन्य केंद्रीय संस्थानों की विशेषज्ञ टीमों द्वारा खोजे गए कारणों के आधार पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को यहां मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी को रिपोर्ट सौंपी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में एम्स के विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के आधार पर कहा गया कि रहस्यमय बीमारी का कारण निकेल और सीसा को पाया गया है। इस बीमारी के चलते शनिवार रात से लोगों को मिर्गी के दौरे पड़ने, बेहोश होने, घबराहट, उल्टी और पीठ दर्द जैसी समस्याएं होने लगीं। विज्ञप्ति में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मरीजों के शरीर में भारी धातु तत्वों की मौजूदगी को लेकर गहन जांच करें और उपचार प्रक्रिया पर लगातार नजर रखें। अधिकारियों के अनुसार बीमारी की चपेट में अब तक 505 लोग आए हैं, जिनमें से 370 से अधिक लोग ठीक हो गए हैं और 120 अन्य का इलाज चल रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तैनात किए गए विशेषज्ञों के अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गठित की गई तीन सदस्ईय टीम मंगलवार को एलुरु पहुंची और नमूने लेने के लिए प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उपमुख्यमंत्री (स्वास्थ्य) ए के के श्रीनिवास ने कहा कि बीमार हुए लोग ठीक हो रहे हैं और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## हंगामा प्ले ने मराठी व हिंदी में एक ओरिजिनल कॉमेडी शो सनम हॉटलाइन किया लॉन्च

**हंगामा** डिजिटल मीडिया के स्वामित्व वाले अग्रणी वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म हंगामा प्ले ने आज एक नया हंगामा ओरिजनल सनम हॉटलाइन मराठी और हिंदी में लॉन्च किया है। यह कॉमेडी शो कॉल सेंटर के तीन ऐसे अधिकारियों के इर्द-गिर्द घूमता है, जो एक एडल्ट हॉटलाइन चलाते हैं। इस चक्कर में घटी एक दुस्साहसपूर्ण घटना तीनों को हफ्तावसूली करने वाले गिरोह के चंगुल में फंसा देती हैए जिसके नतीजे में उनकी जिंदगी उलट-पलट हो जाती है। शो के अग्रणी सितारों में मराठी मनोरंजन जगत के लोकप्रिय कलाकार-पुष्कर जोगए सई लोकुरए उदय नेने और विनय येडेकर शामिल हैं। कैफेमराठी स्टूडियोज द्वारा निर्मित इस शो का निर्देशन आकाश गुरसले ने किया है और अब यह हंगामा प्ले तथा इसके पार्टनर नेटवर्क पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।




एक कॉल सेंटर की अपनी घिसी.पिटी नौकरी से निकाले गए ईशान पुष्कर जोग और उनके मित्र अभिजीत उदय नेने जिंदगी में कुछ धमाकेदार काम करने का फैसला करके एक एडल्ट हॉटलाइन शुरू कर देते हैं। अपने ग्राहकों की कल्पनाओं और तमन्नाओं को टेलीफोन पर संतुष्ट करना सनम हॉटलाइन नामक इस सेवा का एकमात्र लक्ष्य है। उनकी मित्र और ईशान की प्रेमिका शिवानी सई लोकुर भी दोनों के इस छोटे-से स्टार्ट-अप में दाखिल हो जाती है। तीनों साथ मिलकर ग्राहकों की चाहत के मुताबिक उनकी इच्छाएं पूरी करने में जुट जाते हैंए जिनमें संग.साथ की तलाश करने वाले ग्राहकों से लेकर फटाफट मौज.मस्ती की तमन्ना रखने वाले लोग शामिल हैं। उनकी यह नन्हीं-सी कंपनी कामयाबी की ओर कदम बढ़ाना शुरू कर देती है। यह सिलसिला तब तक जारी रहता है, जब तक कि उनके कुछ ग्राहकों को हफ्तावसूली वाले कॉल मिलना नहीं शुरू हो जाते। इसके बाद अचानक बड़ा उथल-पुथल भरा सफर शुरू होता है, जो तीनों की जिंदगी को एक हास्यपूर्ण झमेले में तब्दील कर देता है। अपहरण की एक कोशिश में चूक होना, हफ्तावसूली वाले गिरोह का सनम हॉटलाइन के ग्राहकों को निशाना बनाना और एक पुलिस इंस्पेक्टर का ईशान और अभिजीत को गिरफ्तार किए बगैर चैन से न बैठनाए इस हॉटलाइन में मनोरंजन की पक्की गारंटी देता है!

शो के बारे में बात करते हुए हंगामा डिजिटल मीडिया के सीओओ सिद्धार्थ रॉय ने बताया। हंगामा ओरिजिनल्स के दम पर हमने पुरस्कृत ओरिजिनल कंटेंट की एक ऐसी लाइब्रेरी तैयार की हैए जिसको दिलचस्प कहानियां सुनाने के लिए पूरी दुनिया ने सर आंखों पर बिठाया है। ष्सनम हॉटलाइनष् ने हमें अपने उपभोक्ताओं के सामने ऐसा शो पेश करने का एक और मौका दिया हैए जो मनोरंजक है। कहानी कहने की तकनीक के मामले में लोकल हैए इसके बावजूद इसकी अपील ग्लोबल है। कैफेमराठी स्टूडियोज के सह-संस्थापक एवं सीईओ निखिल रायबोले का कहना हैए कैफे मराठी में हमने सक्रिय रूप से ऐसे शो तैयार करने की दिशा में काम किया हैए जो मनोरंजक और दिलचस्प हैं। सनम हॉटलाइन एक हंसाने वाला शो है, जिसमें मुंह लटकाने का एक भी पल नहीं मिलेगा और यह दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए बना है। शो में मराठी मनोरंजन उद्योग के कुछ सबसे मशहूर नाम भी नजर आएंगेए जिन्होंने बेहद दिलचस्प और आकर्षक अदाकारी की हैं। स्ट्रीम करने के लिए यह शो अब हंगामा के वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म हंगामा प्ले पर उपलब्ध है। सनम हॉटलाइन हंगामा प्ले के माध्यम से एमएक्स प्लेयरए एयरटेल एक्सस्ट्रीम ऐप, वी मूवीज एंड टीवी, अमेजन फायर टीवी स्टिक, टाटा स्काई बिंज, डिशस्मार्ट स्टिक, डी2एच स्ट्रीम, डिशस्मार्ट हब तथा मेघबेला ब्रॉडबैंड, एलायंस ब्रॉडबैंड, एसीटी फाइबरनेट एवं नेटप्लस जैसे आईएसपी और टीसीएल, वनप्लस टीवी, सोनी ब्राविया, सीवीटीई, तोशिबा और क्लाउडवॉकर जैसे स्मार्ट टीवी पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा शाओमी के साथ हंगामा की सहभागिता के चलते उपभोक्ता इस शो को हंगामा प्ले के माध्यम से मी टीवी पर देखने में सक्षम होंगे। आगे चलकर यह सोनीलिव और फ्लिपकार्ट वीडियो पर भी स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध होगा। ष्सनम हॉटलाइनष् अब हंगामा प्ले तथा इसके पार्टनर नेटवर्क पर उपलब्ध है।

सपा के किसान पद यात्रा के रिहर्सल मैच पर भारी पड़ी सरकारी मशीनरी...


सीतापुर-बाजार खुलवाने को लेकर भ्रमण करते एडीएम विनय कुमार पाठक, एसडीएम अमित भट्ट, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह


सीतापुर-प्रदर्शन के दौरान झड़प करते कांग्रेसी


सीतापुर-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष को पुलिस लाइन ले जाती पुलिस

# भारतबंदी पर भारी पड़ी नजरबंदी, पुलिस के आगे सरेण्डर सपाई


सीतापुर-पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी के घर पर मौजूद पुलिस


सीतापुर-लालबाग चौराहे पर दिखी चहल-पहल


सीतापुर-प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक को रोकती पुलिस


महमूदाबाद-कोतवाली मौजूद प्रदर्शन करने आए सिख समाज के लोग

**संवाददाता।** सीतापुर

- कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प, घरों-कार्यालयों पर दिखा पुलिस का पहरा, जिलाध्यक्ष ने दी गिरफ्तारी
- रेउसा में पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू, दिग्विजय सिंह समेत 25 गिरफ्तार
- रामपुर मथुरा में भी भारी संख्या में जुटे सिख किसान, थाने में रोका, बाजार बंदी रही बेअसर, भारतबंद पर ड्रोन कैमरे से नजर

**सीतापुर में** भारतबंदी पर नजरबंदी भारी पड़ी, कृषि के तीन कानून पास होने के विरोध में किसान संगठनों के आह्वान पर मंगलवार को भारत बंद की घोषणा की गई थी। जिसके समर्थन में समाजवादी पार्टी ने एक दिन पहले सोमवार को किसान पद यात्रा निकालकर रिहर्सल किया था, मगर रिहर्सल मैच में ही पुलिस और प्रशासन की टीम भारी पड़ गई थी, दोबारा सपाई भारतबंद मैदान में उतरते, कि इससे पहले पुलिस ने बैटिंग शुरू कर दी। पुलिस और प्रशासन ने समूचे जिले भर के सपाई नेताओं को रात से ही घरों, कार्यालयों में नजर बंद कर दिया। बाहर पुलिस बल का पहरा बिठा दिया और उनकी पल-पल की गतिविधियों पर नजर गड़ा दी। यही नहीं ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी गई। जिससे कि वो सड़क पर आकर कहीं भी भारतबंदी का समर्थन करते नजर नहीं आ सके। जैसे ही सोमवार रात को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को भारत बंद के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने की हिदायत दी, मगर किसी के साथ बदसलूकी न हो। ये निर्देश मिलने के बाद नौकरशाही हरकत में आ गई और आनन फानन सपा नेताओं की सूची तैयार कर उनको बाहर न निकलने देने की रणनीति बना ली। रात भर सांय-सांय करती पुलिस की गाड़ियां फर्राटे भरती रहीं और सुबह होते ही जिला मुख्यालय पर अपर जिलाधिकारी विनय पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित, एसडीएम सदर अमित भट्ट, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, शहर कोतवाल टीपी सिंह समेत भारी-भरकम फोर्स के साथ बाजार में भ्रमण करने के बाद नजर बंद किए गए सपा के पूर्व नगर विधायक राधेश्याम जायसवाल के मालगोदाम स्थित कार्यालय पर जाकर बाहर न निकलने की हिदायत दी। सपा के जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव को भी नजर बंद कर दिया गया। इसके अलावा पूर्व मंत्री राम पाल राजवंशी को उनके बट्सगंज में नजर बंद किया गया। बिसवां में सपा नेता अफ्ज़ाल कौसर सिददीकी भी नजर बंद किए गए। एक दिन पहले अखिलेश यादव को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में महोली से पूर्व विधायक अनूप गुप्ता व उनके समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जिला और पुलिस प्रशासन की सख्ती का असर यह हुआ, कि सीतापुर में फ़िलहाल बाजार बंदी का कोई भी असर नहीं दिखाई दिया। सब कुछ सरकार की मंशा के अनुरूप होने के बाद जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज और एसपी आरपी सिंह दल बल के साथ भ्रमण पर निकले। उधर, देर रात कांग्रेस ने भी किसानों के समर्थन में पार्टी के जिला कार्यालय पर बैठक का आह्वान किया। इस दौरान कांग्रेसियों और पुलिस की तीखी झड़प भी हुई। बाद में जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, राज किशोर सिंह, आमोद कुमार आदि कांग्रेसियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बिसवां में कांग्रेस के युवा जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता को समर्थकों के साथ गिरफ्तार कर लिया। सीतापुर में किसान यूनियन के 14 संगठनों ने अपने-अपने तरह से विरोध प्रदर्शन करने का एलान किया था, मगर प्रशासन ने उन्हें सड़कों पर उतरने नहीं दिया और निर्धारित स्थान पर उनका ज्ञापन लेकर विदा कर दिया। लालबाग पार्क में पहुंचकर एसडीएम सदर और सीओ सिटी ने किसान यूनियन का ज्ञापन लिया। बसपा मुखिया मायावती ने भी किसानों के आंदोलन का समर्थन करने की घोषणा जरूर की, वो सब कुछ बयानों तक ही समिति रहीं,। नजर बंद किए गए पूर्व विधायक राधे श्याम जायसवाल और पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी ने 'पायनियर' से कहा कि सरकार पुलिस के दम पर मनमानी करना चाह रही है। भारत बंद के समर्थन में विधान सभा क्षेत्रवार सपा के आयोजित कार्यक्रमों में मंगलवार को सेवता विधान सभा क्षेत्र की बारी थी, मारूबेहड़ में कार्यक्रम होना था, सेवता के पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू, दिग्विजय सिंह देव, रिजवान अहमद, श्याम मनोहर मिश्र समेत 25 सपा कार्यकर्ताओं को पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और कार्यक्रम स्थल पर भारी पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद हो गई।

## धारा 151 के उल्लंघन में बच्चा जेल भेजे गए झीन बाबू

- दिग्विजय सिंह, रिजवान अहमद, पवन सिंह भी गए जेल


रेउसा-पुलिस की गिरफ्त में पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू, दिग्विजय सिंह व अन्य

**भारत बंद** के समर्थन मे मंगलवार को समर्थकों के साथ सेवता इलाके में प्रदर्शन करने वाले सपा के पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू को बेटे पवन सिंह समेत बच्चा जेल भेज दिया गया है। झीन बाबू के अलावा समाजवादी छात्र सभा के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, लोहिया वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद को भी जेल भेज दिया गया है। धारा 151 के उल्लंघन में ये सभी जेल भेजे गए हैं। किसान आंदोलन के समर्थन में सीतापुर में समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्रवार किसान पद यात्रा निकाल रही है, इसीक्रम में मंगलवार को दूसरे दिन सेवता विधान सभा क्षेत्र के मारूबेहड़ में पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू के नेतृत्व में कार्यक्रम होना था। पुलिस ने रात से ही नजर बंद कर रखा था, लेकिन सपाई नहीं माने और वो प्रदर्शन कर मारूबेहड़ जाने का एलान कर दिया। पुलिस ने पूर्व विधायक समेत 25 समर्थकों को गिरफ्तार कर पहले बिसवां कोतवाली लाई, जिसकी सूचना पाते ही महमूदाबाद से विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा, बिसवां से पूर्व विधायक निर्मल वर्मा, अफ्ज़ाल कौसर कोतवाली पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। रेउसा पुलिस ने शांति भंग की आशंका में जेल भेजने की कार्रवाई कर दी। एसडीएम लहरपुर रामदरश राम ने धारा 151 में पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू, छात्र सभा के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, रिजवान अहमद व पवन सिंह को बच्चा जेल भेज दिया।

**● भारत बंद के दौरान शांति भंग की आशंका में पुलिस ने 11 सपाई**-कांग्रेसी गिरतार कर जेल भेजे गए। अलग-अलग थानों में सपा, कांग्रेस के करीब 100 लोग हिरासत में लिए गए। जबकि किसान संगठनों के तीन दर्जन पदाधिकारियों को थाने में लाकर बिठाया गया। जेल भेजे जाने वालों में सेवता से सपा के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन, सपा छात्र सभा के प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, रिजवान अहमद, अंकित त्रिवेदी के अलावा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, शिशिर बाजपेयी, आदेश मिश्रा व एक अन्य को शामिल हैं। इसके अलावा सपा के सभी बड़े नेताओं को नजरबंद भी कर दिया गया था। इस कार्रवाई के चलते सीतापुर में बाजार बंदी का कोई खास असर नहीं दिखाई दिया।

# शांतिपूर्ण आंदोलन को छूट, अकड़े तो हुए नजरबंद

- भारतबंद के समर्थन में विभिन्न संगठनों ने प्रशासन ने सौंपे मांगपत्र

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर में** भारतबंद पर जिला व पुलिस प्रशासन की सख्ती का असर दिखा। किसानों के भारत बंद के आह्वान पर किसान संगठनों की हैसियत को प्रशासन ने पहले ही आंक लिया था, जिन संगठनों ने शांतिपूर्ण तरीके का संकल्प लिया, उन्हें प्रशासन ने आंदोलन की छूट दे दी, लेकिन जिन किसान नेताओं ने तनिक भी अकड़ दिखाई, उन्हें प्रशासन ने उनके घरों पर ही नजर बंद कर दिया। साथ ही वहां पर पुलिस का पहरा भी बिठा दिया, हालांकि विभिन्न किसान संगठनों ने प्रशासन को मांगपत्र जरूर दिए। इनके जरिए कृषि के तीन कानूनों का जमकर विरोध भी जताया। उधर, बार एसोसिएशन ने भी भारत बंद के समर्थन किया और खुद को न्यायिक कार्य से दूर रखा। इससे दूर-दराज से आए वादकारियों को दिक्कतें भी उठानी पड़ीं। भारत बंद के आह्वान पर हरगांव पुलिस ने सुबह ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले के कामरेड अर्जुन लाल को हिरासत में ले लिया था, ये खबर जैसे ही माले कार्यकर्ताओं को मिली, वो आक्रोशित हो गए और गिरफ्तार अर्जुन लाल की रिहाई की मांग को लेकर थाने के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन शुरू कर दिया और वहीं पर धरने पर बैठ गए। धरने में सरोजिनी देवी, अनिल कुमार, मंसूर खान, राम सनेही वर्मा, राम सेवक रावत, राम रतन, फूल सिंह, जमील खान आदि उपस्थित थे, हालांकि बाद उन्हें कुछ देर बाद छोड़ दिया गया। मिश्रिख पुलिस ने किसान आंदोलन को सतर्क हो गई थी। रात से किसान नेताओं के घरों में दबिशें देनी शुरू कर दी थी। पुलिस ने भारतीय मजदूर किसान वेलफेयर एसोसिएशन के जिला महासचिव अरुण कुमार राज एवं राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश महासचिव इसरार गाजी, शाहनवाज मिर्जा, जुनेद अंसारी को सुबह ही घर पर नजरबंद कर दिया था। इसी प्रकार पुलिस ने मिश्रिख के बानपुर में किसान मंच के प्रदेश महासचिव मोहित मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अनूप कुमार अवस्थी, दीपक, सुधीर, राजेश, आर्यन समेत अन्य पदाधिकारियों ने प्रभारी मनोज यादव, नायब तहसीलदार विदेह सिंह को ज्ञापन सौंपा। मिश्रिख की ग्राम पंचायत ख्वाजा डाबर में किसान आंदोलन के समर्ध्थन में संगतिन किसान मजदूर संगठन के बैनर तले महिला मजदूर-किसानों ने तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर आंदोलन को खत्म करा दिया। भारतीय मजदूर किसान संगठन (अ) भारत के जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरज सिंह उर्फ धीरू के नेतृत्व में मंगलवार को समदापुर माइनर से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय तक किसान आंदोलन व पदयात्रा शुरू की। आंदोलन की भनक लगते ही सिधौली तहसीलदार व कमलापुर स्पेक्टर राम नरेश यादव मय फोर्स के सुल्तानपुर के समीप पहुंचे, पदाधिकारियों से तहसीलदार ने वार्ता कर उनसे ज्ञापन लिया। कसमंडा के मास्टरबाग में भारतीय किसान यूनियन ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और वहीं धरना दिया। किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष रामदास यादव ने कृषि के तीन कानून को अहितकर बताया, इसे फौरन वापस लिया जाए, हालांकि पुलिस ने किसानों को समझा-बुझाकर धरना स्थगित करा दिया। उधर हरगांव पुलिस ने भारतीय किसान मंच के नेता राजेश सिंह तोमर को फिरोजपुर आवास पर जाकर उन्हें नजर बंद कर दिया। इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने किसान मंच के जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह को उनके आवास ढोलई कलां पर जाकर नजर बंद कर दिया और वहीं पर नायब तहसीलदार श्रीराम गौर ने उनसे ज्ञापन भी ले लिया।


ज्ञापन देते किसान संगठन के पदाधिकारी

# कार्यशाला में प्रेरणा मिशन पर हुई चर्चा

- एबीएसए ने कार्यक्रम को किया सम्बोधित


लहरपुर-सम्बोधित करते एबीएसए

**लहरपुर सीतापुर।** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शिक्षक संकुल की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मिशन प्रेरणा को सफल बनाने तथा कोविड-19 महामारी के चलते ऑनलाइन शिक्षण को प्रभावी बनाने को लेकर, विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की गई। कार्यशाला का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर एसआरपी आलोक श्रीवास्तव, ए आर पी पुष्पेंद्र कुमार मौर्य ने अपने विचार और अनुभव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनवर अली ने किया। इस मौके पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार ने कहा कि, जब तक कोविड-19 की समस्या है तब तक, विभागीय निर्देशानुसार 10, दस के समूह में बच्चों को होमवर्क दिया जाए तथा ऑनलाइन शिक्षण हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया जाए, उन्होंने ई पाठशाला, रीड एंलाग, दीक्षा एप, आदि मोबाइल पर लोड करने के लिए अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में एसआरपी आलोक श्रीवास्तव ने रीडिंग कार्नर, समय सारणी, शिक्षण योजनाएं आदि के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षक संकुल सेवक राम, मोहम्मद असद सिद्दीकी, रामचंद्र वर्मा, अनुपम राही, जुबेर वारिस आदि ने भी अपने अनुभव प्रस्तुत किए।

# कवि दिनेश मिश्र 'राही' के निधन पर शोक

**संवाददाता।** बिसवां सीतापुर

**जनपद के** वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश मिश्र राही के आकस्मिक निधन पर बड़ा चौराहे पर स्थित पत्थर शिवाला में संस्कार भारती बिसवां इकाई द्वारा एक शोक सभा आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता लखनऊ के वरिष्ठ कवि राजीव वर्मा ''वत्सल'' द्वारा की गयी। जिसमें कलाकुंज भारती पत्रिका के संपादक पद्मकांत शर्मा प्रभात, कविवर कमलैश मौर्य मृदु, संस्था के संरक्षक दिनेश चन्द्र पाण्डेय, संस्था के अध्यक्ष भगवत शरण श्रीवास्तव, महामंत्री घनश्याम शर्मा, साहित्य विधा प्रमुख आनन्द खत्री ,सहमंत्री श्रीकान्त मौर्य ,कवि कृष्ण मुरारी खरोंच, राम दयाल धुरिया, हरिश्चन्द्र गुप्त, साहित्यकार संदीप सरस , अरविंद घ्सिंह मधुप, हरिशंकर मौर्य, शिवानन्द दीक्षित आदि ने शोक-संवेदना प्रकट की।

## एकमुश्त योजना में 31 तक मिलेगी ब्याज में छूट

**सीतापुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आरके श्रीवास्तव द्वारा जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड सीतापुर के जिन्होंने विभाग से सीबीसी ऋण लिया है और बकायेदार हैं और यदि अपना बकाया धन एक मुश्त जमा कराते हैं तो ऐसे उद्यमियों को एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत ब्याज माफी का लाभ प्रदान किया जाएगाए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कमरा नंबर 126. 127 विकास भवन सीतापुर से संपर्क कर एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठा सकते हैं यह सुविधा दिनांक 31 दिसंबर 2020 तक प्रभावी रहेगी।

क्लीनिकों पर बेसुध दिखे मरीज...

# दो घंटे तक कार्य से विरत रहे प्राइवेट चिकित्सक

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर में** प्राइवेट चिकित्सकों ने मंगलवार को दो घंटे कार्य बहिष्कार किया। इस अवधि में किसी ने भी मरीजों को हाथ तक नहीं लगाया, इससे मरीजों और तीमारदार मायूस दिखे, हालांकि दो घंटे तक कार्य से विरत रहने के बाद चिकितसकों ने मरीजों को जरूर देखा। इससे मरीजों एवं तीमारदारों ने राहत की सांस ली। उधर, हड़ताली चिकित्सकों ने आईएमए कार्यालय पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। केंद्र की मिक्सोपैथी नीति की विरोध में आईएमए सीतापुर और आईएमए महिला इकाई ने संयुक्त इकाई ने आठ दिसंबर को कार्य बहिष्कार करने का एलान किया था, संगठन के आह्वान पर जिले के शहरी-ग्रामीण इलाकों में प्राइवेट चिकित्सक रोजाना की तरह मंगलवार को अपने नर्सिंग होम और क्लीनिकों पर पहुंचे, मगर किसी ने भी करीब दो घंटे तक नर्सिंग होम और क्लीनिकों पर मरीजों को छू तक नहीं। जबकि क्लीनिकों पर भारी संख्या में तीमारदार मरीजों के संग पहुंचे थे। दो घंटे का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के चलते मरीजों और तीमारदारों में मायूसी जरूर दिखी। इससे उन्हें थोड़ा सा इंतजार करना पड़ा। उधर, हड़ताली प्राइवेट चिकित्सकों ने शहर के मोहल्ला सिविल लाइंस स्थित आईएमए भवन पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान चिकित्सकों ने केंद्र सरकार की मिक्सोपैथी नीति का विरोध जताया और उन्होंने इससे होने वाले दुष्प्रभावों एवं समाज को होने वाले नुकसानों के भी बतलाए। सभा को आईएमए के अध्यक्ष डॉ. जेसी गुप्ता, महिला सभा की अध्यक्ष डॉ. शालू कपूर, उपाध्यक्ष डॉ. राज किशोर टंडन, डॉ. हिमांशु शुक्ला, डॉ. पीके धवन, डॉ. राज कुमार श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ. वीके सिंह, अजय मेहरोत्रा, केडीसी जोशी, मोहम्मद जमीर, आनंद जायसवाल, मनीष जैन, जीपी गुप्ता, अनुराग गोयल, राजीव कपूर, तरूण सैगल, सोनिया गोयल, चित्रा वैश्य, सुनील वैश्य आदि चिकित्सक मौजूद थे। सचिव डॉ. विनोद त्रिपाठी, डॉ. शैफाली गोयल ने ऐलान किया अगर आईएमए के मांगों पर विचार नहीं होता तो चौबीस घंटे राष्ट्र व्यापी कार्य बहिष्कार किया जाएगा। यह बहिष्कार 11 दिसंबर को सुबह छह बजे से शुरू होगा और 12 दिसंबर को सुबह छह बजे तक चलेगा।



सीतापुर-कार्यविरत के दौरान मौजूद चिकित्सक

## पूजन कर लगी नई प्रतिमा




सीतापुर-'पायनियर' की खबर का असर हुआ है। वैदेही वाटिका में लव-कुश की खंडित मूर्तियों को बदलकर नई मूर्तियां लगवा दी गई हैं। मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, एसडीएम अमित भट्ट व ईओ गुरू प्रसाद पाण्डेय ने पूजन अर्चन के बीच मूर्तियों को स्थापित कराया। पूजन आचार्य आशीष शास्त्री ने कराया। चंद रोज पहले पायनियर ने खबर प्रकाशित की थी।

# भारत बंद पर जिले भर में हुए प्रदर्शन, सपा के दिग्गज किए गए नजर बंद

**संवाददाता।** निघासन खीरी







**आज भारत** बंद व किसान आंदोलन को देखते हुए समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को नजरबन्द कर दिया गया। सपा नेता व पूर्व लोकसभा प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल आज किसान आंदोलन को समर्थन करने जा रहे थे तभी निघासन चौराहे पर मौजूद उपजिलाधिकारी निघासन व प्रभारी निरीक्षक निघासन ने गिरफ्तार कर पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल के फार्म हाउस पर नजरबन्द कर दिया।

पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल व इंजीनियर धनीराम मौर्या को भी नजरबन्द रखा गया। न?रबन्द किये गए नेताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अनुराग पटेल के फार्म हाउस पर प्रदर्शन भी किया।

इस मौके पर भंडारी यादव, अनिल मौर्या, चसमुद्दीन अंसारी, राजेन्द्र यादव, संदीप यादवए कुलदीप यादवए विकास पटेलए युवा नेता मनोज वर्माए हकीउल्ला खानए जितेंद्र राजए जिला पंचायत सदस्य मजीद अलीए मोण् सलीमए लल्लू चतुर्वेदीए अनुपम वर्मा कासिम अलीए अनुपम वर्माए नेतराम वर्मा सहित समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोहम्मदी संवाददाता के अनुसारए भारत सरकार द्वारा किसानों की उपज को लेकर एक कानून बनाए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन द्वारा आज भारत बंद का आवाहन किया गया। जिसमें कई राजनीतिक दलों के लोगों ने इसका समर्थन किया। भारत बंद नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जिसका मिलाजुला असर देखने को मिला। भारतीय किसान यूनियन और ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों द्वारा काले कानून को वापस लेने के संबंध में गोमती नदी तथा शाहजहांपुर गोला मार्ग अमीर नगर चौराहे पर सैकड़ों की तादाद में किसानों ने चक्का जाम कर धरने पर बैठ गए। जिससे कई घंटे तक आवागमन अवरुद्ध हो गया। जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्लाए पूर्व कोतवाल संजय त्यागीए क्राइम कोतवाल सत्य प्रकाश यादव दल बल के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से कहा कि आप की मांग को लेकर शासन और जिले के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। मार्ग को अवरुद्ध करने से अनेकों समस्याओं का सामना जनता को करना पड़ रहा है। वहीं उप जिलाधिकारी ने किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष गुलशन कुमार अर्कवंशीए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप सिंह सहित अन्य किसान नेताओं से सार्थक और सकारात्मक बातचीत की उसके उपरांत किसान नेताओं ने उप जिलाधिकारी की बात को मानते हुऐ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की शीघ्र ही किसान विरोधी यह कानून वापस लिया जाए। जो किसी कीमत पर किसानों के हितों में नहीं है। धरना स्थल पर सैकड़ों की तादात पर इस पडोस के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान धरना स्थल पर धरने पर बैठ गए। अपने ट्रैक्टर ट्राली भी सड़क पर खड़ा कर जाम की स्थिति पैदा कर दी। वहीं आवागमन अवरुद्ध हो गया। अनेकों एंबुलेंस परीक्षा देने जा रहे छात्र छात्राएं भी इस जाम में फस गई। वहीं उप जिलाधिकारी की सकारात्मक सोच और वार्ता के चलते समय 3 बजे जाम खुला। गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसारए किसानों के आवाहन पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन एवं भारतीय किसान यूनियन व सिक्ख किसानों के तत्वाधान में नगर के विकास चैराहे पर किसान विरोधी बिल को वापस लेने की मांग को लेकर विशाल चक्का जाम आंदोलन किया गया। आंदोलन को कांग्रेस पार्टी एवं सेन्ट्रल बार एसोसिएशन ने अपना समर्थन दिया। दूसरी ओर सदर चौराहे पर समाजवादी पार्टी ने भी चक्का जाम धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। बताते चले कि किसानों के आवाहन पर मंगलवार को सदर चैराहे पर समाजवार्दी पार्टी के गोला विधानसभाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में पूर्व विधायक विनय तिवारीए पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्माएपूर्व प्रमुख प्रीतेन्द्र सिंहए दिलबाग सिंहएलियाकत हुसैनए अंकित वर्माए रसिक तिवारीए नितिन तिवारीए प्रवीण कश्यप सहित तमाम सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर आंदोलन किया। सपा ने किसानों के हित कोध्यान में रखते हुए किसान विरोधी बिल वापस लेने की मांग की। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन भेजकर मांग की है कि देश में चल रहे किसान आंदोलन के आवाहन पर आठ दिसम्बर को भारत बंद का समर्थन करते हुए अन्नदाता किसानों की न्योयोचित मांगो पर केन्द्र सरकार उदारतापूर्वक विचार कर उनकी मांगों को स्वीकार करे तथा किसानों के विरुद्ध पारित कानून को वापस ले तथा ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा है कि अधिवक्तागण किसानों के आंदोलन का समर्थन करते हुए किसानों द्वारा आहुत भारत बंद के समर्थन में मंगलवार आठ दिसम्बर को सांकेतिक ह?ताल पर रहते हुए न्यायिक कार्यो से विरत रहेगें। ज्ञापन देने वालों में सेन्ट्रल बार एसोसिशन के अध्यक्ष लालबिहारी वर्माए महामंत्री नरेन्द्र कुमार शुक्लाए अधिवक्ता संदीप अवस्थीए अनवारुल हकए नरेन्द्र कुमार आर्यए सलामत बेगए मोहन लाल मौर्य नागेन्द्र कुमार सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। दूसरी ओर सुबह ग्यारह बजे से अपरान्ह तीन बजे तक राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन एवं भारतीय किसान यूनियन व सिक्ख किसानों के नेतृत्व में चक्का जाम आंदोलन किया गया। किसानों ने सरकार पर अपनी वाणी से तीखे प्रहार किये। किसानों ने आंदोलन में किसान विरोधी बिल वापस लेने की मांग की। आंदोलन में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्षए श्री कृष्ण वर्माए हरी सिंहए नरायनलालए सचिन वर्माए सुरेन्द्र सिंहए भारतीय किसान यूनियन के रामसिंह वर्मा महादेव प्रसाद निखित अवस्थी राकेश वर्मा रामकुमार वर्मा वीरेन्द्र वर्मा राधेश्यामए परसादी लाल गौतमए अयोध्या प्रसाद किसान गुरुदेव सिंहए शेर सिंहए बलदेव सिंह रामपाल सिंहए जुगला सिंहए मुख्तार सिंह गुरुमेल सिंहए कांग्रेसियों में शुभम अग्निहोत्री विपुल गुप्ता मुश्ताक व सगीर अहमद सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## लाठीचार्ज में मारे गए राम सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**संवाददाता।** ढखेरवा खीरी



**अटेवा** पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर अटेवा लखीमपुर द्वारा जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें 7 दिसंबर 2016 को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर लखनऊ में आंदोलन के दौरान लाठीचार्ज में मारे गए डॉग्राम आशीष सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने संकल्प लिया कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती आंदोलन चलता रहेगा। अटेवा जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ राम आशीष सिंह के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन अब जन आंदोलन बन चुका है और राजनीतिक पार्टियां भी इस मुद्दे को उठाने पर मजबूर हो गई हैं बस सरकार को जगाना है बाकी है। हम सब संघर्षों के दम पर पुरानी पेंशन लेकर रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा को संगठन मंत्री एवं अटेवा के माध्यमिक शिक्षक प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह एवं डॉण् कमल किशोर मौर्यए सह सयोजक एवं सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सतीश वर्माए सिंचाई संघ के जिला मंत्री सुरेंद्र मौर्य व ब्लॉक मंत्री नकहा प्रिया वालिया ने संबोधित करते हुए सभी से एकजुट होकर संघर्ष कर पुरानी पेंशन बहाल कर उनके बलिदान को अमर करने का संकल्प लेने की बात की। श्रद्धांजलि सभा में एकत्र शिक्षक कर्मचारियों ने मोमबत्ती जलाकर व पुष्प अर्पित कर डॉ0रामाशीष सिंह जी को श्रद्धांजलि दी। सतीश वर्माए सुरेंद्र मौर्यए ओमप्रकाशए डॉण् कमल मौर्यए बलवीर यादवए सुजीत सम्यकए कुहू बनर्जीए प्रिया वालियाए सोनिया शर्माए नीलिमा सिंहए निशि चौहानए जावेदए सुजीत सम्यकए अमित शुक्लाए वीरेंद्र वर्माए अवधेश प्रताप सिंहए कमलेश यादवए अंजनी वर्मा मेराज अहमदए विकास वर्माए रिपुंजय पटेलए तीरथ मणि त्रिपाठीए फरमान अलीए सोमेंद्र मौर्यए आरती मौर्याए रश्मिए निधि तोमरए आशाए ज्योति तोमरए फरजाना खानए हरे राम रस्तोगीए कामनाथ चौधरीए मेराज और विनोद आदि सैकड़ों शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय यादव संघ ने किया किसानों का समर्थन

**संवाददाता।** फतेहपुर



**देश** के किसानों के समर्थन में राष्ट्रीय यादव संघ के जिला कार्यकरिणी की बैठक जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगलेश यादव ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया। बैठक में आंदोलनरत किसानो का समर्थन करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया। देश के किसानों को विकास की आधारशिला मानते हुए उनकी मांगों को स्वीकार कर सम्मान दिए जाने की मांग की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसान ठंडी में पिछले लगभग 12 दिनों से सड़को पर पड़े हुए है और उनकी मांगे नहीं स्वीकार की जा रही है। किसानों की मेहनत का कोई विकल्प नहीं है और न ही उसकी कोई कीमत है। बगैर खाद्यान्न निर्भरता के कोई देश विकास नहीं कर सकता है। दिल्ली की सीमा में शहीद हुए बुजुर्ग किसानों की दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए किसानों की मांगों को स्वीकार करने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह यादव ने भी उपस्थित किसानों को किसान महा आंदोलन के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष गुड्डू यादव, राम बरन यादव, जिला महासचिव धर्मेन्द्र यादव, अखिलेश यादव तथा मीडिया प्रभारी रमेश सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### हैण्डपम्प पर मिला युवक का शव

**संडीला (हरदोई)।** थाना अतरौली के अर्न्तगत् ग्राम पुवायां में हैण्डपम्प पर श्याम शुक्ला पुत्र पुतान शुक्ला का शव पड़ा हुआ पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार युवक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। अकसर वह इधर उधर घूमा करता था।

### बाइक व एक लाख रुपये न लाने पर विवाहिता को घर से निकाला

**संडीला (हरदोई)।** दहेज में बाइक और एक लाख रुपये न लाने पर एक विवाहिता को मारपीटकर घर से निकाल दिया गया। ग्राम सोम निवासी मोहसिना पुत्र रहमत अली ने रिपोर्ट लिखाते हुए कहा कि उसका विवाह पांच वर्ष पूर्व थाना कासिमपुर के अर्न्तगत् ग्राम सरेहरी निवासी जमील अहमद के साथ हुआ था। विवाह के बाद से कम दहेज लाने को लेकर उसका उत्पीड़न किया जा रहा था। बाद में ससुरालीजन ने एक लाख रुपये और मोटरसाइकिल लाने की बात की जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो उसे मारपीट कर दो पुत्रियों के साथ घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के विरुद्व रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### अर्द्धविक्षिप्त का शव मिला

**संडीला (हरदोई)।** ग्राम तिलोइयां कलां में एक अर्द्धविक्षिप्त व्यक्ति शव पड़ा हुआ पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी इजहार पुत्र मो इसरार के बाग में एक अज्ञात व्यक्ति जो काफी समय से नंगे पैर इधर उधर घूमा करता था। उसका शव पड़ा हुआ पाया गया। पुलिस ने सूचना मिलने पर उक्त व्यक्ति के शव को कब्जे मे लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया गयां मृतक के शव का शिनाख्त कराने का पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर आगे बढ़कर सहयोग की अपील

**बरेली ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी नें बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार नें सभी नागरिकों व संस्थानों से 07 दिसम्बर 2020 को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर आगे बढकर सहयोग की अपील की है। इस दिन झण्डे और कार फ्लैग खरीद करके सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में दान देकर भारत की जनता उन दिवंगत सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करती है, जिन्होने अपना जीवन देश की रक्षा के लिये बलिदान कर दिया तथा उन सेवारत व सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मान देती है, जो देश की रक्षा के लिये कठिन परिस्थितियों तथा दुर्गमत स्थल व जलवायु में सदैव तैनात रहते है। उन्होने कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में धन संग्रह करने के लिए जिला सैनिक कल्याण द्वारा जनपद के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों,शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक संस्थानों, स्थानीय निकायों, बैंकों, चिकित्सालयों, होटलों, छविग्रहों व सामान्य नागरिकों, को स्टीकर्स एवं कार फ्लैग भेजे जाते है। अतः इस अपील के माध्यम से सभी से अधिक से अधिक धनराशि स्वरुप देने का अग्रह किया जा रहा है।

### डीएम की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**बरेली ।** जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार की अध्यक्षता में राजस्वध्कर करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।इस अवसर पर जिलाधिकारी नें बताया कि गत वर्ष में सभी विभागों द्वारा एमाउण्ट इस समय ठीक नही है जिसे ठीक करना अत्यधिक आवश्यक है। उन्होने बताया कि इस समय वणिज्य कर में दवाइयों की गुणवत्ता अच्छी चल रही है जो कि अच्छी बात है परन्तु इसमें अभी और अधिक सुधार की आवश्यकता है। जिलाधिकारी नें बताया कि विद्युत विभाग की बिजली की अधिक शिकायतें आ रही हैं जो कि ठीक नही है इसे तुरन्त ठीक कराने के निर्देश दिये गये। उन्होनें मण्डी समिति के अधिकारी को उपस्थित ना पाकर उनके स्पष्टीकरण के निर्देश दिये।वाणिज्य कर इस समय बहुत पीछे चल रहा है जिसमें शीर्घ्र ही सुधार करने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी नें बताया कि परिवहन विभाग द्वारा इस समय 5.14 लाख रुपये की वसूली की गयी।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी नवाबगंज, उप जिलाधिकारी बहेड़ी, तहसीलदार सदर तथा अन्य विभागीय अधिकारी-गण उपस्थित रहे।

### अभाहिम ने किया महंत का स्वागत

**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी के नेतृत्व में तपस्वी नगर ढकोली में भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट से अयोध्या जा रहे कामदगिरि मंदिर के महंत स्वामी मदन दास का शंख ध्वनि करके स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष किशन मल्होत्रा, समाजसेवी अशोक तपस्वी, स्वामी रामाश्रय आर्य, अतुल दीक्षित, करण सिंह पटेल, बब्बू मिश्रा, सूबेदार आरके तिवारी, राजू पांडेय, राजेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## फतेहपुर में भारत बन्द का रहा मिला-जुला असर

**संवाददाात।** फतेहपुर



**किसान विरोधी** तीन बिलों के विरुद्ध भारत बंद के समर्थन में आज जिला शहर व फ्रंटल संगठनों ने जनपद में अलग-अलग स्थानों में धरना प्रदर्शन, ज्ञापन व गिरफ्तारी देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सुबह जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय को खागा सीओ ने हिरासत में लेकर प्रदर्शन में जाने से रोका। उन्हें डाक बंगले खागा में निरुद्ध कर दिया। फतेहपुर में शहर अध्यक्ष मोहसिन खान के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी, सेवादल, किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय से ट्रैक्टर व अन्य वाहनों से कलेक्ट्रेट जाकर धरना दिया। संवत ग्राम में उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी ने एक बड़ी किसान पंचायत का आयोजन कर किसान विरोधी बिलों के प्रति किसानों को जागरूक किया। आज के धरना प्रदर्शन में राजीव लोचन निषाद, अनुराग नारायण मिश्र, मनीष पटेल, वीरेंद्र सिंह चौहान, विकास मिश्रा, पंकज सिंह गौतम, चंद्र प्रकाश लोधी, उदित अवस्थी, संतोष कुमारी शुक्ला, अभिषेक कश्यप, नैज घोसी, आशुतोष पांडेय, विनय द्विवेदी, एड0 जितेंद्र द्विवेदी, अखिलेश यादव, मुन्ने खान, राजू सिंह, अशोक श्रीवास्तव, राजू मिश्रा, ऊदल यादव, मंसूर आलम आदि मौजूद रहे। किसानों के भारत बंद को सफल बनाने के हेतु जिला कांग्रेस सेवादल ने जयराम नगर जोनिहां रोड की मार्केट बंद कराई। इस उपलक्ष्य में मुख्त रूप से हरिओम शुक्ल, इस्माइल अहमद, विष्णु पांडेय, संदीप कुमार, अजय मिश्रा, सिद्धार्थ सिंह, रमजान शाह, मैफूज अहमद, धर्मेंद्र नैयर, अखिलेश मौर्या, मिंटू मिश्र, भोले ठाकुर आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार एनसीआरएमयू जिला इकाई ने रेल कर्मचारियों द्वारा किसान विरोधी नीतियों पर जमकर विरोध प्रकट किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विकास सिंह, मंडल संयुक्त मंत्री एवं नरेश यादव के नेतृत्व में विक्रम सिंह, अभय सिंह लोधी, रमेश सोनकर, राम मोहन, धर्मेंद्र यादव, बैजनाथ, गुरुप्रीत, कुलदीप, विजय पाल, सुशील कुमार, उमेश कुमार, राजेश कुमार, मनोज कुमार, पवन यादव, संजय पटेल, श्यामू, हरी लाल आदि रेल कर्मियों ने एकत्र होकर सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार मुर्दाबाद, किसान बिल वापस लो मजदूर का शोषण बंद करो कर्मचारियों की पुरानी पेंशन वापस दो व कई मुद्दों पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन की सूचना पाते ही थानाध्यक्ष ललौली पुलिस बल के साथ प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे व महिलाओं से वार्ता कर उनकी मांग को उच्च स्तर तक पहुँचाने का पूर्ण आश्वासन देते हुए महिलाओं को सडक से हटने की अपील किया। महिलायें सडक से हटकर थानाध्यक्ष के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कृषि बिल को शीघ्र अति शीघ्र वापस लिए जाने की पुरजोर मांग किया।

## विकास कार्यक्रमों की बैठक में जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**फतेहपुर।** विकास कार्यक्रमों की बैठक विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सिल्ट सफाई, विद्युत वसूली, सड़क, सेतु निर्माण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, कायाकल्प योजना, पंचायत भवन, अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण/शहरी, स्वंय सहायता समूह, मनरेगा, मुख्यमंत्री ग्राम्य योजना, पाइप पेय जल योजना, राशन कार्ड, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, मुख्यमंत्री सिंचाई, योजना, पेंशन, छात्रवृत्ति, कन्या सुमंगला योजना, ऑगनबाड़ी केन्द्र, कौशल विकास मिशन, उद्यान विभाग, श्रम मानधन योजना, खादी ग्रामोद्योग, सहकारिता, दुग्ध विकास आदि की बिन्दुओं की बिन्दुवार समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य 15 दिसम्बर तक खत्म हो जायेगा कराये गये कार्यो की सूची उपलब्ध के निर्देश दिये। अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि वसूली की भेजे गये बुकलेट में डाटा गलत भरा गया है जिसे आज ही ठीक कराये और माह अक्टूबर में आवेदन के सापेक्ष ऊर्जीकरण एवं रिजेक्ट की सूची उपलब्ध कराये।

पीडब्लूडी द्वारा 26 सड़कों के सापेक्ष 16 सड़के पूरी हो गयी है शेष सड़कों में तेजी लाकर समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाये। नौबस्ता गंगा सेतु हेतु धनराशि उपलब्ध है, के बावजूद कार्य में प्रगति न होने पर जिलाधिकारी कौशाम्बाी को पत्र लिखने के निर्देश अधि0अभि0 पीडब्ल्यूडी को दिये। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 7237 किसानों का सत्यापन जिला कृषि अधिकारी करायें यदि गांव में नहीं हैं तो रिपोर्ट लगायी जाये। सहभागिता योजनान्तर्गत 660 लोगो को गाय दी गयी है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी रूचि लेकर स्वंय सहायता समूहो को एवं किसानों को गाये दी जाये।

## किसान बिल का विरोध कर रहे सपाई एवं कांग्रेसी गिरफ्तार



**संडीला ( हरदोई )।** केन्द्र सरकार द्वारा पारित किये गये कृषि कानूनों का विरोध कर रहे सपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। केन्द्र सरकार के कृषि कानूनों का विरोध करते हुए सपा विधानसभा प्रभारी आर पी यादव समेत तमाम सपा नेताओं को पार्टी कार्यालय के बाहर निकलते ही गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरी ओर सपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य रजीउद्दीन, पूर्व एमएलसी अवध कुमार सिंह बागी, अमित अवस्थी, नगर अध्यक्ष अकील अंसारी, लवकुश यादव आदि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रजीउद्दीन ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार लोकतंत्र की हत्यारी है। किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठियां भांजी जा रही है। इस सरकार के कुशासन से समाज का हर वर्ग परेशान है। दूसरी ओर कांग्रेस कार्य कर्ताओं को प्रदर्शन करने जाने हेतु निकलते ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अंशू अवस्थी एडवोकेट ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित कृषि बिल पूर्ण रुप से किसानों के हितों और अधिकारों को समाप्त करने वाला है। यह किसानों को उनकी ही जमीन पर मजदूर बना देने वाला काला कानून है। जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं करेगी। सरकार चंद अपने उद्योग पति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए यह कानून लायी। जब किसान इन कानूनों का विरोध कर रहा है तो केन्द्र सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है ि कइस काले कानून को वापस नहीं ले रही है। कांग्रेसियों को गिरफ्तार करके अस्थायी जेल बनाये गये प्राथमिक विद्यालय जामू में ले जाया गया। अंशू अवस्थी के नरेन्द्र दीक्षित, मयंक दीक्षित, सुशांत मिश्रा, सूरज यादव, नंदराम, रामचरन समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी गिरफ्तारी दी।इसके अलावा भातरीय किसान यूनियन सावित्री गुट के जिलाध्यक्ष रफीक लम्बू भी किसानों के पक्ष में पदर्शन करने जा रहे थे तो पुलिस ने इमलियाबाग चौराहे पर उन्हें रोक लिया। काफी देर तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का मुक्की होती रही तथा कार्यकर्ता जमीन पर बैठ गये। बाद में एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन प्राप्त किया और प्रदर्शनकारी वापस चले गयें।

## किसानों को दबा रही सरकार:तौकीर

**संवाददाता।** बरेली

**मौलाना तौकीर** रजा खां ने भारत बंद का समर्थन कर दिया है। सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारो से बातचीत करते हुए मौलाना ने कहा कि केंद्र की सरकार ने किसानो को कमजोर कर मजदूर बनाने की कोशिश नये कानून बनाकर की है। उद्योगपति दोस्तो को खास फायदा पहुंचाने के लिए यह सब किया जा रहा है। उन्होंने कहा देश हित मे और अन्नदाता के हित मे कानून वापस लेना होगा। केंद्र सरकार अपनी जिद पर अड़ी है जो अन्नदाता के खिलाफ है। मौहल्ला सौदागरान स्थित अपने आवास पर इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस मे कहा कि नया कानून किसानो को कमजोर और मजदूर बना रहा है। चंद उद्योगपतियो को फायदा पहुंचाने के लिए यह किया जा रहा है। सरकार को देश हित मे कानून को वापस लेना ही होगा। किसानो के ऊपर हो रहे जुर्म को बर्दाश्त नही किया जाएगा। मंगलवार को भारत बंद मे आईएमसी का भी पूरा समर्थन रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानो के समर्थन को दबाने के लिए केंद्र, यूपी सरकार जबरदस्ती कर रही है। लोगो की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। मौलाना ने कहा कि आईएमसी ज्ञापन देते हुए बाजार बंद भी कराएगा। इस मौके पर डा नफीस खां, फरहान रजा खां आदि शामिल रहे। मौलाना तौकीर ने कहा कि सरकार ने किसानो के आंदोलन को पहले खालिस्तानी बताया फिर पाकिस्तानी बताया और विपक्षी पार्टियो की साजिश बताई। असल मे यह विपक्षी पार्टियो का नही बल्कि तमाम हिन्दुस्तानी का मसला है। जो इंसान रोटी खाता है वो किसान के इस आंदोलन का समर्थन कर रहा है। सरकार नजरबंद कर ले, गिरफ्तार कर जेल भेज दे हम पूरी तरह किसानो के समर्थन मे खड़े है। मौलाना ने कहा कि केंद्र सरकार 9 दिसंबर को किसान आंदोलन को लेकर बैठक कर रही है। 9 तक कोई फैसला सरकार ने किसान हित मे नहीं लिया तो आईएमसी की टीम भी किसानो के आंदोलन का समर्थन करते हुए धरने पर बैठेगी।

### साइबर अपराधी ने युवक के खाते से निकाले रूपये

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** साइबर अपराधी ने व्हाट्सएप से मैसेज भेज कर युवक के खाते संबंधी सभी जानकारी हासिल कर ली और खाते से 5 बार में दस हजार रूपये निकाल लिए। जब युवक को जानकारी हुई तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मुगलाई निवासी सलमान पुत्र मो0 अकरम का खाता नगर के मोहल्ला ललौली रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में है। पीड़ित के अनुसार एक युवक ने व्हाट्सएप में मैसेज कर खाता संबंधी कई जानकारी ले ली। जिसके बाद से साइबर अपराधी ने उसके खाते से 5 बार में दो-दो हजार रुपए निकालकर कुल दस हजार रूपये निकाल लिए। जब उसने मोबाइल में मैसेज देखा। तब खाते से रुपए निकालने की जानकारी हुई। जिसके चलते उसने इसकी सूचना पुलिस को दी है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# किसान आंदोलन से छूटा प्रशासन का पसीना

संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद



**किसानों** के आंदोलन से प्रशासन के छूटे पसीने आंदोलन रहा सफल। अधिकारियों को किसान यूनियन ने दिया ज्ञापन।

थाना व कस्बा नवाबगंज में आज भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भारी संख्या में एकत्र होकर किसानों के विरुद्ध सरकार के अपनाए जा रहे रवैया को लेकर उन्होंने नारेबाजी कर जुलूस निकालते हुए चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। जिसमें किसान यूनियन के सभी गुट आज एकजुट देखें। जिसमें भारी मात्रा में चौराहे पर पहुंचे। किसानों ने तहसीलदार कायमगंज प्रदीप कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद को सोहराब आलम को 6 सूत्री ज्ञापन सौंपा।

जिसमें किसानों की मांग थी की वह फंडिंग खेती सरकार की नीति के अनुसार नहीं करेंगे मंडी में फसल बेचने पर टैक्स ना लिया जाए तथा उनकी फसल को बिचौलियों द्वारा खरीदा जाए। किसानों ने बताया कि उनके धान रवि खरीफ की फसलों का समर्थन मूल्य उनको नहीं मिल पा रहा है। जब उनकी फसल तैयार होती है तो बिचौलिए खरीद लेते हैं। वह दामों पर किसानों के ट्रैक्टर चार चार दिन खड़े रहते हैं। लेकिन बिचौलियों का माल खरीदा जाता है जिसमें असरदार लोग तथा सरकारी गोदामों पर अपना माल बेचते हैं। किसानों को अपना हक नहीं मिल पा रहा जिसको पूंजी पतियों के चंगुल से छुड़ाया जाए तथा किसानों को अपना हक मिल सके। किसानों के ऊपर बिजली का बकाया बिल माफ किया जाए तथा बिजली विभाग द्वारा अवैध रूप से लोगों के काटे जा रहे कनेक्शन को रोका जाए तथा पूरे भारत में बिजली बिल न्यूनतम किया जाए। ऐसी ही कई मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य लक्ष्मी शंकर जोशी दूसरे किसान यूनियन कोट के जिला अध्यक्ष सत्यवान झा समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष नवरंग सिंह तथा युवजन सभा के पूर्व प्रदेश सचिव सुमित कुमार शाक्य अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ,रविंद्र सिंह यादव महमदपुर धनी ,यशवीर आर्य ने छात्र सभा के जिला अध्यक्ष शशांक यादव ,अखिल भारतीय छात्र सभा नीरज कुमार आदि काफी समाजवादियों ने किसानों के बात का समर्थन किया तथा वह उनके साथ बराबर डटे रहे।

# किसानों के समर्थन में आए भीम आर्मी नेताओं पर पुलिस ने भांजी लाठियां

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**किसान** यूनियन के आन्दोलन को समर्थन देनें के लिए पंहुचे भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष और पदाधिकारियों को पुलिस की पिटाई का सामान करना पड़ा। जिलाध्यक्ष नें पुलिस पर उसे जूतों से मारने का आरोप लगाया। पुलिस नें उन्हें हिरासत में भी ले लिया।

दरअसल नेकपुर पुल के निकट हाई-वे पर किसान यूनियन प्रदर्शन कर रही थी। जिसे भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष आशुतोष कठेरिया, पदाधिकारी सहजान मंसूरी, अखिल कठेरिया, लल्लन, अतुल वाल्मीकि व दिलीप आदि अपना समर्थन देनें पार्टी का नीला गमछा गले में डालकर पंहुचे। वह सभी किसान यूनियन के साथ धरने पर बैठे और जिलाध्यक्ष नें अपना भाषण भी दिया।

अचानक सीओ राजवीर और अन्य पुलिस कर्मियों नें उनके गले में पड़े गमछे उतार कर फेंक दिये। जब भीम आर्मी नेताओं नें इसका विरोध किया तो पुलिस नें उन्हें लाठी से पीट कर पास खड़ी कैदी बैन में बैठा दिया। सीओ नें उसके भीतर जाकर भीम आर्मी नेताओं की जमकर पिटाई कर दी। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नें आरोप लगाया कि सीओ नें उन्हें जूतों से पिटा है। जो बर्दास्त नही किया जायेगा। यह बात संगठन में ऊपर तक जायेगी।

किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष प्रभाकान्त मिश्रा नें कहा भीम आर्मी के नेता नीला गमछा डालकर अपना प्रचार कर रहे थे। उन्हें धरने में बैठने के लिए हरी टोपी पहननी चाहिए थी। सीओ राजवीर का कहना है कि किसानों के आंदोलन में अन्य किसी दल को रहने की अनुमति नही थी। जिसके चलते भीम आर्मी के पदाधिकारियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस नें उनके साथ मारपीट की।

## सपाइयों को रोका

**फर्रुखाबाद।** किसान यूनियन के प्रदर्शन को समर्थन देनें निकले सपानेताओं को पुलिस नें रास्ते में रोंककर वापस कर दिया। इसके बाद पुलिस उन्हें नजर बंद करे रही।

सपा के पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव, वरिष्ठ सपा नेता महेंद्र सिंह कटियार, बंटी यादव, शशांक सक्सेना, जीतू यादव, इलियास मंसूरी आदि नेकपुर पुल पर नारेबाजी करते पंहुचे। जहाँ उन्हें पुलिस नें रोंक दिया। पुलिस उन्हेंजबरन वापस ले आयी। जिसके बाद उन्हें नेकपुर कला की तरफ सड़क से उतार कर नीचे ले गयी। पुलिस नें सभी अलग-अलग गली से वापास भेजा। जिसके बाद उन्हें हाई-वे पर स्थित राइस मील में थानाध्यक्ष जहानगंज दिनेश गौतम के नेतृत्व में नजर बंद किये गये। दोपहर लगभग तीन बजे तक पुलिस उन्हें नजर बंद किये रही।

# सर्राफा की दुकान में लाखों की चोरी



संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद

**चोरों** ने शटर तोड़ कर नयी चांदी 350 किलो चांदी वही 800 ग्राम चांदी पुरानी 18 ग्राम सोना 40000 पार कर दिए। इससे पूर्व दुकानदार के साथ लूट भी हुई थी।

थाना के ग्राम सिरौली निवासी वीरेंद्र कुमार वर्मा की पुठरी गांव में सोने चांदी की दुकान है। रविवार शाम वह दुकान बंद कर कर अपने घर बाइक से जा रहे थे। मोहम्मदाबाद सिरोली रोड पर बंद पड़े भट्टे के सामने दो युवक ने उन्हें मोबाइल से बात करने के के बहाने जोकर उनसे झूला लूट लिया। मौके पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर दुकानदार के दुकान के ताले बदला दिए। लेकिन बीती रात चोरों ने शटर के ताले काटकर तिजोरी की चाबी मिलाकर उसमें 350 किलो चांदी पुरानी चांदी 800 ग्राम वही सोना 18 ग्राम 40000 रुपए तो भाई दुकान मालिक रामप्रकाश ने वीरेंद्र कुमार को टेलीफोन पर सूचना दी। बताया कि आप के ताले कट गए। वीरेंद्र कुमार दौड़ते हुए दुकान पर पहुंचे तब देखा तो उनके पैरों तले जमीन निकल गई। घटना की जानकारी पाकर प्रभारी थाना अध्यक्ष विनोद कुमार यादव हलका इंचार्ज हलका इंचार्ज विद्यासागर तिवारी को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। वीरेंद्र कुमार ने थाना पुलिस को 50.000 का नुकसान बताया।

# ज्ञापन देने तक ही सीमित रह गया किसानों का भारत बन्द

## विभिन्न राजनैतिक दलों के अलावा कई किसान संगठनों ने दिया था समर्थन

संवाददाता घाटमपुर



**कृषि** कानूनों को वापस लेने के साथ एमएसपी की गारंन्टी को लेकर किसानों द्वारा आज किये गये भारत बंन्द का घाटमपुर में कोई खास असर नही दिखा बाजारें और दुकाने आम दिनों की तरह खुली तथा यातायात भी सामान्य दिखा, यदपि किसानों के भारत बंन्द का कई राजनैतिक दलों ने बंन्द का समर्थन किया था लेकिन उनका बंन्द का असर ज्ञापन देने तक ही सीमित रहा। खेतिहर किसान मजदूर यूनियन के प्रांतीया अध्यक्ष हीरेन्द्र नाथ दीक्षित, कमल चतुर्वेदी, और जिला अध्यक्ष कानपुर नगर सतेन्द्र बाबू तिवारी तथा जिला महामंत्री अमरसिंह यादव की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोग किसान बिरोधी बिल वापस लेने और पराली जलाने के मामले में जुर्माना जैसी कार्यवाही बंन्द करने की कार्यवाही के बिरोध में नारेबाजी करते हुए कोतवाली पंहुचे और वहाँ मौजूद उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस मौके पर अशोक राजपूत और प्रमोद बाबा भी मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन ( अंम्बवता ) ने भी तीनो बिल वापस लेने के अलावा स्थानीय स्तर की कई समस्यों को लेकर दो अलग अलग ज्ञापन उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव को दिये। ज्ञापन देने वालों में महेश चंद्र कुशवाहा, आशिक मिस्त्री नगर अध्यक्ष, शमीम रजा उर्फ भोलू बादशाह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे, इसके पहले सभी लोग मूसानगर रोड पर इक्कठा हुए और नारेबाजी करते हुए कोतवाली पंहुचे। किसान यूनियन भानू गुट के प्रदेश महा सचिव इन्द्रजीत सिंह फौजी ने भी संगठन के लोगों के साथ ज्ञापन दिया। राजनैतिक दलों में समाज वादी पार्टी तथा काग्रेस पार्टी के लोगों ने भी आन्दोलन रत किसानों की माँगों का समर्थन करते हुए तीनों बिल वापस लेने की माँग की और महामहिम राष्ट्रपति को संवोधित ज्ञापन दिया। उधर बिपक्षी दलों द्वारा भारत बंन्द के समर्थन के चलते आज सुबह से पुलिस और पीएसी की गस्त नगर के प्रमुख स्थानों और राजनैतिक दलों के कार्यालयों के आस पास गस्त तेज रही।

# हाईटेंशन विद्युत लाइन के झूलते तार से हुई ग्रामीण की मौत

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद



**थाना** क्षेत्र कंपिल के गांव पुरौरी निवासी मुन्नालाल बाथम के 25 वर्षीय बेटे अनुराग बाथम की आज हाईटेंशन विद्युत लाइन के झूलते तार छूने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक अपने पीछे रोती बिलखती पत्नी रीला तथा दो मासूम बेटियों व एक अबोध बेटे को छोड़कर हमेशा के लिए इस दुनिया से चला गया। मिली जानकारी के अनुसार अनुराग जानवरों के लिए अपनी पत्नी के साथ चारा लेने खेतों की ओर गया था। चारे का गट्ठर सर पर रख कर जब वह घर की ओर आ रहा था। उसी समय विद्युत लाइन के झूलते हुए तार की चपेट में आ गया। विद्युत प्रवाह के कारण पलक झपकते ही झुलस कर उसकी मौत हो गई।आस.पड़ोस खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने उसकी पत्नी की चीख.पुकार सुनकर किसी तरह विद्युत प्रवाह बंद कराया और एंबुलेंस 108 को सूचित किया। किंतु एंबुलेंस के विलंब होने पर गांव वाले अनुराग को अपने वाहन से लेकर कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस समाचार लिखे जाने तक शव का पंचनामा भरने की तैयारी कर रही थी

ग्रामीणों ने बताया कि इस झूलते हुए तार को सही कराने के लिए विद्युत विभाग से कई बार अनुरोध किया गया। किंतु इस ओर ध्यान न देने के कारण ही आज एक गरीब कृषक की दुखद मौत हो गई।इनसैटऋ थाना क्षेत्र कंपिल के गांव पुरौरी निवासी अनुराग बाथम की हाईटेंशन विद्युत लाइन के झूलते तार से हुई मृत्यु पर जब उसका शव कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा हुआ था। उस समय उप जिलाधिकारी सुनील कुमार यादव तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह गौर वहां पहुंचे तो परिजनों ने हंगामा काटते हुए नकद मुआवजे की मांग कीए एसडीएम ने सहायक अभियंता विद्युत विभाग दिलीप कुमार को मौके पर बुलवाया। काफी समझाने बुझाने के बाद मृतक के परिजन एसडीओ विद्युत द्वारा दिए गए ?20हजार नकद लेने को राजी हो गए। इसके उपरांत प्रशासनिक अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि बे हर संभव प्रयास कर मृतक के आश्रित को 50 लाख रुपया कृषक दुर्घटना बीमा का दिलाने हेतु प्रयास करेंगे।इस पर मृतक के घरवाले मान गए।

## दुर्घटना में घायल ग्रामीण की उपचार के दौराम मौत

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** बाइक और स्कूटी में 4 दिन पहले भिड़ंत हुई थी जिसमें हरबंश ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए थे सीएससी नवाबगंज में भर्ती कराया गया था जहाँ से लोहिया रिफर कर दिया गया तबियत बिगड़ने पर आगरा और बहा से जयपुर रिफर किया गया जहाँ पर इलाज के दौरान म्रत्यु हो गई। हरबंश ठाकुर उर्फ डब्लू नवाबगंज बस अड्डा के पास से तेज रफ्तार से आ रही बाइक वाले ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी जिसमें हरबंस ठाकुर उर्फ डब्ल्यू पुत्र बादाम सिंह निवासी पुठरी जो अपने गांव से किसी काम से नवाबगंज जा रहे थे हरवंश ठाकुर उर्फ डब्लू के दो बच्चे है वही पत्नी और बड़े भाई रघुवंश का रो रो कर बुरा हाल है

## सपा जिला अध्यक्ष व पूर्व सपा विधायक को पुलिस ने किया नजरबंद

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** भारत बंद को सफल बनाने के लिए कायमगंज नगर की दुकानें एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कराने के लिए सपा जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी नदीम अहमद फारूकी कायमगंज के मोहल्ला चिलौली पठान स्थित अपने एक पार्टी कार्यकर्ता के आवास पर पहुंचकर बंदी की रणनीति बनाने का प्रयास कर रहे थे।उसी समय सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने उन्हें बाहर न निकलने की सख्त हिदायत देते हुए। उसी घर में नजर बंद कर दिया। जबकि समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अजीत कठेरिया को कायमगंज बाजार पहुंचने से पहले ही उनके गांव जौंरा बाले पैतृक आवास पर ही नजरबंद करके बाहर निकलने के रास्ते बंद कर दिए।

# 56 धान केंद्रों पर हुई किसानों से खरीद

संवाददाता। कानपुर देहात

**जनपद** में खरीफ विपणन वर्ष 2020.21 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद 15 अक्टूबरए 2020 से प्रारम्भ है एवं 28 फरवरीए 2021 तक धान की खरीद की जायेगी। वर्ष 2020.21 में धान का समर्थन मूल्य धान कामन रू0 1868 व धान ग्रेड ए् का मूल्य 1888 प्रति कुन्तल निर्धारित है। जनपद की विभिन्न तहसीलों में 08 क्रय एजेन्सियों के 56 क्रय केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीद करायी जा रही है। क्रय एजेन्सी. खाद्य विभाग के 08 क्रय केन्द्रों पर 11341,802 मीटन की धान खरीद 2277 कृषकों सेए पीसीएफके 11 क्रय केन्द्रों पर 4582,02 मी0टन की खरीद 1047 किसानों सेए यूपीएग्रो के 2 क्रय केन्द्रों पर 541,74 मी.टन की खदीद 120 कृषकों सेए एनसीसीएफ के 8 क्रय केन्द्रों पर 1833,968 मीटन 345 कृषकों से नैफेड के 5 क्रय केन्द्रो पर 1407,669 मीटन 298 कृषकों से, पीसीयू के 12 क्रय केन्द्रों पर 4250 971 मीटन 838 किसानों सेए यूपीएसएस के 9 क्रय केन्द्रों पर 306372 मीटन 510 किसानों से तथा भारतीय खाद्य निगम के 01 क्रय केन्द्र पर 30688 मीटन 76 किसानों सेए कुल 56 धान क्रय केन्द्रों पर 2732877 मीटन की धान खरीद की गयी है जिसमें 5511 कृषक लाभान्वित हो चुके हैं।उपरोक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एक धान क्रय केन्द्र पर एक दिन में एक किसान से 75 कुन्तल धान अधिकतम खरीदे जाने के निर्देश प्राप्त हैं। यदि उस किसान का धान 75 कुन्तल से अधिक होए तो उसे एक सप्ताह बाद की तिथि का टोकन देकर खरीद करायी जायेगी।

## टेंपो बाइक भिड़ंत में दो गंभीर घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** टैम्पो व वाइक की भिंडत मेंदो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये।दोनों घायलों को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से दीपक को प्रथम उपचार के बाद लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। जनपद कासगंज थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव बड़ौला निवासी भीकम पुत्र राम भरोसे टेंपो में सवार होकर सिवारा कंपिल मार्ग पर कंपिल आने के लिए आ रहा था। उधर विपरीत दिशा से कंपिल थाना क्षेत्र के गांव बहबलपुर निवासी दीपक अपनी बाइक से आ रहा था। दोनों वाहन आमने सामने टकरा गए। दुर्घटना में भीकम व दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। दीपक के पैर में फैक्चर होने के साथ ही अन्य अंगों पर चोटे आई हैं।वही भीकम के मुंह तथा सिर व आदि अंगों पर गहरे घाव के साथ जख्म हो गए। दोनों घायलों को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से दीपक को प्रथम उपचार के बाद लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

## डीएम व एसपी दिन भर लेते रहे जायजा

**कानपुर देहात।** किसानों के भारत बन्द आन्दोलन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चैधरी ने जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ पैदल चलकर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी भी अराजक तत्व द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था को भंग करने का प्रयास किया जाये तो तुरन्त उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन जिन संवेदनशील क्षेत्रों में अधिकारियों की ड्यिटी लगायी गयी है वह निरन्तर भ्रमणशील रहकर क्षेत्रों का जायजा लेते रहे और शांति व्यवस्था बनाये रखे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपद के भोगनीपुरए पुखरायांए सिकन्दराए अमरौधाए डेरापुरए रसूलाबादए मैथाए अकबरपुरए झींझकए मंगलपुर सहित अन्य स्थलों का भ्रमणशील रहकर शांति व्यवस्था का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने चैराहों पर अतिक्रमण के दृष्टिगत संबंधी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि चैराहों पर अतिक्रमण को हटवाया जाये जिससे आवागमन बाधित न हो। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड.19 के चलते सभी लोग मास्क अवश्य लगाये व सोशल डिस्टसिंग का पालन अवश्य कराया जाये। इस दौरान उपजिलाधिकारी भोगनीपुर दीपाली भार्गव सहित अन्य अधिकारीगण व पुलिस फोर्स आदि उपस्थित रहे।

### संविदा हेतु करें आवेदन

**कानपुर देहात।** प्रिवहन आयुक्त के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिला जजध्पीठासीन अधिकारीए मोटर दुर्घटना दावाए अधिकरण जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि सेवा निवृत्त कार्मिकों में से सहायक लिपिक के पद पर संविदा पर चयनित किये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। सेवा निवृत्त कार्मिक को संविदा के रूप् में मिलने वाली राशि संबंधी कार्मिक के अन्तिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेंशन ;राशिकरण के पूर्व यदि कोई होद्धए को घटाने पर प्राप्त होने वाली राशि के बराबर मानदेय अनुमन्य होगा।

## प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष के भाई की मार्ग दुर्घटना में मौत

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** बीती रात एक विवाह समारोह में शामिल होंने आये प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक के भाई की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी। पुलिस नें शव को लोहिया अस्पताल भेज दिया।

थाना राजेपुर के ग्राम कुईयां के मूल निवासी शिक्षक नेता भूपेश पाठक व अधिवक्ता राजेश पाठक के बड़े भाई 49 वर्षीय देवेश पाठक पूर्व माध्यमिक वि।ालय तुषार में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे। बीती रात वह मनीष की पुत्री सपना के विवाह समारोह में शामिल होनें के लिए अमृतपुर के गाँव राजपुर आये थे। बारात के दौरान देवेश सड़क की दूसरी तरफ पेशाब करने के लिए गये, उसी दौरान जरीयनपुर की तरफ से आये तेज रफ्तार ट्रक नें उन्हें कुचल दिया। घटना की जानकारी होनें पर पुलिस नें उन्हें रात में ही लोहिया अस्पताल में पंहुचा। जहाँ उनकी मौत की पुष्टि चिकित्सकों नें कर दी। परिजनों में कोहराम मच गया।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर 737 गोल्डन कार्ड बनाए गए

संवाददाता। कानपुर देहात

**आयुष्मान** भारत योजनाए भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पाँच लाख रूपये तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पाँच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारीध्प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलताध्धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में आज 737 गोल्डेन काडे बनाये गये हैस उक्त प्रगति जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारीए तहसीलदारए खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है।

### कैम्प का आयोजन आज

**कानपुर देहात।** जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थानों ;प्राथमिक पाठशालाए उच्च प्राथमिक पाठशालाए हाईस्कूलए इण्टर मीडिएटए महाविद्यालयए आई0टी0आई0ए टेक्निकल कालेज आदि को जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने बताया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित प्री.मैट्रिकए पोस्ट मैट्रिक तथा मेरिट.कम.मीन्स छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर जनपद की समस्त शिक्षण संस्थानों को केवाईसी की कार्यवाही की जानी है। जिसके सम्बन्ध में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बी0आर0सी0 स्तर पर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें झींझक व रसूलाबाद विकास खण्ड में 10 व 11 दिसम्बर को कैम्प का आयोजन होगा।

### धारदार हथियार से युवक की हत्या

**घाटमपुर।** बीती रात थाना सजेती के गांव बाध में रामप्रकाश उर्फदीपू ( 38 ) पुत्र ओमप्रकाश दीक्षित नामक एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयीं, युवक का रक्त रंजित शव आज सबेरे गांव के परिषदीय स्कूल के पीछे पड़ा मिला, सूचना पर पंहुचे थाना प्रभारी अमित मिश्रा शव को कब्जे में लेकर घटना के बावत परिजनों से पूछतांछ की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि बीती शांम गांव की ही एक ब्यक्ति उसे दावत खाने की बात कर लिवा ले गया था। और आज सवेरे उसकी लाश मिली है। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर याव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है।

## आलू के दामों ने फिर पकड़ी रफ्तार, 400 रुपये कुंतल बढ़े दाम

**फर्रुखाबाद।** मंगलवार आलू मंहगाई के दो पायदान और ऊपर चला गया। 400 रूपये कुंतल दामों में बढोत्तरी होनें से किसान के चेहरे पर मुस्कान लौटी। दरअसल बीते दिनों आलू के कीमतों में काफी उछाल के चलते किसानों नें तेजी से अपना आलू खोदकर मंडी में बिक्री किया। जिससे आलू के दाम अर्श से एक दम फर्श पर आ गये। दाम कम होनें से किसानों नें फिर आलू खेतों में रोंक दिया। जिससे आवक कम होनें से आलू की फिर ऊपर उठनें लगी। बीते दिन आलू के दाम 500 से 600 रुपये कुंतल पर बढ़े थे। वहीं मंगलवार को सुबह सातनपुर आलू मंडी खुलते ही आलू के दाम 400 रूपये कुंतल पर बढ़ गये। जिससे 50 किलो का बोरे पर 200 रूपये की बढ़ोत्तरी हुई। पैकेट 1100 रूपये से 1225 रूपये पैकेट बिका। आलू आढती विकास दुबे और अरविन्द राजपूत नें बताया कि आलू की आवक लगभग 45 से 50 ट्रक है।

# भारत बंद बेअसर ज्यादातर प्रतिष्ठान रहे बंद, सभी जगह आवाजाही रही चालू

संवाददाता। हमीरपुर

**आज** भारत बंद का असर जिले में नही रहा ज्यादातर व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले रहे। जनपद में यहां भारत बंद का कोई असर नहीं दिख रहा है। सुबह से बाजार गुलजार हो गया, वहीं हाइवे में भारी वाहन दौड़ते रहे। रोडवेज की बसें भी हर रूट पर चल रही है। सार्वजनिक स्थानों और सब्जी मंडी में भी चहलपहल देखी जा रही है। हालांकि प्रशासन ने बंद को देखते हुये सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये है।किसानों के समर्थन में मंगलवार को समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दलों ने भारत बंद का करने का फैसला किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक एसके सिंह ने बताया कि हाइवे में भी ट्रकों की आवाजाही पर कोई असर नहीं पड़ा। बस स्टैण्ड से रोडवेज की बसें सवारियां लेकर कानपुर, राठ, और महोबा की ओर निकली। जबकि डग्गामार वाहन भी सवारियों को ले जाते देखे गये। यहां बाजार में व्यापारिक दुकानें खुल गयी है। सब्जी मंडी में भी तमाम किसान सब्जी लेकर बेचने आये है। सब्जी मंडी में खरीददारों की भी भीड़ उमड़ी है। जिले के मौदहा, कुरारा, सुमेरपुर और मुस्करा क्षेत्र में भी भारत बंद का बेअसर देखा जा रहा है। क्षेत्र के आसपास के तमाम गांवों के किसान भी अनाज और मूंगफली बेचने यहां सब्जी मंडी आये है। कुल मिलाकर देखा जाये तो हमीरपुर में भारत बंद का आन्दोलन हवा हवाई साबित हो रहा है।अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में भारत बंद पूरी तरह से बेअसर है। हर जगह दुकानें खुली है। बाजार में भी रौनक है। फिर भी सुरक्षा के मद्देनजर कड़े इंतजाम किये गये है। उन्होंने बताया कि मौदहा और राठ में एक-एक प्लाटून पीएसी लगायी गयी है। सभी सीओ और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है। पीआरवी की गाडियां भी भ्रमण पर है। सदर कोतवाली में सुरक्षा के बड़े प्रबंध किये गये है। रिजर्व में भी जवानों की ड्यूटी लगायी गयी है। भारत बंद को देखते हुये मजिस्ट्रेटों की भी ड्यूटी लगायी गयी है।

राठ। राठ में किसान बिल के विरोध में भारत बंद का राठ में कोई खास असर नहीं देखा गया। राजनैतिक दलों और कस्बे के व्यापारिक संगठनों को यहां के दुकानदारों ने ठेंगा दिखा दिया। जिसके कारण प्रतिदिन की भांति बाजार में दुकानें खुली रहीं। लेकिन भारत बंद को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बाजार न पहुंचने से यहां रौनक गायब रही। प्रतिदिन की तरह दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहे। इस बीच सपा नेता सत्यपाल यादव, दानिश खान, हरचरन फौजी कार्यकर्ताओं सहित भारत बंद के समर्थन में दुकानें बंद करने के लिये व्यापारियों से आवाहान करते रहे। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने भी अंबेडकर चौराहे पर केंद्र सरकार के किसान बिल के विरोध प्रदर्शन करते हुये नारेबाजी की। चौराहे स्थित डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इसी बीच पहुंची पुलिस को देख कार्यकर्ता तितर बितर हो गये। वहीं कौंग्रेस नेता गोविंद अहिरवार के नेतृत्व में शाकिल अहमद, लतीफउल्ला, दुष्यंत राजपूत सहित करीब एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने सड़क पर नारेबाजी करते हुये किसान बिल के विरोध में प्रदर्शन किया।

# ईट-भट्ठों में प्रभावी होगा मिशन शक्ति तहसीलदार व दारोगा को दी जिम्मेदारी

संवाददाता। हमीरपुर

**शासन** ने पहली मर्तवा ईट भट्ठों में मिशन शक्ति लागू कर कहा है कि किसी भी भट्ठे में अवैध शराब व अंधेरा नही रहेगा ताकि किसी महिला के साथ छेडछाड़ की घटनाएं न होने पाये इसके लिये हरेक तहसील में तहसीलदार व संबंधित थाने को निरीक्षक को लिखित जिम्मेदारी दी गयी है.

श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि जिले में 26 ईट भट्ठे संचालित है जिसमे 14 भट्ठे तो मौदहा क्षेत्र में है, एक भट्ठे में कम से कम पंद्रह से ज्यादा महिलाएं काम करती है, जिसमें आय दिन छेड़छाड़ की घटनाएं प्रकाश में आती रहती है। शासन ने कहा है कि भट्ठे में जहां मजदूर व महिला मजदूर निवास करते है वहा पर अंधेरा नही रहेगा प्रकाश करने की जिम्मेदारी ईट भट्ठा मालिक की होगी। यही नही कई भट्ठों में देखा जाता है कि अवैध शराब बनायी जाती है वहा पर पीने के बाद महिला मजदूरों के साथ अभद्रता व छेड़छाड़ की जाती है अब भट्ठों में महिला मजदूरों के साथ किसी भी घटना को रोकने की जिम्मेदारी वहा के संबंधित तहसीलदार व कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक की होगी। शासन ने कहा है कि महीने में कम से कम दो मर्तवा दोनो अधिकारी भट्ठे में जाकर निरीक्षण कर वहा की महिला मजदूरो से वार्ता कर उनकी परेशानी से अवगत होगे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि इस मामले की जानकारी दो दिन पहले प्रत्येक तहसीलदार व कोतवाली प्रभारी को दे दी गयी है। रिपोर्ट आने के बाद वह शासन को अवगत करायेगे। जिलाधिकारी डा. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण कुमार तिवारी को इस मामले का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। शासन के इस फैसले से महिला मजदूरों मे खुशी व्याप्त है।

## क्विक न्यूज

### नीलगाय की टक्कर से प्रधान पुत्र की मृत्यु

**राठ(हमीरपुर)।** बीती रात नौरंगा-मझगवां मार्ग पर अचानक सड़क पर नीलगाय आ जाने पर बाइक सवार प्रधानपति का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मझगवां थाना क्षेत्र के लिधौरा गांव निवासी प्रधानपति रामप्रकाश सिंह ने बताया कि उसका 32 वर्षीय पुत्र अखंड प्रताप सिंह सोमवार को राठ खरीददारी करने के लिये बाइक से आया था। रात करीब 9 बजे उसका पुत्र बाइक से गांव लौट रहा था। तभी नौरंगा-मझगवां मार्ग पर अचनाक एक नीलगाय आ गई और बाइक से टकरा गई। जिससे उसका पुत्र बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि आनन फानन में उसे सीएचसी नौरंगा ले गये। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने झांसी रिफर कर दिया। रास्ते में उसके पुत्र ने दम तोड़ दिया। पिता ने बताया कि उसका पुत्र खेती करता था। मृतक अपने पीछे एक 5 वर्षीय पुत्र हार्दिक छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी सोनम और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### गश खाकर गिरने से अधेड़ की मृत्यु

**राठ(हमीरपुर)।** उरई बस स्टैंड के पास एक अधेड़ चक्कर खाकर सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल अधेड़ को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जरिया थाना क्षेत्र के चंडौत गांव निवासी नवलकिशोर (50) उरई बस स्टैंड पर गांव जाने के लिये आपे का इंतजार कर रहा था। तभी अचानक अधेड़ चक्कर खाकर सड़क पर गिर पड़ा। अधेड़ को सड़क पर बेहोशी की हालत में देख वहां खड़े लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मियों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र चमन ने बताया कि उसके पिता सोमवार को गुलाब नगर मोहल्ला निवासी मामा केशव पांचाल के यहा तेहरवीं संस्कार में शामिल होने के लिये आये थे। मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे उसके पिता उरई बस स्टैंड के पास गांव जाने के लिये आपे का इंतजार कर रहे थे। आरोप लगाया कि तभी अज्ञात वाहन ने उन्हे टक्कर मार घायल कर दिया। जिससे उसके चेहरे में चोटें आईं है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा कस्बा के मनकी तिराहे के आगे खरौंज मोड़ के पास दो बाइके टकराने से चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गये जिसमे एक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं तीन लोंगो का इलाज कुरारा में किया जा रहा है। कुरारा निवासी अनूप सिंह दोपहर में बाइक से अपनी बहन बबली व उसके दो बच्चे माही व कान्हा को लेकर मूसानगर जा रहा था। जब यह लोग मनकी तिराहे के आगे खरौंज मोड़ के पास पहुचे तो शिवनी तरफसे कुरारा आ रहे बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दिया। जिससे चारो बाइक सवार सड़क पर गिर कर गंम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी । पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाये। वही अनूप को गंभीर चोट होने पर जिला अस्पताल भेजा है। दोनों बाइक को थाने में खड़ा कराया है। अभी किसी के खिलाफतहरीर नही दी गई है।

### एटीएम के बीस लाख रुपये समेत आरोपी दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर निरीक्षक क्राइम रामआसरे यादव व कोतवाल कर्वी अरुण पाठक की टीम ने एटीएम मशीनों से बीस लाख रुपयों का गबन करने वाले विकास पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी ईडब्ल्यूएस 474 जरौली फेस टू थाना बर्रा जिला कानपुर मूल निवासी मांझा चांदपुर जिला फतेहपुर को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। ज्ञात है कि कोतवाली कर्वी में 23 नवम्बर को ब्रांच मैनेजर सीएमएस इनफो सिस्टम प्रालि विष्णुपुरी नवाबगंज कानपुर के मनीष दीक्षित ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई थी कि बैंक के कुछ कर्मियों ने कूटरचित ढंग से एटीएम के 70 लाख 30 हजार रुपये गबन कर लिए हैं। कोतवाली में मामला दर्ज होने के बाद कोतवाल अरुण पाठक व क्राइम निरीक्षक रामआसरे यादव की अगुवाई में टीमों ने आरोपी विकास पुत्र चन्द्रभान सिंह को गिरफ्तार कर बीस लाख रुपया बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी विकास सिंह ने बताया कि उसने अपने साथ प्रदीप पाण्डेय पुत्र रामसुमेर निवासी खरियोना थाना कुमारगंज जिला अयोध्या के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। टीम में दरोगा राधाकृष्ण तिवारी, दरोगा आनन्द कुमार मिश्र, सिपाही आकाश सिंह व मयंक तिवारी शामिल रहे।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस बल ने कायम रखी शान्ति व्यवस्था

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने मंगलवार को ट्राफिक चौराहा, पुरानी बाजार, शंकर बाजार, गल्लामंडी आदि विभिन्न चौराहों का भ्रमण कर कानून व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था का जायजा लिया। मंगलवार को डीएम-एसपी ने भारत बन्द दौरान जिले की कानून व्यवस्था को लेकर शहर के चौराहों का भ्रमण किया। कानून व्यवस्था को लेकर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपनी-अपनी ड्यूटी स्थल पर तैनात रहकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखें। कहीं कोई समस्या होने पर उन्हें तत्काल सूचना दें। जिलाधिकारी ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी को नहीं करने दिया जायेगा। कानून व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। एडीएम जीपी सिंह, एसडीएम सदर रामप्रकाश, सीओ सिटी रजनीश यादव आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### हमलावरों ने महिला को चाकू से किया लहूलुहान

**रामपुरा (जालौन)।** मामूली विवाद के चलते गांव के दबंगों ने महिला को चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया। घायल महिला व उसके परिजनों ने मंगलवार को रामपुरा थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि पीड़िता रामदेवी पत्नी प्रेमसागर मल्लाहनपुरा निवासी है। पीड़िता ने शिकायती पत्र देकर बताया कि मंगलवार की सुबह मैं और मेरे पति के बड़े भाई अपने खेत से वापस लौट रहे थे तो रास्ते में ग्राम पंचायत के पास अमर सिंह निषाद मिल गया जो मिलते ही गाली देने लगा। इसी बीच उसका भाई राधेश्याम निषाद व भरत निषाद का पुत्र रामगोपाल निषाद भी आ गया और गाली गलौज करते हुए रामगोपाल निषाद ने चाकू से जेठ के ऊपर हमला करना चाहा तो प्रार्थनी बीच मे आ गयी जिससे चाकू प्रार्थनी के बाएं हाथ पर लग गया। तीनों ने मिलकर गाली गलौच करते हुए जान से मारने व घर मे आग लगाने की धमकी दी है। पीड़िता का कहना है कि तीनों भाई दबंग किस्म के व्यक्ति है कोई भी अनहोनी की घटना घट सकती है।

### ओवरटेक के चक्कर में दो ट्रक टकराए

**जालौन (उरई)।** कोंच मार्ग पर ओवरटेक करने के चक्कर में दो ट्रकों में टक्कर हो गई। घायल ट्रक चालक ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। तालकपुरा देलहीगेट अलीगढ़ निवासी अख्तर पुत्र चांद खां ने बताया कि वह कोंच की ओर से आ रहे थे। ओवरटेक करते समय उदोतपुरा के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से चालक घायल हो गया।

### अराजकतत्वों ने अम्बेडकर प्रतिमा की क्षतिग्रस्त

**कोंच(जालौन)।** नदीगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिकरी बुजुर्ग में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा (हाँथ) को सोमवार की रात कुछ अराजकतत्वों द्वारा छतिग्रस्त कर माहौल खराब करने की कोशिश की गयी। ग्रामीणों ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त देख थाना पुलिस सहित एसडीएम अशोक कुमार व सीओ राहुल पांडेय को मामले की सूचना दी। एसडीएम व सीओ ने मौके पर पहुंचकर प्रतिमा सही कराये जाने का आश्वासन आक्रोशित ग्रामीणों को दिया।

# नागपुर की तर्ज पर होगी सब्जी की संरक्षित खेती

**बांदा।** चित्रकूटधाम मंडल में अब नागपुर की तर्ज पर अत्याधुनिक संरक्षित सब्जी खेती होगी। चारो जिलों में इस वर्ष 28 हजार वर्ग मीटर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संरक्षित खेती में टमाटर शिमला मिर्च बंद गोभी खीरा आदि तैयार होंगे। इनमें पैदावार भी करीब तीन गुना ज्यादा होगी। उद्यान विभाग उद्यान अनुदान पर करीब 71.34 लाख रुपये खर्च करेगा।

बुंदेलखंड में बिना सीजन वाली सब्जियां ज्यादातर नागपुर कानपुर व नासिक से आती हैं। इससे यहां बेहद महंगी बिकती हैं। अब इसका फायदा सीधे बुंदेली किसान उठाएंगे। इससे उनकी आय भी दोगुनी होगी और लोगों को आसानी से कम मूल्य में शुद्ध व जैविक सब्जियां भी उपलब्ध होंगी। औद्यानिक मिशन योजना के तहत शासन ने मंडल के चारों जिलों में संरक्षित खेती का लक्ष्य निर्धारित किया है। यहां 28 हजार वर्ग मीटर में तकनीक पर आधारित सब्जी की खेती होगी। हमीरपुर जिले में आठ हजार वर्ग मीटर में 19.76 लाख अनुदान पर खर्च होंगे। चार हजार वर्ग मीटर में मिनी ट्यूबलर स्ट्रेक्चर का निर्माण होगा। अनुदान पर 16.88 लाख खर्च होंगे। चार हजार मीटर में ट्यूबलर स्ट्रेक्चर निर्माण में अनुदान पर 2.88 लाख रुपये खर्च होंगे। ऐसे ही महोबा जिला में 10 हजार वर्ग मीटर में संरक्षित खेती होगी। यहां मिनी ट्यूबलर स्ट्रेक्चर (ग्रीन हाउस) चार हजार वर्ग मीटर में बनेगा। 4.68 लाख रुपये अनुदान पर खर्च होंगे। इतनी ही लागत सब्जी उत्पादक को लगाना होगा। चार हजार वर्ग मीटर ट्यूबलर स्ट्रेक्टर निर्माण पर 16.88 लाख तथा प्लास्टिक मैटेरियल पर पांच हजार वर्ग मीटर में 3.5 लाख रुपये अनुदान पर खर्च होंगे। ऐसे ही बांदा जिले में चार हजार वर्ग मीटर में संरक्षित खेती होगी। यहां मिनी ट्यूबलर स्ट्रेक्चर (ग्रीन हाउस) चार हजार वर्ग मीटर में बनेगा। 10.30 लाख रुपये अनुदान पर खर्च होंगे। इतनी ही लागत सब्जी उत्पादक को लगाना होगा। दो हजार वर्ग मीटर ट्यूबलर स्ट्रेक्टर निर्माण पर 8.98 लाख तथा प्लास्टिक मैटेरियल पर दो हजार वर्ग मीटर में 1.40 लाख रुपये अनुदान पर खर्च होंगे।

# प्रदर्शन के जाम में फंसी रही एंबुलेंस, तड़पती रही प्रसूता

**बांदा।** किसान आंदोलन के समर्थन में सपा के प्रदर्शन ने शहर व ग्रामीण इलाके में आमजन को बेहाल किया। अन्नदाताओं की मांगों को लेकर सड़क पर उतरे सपाइयों के जुलूस के चलते कई जगह जाम लग गया। अतर्रा ओरन के साथ ही शहर में भी इसका नजारा आम हुआ। ओरन में जाम के झाम में एंबुलेंस फंस गई। प्रसूता जहां तड़पती रही वहीं तीमारदार बेहाल हो गए। जरूरी काम और खरीदारी को निकले लोग बिलबिला गए। सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना महिलाओं और बच्चों को करना पड़ा। हालांकि पुलिस की चौकस नाकेबंदी भी काम नहीं आई। कुछ जगहों पर पुलिस कार्यकर्ताओं के पीछे.पीछे दौड़ती नजर आई। सपा पदाधिकारियों ने उन्हें जमकर छकाया।

शहर के अशोक लाट तिराहे में क्योटरा की ओर से आए जुलूस को रोकने के लिए पुलिस ने अशोक लाट तिराहा के पास चौकसी बरतते हुए बैरीकेडिग का सहारा लिया। इस दौरान लगभग दो घंटे तक जाम से लोग हलाकान रहे। संवाद सहयोगी अतर्रा के अनुसार गंगेही मार्ग के पास सपा के प्रदर्शन से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आधाघंटा जाम जैसी स्थिति रही। बाद में पुलिस की सक्रियता से स्थिति सामान्य हो गई।

# बुंदेलखंड के लिए वरदान साबित हो सकती है एकीकृत कृषि प्रणाली

**बांदा।** बुंदेलखंड परिक्षेत्र के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली वरदान बन सकती है। इसे क्षेत्रानुकूल विकसित किया जा रहा है जिसमें कृषि वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। यह बातें प्रदेश सरकार के कृषि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अपर मुख्य सचिव डॉण् देवेश चतुर्वेदी ने कहीं। वह कृषि विश्वविद्यालय मे चल रहीं गतिविधियों परियोजनाओं तथा इन्हें संचालित करने में आ रही कठिनाइयों की समीक्षा करने एक दिवसीय भ्रमण पर आए थे।

अपर मुख्य सचिव ने भ्रमण के दौरान कहा कि कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों की ओर से विकसित उद्यम बुंदेलखंड की पहचान बनेंगे। बुंदेलखंड के किसानों के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त के बीज प्राप्त हो सकें इसके लिये कृषि प्रक्षेत्र को विकसित किया जाना जरूरी है। इसके लिए सरकार से समय.समय पर धन उपलब्ध कराया जाएगा। एकीकृत कृषि प्रणाली को विकसित किया जाए। जैविक खेती को बढ़ावा देने को एकीकृत कृषि प्रणाली एक सफल प्रयोग साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यहां लंबित पशुपालन एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोलने के लिए जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। अपर मुख्य सचिव इस दौरान शुष्क खेती अनुसंधान उत्कृष्ठता केंद्र परियोजना के तहत आणविक पादप प्रजनन प्रयोगशाला का लोकार्पण किया। संरक्षित खेती के संरचना में लगाये गए टमाटर खीरा चेरी टमाटर तथा शिमला मिर्च को भी देखा। औषधीय वाटिका मे हल्दी लेमन ग्रास कालमेघ अश्वगंधा सहजन की खेती के साथ.साथ वानिकी महाविद्यालय मे स्थापित टीसू कल्चर लैब बास से बने हुए उत्पाद को भी देखा।

## कुलपति ने बताईं उपलब्धियां

समीक्षा बैठक में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉण्यूएस गौतम ने अपर मुख्य सचिव को उपलब्धियां बताईं। निदेशक प्रशासन डॉण् बीके सिंह ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कुलपति ने बताया कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय की ओर से वैज्ञानिकों की मेहनत से तिल की नई प्रजाति विकसित की जाएगी।

## केंद्रीय विद्यालय शुरू कराने के निर्देश

अपर मुख्य सचिव ने डीएम आनंद कुमार सिंह से वार्ता की। कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से केंद्रीय विद्यालय को आवंटित जमीन को तथा नए सत्र की शुरुआत के लिये दिए गए भवन को अपने स्तर से देख कर पठन.पाठन शुरू कराएं।

# कामदगिरि पर्वत की शिला लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुए तपोभूमि चित्रकूट के साधु -संत



कामदगिरि शिला का पूजन करते सांसद और संत।

## ● राममंदिर की नींव में लगेगी पवित्र कामदगिरि की शिला ● कामदगिरि प्रमुख द्वार के संत मदन गोपाल दास के नेतृत्व में रवाना हुई शिला यात्रा

संवाददाता। चित्रकूट

**विश्व** के आदि तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि धर्म नगरी चित्रकूट के साधु -संतो में जन्मभूमि अयोध्या में बनने जा रहे भव्य राम मंदिर को लेकर खासा उत्साह है। वनवास काल में साढ़े 11 वर्षो तक प्रवास स्थली रही चित्रकूट गिरि को स्वयं प्रभु श्रीराम ने कामदगिरि (मनोकामना पूरक ) होने का वरदान दिया था। तभी से विश्व के इस अलौकिक पर्वत की भगवान श्रीराम के स्वरुप के रूप में पूजा होती है। प्रतिवर्ष देश भर से करीब दो करोड़ श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचकर मनोकामनाओ की पूर्ति के लिए पतित पावनि मां मन्दाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाते है। जन्मभूमि आयोध्या में बनने जा रहे प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण में चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत की पवित्र शिला लगाने के लिए मंगलवार को रामधुन के साथ कामदगिरि प्रमुख द्वार के संत मंदगोपाल दास महाराज के नेतृत्व में सैकड़ो साधु -संतो का दल आयोध्या के लिए रवाना हो गया है।

सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला आने के बाद बीती 5 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया गया था। जिसके बाद से उत्साहित देशभर के साधु-संतों और रामभक्तों द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए विश्व के तमाम तीर्थों से पवित्र शिलाए, मिट्टी जल और अन्य पवित्र वस्तुएं अयोध्या भेजने का सिलसिला शुरू किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को चित्रकूट के मनोकामनाओ के पूरक भगवान कामदगिरि पर्वत की शिला लेकर सैकड़ो साधु-संतो का एक बड़ा जत्था राम जन्मभूमि अयोध्या रवाना हुआ ।

चित्रकूट के श्री कामदगिरि पीठ के संत मदन गोपाल दास के नेतृत्व में राम नाम संकीर्तन करते हुए चित्रकूट से रवाना हुई यात्रा फतेहपुर , लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेगी और बुधवार को सुबह राम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के महामंत्री चंपत राय को कामदगिरि पर्वत की शिला समर्पित की जाएगी। भगवान श्रीराम की तपोस्थली कामदगिरि पीठ के संत मदन गोपाल दास ने बताया कि बीती 5 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में भव्य रामलला मंदिर का शिलान्यास किया था। उसी दिन चित्रकूट में भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कि तपोभूमि चित्रकूट के कामदगिरि भगवान के पर्वत कि शिला का पूजन विधि विधान से किया गया था। आज इस कामदगिरि शिला को लेकर चित्रकूट से साधु संत अयोध्या जा रहे हैं। ये शिला भागवान राम लला के भव्य मंदिर निर्माण में लगेगी। उन्होंने बताया कि कामदगिरि पीठ विश्व की प्राचीनतम पीठ है। इसकी महिमा सतयुग से गाई जाती रही है। श्रीकामदगिरि पर्वत को भगवान श्रीराम का स्वरूप मानते हुए प्रतिदिन देश भर से हजारों श्रद्धालु आकर इनकी पूजा-आराधना एवं परिक्रमा करते हैं। जन्मभूमि अयोध्या में बनने जा रहे भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की नींव में श्रीकामदगिरि पर्वत की शिला और रज 9 दिसम्बर को श्रीराम जन्म तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौपा जायेगा। संत मदन गोपाल दास जी महराज ने बताया कि भगवान श्रीराम ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व के माध्यम से पूरी दुनिया को मर्यादित जीवन का सन्देश दिया था। आज ही देश में सुशासन के लिए रामराज्य का उदहारण दिया जाता है।

कार्यक्रम में मौजूद रहे बाँदा - चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने गौ सेवा मिशन के संस्थापक कृष्णानंद जी आदि संतो के साथ कामतानाथ भगवन और पर्वत की शिला का विधिविधान के साथ पूजन किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि चित्रकूट विश्व के प्रमुख तीर्थो में से एक है। प्रभु श्रीराम की तपोभूमि होने की वजह से चित्रकूट आदि तीर्थ के रूप में विश्व विख्यात है। कामदगिरि पर्वत पर प्रभु श्री राम में साढ़े 11 वर्षो तक माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ निवास किया। उस पावन पर्वत की शिला और रज के जन्मभूमि अयोध्या में बनने जा रहे प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में लगने से पूरा चित्रकूट धाम धन्य हो जायेगा। चित्रकूट से रवाना हुई शिला यात्रा में निर्मोही अखाडा के महंत ओंकार दास महाराज ,निर्वाणी अखाडा के महंत सत्य प्रकाश दास ,संतोषी अखाडा के महंत राम जी दास एवं गंगा विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भरत पाठक आदि सैकड़ो साधु -संतो के अलावा भाजपा के पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, वरिष्ठ नेता रंजना उपाध्याय, जगदीश गौतम, शक्ति प्रताप सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, अरुण बघेल ,ममता तिवारी आदि राजनेता मौजूद रहे।

# भारतबंद के समर्थन में नगर का बाजार रहा बंद

**उरई( जालौन )।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा पारित किए गए किसान विरोधी बिलों को वापस लेने की मांग को लेकर दिल्ली में आंदोलन कर रहे किसानों के द्वारा घोषित भारत बंद का आज जिले में व्यापक असर देखा गया। जिला मुख्यालय उरई पर बाजार बंद रहा। भाकियू के कार्यकर्ताओं के साथ ही सपा, बसपा, कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, सामाजिक न्याय एवं किसान मंच, बुंदेलखंड किसान यूनियन, आम आदमी पार्टी आदि तमाम किसान संगठनों के राजनीतिक दलों ने भारत बंद के तहत घूम-घूम कर बाजार बंद कराए और जोरदार नारेबाजी की। समर्थकों एवं पुलिस के बीच दोपहर एक बजे तक आंखमिचोली होती रही। राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर बड़ागांव के पास भारतीय किसान यूनियन के जाम के कारण वाहनों की लंबी लाइने लगी रही।

## अंबेडकर तिराहे पर सपा ने लगाया जाम

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव दादी, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, अशोक गुप्ता महाबली, पूर्व जिला महासचिव मो. तारिक, दीपरज गुर्जर, शफीकर्रहमानी कश्पी, सुरेंद्र मौखरी, केके प्रजापति, अकील अंसारी, दिनेश जैसारी, कुसुम सक्सेना, अजय गौतम योगा महाराज, मो. रफीक सभासद, सुरेंद्र यादव बजरिया, मानसिंह पाल, नगर अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव, जमालुद्दीन पप्पू, वीरेंद्र यादव, सवीउद्दीन, आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज किसानों के द्वारा घोषित भारत बंद को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकी। क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस बल को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को नियंत्रित करने में अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस एवं सपा कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली। मच्छर चौराहे से लेकर जिला परिषद चौराहे तक जहां से वापस होकर फिर मच्छर चौराहे तक घंटाघर, स्टेशन रोड, राठ रोड के बाजारों को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बंद कराया। तो वही अंबेडकर चौराहे पर जाम लगा दिया। सपा के कार्यकर्ताओं के हंगामे को देखते हुए उन्हें हिरासत में लेना पड़ा पहले कोतवाली से पुलिस लाइन भेजा गया।

## मोदी सरकार किसानों की समस्याओं को सुनेः भइया

सामाजिक न्याय एवं किसान मंच उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश निरंजन भैयाजी के नेतृत्व में मंच के कार्यकर्ताओं के द्वारा तहसील के सामने गांधी चबूतरे पर धरना सभा की गई। लालसिंह चौहान कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के अध्यक्ष, मंच के जिला संयोजक संतोष कुमार राजपूत, डा. वीरेंद्र कुमार निरंजन, रामशरण निरंजन, मानसिंह निरंजन, महेश सिंह परिहार, मो. आमिर खान, मोहर सिंह, ओम प्रकाश साहू ने केंद्र सरकार से किसान विरोधी कानून को वापस लेने देश के सभी किसानों के जींस खाद्यान्न एवं दलहन औषधियों की एमएसपी पूर्व की तरह निर्धारित की।

# भारत बंद का कन्नौज में दिखा मिलाजुला असर

संवाददाता। कन्नौज

**नए कृषि** कानून के विरोध में किसान संगठनों के भारत बंद के आह्वान का जिले में मिला जुला असर देखने को मिला। साप्ताहिक बंदी होने के कारण अधिकतर बाजार पहले से ही बंद थे, ऐसे में कुछ दुकानदार अपनी दुकानों पर बैठे नजर आए। जिनकी दुकाने बंद कराने पहुँचे सपा नेताओं से प्रशाशन की नोकझोंक हुई।

मंगलवार को मुख्यालय पर भारत बंद का मिला जुला असर देखने को मिला। सुबह से अधिकतर बाजार साप्ताहिक बंदी के कारण बंद थे। इस दौरान कुछ व्यापारी अपनी दुकानें खोले हुए थे। वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष मुन्ना दरोगा की अगुआई में सपा नेता दुकानें बंद कराने पहुँच गए। सपा नेताओं ने व्यापारियों से किसानो के समर्थन में एक दिन बंद करने का अनुरोध किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कहा कि अन्नदाता देश का पेट भरता है क्या हम उस किसान का एक दिन भी समर्थन क्यो नही कर सकते जो हमे जीवन देता है जिसकी वजह से देश तरक्की की राह पर चलता है ऐसे मेहनत करने वाले किसानो के अधिकार के लिये हम समाजवादी लोग एक दिन के बंद करने का समर्थन करते है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, सदर विधायक अनिल दोहर, भोले कुरैशी, संजू कटियार, अमित मिश्रा, सत्येंद्र यादव, धर्मवीर पाल, राकेश कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम व कोतवाल से सपा नेताओं की हुई झड़प

**कन्नौज।** सपा नेताओं द्वारा बाजार बंद कराए जाने की सूचना मिलते ही एसडीएम सदर गौरव शुक्ल व सदर कोतवाल विकास राय पुलिसबल के साथ बाजार पहुँच गए। इस दौरान सपाइयों की पुलिस व प्रशाशन से तीखी झड़प हुई। अधिकारियों ने सपा नेताओं को बाजार से वापस भेज दिया।

# किसान विरोधी बिल वापस न होने तक जारी रहेगा आंदोलन : शमीम सिद्दीकी

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**नये कृषि कानूनों** के विरोध में चल रहे आंदोलन में सरकार से वार्ता अभी तक विफल रही है। जिसके चलते राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भारत बंद के चलते जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में जीटी रोड पर चक्का जाम किया गया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम छिबरामऊ को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसान विरोधी बिल वापस न होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर स्थित भारतीय किसान यूनियन के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारियों ने हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी देवेश गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसान संगठनों की सरकार से वार्ता के बाद अभी तक समस्या का कोई हल नहीं निकल सका है। इसके चलते अब किसान अपने हकों को हासिल करने के लिए लंबी लड़ाई के लिए तैयार है। कहा कि किसान विरोधी काले कानूनों को वापस लेने व एमएसपी पर लिखित आश्वासन की किसानों की मांग पर सरकार हीलाहवाली कर रही है।



हाइवे जाम करते व एसडीएम को ज्ञापन सौपते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

भारत बंद के बाद भी समाधान न होने पर बड़ी संख्या में जिले के किसान फिर से दिल्ली रवाना होगे। इस मौके पर एडीएम गजेन्द्र सिंह, एसडीएम, सीओ सदर शिव प्रताप सिंह, कोतवाल राजा दिनेश सिंह सहित कई थानों का फोर्स व पीएसी बल मौजूद रहा। चक्का जाम के दौरान कुसुम चौहान, डॉ आरके कटियार, महेंद्र सिंह, सुधाकर दुबे, मतीन खान, जगमोहन त्रिपाठी, अशोक कश्यप, साजिद हुसैन, सत्यम प्रजापति, दानिश खान, नगर अध्यक्ष मुईन खान, अकील फारूकी, सुरेश सिंह यादव, रामबाबू तिवारी, इमरान खान, मोहम्मद रिहान, अनवर खान, प्रदीप कुमार, सचिन कुमार, विपिन, आकिब अंसारी, आदिल, बदरुल हसन, मोहम्मद हबीब, रणधीर सिंह यादव मौजूद रहे।

# नाकाम साबित हुआ भारत बंद

संवाददाता। सुलतानपुर





**जिले** में भारत बन्द का असर बेअसर दिखा। किसान संगठनों व राजनैतिक दलों के लाख प्रयास के बाद भी दुकानें खुली रहीं। दुकानों की बंदी को लेकर लोगों और दुकानदारों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। हालॉकि जिला और पुलिस प्रशासन की सख्ती की वजह से किसी भी प्रकार की अनहोनी नही घटी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अफसर पल-पल की खबरें लेते रहे।

जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक शिव हरी मीना मंगलवार को भारत बन्द आवाह्न को लेकर चौकस दिखे। अधिकारियों ने मातहतों के साथ जिला चिकित्सालय से सब्जी मण्डी, अमहट चौराहा, नवीन सब्जी मण्डी अमहट, पयागीपुर चौराहा, दरियापुर चौराहा, बाधमण्डी, शाहगंज चौराहा, तिकोनिया पार्क से बाधामण्डी होते हुए राहुल चौराहा, सिरवारा रोड, बस स्टेशन आदि स्थान पर फ्लैग मार्च कर कानून एवं शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी नगर सुशील शुक्ल और सीओ बल्दीराय विजय मल मातहतों के साथ भ्रमण का शांति व्यवस्था की जायजा लेते रहे। भारत बन्द के दृष्टिगत जनपदवासियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, यातायात बाधित न हो इसके लिए जनपद में प्रवेश और निकासी के स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहा। उन्होंने बताया कि भारत बन्द के आवाह्न पर जनपद में जबरन किसी का व्यापारिक प्रतिष्ठान को कोई भी बन्द न कराये। पुलिस अधीक्षक ने जनपद के सभी प्रभारी निरीक्षकों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि भारत बन्द आवाह्न के अन्तर्गत जनपद में किसी को बेवजह परेशान न किया जाय। सुरक्षा व्यवस्था व कोई अनहोनी न हो इसके लिए पुलिस मुस्तैद रही।

### पुलिस से हुई झड़प

**किसान** बिल के विरोध में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी मांगों को लेकर डाकखाना चौराहे पर धरने पर बैठ गए और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। कांग्रेसियों व पुलिस अफसरों के बीच आधे घंटे तक हंगामा चलता रहा। सड़क जाम होने और धरना प्रदर्शन की खबर से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। प्रदर्शनकारियों का बवाल देख अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने मोर्चा संभालते हुए कांग्रेसियों को बस में भरकर पुलिस लाइन भेजा। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा वर्तमान सरकार तीन काले कानूनों को किसान बिल में शामिल कर किसानों के जीवन पर बड़ा संकट ला दिया है। किसान पखवारे भर से राजधानी घेरे हुए है पर अहंकारी मोदी सरकार किसानों की बात नहीं कर रही है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश की सरकार पर व्यापारियों के साथ मिलकर देश के संसाधनों को लूटने का आरोप लगाया। कहा कि मोदी सरकार अपने चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए देश के बड़े-बड़े संसाधनों को गिरवी रख रही है। अब उसने किसानों के जीवन पर किसानों की पूंजी पर हमला किया है जो किसी भी हाल में कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। धरना प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष मकसूद आलम, लाल पद्माकर सिंह, पवन मिश्र नन्हे, हौसिला भीम, तेज बहादुर पाठक, युवक अध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी, हामिद राइन, वसीम घोसी, शहर अध्यक्ष नौशाद हुसैन खान बाबा, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सिंह, शरद श्रीवास्तव, नफीसा खातून, रेनू श्रीवास्तव, अमोल बाजपेई, विनोद राणा, हाजी मोहम्मद जमा खान समेत सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद रहे।

### प्रदर्शनकारियों को रोका

**कृषि** बिल के खिलाफहो रहे किसान आन्दोलन के समर्थन में आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्रशेखर आजाद द्वारा समर्थन किए जाने पर मंगलवार को जिले के पार्टी कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष की अगुवाई में सड़क पर उतर कर सरकार विरोधी नारे लगाए और बिल वापस लेने की मांग की। हालॉकि पुलिस सख्ती के आगे प्रदर्शन कारी अपने मंसूबे में नाकाम रहे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद द्वारा किसान आन्दोलन का समर्थन करने की घोषणा करने के बाद जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं में भी उत्साह दिखाई दिया। पार्टी के अयोध्या मण्डल प्रभारी राहुल भारती की मौजूदगी एवं जिलाध्यक्ष विजय कुमार की अगुवाई में मंगलवार को प्रात: 10 बजे पार्टी कार्यालय से कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में निकलकर कलेक्ट्रेट चौराहे की तरफ बढ़े। आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रियता को देखते ही प्रशासन हरकत में आ गया। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने आगे बढ़ने से रोक दिया। इस मौके पर अयोध्या मण्डल प्रभारी राहुल भारती, जिलाध्यक्ष विजय कुमार, जिला प्रभारी ताजिम खान, जिला महासचिव महेशराम गौतम, जिला उपाध्यक्ष मेराज हुसैन, निसार अहमद, जिला कोषाध्यक्ष पप्पू भाई, राम जतन वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार गौतम, तंजीम अली सिद्दीकी, जिला सचिव चन्द्रराज, मो0राजू, मो0हफीज, भीम आमी अयोध्या मण्डल प्रभारी हरिशंकर राव, सद्दाम व जफर आदि कई दर्जन पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर कई किसान संगठनों ने किसान बिल के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।

### भाजपाई बोले किसानों ने किया बिल का समर्थन

**कृषि** कानून के खिलाफ विपक्षी दलों व किसान यूनियन द्वारा बुलाया गया भारत बंद जिले में पूरी तरह फेल व फ्लाप साबित हुआ है। यह बाते भाजपा जिला उपाध्यक्ष व धान क्रय केन्द्र के जिला प्रमुख रामभवन मिश्रा ने बयान जारी करते हुए कही। उन्होंने कहा सपा, बसपा, कांग्रेस के नेता अपनी स्थानीय मार्केट भी बन्द नही करा पाये। इनके साथ न तो किसान है न ही मजदूर व व्यापारी। उधर, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष काली सहाय पाठक ने बताया किसान मजदूर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश पाठक, किसान संघ के जिला अध्यक्ष दीनदयाल, त्रिभुवन यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अंबावत गुट, क्रांति दल के अध्यक्ष अशोक सिंह एवं वेद प्रकाश सिंह आदि ने कृषि कानून को अपना समर्थन दिया है। किसान नेताओं ने कहा नया कृषि कानून किसानों की दिशा व दशा बदलने में मील का पत्थर साबित होगा।

## मोबाइल चोरी कर भाग रहा चोर कोतवाली में ही घुसा

**लालगंज रायबरेली।** मोबाइल चोरी कर भाग रहा चोर बचने के लिए कोतवाली में ही घुस गया।पुलिस ने शिकायत पर वाहन चालक को उसका मोबाइल दिलाया। ग्राम निबियाखेड़ा मजरे भदवारा,कानपुर नगर का रहने वाला नरेंद्र सिंह पिकप वाहन लेकर कानपुर जा रहा था। पूरेदेवी मजरे कोरिहरा गांव के निकट वह सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर सोने लगा। तभी एक युवक गाड़ी में रखा मोबाइल चोरी कर भागने लगा। इसी बीच चालक की नींद खुल गई। पूरेदेवी मजरे कोरिहरा गांव के निकट वह सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर सोने लगा। शोर मचाया तो चोर भाग कर कोतवाली के अंदर घुस गया। पीड़ित ने मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है। पुलिस ने मोबाइल बरामद करते हुए नरेंद्र को दिलवाया।

# भारत बंद का नहीं दिखा असर



संवाददाता। श्रावस्ती

**जनपद** के अधिकांश क्षेत्रों में विपक्ष द्वारा आवाहन किये गए भारत बन्द का नहीं दिखा असर। अधिकांश क्षेत्रों में बाजार व दुकाने खुली रही। भिनगा सिरसिया लक्ष्मण पुर बघोडा गिलौला इकौना कटरा जमुनहा बाजार बीर गंज बाजार बदला चौराहा हरदत्त नगर गिरन्त्ट कानी बोझी नासिरगंज मिर्जापुर चौराहा आदि स्थानो पर अधिकांश दुकाने खुली रही। आम दिनो की तरह ही लोग खरीदारी करते नजर आए बाजारों में भीड़ दिखी।

भारत बंद को देखते हुए जिलाधिकारी टी के शिबु एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य जिले का निरंतर भृमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। उन्होने भंगहा मोड़ भिनगा बाजार गुलरा एवं सिरसिया बाजार सहित कस्बो के प्रमुख चैराहों एवं बाजारों एवं जिले भर में भृमण कर तैनात मजिस्ट्रेटो एवं पुलिस बल को पूर्ण मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिये।

# बस, ट्रक की भिड़ंत में दोनों चालक सहित एक दर्जन यात्री घायल



संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**ओवरटेक** करने के चक्कर में आमने सामने रोडवेज की बस व ट्रक की टक्कर के चलते दोनों चालक सहित बस में बैठे लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए घटनाक्रम के अनुसार बांदा बहराइच मार्ग पर पश्चिम गांव बाईपास के पास बछरावां की तरफआ रहा मौरंग से भरा ट्रक व फतेहपुर की ओर जा रही रोडवेज की बस आमने सामने से टकरा गई टक्कर के बाद दोनों वाहन अपनी अपनी साइड में खाई में जाकर पलट गए परिणाम स्वरूप बस में बैठे लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई अगल बगल के लोग दौड़ पड़े और बस के यात्रियों को किसी तरह निकाला गया गनीमत यह रही कि किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई बस चालक जरूर गंभीर रूप से घायल हो गया साथ ही ट्रक के चालक का पैर पिचके हुए केबिन में फस गया ग्रामीणों द्वारा उसे निकालने का भरपूर प्रयास किया गया परंतु सफलता नहीं मिल पाई घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राकेश सिंह द्वारा किसी तरह क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा करवा कर पिचके हुए हिस्से को कटवाया गया तब कहीं जाकर चालक का पैर निकल सका दोनों चालकों को गंभीर अवस्था में बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया मामूली रूप से घायल यात्री अपने अपने साधनों से गंतव्य की ओर रवाना हो गए!

## किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**लालगंज रायबरेली।** किसान विरोधी बिल वापस लेने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। भाकियू के तहसील अध्यक्ष अनिल सिंह की अगुवाई में किसान तहसील पहुंचे वहां पर उपजिलाधिकारी जीतलाल सैनी को राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह समेत रमाकांत शुक्ल, शिवमोहन, रामनोहर पाल, बिंदालाल, धुन्नी, बिटोला आदि मौजूद रहीं। मजदूर किसान सेवा समिति किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष गंगा प्रसाद त्रिवेदी की अगुवाई में भी किसान तहसील पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अरूण सिंह, शिव पूजन सिंह, संतोष मिश्र, भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नेता विपेंद्र सिंह मन्नी, सुरेश सिंह, आशीष पांडेय, निशांत पांडेय,अनुक्रमा सिंह, रोहित सिंह, श्रीकृष्ण, आदित्य, अनूप, रोशनलाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# निस्तारण न करने वालों पर होगी कार्रवाई: रंगाराव

संवाददाता। गोंडा



**आयुक्त** देवीपाटन मण्डल एसवीएस रंगाराव ने मंगलवार को कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्तियों की मण्डलीय समीक्षा में राजस्व प्राप्ति एवं प्रवर्तन कार्य में तेजी लाने, निर्धारित वार्षिक लक्ष्य पूर्ति समय से किए जाने तथा करापवंचन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

आयुक्त ने मण्डल के जनपदों में सर्किल रेट बढ़ाए जाने, अवैध ढंग से संचालित आरा मशीनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही किए जाने तथा खाद्य सुरक्षा से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण समय के अन्तर्गत न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वाणिज्यकर विभाग, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, बैंक एवं विद्युत देयों की वसूली, परिवहन, वन, खनन आदि विभागों की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को राजस्व प्राप्ति बढ़ाने के लिए तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विद्युत देयों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि कैम्प लगाकर पुरानी वसूली भी सुनिश्चित की जाय तथा कोविड-19 काल के समय की वसूली की विवरण उनके समक्ष अलग से प्रस्तुत किया जाय। उन्होंने प्रति माह का लक्ष्य निर्धारित कर प्रवर्तन कार्य कराए जाने के निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने मण्डल के जनपदों में आने वाली गाड़ियों की संख्या तथा उसके सापेक्ष हुए रजिस्ट्रेशन का मिलान प्रत्येक 03 माह में वाणिज्य कर विभाग के साथ मिलकर कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसकी नियमित रूप से समीक्षा की जाय ताकि किसी भी प्रकार का करापवंचन न होने पावे। उन्होंने कतिपय स्थानों से प्राप्त हो रही शिकायतों के दृष्टिगत मण्डल के सभी जनपदों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जनपद में यह सुनिश्चित कर लें कि कहीं भी अराजक तत्वों द्वारा अवैध चेक पोस्ट के माध्यम से अवैध वसूली न होने पाए।

## अलग-अलग स्थानों पर हुईं दुर्घटनाओं में एक घायल

**करनैलगंज (गोंडा)।** घने कोहरे के कहर से मंगलवार की सुबह गोंडा लखनऊ मार्ग पर अलग अलग स्थानों पर तीन वाहन दुर्घटनाएं हुई। जिसमें एक स्वास्थ्यकर्मी भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे लखनऊ मेडिकल कालेज के लिये रेफर किया गया है।

पहली घटना जहाँगीरवा रेलवे क्रासिंग के पास की है। जहां क्रासिंग के पास खड़े ट्रक में एक बोलेरो गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई। मगर किसी के चोटिल होने की सूचना नही है। दूसरी घटना रेलवे क्रासिंग कटरा शहबाजपुर के पास की है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरगदी पर बाराबंकी, सफदरगंज अंतर्गत चन्दवाड़ा निवासी मिथुन 25 सीएचओ पद पर तैनात हैं। वह बाइक पर सवार होकर बरगदी से सीएचसी करनैलगंज जा रहे थे। वह कटरा शहबाजपुर रेलवे क्रासिंग के समीप पहुंचे ही थे की लखनऊ से आ रही एक सवारी बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन फानन में उन्हें सीएचसी करनैलगंज पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें मेडिकल कालेज लखनऊ के लिये रेफर कर दिया गया। घटना स्थल से कुछ ही दूर एक ट्रक व कार टकरा गई। जिससे आंशिक रूप से कार क्षतिग्रस्त हो गई। दोनो वाहन काफी धीमी गति से थे अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# ग्रामसभा की जमीन पर कब्जे का आरोप

संवाददाता। सुलतानपुर

**धम्मौर** थाना क्षेत्र अन्तर्गत तहसील सदर के ग्राम दादूपुर में गांवसभा की बंजर भूमि पर लेखपाल से सांठगांठ करके ग्राम प्रधान कब्जा करा रहा है। कई दशकों से काबिज दलितों व अन्य ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद भी लेखपाल व प्रधान की दुरभिसन्धि के चलते राजस्व महकमा कार्यवाही करने में बेबस बना हुआ है। उधर ग्रामप्रधान वर्ग संघर्ष कराने के षड्यन्त्र में पूरी तरह लगा हुआ है और अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर दशकों से काबिज दलित परिवारों का उत्पीड़न कराने से नहीं चूक रहा है। जिसमें जिले के आजाद समाज पार्टी ने कड़ा विरोध जताया है।

बताते चलें कि तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम दादूपुर की बंजर गाटा संख्या-187 के कुछ हिस्से पर पूर्वजों के जमाने से गांव के ही दलितों राम औसान, शेषमनि, राम प्रकाश, कुन्ना, अंगना, कुसुम आदि का कब्जा चला आ रहा है। उसी गाटा संख्या में पंचायत भवन बनवाने के लिए स्थल का चिन्हांकन भी किया गया था। दलितों का आरोप है कि ग्राम प्रधान शाहिद अन्सारी उनके कब्जे वाली जमीन हथियाने के लिए जबरियन उक्त भूखण्ड में निर्माण कराने लगे। जिसका दलितों ने विरोध किया तो उन्हें परेशान करने के लिए उसी भूखण्ड पर गांव के ही एक अन्य पिछड़ी जाति के व्यक्ति रामजगपाल पुत्र राम बली पाल को ग्रामप्रधान द्वारा जबरियन बिना किसी अधिकार कब्जा दिलाया जाने लगा। जबकि रामजग पाल का उक्त बंजर भूखण्ड के अगल बगल कोई भूखण्ड भी नहीं है। दलितों का कहना है कि लेखपाल पूरी तरह ग्रामप्रधान के प्रभाव में हैं और उल्टी सीधी रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह करते हैं। लेखपाल की शह पाकर ही दबंग ग्रामप्रधान ने दलितों के शीशम के पेड़ को भी कटवा लिया। जिसकी शिकायत के बावजूद भी प्रधान के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई। जिससे मनबढ़ प्रधान नाना प्रकार के षड्यन्त्र करते हुए गरीब दलितों को स्थानीय पुलिस से परेशान कराने लगे। आजाद समाज पार्टी ने जिले के पुलिस कप्तान से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया तो धम्मौर थाने पर फोन कर दलितों को परेशान न करने की हिदायत दी गयी। इसके बाद रात दलितों को फंसाने के लिए रामजग पाल द्वारा बनवाये गये पिलर को स्वयं धाराशायी कर दिया और उसका आरोप दलितों पर लगा रहे हैं।

## ई पीएचसी पर 5800 से अधिक मरीजों ने कराया उपचार

**श्रावस्ती।** डिजिटल इंडिया का असर पिछड़े जिलों की स्वास्थ्य सेवाओं में भी दिखने लगा है। जिले के सुदूर इलाकों में मरीजों को नि:शुल्क सुविधा देने के उद्देश्य से नासिरगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ई.पीएचसी का संचालन 16 अक्टूबर 2019 को शुरू हुआ। एक साल की अवधि में इस ई.पीएचसी पर 5800 से अधिक मरीजों ने अपना उपचार कराकर स्वास्थ्य लाभ लिया है। पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत श्रावस्ती समेत यूपी के दस जिलों में ई.पीएचसी की शुरुआत की गई। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् उदयनाथ ने बताया कि इस ई.पीएचसी का संचालन स्वास्थ्य विभाग और डाक ऑनलाइन संस्था के सहयोग से किया जा रहा है। यहां पर आकस्मिक उपचार की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां पर डोको लाइन कंपनी द्वारादवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## मिशन शक्ति नारी सुरक्षा एवं नारी सम्मान

**अमावां रायबरेली** मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं को सशक्त करने की सरकार की मंशा को मूर्त रूप प्रदान करने में एक सार्थक कदम की पहल विकास खण्ड अमावां सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यो मे महिला मेंठ के रूप में प्रशिक्षित कर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा पवन कुमार सिंह ने कहा कि जो महिला मजदूर जिन्हे कार्यों की अच्छी जानकारी है उन्हें मनरेगा में मेंठ का कार्य कराया जायेगा । खण्ड विकास अधिकारी जेनिथ कान्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा से कैटल सेड गोट सेड भूमि समतलीकरण के कार्य महिलाओं के नाम से । ए. पी. ओ. शुभ्राशु बाजपेयी ने महिलाओं को मनरेगा कार्य में मजदूरों उपस्थिति दर्ज प्रमाण पत्र का वितरण किया और एक महिला व पुरूष द्वारा कितना कार्य करने पर मजदूरी उनके खाते पर प्रेषित होगी।

# मिली तहरीर! पुलिस ने किया मुकदमा पंजीकृत

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली

**शिवगढ़** थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अंतर्गत महराजगंज- हैदरगढ़ हाईवे पर स्थित लाल बहादुर का पुरवा मोड़ पर दया ट्रेडर्स के समीप दो मोटरसाइकिलों में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरे की हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना सोमवार की रात 7रू45 की है। जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अंतर्गत नया पुरवा मजरे गुमावां का रहने वाला 30 वर्षीय राजाराम रावत पुत्र रतीपाल लाही बॉर्डर मार्केट से घर के लिए जा रहा था। वहीं तरौजा थाना- फुरसतगंज, जनपद अमेठी का रहने वाला 35 वर्षीय सरोज गिरि पुत्र प्रेम गिरि महराजगंज की ओर से हैदरगढ़ की ओर जा रहा था बताते हैं कि जैसे ही दोनों गुमावां पुलिस चौकी क्षेत्र के लाल बहादुर का पुरवा मोड़ पर स्थित दया ट्रेडर्स के पास पहुंचे दोनों मोटरसाइकिलों में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर आनन-फानन में कांस्टेबल दुलारे लाल, सोमेंद्र गुर्जर, मंतोष कुमार के साथ मौके पर पहुंचे गुमावां पुलिस चौकी इंचार्ज कृष्णचन्द्र ने दोनों घायलों को एंबुलेंस 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ भेजवाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात 30 वर्षीय राजाराम रावत को मृत घोषित कर दिया। वहीं 35 वर्षीय सरोज कुमार गिरि की हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ.एलपी सोनकर ने बताया कि दोनों के सिर में गम्भीर चोटे लगी थी। राजाराम को अस्पताल लाने से करीब आधा घण्टे पहले उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मृतक के परिवार के राजकरन पुत्र नन्कऊ की तहरीर पर सरोज गिरि के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### पत्नी की सूनी हुई मांग,बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**राजाराम** की मौत से जहां उसकी 28 वर्षीय पत्नी माया देवी की मांग सूनी हो गई है। वहीं उसके 4 बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। पत्नी को जैसे ही पति की मौत का संदेश मिला मूर्छित होकर गिर पड़ी। पत्नी माया देवी, मां रमराजा, पुत्री शिवानी (16) सलोनी (5) सोनू (12) मोनू (10) का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के राजकरन पासी ने बताया कि 2 माह पूर्व ही मृतक राजाराम के पिता रतीपाल की मौत हुई थी। राजाराम की मौत से पूरा परिवार तिनके की तरह बिखर गया है।

## संदिग्ध अवस्था में युवक को लगी गोली, मौत

संवाददाता। ऊंचाहार,रायबरेली

**एक** युवक को उसके पिता की लाइसेंसी रायफल से गोली लग गई, जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई है। पुलिस घटना को लेकर आत्महत्या बता रही है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे बल्दी मजरे मिर्जापुर ऐहारी का है। गांव के धर्मेन्द्र मिश्र (24) पुत्र हिमालय मिश्र को मंगलवार की सुबह अपने घर में गोली लग गई। गोली पिता के लाइसेंसी रायफल से लगी थी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। गोली चलने की आवाज सुनकर गांव वालो को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद मामले की सूचना कोतवाली को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव व रायफल को कब्जे में लिया है। परिजनों द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया गया है कि युवक ने किसी बात से क्षुब्ध होकर खुद को गोली मारी है। जिससे उसकी मौत हो गई है। उधर ग्रामीणों की माने तो युवक का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

# एमसीएफ में रेलवे बोर्ड सदस्य (कर्षण और रोलिंग स्टॉक) ने किया दौरा



**रायबरेली।** राजेश तिवारी, रेलवे बोर्ड सदस्य (कर्षण और रोलिंग स्टॉक) ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव, सीएओ सह पीसीएमई विवेक कुमार साथ रहे। श्री तिवारी ने कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यों का विस्तृत रूप से जानकारी ली और कोचों की गुणवत्ता एवं संरक्षा संबंधी मापदंडों पर गहन रूप से विचार विमर्श किया ।

श्री तिवारी ने इस वित्तीय वर्ष के केवल 8 माह में 806 कोच का उत्पादन करने हेतु आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली की प्रशंसा की, इसके उपरांत श्री तिवारी ने रेलवे बोर्ड द्वारा दिए उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु योजनाओं की भी जानकारी ली।

### महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 65वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन एमसीएफए तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र प्रेक्षागृह में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एमसीएफ के महाप्रबंधक वीएम श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। एमसीएफ महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन एवं उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों के ऊपर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के विचार आज भी समाज मे प्रासांगिक हैं और समाज उनके आदर्शों पर चलें यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# भारत बंद पर प्रशासन अलर्ट, पुलिस हिरासत में लिये गये सैकड़ों नेता

- विपक्ष की भूमिका में समाजवादी पार्टी खुलकर दिखाई दी, शेष पार्टियों की संख्या रही गायब
- डीएम-एसपी पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण कर जायजा लेते रहे, सुबह से ही सपा नेताओं को पुलिस ने घरों से ही पकड़ा







संवाददाता। सेमरियावा/संतकबीरनगर

**केन्द्र** की मोदी सरकार द्वारा पारित कृषि कानूनों को किसान विरोधी बताते हुए दिल्ली की सीमा पर लगभग एक पखवाड़े से डटे किसानों और किसान संगठनों के 8 दिसम्बर को भारत बंद के आहवान को देश की लगभग सभी विपक्षी पार्टियों, ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों का समर्थन मिलने के बावजूद जिले में भारत बंद का मिला जुला असर ही देखने को मिला। जिले के अधिकांश व्यापारियों ने किसान संगठनों और किसानों के भारत बंद के आहवान को गंभीरता से नहीं लिया और अधिकांश दुकानें व व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले रहे। बंद कराने का प्रयास करने के पहले ही पुलिस ने बंद का समर्थन कर रहे विभिन्न राजनीतिक दलों व किसान संगठन के सैकड़ों नेताओं व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। जिला मुख्यालय पर गिरफ्तार किए गए राजनीतिक कार्यकर्ताओं व किसानों को जहां पुलिस लाइन्स में बैठाया गया वहीं जिले की विभिन्न थानों की पुलिस ने अलग-अलग गिरफ्तारियां करके राजनीतिकों व किसानों को अपने-अपने थानों में पूरे दिन निरूद्ध रखा। जिला मुख्यालय पर गिरफ्तार किए गए राजनीतिक नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पुलिस लाइन्स परिसर में सभा करके केन्द्र की मोदी सरकार के विरूद्ध जमकर भड़ास निकाली और किसान विरोधी काले कानूनों को वापस लेने की मांग करते हुए सरकार पर कारपोरेट घरानों का हित साधने के लिए किसानों व देश के साथ धोखा करने का आरोप लगाया। इस दौरान पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रही। यहां तक की मीडिया को भी कवरेज करने से रोकने का प्रयास किया गया। कृषि कानूनों के विरूद्ध दिल्ली की सीमाओं को घेरकर 13 दिनो से विभिन्न राजमार्गो पर धरना दे रहे किसानों से कल केन्द्र सरकार के प्रतिनिधियों की छठे चक्र की वार्ता के पूर्व किसान संगठनों ने भारत बंद का आहवान किया था जिसका समर्थन कांग्रेस, भाकपा, माकपा, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, रालोद, बहुजन मुक्ति पार्टी, भारत मुक्ति मोर्चा सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ ही भारतीय किसान यूनियन, विभिन्न ट्रेड यूनियनों द्वारा भी किया गया है। बंद को विफल करने के लिए शासन स्तर ने प्राप्त निर्देशों के क्रम में कल देर शाम को ही जिला प्रशासन ने कमर कस लिया था और सुबह होते ही जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के कुशल निर्देशन में अधीनस्थ पुलिस प्रशासन के अधिकारी मय पुलिस फोर्स सपा नेताओं के घरों पर धावा बोलकर उन्हें हिरासत में ले लिया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम पाण्डेय पुलिस के हाथ नही लगे लेकिन थोड़ी देर बाद जुलूस निकालने के दौरान उन्हें समर्थको के साथ पुलिस ने पकड़ लिया। इसी तरह के0डी0 यादव पुलिस को चकमा देकर घर के दूसरे रास्ते से नाथनगर कस्बा से खलीलाबाद शहर में आ गये उन्हे भी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। सभी को पुलिस लाईन में रखा गया जहॉ सरकार के खिलाफ विपक्ष के नेता नारेबाजी करते रहे। इसी क्रम में सेमरियावा प्रतिनिधि के अनुसार अन्नदाताओं द्वारा भारत बंदी आंदोलन के सर्मथन में क्षेत्र के लोहरौली, दुधारा, सेमरियावां, उसरा शहीद, बाघनगर एवं क्षेत्र के विभिन्न चौराहो पर असर दिखा। किसानों के सर्मथन में भारत बंदी के आह्वान पर क्षेत्र के इन चौराहो पर सन्नाटा पसरा रहा सिर्फ इक्का दुक्का दुकानें ही खुली देखी गयी। युवा संघर्ष समिति के संयोजक रिजवान मुनीर, अबूजर चौधरी, सलमान आरिफआदि ने कहा कि देश के अन्नदाताओं के साथ हम कदम से कदम मिलाकर चलेंगे किसानों की जो भी मांगे हैं उसे मौजूदा सरकार को हर हाल में पूरा करना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मु. नजीर, ब्लाक अध्यक्ष मु. अकरम ने कहा कि केन्द्र सरकार का कृषि बिल किसानों के हितों पर कुठाराघात है। किसान विरोधी इस बिल को केन्द्र सरकार को वापस लेना चाहिए। अगया में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव मु.आसिम खान के नेतृत्व में युवाओं ने किसान बिल के खिलाफ तथा भारत बंद के समर्थन किया है।

## किसान फसल बीमा नहीं चाहते है तो लिखित रूप से करायें अवगत

**सोनभद्र।** उप कृषि निदेशक सोनभद्र डीके गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन कि लिए अधिसूचना रबी 2020-21 जारी कर दी गयी है। शासन द्वारा रबी 2020-21 मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक आधार पर किया गया है। रबी 2020-21 मौसम योजना के अन्तर्गत किसानों की भागीदारी की अतिंम तिथि 31 दिसम्बर, 2020 निर्धारित है। फसली ऋणी किसान यदि अपनी फसलों का बीमा नही करना चाहते है तो बैंक शाखा स्तर पर जहॉ से उनको फसली ऋण की सुविधा प्राप्त हुई है, वहॉ 24 दिसम्बर, 2020 तक लिखित रूप से अवगत करा दें अन्यथा किसानों के खातों से बैंक द्वारा प्रीमियम का पैसा काट लिया जायेगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा बाढ, ओला तूफान चक्रवात भूस्खलन जलभराव आकाशीय बिजली गिरने से लगी आग व अन्य के साथ न रोके जाने वाले रोगों से क्षति के कारण बीमित फसल में उपज का नुकसान होने पर क्षतिपूर्ति देय होती है।

# भारत बन्द में बुनकरों ने दिया समर्थन, किया प्रदर्शन

- किसानों के साथ न्याय करें सरकार : हाजी इमामुद्दीन

संवाददाता। संतकबीरनगर



प्रदर्शन करते बुनकर — पायनियर

**उत्तर प्रदेश** बुनकर सभा के प्रदेश अध्यक्ष हाजी इफ्तेखार अहमद अंसारी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश बुनकर सभा जिला यूनिट के तत्वाधान मे खलीलाबाद के अनसार टोला मुहल्ले मे किसानो के समर्थन मे बुनकरो ने अपना कारोबार बन्द कर जोरदार प्रदर्शन किया। हाथो मे तख्ती लेकर किसानो की मांगो को मानने की मांग किया केन्द्र सरकार से किया। सरकार के किसान विरोधी कृषि कानून को वापस लेने की मांग किया। जिलाध्यक्ष हाजी इमामुद्दीन अन्सारी ने कहा कि अन्नदाता के हित के लिए केन्द्र सरकार इस काले कानून को वापस ले केन्द्र सरकार जहा किसानो के साथ बैठक कर हल नही निकालती ठीक उसी प्रकार तन ढकने वाले बुनकरो के साथ बैठक करती है। बुनकरो की फ्लैट रेट योजना का अस्थायी समाधान नही निकालती केन्द्र व प्रदेश सरकार अन्नदाता किसान बुनकर विरोधी नीतीयो के कारण आज किसान बुनकर दोनो परेशान है। इस अवसर पर मिडिया प्रभारी नसीम अंसारी, सरफुद्धवजा अंसारी शमीम अंसारी, मो वसी अंसारी, कामिल अंसारी, नूरूललाह अंसारी, याकूब अंसारी, याहिया अंसारी, नगर अध्यक्ष इलियास अंसारी, सलाहुद्दीन अंसारी, अफाक अंसारी, हैदर अली अंसारी, सेराज अंसारी, अनवर अंसारी, हिमायतुल्लाह अन्सारी, हलीम अन्सारी, हाजी नियाज अन्सारी, कौशर अली अंसारी, एखलाक अन्सारी आदि सैकड़ो बुनकर मौजूद रहे।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, फरार

- गोरखपुर, बलिया, देवरिया, मऊ, सिद्धार्थनगर, सतकबीरनगर,कुशीनगर के बेरोजगार हुए ठगी का शिकार
- बीजा, टिकट के नाम पर लिए 65 से 70 हजार रुपए, एयरपोर्ट पहुंचने पर हुआ फर्जीवाड़ा का खुलासा

संवाददाता। बस्ती

**जालसाजों** ने एक कम्पनी बनाकर बेरोजगार युवकों को विदेश में नौकरी दिलाने का लालच दिया। बाकायदा विज्ञापन निकाला और बेरोजगार युवाओं को सब्जबाग दिखाएं। झांसे में आकर पूर्वांचल के कई जिलों के युवा इन जालसाजों के चक्कर में फंस गए। नौकरी तो नहीं मिली बल्कि नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने इन्हे ठगी का षिकार बना लिया। जालसाजी और ठगी के षिकार युवाओं ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस दो नामजद आरोपितों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मामला वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के मानिक चन्द चौराहे का है। यहां दो जालसाजों ने मैक्स इण्टर प्राइजेज नाम की कम्पनी खोली। फेसबुक के माध्यम से मालदीव में नौकरी दिलाने का विज्ञापन निकाला। विज्ञापन के झांसे में आकर गोरखपुर, बलिया, देवरिया, मऊ, सिद्धार्थनगर, सतकबीरनगर और कुशीनगर जिले के 23 से ज्यादा बेरोजगार युवक फंस गए। बेरोजगार युवाओं को कम्पनी के आफिस बुलाया गया। उनसे बीजा और टिकट के नाम पर 65 से 70 हजार रूपए जमा कराए गए। युवकों को फर्जी टिकट और बीजा देकर बताया गया कि 28 नवम्बर को दिल्ली से फ्लाइट है, जब नौकरी का सपना पाले बेरोजगार युवा दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे तो पता चला कि उनके टिकट का पैसा रिफंड ले लिया गया है। यह सुनकर उनके होष उड़ गए। जब बीजा की जांच की गई तो पता चला कि बीजा फर्जी है, इसके बाद जालसाजी के षिकार लोगों ने एजेंटों से फोन पर सम्पर्क किया तो उन का फोन स्विच आफ मिला। इस बीच जालसाज नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों का चूना लगाकर फरार हो गए। जालसाजी का षिकार पीड़ितों ने वाल्टरगंज थाने पर इसकी षिकायत की। फर्जी कम्पनी बनाकर जालसाजी करने के मामले में गोरखपुर के प्रवीण सिंह , दक्षिणी दिल्ली निवासी अरूण कुमार के विरूद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जालसाजी करने वाले दोनो आरोपितों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। एसपी हेमराज मीणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही ठगी करने वालों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## किसानों के बंद का नहीं पड़ा कोई असर

**मिर्जापुर।** ड्रमंड गंज क्षेत्र में आम दिनों की तरह सभी दुकानें खुली रही वाहनों का आवागमन आम दिनों की तरह जारी रहा किसानों और सभी विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा भारत बंद का कोई असर स्थानीय बाजारों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं पड़ा क्षेत्रीय नागरिक हर दिनों की तरह अपने कामकाज में लगे रहे शादी विवाह का मौसम होने के कारण सभी नागरिक अपने अपने कामों में व्यस्त रहें क्षेत्रीय नागरिकों से वार्तालाप करने से उन सभी का यही कहना है की हम लोगों को खेती.बाड़ी के काम निपटाने हैं जिसको कोई काम नहीं होता वह इन चकल्लस भरे कामों में समय बर्बाद करता है यह राजनीतिक दलों की नाटक बाजी है इससे आम किसानों का कोई लेना देना नहीं है हम लोगों को रोज कमाना है तभी भोजन की व्यवस्था होगी हमारे पास इतना समय कहां है कि हम फालतू के कामों में समय बर्बाद करें।

# फर्जी भुगतान में फंसे सेक्रेटरी आरोप पत्र हुआ जारी

- निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने पकड़ी थी चोरी

संवाददाता। बस्ती

**जय** मॉ संतोषी टेडर्स को डेढ़ लाख रुपये के फर्जी भुगतान के मामले में रुधौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत रायठ के ग्राम पंचायत अधिकारी शिव शंकर चौधरी फंस गए है। नियम विरुद्व सेक्रेटरी के खिलाफ फर्जीवाड़े के आरोप में डीपीआरओ को मुकदमा दर्ज कराना चाहिए, मगर सांठगांठ के चलते विधिक कार्रवाई नहीं की गई, बस निलंबित करके छोड़ दिया गया। इनका फर्जीवाड़ा और कोई नहीं बल्कि विकास की मुखिया सरनीत कौर ब्रोका ने पकड़ा। वैसे तो सेक्रेटरी को तीन आरोप में चार्जशीट थमाया गया, मगर सबसे गंभीर आरोप फर्म को एक लाख 59 हजार 742 रुपये का भुगतान बिना सामग्री आपूर्ति के करना, और भुगतान कर देना हैं। पंचायती विभाग के अधिकारियों का अपने अधीनस्थों पर कोई पकड़ नहीं है। इसके पीछे विभाग और कई प्रधानों का कहना है कि जब साहब खुद आवास पर सुविधा षुल्क लेंगे तो हनक कहां रहेगी। ग्राम पंचायतों के बर्बाद होने के पीछे सबसे बड़ा हाथ जिला पंचायत राज कार्यालय का है। इसका खुलासा आए दिन जांच और षिकायतों से हो रहा है। सीडीओ ने जब ग्राम पंचायत रायठ का निरीक्षण किया तो वह देखकर दंग रह गई कि फर्म को बिना सामग्री के आपूर्ति निर्माण कार्य कराए 1.60 लाख रुपया का भुगतान कर दिया गया। सेक्रेटरी पर पदीय दायित्वों का निवर्हन न करने का भी आरोप है।

# जनतांत्रिक मूल्यों पर किया जा रहा है गहरा आघात: अजय शेखर

- किसान आंदोलन के समर्थन में साहित्यकारों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। सोनभद्र



**केंद्र** सरकार द्वारा लाये गये कृषि कानूनों को वापस लिए जाने तथा देश भर में हो रहे किसान आन्दोलन के समर्थन में जनपद के साहित्य सेवियों की महत्वपूर्ण बैठक वनवासी सेवा आश्रम के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजवादी चिन्तक साहित्यकार पं0 अजय शेखर के अध्यक्षता में उनके रॉबर्ट्सगंज स्थित आवास पर सम्पन्न हुई जिसमें किसानों के समस्याओं पर गहन विचार विमर्श के पश्चात साहित्यकारों का छः सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से प्रेषित किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजवादी चिन्तक, साहित्यकार पं0 अजय शेखर ने भारत बंद के समर्थक विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं एवं किसान संघ के कार्यकताओ व नेताओं को जबरन गिरफ्तार कर हिरासत में लिए जाने की पुरजोर निन्दा करते हुए इसे जनतांत्रिक मूल्यों पर गहरा आघात कहा है साथ ही साथ श्री शेखर ने सरकार व प्रशासन की इस कार्यवाही को अलोकतांत्रिक करार देते हुए कहा कि हम सभी लोग इस आन्दोलन का समर्थन करते हुए सरकार के मांग करते हैं कि सरकार अपने जनतंत्र विरोधी दमनकारी कार्यवाही से बाज आये तथा किसानों के मांग पूरी करे। वरिष्ठ पत्रकार रामनाथ शिवेन्द्र समेत प्रतिनिधि मण्डल के सभी सदस्यों ने सरकार के इस हठवादिता की निन्दा की। इस मौके पर शहीद प्रबन्धन ट्रस्ट करारी के निदेशक प्रदुम्न त्रिपाठी, फरीद खान उप सचिव मधुरिमा साहित्य गोष्ठी, साहित्यकार एवं पत्रकार प्रभात सिंह चन्देल, एड.अशोक तिवारी शायर, समाजसेवी हरिशंकर तिवारी मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों के औचक निरीक्षण में मिली अनेक खामियां

**बस्ती।** बीएसए जगदीष प्रसाद शुक्ल के औचक निरीक्षण में साऊंघाट ब्लाक के आठ परिषदीय विद्यालयों में अनेक खामियां मिली। कहीं विद्यालय बन्द मिला, कहीं गंदगी मिली, कहीं अभिलेखों का रखरखाव अव्यवस्थित मिला। एमडीएम रजिस्टर की स्थिति स्पष्ट नहीं मिली, अध्यापक छात्र, छात्राओं की अलग-अलग संख्या नहीं बता पाए। विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए तीन हस्तपुस्तिकाओं का अध्ययन करना नहीं पाया गया। खामियों को दुरूस्त करने, कायाकल्प योजना से विद्यालयों का कायाकल्प कराए जाने का निर्देष दिया गया। बन्द पाए गए विद्यालय में कार्यरत सभी का एक दिन का वेतन बाधित कर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। प्राथमिक विद्यालय भरतपुर के निरीक्षण में विद्यालय बन्द मिला। दो एसीआर में गेट खिड़की नहीं लगी मिली। कम्पोजिट ग्रांट से विद्यालय में कोई कार्य कराया जाना नहीं मिला।

# न्यायिक कार्य से विरत रहकर अधिवक्ताओं ने किसान आंदोलन का किया समर्थन

संवाददाता। घोरावल/सोनभद्र

**स्थानीय** ब्लॉक के किसानों ने भारत बंद के समर्थन में मंगलवार को शांतिपूर्ण नए कृषि कानून का विरोध जताया। दर्जनों की संख्या में किसानों को पुलिस ने थाने ले आयी। हालांकि किसानों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखी और राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्रक उपजिलाधिकारी जैनेन्द्र सिंह व सीओ संजय वर्मा को सौंपा। बताया गया कि नए कृषि कानून से किसानों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इस कानून में कोई किसान कृषि अन्याय के खिलाफ कोर्ट में नही जा सकता। किसानों की अपील को केवल तहसील तक सीमित रखने का कानून किसी प्रकार से किसान हित की बात नही कर सकता। एमएसपी पर कोई लिखित कानून नही बना की एमएसपी भविष्य में जारी रहेगी। केवल मौखिक कहा जा रहा है कि एम एसपी जारी रहेगी। सभी कृषि कानूनों को वापस लिया जाय। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह सचिव कैलाश सिंह ब्लॉक सचिव गोविंद सिंह महेश मिश्रा विनोद पटेल लालबहादुर नूर मोहम्मद पंकज उपाध्याय रितेश कुमार अभिनव गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में स्थानीय तहसील अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर भारत बंद का समर्थन किया। तहसील अधिवक्ता समिति घोरावल सोनभद्र के अध्यक्ष जय सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में बार भवन आवश्यक बैठक की गई जिसमें देश में चल रहे किसान आंदोलन पर चर्चा हुई चर्चा में किसानों की आमदनी बढ़ाने पर कहा गया कि किसानों की आमदनी तो बढ़ी नहीं बल्कि लागत अवश्य बढ़ गई किसानों को डीजल खाद बीज कृषि यंत्रों सभी वस्तुओं की मुल्य में वृद्धि हो गई कृषि कार्य में उद्योगपतियों का हस्तक्षेप सर्वदा अनुचित है जो कानून किसान हित में नहीं हैं उसे क्यो किसानों पर थोपा जा रहा है। राम अनुज धर द्विवेदी ने कहा कि किसान हित सर्वोपरि किसान हित से ही राष्ट्र हित जुड़ा हुआ है लिहाजा किसानों के ऊपज बिक्री सहित अन्य सभी संबंधित समस्याओं को सरकार गम्भीरता से ले तथा कानून में आवश्यक संशोधन किया जाय तथा किसान हित में कानून बनाया जाय। आज बैठक में सर्वसम्मति से किसान हित में न्यायिक कार्य से विरत रहकर किसान आंदोलन का समर्थन किया गया। इस अवसर पर गोविन्द नारायण झा सच्चिदानन्द चौबे राजेंद्र कुमार पाठक संतोष कुमार पाठक राम अनुज धर द्विवेदी अरुण तिवारी राम नमन मिश्र राम नरेश विश्वकर्मा रामलाल उमेश पाठक आदि उपस्थित रहे।

# आज सीएम करेंगे सल्फरलेस प्लांट का लोकार्पण

**बस्ती।** जिले में नवस्थापित मुण्डेरवा चीनी मिल में स्थापित नए सल्फरलेस प्लांट का नौ दिसम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकार्पण करेंगे। मंगलवार को यह जानकारी आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने यहां दी। बताया कि इस चीनी मिल का लोकार्पण गत् वर्ष किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा तब यह घोषणा की गई थी कि मुण्डेरवा चीनी मिल में सल्फरलेस चीनी का उत्पादन कर अच्छी गुणवत्ता की चीनी बनाई जाएगी, जिसके विक्रय से किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान में सुविधा होगी।

गौरतलब है कि मुण्डेरवा चीनी मिल में स्थापित सल्फलरेस प्लांट की स्थापना सरकारी चीनी मिल में पहली बार शासन से प्राप्त वित्तीय सहायता द्वारा की गयी है। यह परियोजना समय से पूर्व पूर्ण कर पेराई सत्र 2020-21 का शुभारंभ सल्फरलेस चीनी के उत्पादन के साथ ही किया जा रहा है। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि मुण्डेरवा चीनी मिल द्वारा गत पेराई सत्र में 44.18 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई कर 4.02 लाख कुन्तल चीनी का उत्पादन किया गया था। इसके अतिरिक्त मुण्डेरवा चीनी मिल द्वारा 41877 मेगावाट विद्युत का उत्पादन कर 1635 लाख का राजस्व भी अर्जित किया था। गन्ना आयुक्त ने बताया कि मुण्डेरवा चीनी मिल द्वारा 13986.19 लाख रुपये के गन्ने के मूल्य का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है।

डीएम आषुतोष निरंजन ने बताया कि सीएम नौ दिसम्बर 2020 को 01.25 बजे मुंडेरवा चीनी मिल परिसर में हेलीकॉप्टर से आएंगे। बताया कि इसके अलावा 202 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह कि 05 महिलाओं को चेक प्रदान करेंगे तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 05 लाभार्थियो को प्रमाण पत्र का वितरण करेंगे। बताया कि 2.15 पर पिपराइच के लिए प्रस्थान करेंगे। गन्ना एवं चीनी विकास मंत्री सुरेश सिंह राणा ने मुंडेरवा चीनी मिल पहुंचकर लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सल्फरलेस चीनी बनाने के प्लांट, हेलीपैड तथा जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद हरीश द्विवेदी, विधायक दयाराम चौधरी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, रवि सोनकर, डीएम आशुतोष निरंजन, पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, महेश शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

## आज आमरण अनशन पर बैठेंगे भाजपा के प्रदेश महामंत्री

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उ.प्र. खेल संघ के प्रदेश महामंत्री सत्येन्द्र कुमार शुक्ल 'जिप्पी' ने दस माह बीतने के बाद भी वरासत न किए जाने के विरोध में 9 दिसम्बर से एसडीएम भानपुर कार्यालय के समक्ष तीन दिवसीय अनशन एवं उसके बाद आमरण अनशन की चेतावनी दिया है। मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित विभागीय उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि वह नरायनपुर, पोस्ट जिनवां, तहसील भानपुर के स्थाई निवासी हैं। उनके बाबा परमात्मा प्रसाद शुक्ल का 11 दिसम्बर 2019 को निधन हो गया था। उनके बड़े पिता सूर्य प्रकाश शुक्ल द्वारा मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित आवश्यक कागजात तहसील कार्यालय को सम्पत्तियों की वरासत उनके वारिसों के नाम करने हेतु उपलब्ध कराया था, हल्का लेखपाल द्वारा तीन बार ऑफ लाइन एवं ऑन लाइन प.क. 11 भरकर जमा किया जा चुका है किन्तु क्षेत्रीय रिटायर्ड कानूनगो एवं वर्तमान कानूनगो द्वारा तहसील अधिकारियों से मिलीभगत कर प्रकरण को विवादित बताकर वरासत नहीं किया जा रहा है। भाजपा नेता ने पत्र में कहा है कि वारिसों के नाम वरासत न होने के कारण सरकार द्वारा दी जाने वाली किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान फसल बीमा एवं एक उत्पादन इकाई का बैंक द्वारा ऋण सम्बन्धी लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे उनके परिवार को आर्थिक एवं मानसिक क्षति उठानी पड़ रही है। तीन दिनों के भीतर वारिसों का नाम अबिलम्ब दर्ज किये जाने की मांग किया है।

# कोरोना विशिष्ट सेवा योद्धा सम्मान समारोह कल

**मिर्जापुर।** अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के तत्वावधान में 10 दिसम्बर 2020 को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बृहद स्तर पर कोरोना वैश्विक महामारी लॉकडाउन के दौरान किये गये उत्कृष्ट सामाजिक एवं मानवीय सेवा को करने वाले विभूतियों को सम्मान देने के लिए ष् कोरोना विशिष्ट सेवा योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत सभागार ए जनपद मीरजापुर में 10 दिसम्बर दिन गुरूवार को सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया है । इस कार्यक्रम में मिर्जापुर ए सोनभद्र एवं भदोही के विशिष्टजनों एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का कार्य किया जायेगा । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमान् अमित यादव य सिविल जज ए सी 0 डि द्ध जनपद मीरजापुर एवं श्रीमान् संजय वर्मा पी 0 पी 0 एस 0 एवं श्रीमान् विनीत कुमार सिंह पूर्व सदस्य विधान परिषद उ 0 प्र 0 होंगे तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गिरीश चन्द्र दूबे जिला समाज कल्याण अधिकारी देवी प्रसाद चौधरी जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी ए मीरजापुर श्रीमान् सुरेन्द्र सिंह पटेल य पूर्व चेयरमैन ए जिला सहकारी बैंक ए मीरजापुर श्रीमान डा 0 गुलाब वर्मा ए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ए मीरजापुर एवं नोडल अधिकारी य कोविड ण्19 द्ध ण् मीरजापुर ए श्री रोहित शुक्ला ष् लल्लू ष् राष्ट्रीय अध्यक्ष ए अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान ए युवा प्रकोष्ठ ए आलोक राय ए जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ए मीरजापुर होंगे । 10 दिसम्बर के मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित ष् कोरोना विशिष्ट सेवा योद्धा सम्मान समारोह ष् के विषय में संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय एड 0 ने बताया कि इस सम्मान समारोह में कोरोना वैश्विक महामारी लॉकडाउन के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा ए पुलिस सेवा ए सफाई सेवा ए समाजसेवा ए जनसेवा ए मेडिकल सेवा ए व्यापारिक सेवा को करने वाले 40 गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया जायेगा । इसके साथ मीरजापुर ए सोनभद्र व भदोही जनपद के संरक्षण के 40 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया जायेगा । यह कार्यक्रम 10 दिसम्बर को जिला पंचायत सभागार जनपद मीरजापुर में सुबह 10ण्00 बजे से सायंकाल 3ण्00 बजे तक चलेगा एवं 12ण्00 से 1ण्00 के बीच में विभिन्न क्षेत्रों में सेवा करने वाले विशिष्ट जनों का सम्मान किया जायेगा । इस अवसर पर ष् कोरोना वैश्विक महामारी में आम आदमी के मानवाधिकार का संरक्षण श् विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन होगा ।

## सैकड़ों किसानों संग पूर्व विधायक बैठे धरने पर प्रशासन ने किया नजरबंद

**मिर्जापुर।** स्थानीय क्षेत्र में भारत बंद को लेकर कांग्रेस के पूर्व विधायक ललितेश त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों के साथ नदीहार स्थित पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात पूर्व विधायक ने किसानों के साथ पटेल प्रतिमा से पैदल मार्च करते हुए क्रय केंद्र हाट शाखा राजगढ़ पहुंचे। वहां पूर्व विधायक ने क्षेत्रीय विपणन अधिकारी से मिलकर किसानों की समस्याओं को अवगत कराते हुए समस्या के समाधान के लिए वार्ता किए। बात न बनी तो पूर्व विधायक ललितेश पति त्रिपाठी के साथ उपस्थित किसानों ने सरकार विरोधी नारा लगाते हुए धरना पर बैठ गए। इस दौरान उपस्थित उपस्थित उप जिलाधिकारी मड़िहान रोशनी यादव ने समझा.बुझाकर धरना प्रदर्शन को समाप्त कराया। पूर्व विधायक ने किसानों के साथ मिलकर राज्यपाल के नाम संबोधित 5 सूत्री मांग पत्र को उपजिलाधिकारी मड़िहान के माध्यम से सौंपा। जिसमें किसान विरोधी बिल वापस लेनेए दो कांटा से धान खरीद की जाएए हाइब्रिड धान की खरीद की जाएए नहर की सिल्ट सफाई की जाएए जमीन से छू रहे बिजली के तार तत्काल बदला जाए।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 9 दिसंबर 2020



# भारत बंद का नहीं दिखा असर, खुले रहे बाजार

## विपक्षी पार्टियों ने कहा, रौंदा गया किसानों का आन्दोलन

संवाददाता। जौनपुर

**किसान** संसोधन बिल को लेकर आज भारत बंद के आदोलन का असर जौनपुर में पूरी तरह से विफल रहा। आम दिनों के तरह बाजार खुले रहे। जिला प्रशासन और पुलिस बल सोमवार की रात से ही कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। कांग्रेस जिला अध्यक्ष समेत प्रमुख नेताओं को हाऊस अरेस्ट कर दिया गया। आम आदमी पार्टी के आधा दर्जन नेताओ को हिरासत में लेकर कोतवाली में बैठा दिया गया। सपा नेताओं के घर पर पुलिस का पहरा बैठा दिया गया। जिसके कारण आज जौनपुर में बंदी का असर नहीं दिखा। दोपहर बाद जिला प्रशासन पार्टियों के अध्यक्षों के घर पहुंचकर ज्ञापन लिया। सपा के बरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री जदगीश नारायण राय ने कहा कि वर्तमान सरकार हिटलर शाही रवैया अपनाते हुए निरीह किसानों का दमन कर रही है। इतिहास गवाह है जिस सरकार ने हिटलरशाही किया है उसका पतन हो गया है ।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने आज के दिन को काला दिन बताते हुए कहा कि शासन प्रशासन ने किसानों के आंदोलन को रौंदने के लिए कल रात से हमारे कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार करके थानों पर बैठाया गया और घर नजरबन्द किया गया। वर्तमान सरकार बाप-बेटे को लड़ा रही है जवान किसान का बेटा है , आज जवानों से किसानों पर लाठियां चलवा रही है ।

### सरकारी मशीनरी ने विपक्षी नेताओं को किया कैद

**जौनपुर** । किसानों के आन्दोलन का साथ देने का ऐलान करने वाले राजनैतिक दलों के नेताओं को शासन के आदेश पर जनपद में उनके घरों एवं थानों पर कैद कर भारत बन्द को सरकारी मशीनरी द्वारा असफ्ल करने का प्रयास किया गया है। सरकारी मशीनरी के इस तरह की कार्रवाइयों की आलोचना विपक्षी दलों के नेताओं ने किया है।

सपा के जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों के साथ खड़ी है। प्रदेश की वर्तमान सरकार दमनकारी हो गयी है लोकतंत्र में हमारे अधिकारों का हनन अपनी मशीनरी के माध्यम से कर रही है। सपा नेताओ को उनके आवास पर गिरफ्तार करके भारत बन्द को विफ्ल करने का सरकारी खेल यदि सरकारी गुंडई कहा जाये तो किसी भी नजरिए से अतिशयोक्ति नहीं होगा। सपा के पूर्व मंत्री जगदीश नरायन राय का कहना है कि वर्तमान सरकार किसानों की विरोधी सरकार है आज देश में यह स्थिति उत्पन्न हो गयी है कि देश की आवाम अपना विरोध भी किसी मुद्दे पर नहीं जता सकता है। किसान आन्दोलन के समर्थन में भारत बन्द के आहवान पर घरों बाहर निकलने वाले पूर्व विधायक गुलाब चन्द सरोज, श्रवण जायसवाल, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष भानू प्रताप मौर्य आदि सपा नेताओं को उनके घरों पर कैद कर दिया गया था ताकि बाहर न निकल सकें। जिले में किसान आंदोलन के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घरों से उठा कर के थानों पर बैठा लिया गया है।

कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता को गिरफ्तार कर उत्तर प्रदेश सरकार की दमनकारी नीति ने यह साबित करने की कोशिश की है कि हम सत्ता के नशा में ब्रितानिया हुकूमत से ज्यादा कठोर कार्रवाई करेंगे। जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज सहित यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सत्यवीर सिंह को घर पर नज़रबंद कर दिया गया। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शुक्ला को आवास से गिरफ्तार कर सिकरारा थाना लाया गया। मछलीशहर मे महमूद अन्सारी पूर्व प्रत्याशी मंगला गुरू सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया। जिला अध्यक्ष के आवास पर चार सूत्री मांगों का ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम से सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. अनुराग मिश्र और जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना को कोतवाली थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एक दिवसीय उपवास पर रहते हुए गांधी प्रतिमा खरका कॉलोनी पर प्रार्थना सभा का कार्यक्रम रखे थे। किंतु जिले की पुलिस ने तानाशाही दिखाते हुए सुबह 9.30 बजे ही घर से गिरफ्तार कर लिया और कहा कि आपको कार्यक्रम नहीं करने दिया जाएगा।

वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि जो हिंदुस्तान का अन्न खाते हैं वे किसानों के साथ हैं और जो पाकिस्तान का अन्न खाते हैं वह किसानों के विरोध में हैं। आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता संविधान और देश में आस्था रखता है और संवैधानिक रूप से मिले अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक ढंग से किए जा रहे आंदोलन को जिस तरह से प्रदेश सरकार कुचल रही है इससे यह साबित हो जाता है कि यह सरकार किसान विरोधी है नौजवान विरोधी है और इसे एक भी दिन सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं रह गया है।

हलांकि जिले में दीवानी न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघों ने किसानों के समर्थन में भारत बन्द के आहवान पर न्यायालयों में ताला बन्दी कराके न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया और सरकार के किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जम कर नारे बाजी भी किया। इस तरह किसानों के भारत बन्द का असर जनपद में न्यायिक व्यवस्था पर भी पड़ा है।



भारत बंद के दौरान जौनपुर में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सत्यवीर सिंह के घर पर पुलिस का पहरा

### भारत बंद पूरी तरह से फेल हैः शाही

**देवरिया**। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा की भारत बंद पूरी तरह से फेल है। धरने पर बैठे लोग कोई भी किसान नहीं है। उत्तर प्रदेश के 93 प्रतिशत किसान अपने खेत में काम कर रहे है। वह बिचौलिए और राशन की कालाबाजारी करने वाले लोग है जो सूट बूट पहन कर महंगी आडी जैसी गाड़ियों से आ कर धरने में बैठे है। जमीनी किसान अपने खेतो में काम कर रहे है। वह अनाज उगा कर अपनी जीविका चलाते है। किसानों को कृषि कानून पर किसी प्रकार का भी विरोध नही हैए यह सब विपक्ष की साजिश है ।देश के बुद्धिजीवी और कृषि से जुड़े अर्थशास्त्रियों का भी मानना है कि ये सुधार किसानों और देश की तकदीर बदलेंगे। लेकिन युगों से किसानों को राजनीतिक दांव पेंच की भेंड़ की तरह इस्तेमाल करने वाले ये लोग अब भी किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। सदर विधायक डा. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारत बंद विफल होना विपक्षियों की करारी हार का सबूत हैं। अब उनको समझ जाना चाहिये कि किसान इस बिल के विरोध में नही है। किसान मोदी और योगी सरकार की किसान हित के फैसलों के साथ आज खड़ा है। विधायक काली प्रसाद ने कहा कि मंडियां बंद नही होंगी। इन नये कानूनों से किसी किसान की ज़मीन नही जाएगी। वास्तविकता में इन कानूनों से किसानों का हर प्रकार से लाभ ही होने वाला है लेकिन विपक्ष को किसानों का भला नही देखा जा रहा। विधायक बरहज सुरेश तिवारी ने कहा कि मैं फिर से कहना चाहता हूं कि किसानों को मिलने वाला न्यूनतम समर्थन मूल्य था, है और रहेगा।

## कृषि कानून के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन सैकड़ों लोग गिरफ्तार

चकिया ( **चंदौली** )। कृषि कानून के खिलाफ किसानों व राजनीतिक पार्टियों के भारत बंद के आहवान पर जगह-जगह प्रदर्शन हुए तथा लोगों की गिरफ्तारियां भी हुई। वहीं कुछ जगहों पर नेताओं को घर में ही नजरबंद कर दिया गया। इस संबंध में बताया गया कि दोपहर बाद गिरफ्तार सभी लोगों को पुलिस ने निजी मुचलके पर रिहा कर दिया। बता दें कि कृषि बिल के खिलाफ सरकार और किसान नेताओं के बीच कई चक्र के वार्ता के बाद भी सामंजस्य न बैठ पाने के कारण भारत बंद का आह्वान किया गया थाए जिस पर प्रशासन अगले दिन शाम से ही काफी ज्यादा सक्रिय दिखा।

आठ दिसम्बर को सुबह से ही पुलिस के अधिकारी क्षेत्र में फोर्स के साथ भ्रमण करते दिखे। प्रदर्शन के मूड में जो जहां दिखा उसे वही रोकने का प्रयास किया गया वहीं कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। चकिया में समाजवादी पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तथा बहुजन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किए जहां अधिकारियों ने उन्हें शांति पूर्वक कार्यक्रम करने की अपील की। जिसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं को नारे लगाए जाने पर उन्हें हिरासत में लिया गया। जहां बाद में निजी मुचलके पर उन्हें रिहा कर दिया गया। इस मौके पर प्रभु नारायण यादव, रामकृत, अश्वनी सोनकर अभिषेक बहेलिया अरुण यादव राकेश मोदनवाल कमलेश पति कुशवाहा मुश्तक अहमद, रामबरन निषाद, सहित कई लोग मौजूद थे।

वहीं भारतीय किसान यूनियन ने जिलाध्यक्ष शेषनाथ यादव के नेतृत्व में किसानों ने कस्बा में विरोध प्रदर्शन किया। किसान यूनियन के लोगों ने बाज़ार में घूम कर दुकानों को बंद करने का आहवान किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन से झड़प हुई। जिस पर उन्हें थाने चौराहे से गिरफ्तार कर लिया गया और दो घंटे के बाद निजी मुचलके पर नायब तहसीलदार ने रिहा किया। किसानों ने जिलाधिकारी के नाम से ज्ञापन दिया जिसमें किसान विरोधी अध्यादेश वापस लेनेए किसानों के राशन को समर्थन मूल्य से कम दर में खरीदारी करने वाले को जेल भेजने आदि मांग की गयी थी। वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित यादव लाला के नेतृत्व में दुकानदारों से दुकान बंद करने का आह्वान किया।

इस दौरान मुख्य रूप से मनमन सिंह, सेचन पांडेय, अंजनी तिवारी, विपिन यादव, नियामुल खान, चंद्रिका मौर्या, हाजी बिस्मिल्लाह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### सपाइयों का जोरदार विरोध प्रदर्शन

सकलडीहा ( **चन्दौली** )। भारत बंद के समर्थन में मंगलवार को सपाइयों ने सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से धक्का मुक्की करते हुए विरोध जुलूस निकालकर धरना प्रदर्शन किया। वहीं एक महिला इंस्पेक्टर से एक सपा कार्यकर्ता द्वारा दुर्व्यवहार करने पर पुलिस कर्मी आक्रोशित हो गये। पुलिस अधिकारियों ने एसडीएम प्रदीप कुमार के निर्देश पर विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, ब्लॉक प्रमुख संजीव सिंह सहित सैकड़ों सपाईयों को अरेस्ट कर बस द्वारा नवीन मंडी अस्थायी जेल में भेज दिया। इस दौरान काफी देर तक गहमा-गहमी रहा। इस मौके पर विरोध जताने वालों में जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सिंह, हाजी जोखू सिददीकी, सुभाष यादव, सिंटू यादव, कुलदीप यादव, पुत्तुल यादव, बाबूलाल यादवए पवन यादवए संजय सोनकर, केदार यादव, सुरेन्द्र यादव, केशव राजभर, अनिल चौहान, भोला यादव, दिनेश यादव, सेचन सिंह यादव सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सद्बुद्धि के लिए किया हनुमान चालीसा का पाठ

संवाददाता। देवरिया

**भाजपा** कार्यकर्ताओं ने जिलापंचायत परिसर स्थित हनुमान मंदिर पर 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ कर विपक्ष के नेताओं की सदबुद्धि के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर पूर्व जिलामंत्री सीपी सिंह ने कहा कि विपक्षी दल कृषि कानूनों पर भ्रम फैलाकर घृणित राजनीति कर रही है। असल में इन बिलों से किसानों को बंदिशों में जकड़ने वाली व्यवस्थाओं से मुक्ति मिलेगी। अब किसान पूरे देश मेंए मंडियों से बाहर भी ज्यादा लाभ पर उपज बेच सकते हैं।

पूर्व महामंत्री युवा मोर्चा रामदास मिश्रा ने कहा कि नए कृषि सुधार कानूनों से आएगी किसानों के जीवन में समृद्धि आयेगी। विघटनकारी और अराजकतावादी ताकतों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार से किसान भाई बचें। भाजपा सरकार ने स्पष्ट बताया है कि डैच और मंडियां भी जारी रहेगी और किसान अपनी फसल अपनी मर्जी से कहीं भी बेच सकेंगे।

मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि विपक्षी दल किसानों के समर्थन में नहीं भाजपा और मोदी जी के विरोध में हैं। किसान अन्नदाता है, उनकी आमदनी बढ़ाना उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाना और बातचीत से समाधान निकालना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार का लक्ष्य है। विपक्ष की कोशिश के बाद भी भारत बंद फ्लाप हो गया है। इस दौरान रामाज्ञा चौहान, अंकुर राय, राकेश सिंह, नवीन सिंह, धनुषधारी मणि, दिनेश गुप्ता, कमलेश मिश्रा, राजेन्द्र विक्रम सिंह, गोविंदमणि रहे।



### मिशन प्रेरणा के तहत शिक्षक संकुलों की बैठक संपन्न

संवाददाता। डुमरियागंज

**भडरिया** न्याय पंचायत के संविलियन विद्यालय बंगवा नान कार में प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षक संकुलों का मिशन प्रेरणा के तहत बैठक किया गया। इस बैठक में न्याय पंचायत के सभी शिक्षक संकुलों सहित प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक सम्मिलित हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए एआरपी अरविंद कुमार ने मिशन प्रेरणा से संबंधित कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने दिसंबर की केपीआई पर विस्तार से चर्चा की तथा नवंबरकी केपीआई की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने बताया कि नवंबर माह में दीक्षा पर संचालित होने वाले निष्ठा प्रशिक्षण के आंकड़े बता रहे हैं की प्रशिक्षण के प्रति अभी भी लोगों की गंभीरता नहीं है।

## भारत बंद को लेकर विपक्षी नेताओं को किया गया घर में नजरबंद

संवाददाता ।सिद्धार्थनगर

**डुमरियागंज** तहसील क्षेत्र में मंगलवार को किसान आंदोलन के आहवान पर क्षेत्रीय विपक्षी नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया। स्थानीय प्रशासन ने सरकार विरोधी गतिविधियों को लेकर देर रात से ही विपक्ष के पदाधिकारी एवं तेजतर्रार कार्यकर्ताओं के घरों पर उनको नजरबंद कर दिया गया। जिससे सरकार विरोधी गतिविधियों को परखा जा सके, साथ ही प्रदेश में लागू धारा 144 व कोरोना संक्रमण अधिनियम के उलघंन को रोका जा सके। स्थानीय तहसील क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष काजी सुहेल, मोहम्मद वसिफ सेवादल जिलाध्यक्ष सिद्धार्थनगर व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद पांडे को उनके निवास स्थान पर ही हाउस अरेस्ट किया गया। वहीं समाज वादी के वरिष्ठ नेता अफसर रिजवी व सत्यनारायण यादव को उनके गांव स्थित आवास पर नजरबंद किया गया। प्रशासन की इस प्रक्रिया पर क्षेत्रीय नेताओं में काजी सुहेल ने कहा कि देश के विकास के लिए किसानों का भारत बंद का आहवान ह, लेकिन हमको मध्य रात्रि से ही नजरबंद कर दिया गया है। जिससे उत्तर प्रदेश की योगी व केंद्र की मोदी सरकार हमारी व किसानों की आवाज़ को पुलिस बल के साथ दबाने का प्रयास कर रही है। लेकिन हम मौजूदा सरकार से कहना चाहते है कि देश का अन्नदाता किसान और नौजवान अब जाग चुका है। आज का भारत बंद भी सफल होगा और केन्द्र सरकार को किसान विरोधी कृषि बिल भी वापस लेना ही पड़ेगा।



### जौनपुर से अकबरपुर तक जल्द होगा रेलवे लाइन का दोहरीकरण

**जौनपुर**। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने जौनपुर जंक्शन के निरीक्षण कार्यक्रम के तहत उन्होंने स्टेशन परिसर तथा प्लेटफार्म सहित रेलवे कालोनी का भी निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जौनपुर जंक्शन पर प्लेटफार्म पांच का विस्तार किया जायेगा, साथ ही अब एक नया प्लेटफार्म निर्मित किया जाएगा। खबर है कि प्लेटफार्म नम्बर एक पर सैलून से उतरते ही जीएम आशुतोष गंगल अपनी पूरी टीम के साथ प्लेटफार्म के पूर्वी छोर तक गये। जीएम आशुतोष गंगल ने बताया कि जौनपुर जंक्शन से शाहगंज व अकबरपुर तक रेलवे लाइन का दोहरीकरण शीघ्र शुरू होगा। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार लोहाटी, डीआरएम लखनऊ सतीश त्रिपाठी, प्रमुख चीफ इंजीनियर मनोज गर्ग आदि मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति के तहत विद्यालयों में कार्यशाला आयोजन का रोस्टर निर्धारित

**देवरिया**। जिला परिवीक्षा अधिकारी ने बताया है कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के कुल 20 विद्यालयों में कार्यशाला आयोजन हेतु रोस्टर तय किया गया है। इसके लिये कार्मिकों की भी ड्यूटी लगायी गयी है। जिला परिवीक्षा अधिकारी ने बताया है कि नौ दिसम्बर को युग निर्माण शिक्षण संस्थान इंटर कालेज देवरिया खास में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें अर्चना गौढ़, मीनू जायसवाल एवं राजेश यादव की ड्यूटी लगायी गयी है।

10 दिसम्बर को महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कालेज देवरिया में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें रूबी सिंह, वर्षा एवं हरीश सिंह की ड्यूटी लगायी गयी है। 11 दिसम्बर को बीआरडी इंटर कालेज देवरिया में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित होगा।

## जनपद में सात फरवरी तक प्रभावी रहेगा धारा-144

संवाददाता। देवरिया।

**जनपद** में आगामी पर्वो एवं कोविड-19 के दृष्टिगत एहतियात के तौर पर धारा-144 लागू किया गया है, जो आगामी सात फरवरी 2021 तक लागू रहेगा, जिसका उल्लंघन दण्डनीय अपराध होगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट राकेश पटेल ने बताया है कि इसके उल्लंघन पर भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी। उन्होने इस अवधि में प्रतिबंधित क्रियाकलापों को कदापि नहीं करने की हिदायत दी हैं। साथ ही उन्होने यह भी कहा है कि जनपद में कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई कार्य नही करेगा जिससे कानून एवं शान्ति व्यवस्था बिगडने की संभावना हो। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने इस धारा के अन्तर्गत प्रतिबंधित क्रियाकलापों के विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कोई भी व्यक्ति पांच या इससे से अधिक समूह में एकत्रित नही होगेंए न ही कोई जुलूस निकालेगें और न ही कोई सभा करेगें।

श्री पटेल ने बताया है कि जनपद में कोविड-19 कोरोना वायरसका प्रकोप अभी भी हो रहा हैए ऐसी स्थिति में कोरोना वायरस से बचाव हेतु निरन्तर मास्क प्रयोग, सोशल डिस्टेन्सिग के नियमों का पालन किया जाना आवश्यक होगा। कोई भी व्यक्ति एक दूसरे से कम से कम छह फीट की दूरी बना कर रखेगें। यह व्यवस्था व्यापारिक व आवश्यक सेवा के प्रतिष्ठानों यथा खाद्य सामग्रियों की खरीदारी मेडिकल स्टोर्स, बैंक प्रतिष्ठानो, पेट्रोल पम्प व गैस एजेन्सियों पर भी लागू होगी तथा उक्त प्रतिष्ठानों पर भी शारीरिक दूरी का कडाई से पालन किया जायेगा। यह प्रतिबंध धार्मिक स्थलों यथा. पूजा-पाठ, नमाज, प्रार्थना व अरदास के लिये मन्दिर, मस्जिद, चर्च व गुरुद्वारों के लिए भी लागू होगा तथा किसी भी धार्मिक स्थल पर पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ इकठ्ठे नही होगें तथा कम से कम छह फीट की दूरी बनाये रखेगें।

प्रतिरूप, मूर्तियों, पवित्र ग्रन्थों आदि को स्पर्श करने की अनुमति नही होगी। सभाएं मण्डली निषिद्ध रहेगी। संक्रमण फैलने के खतरे के दृष्टिगत रिकार्ड किये हुए भक्ति संगीतध्गाने बजाये जा सकते हैं, किन्तु समूह में इकठठे होकर गायन की अनुमति नहीं होगी।

### पुल धराशाई, बांस-बल्ली के सहारे नहर पार कर रहे लोग

**सिद्धार्थनगर** । मिठवल क्षेत्र के ग्राम बरगदी में सरयू नहर पर स्थित पुल धराशाई हो जाने से ग्रामीणों को बांस बल्ली के सहारे नहर पार करना पड़ रहा है। प्रतिदिन इसी राह से छात्र छात्राएं भी जान जोखिम में डालकर गुजरते हैं, जरा सी चूक होने पर नहर में गिरने का खतरा बना रहता है बावजूद इसके विभाग मौन है।

बनकटा, सेहरी घाट, बघिनी घाट, बनगवा, बरगदी आदि गांवों को मिठवल से जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग पर बना यह पुल एक वर्ष पूर्व बारिश के कारण धराशाई हो गया था। तब से अब तक ग्रामीण इसे बांस बल्ली के सहारे नहर को पार कर रहे हैंए जिसमें हमेशा गिरने का खतरा बना रहता है।

क्षेत्र के भाजपा नेता रमेशधर द्विवेदी, मौलेश्वर नाथ त्रिपाठी, बाबा बिष्णु गिरि, संतोषधर द्विवेदी, गिरींद्र सिंह, कुबेर, हरिप्रसाद चौधरी, हरिश्चंद्र साहनी आदि ने अविलंब पुल बनाने की मांग की है।

## कोविड-19 से बचाव और जागरूकता को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता। देवरिया

**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय के परिसर में स्थित एडीआर सेंटर में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि पेण्टिंग प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य आम जनमानस में कोविड-19 के प्रति जागरूकता तथा लोक अदालत के प्रति किसी भी वाद को तेजी से निस्तारण को बताना हैं। उन्होंने कहा कि इस पेंटिंग प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग लिया गया तथा वे अपने इस पेंटिंग के माध्यम से आमजनमानस को जागरूक किये।

जिले के सबसे बडी पेटिंग प्रतियोगिता को लेकर जिले के बच्चो मे उत्साह देखने लायक था। इस प्रतियोगिता के लिए बच्चे सुबह से ही तैयार होकर क्रमबद्ध बैठकर अपनी कला के प्रदर्शन करने हेतु उत्साहित थे। इस दौरान बाबा राघव दास डिग्री कॉलेज के छात्राओं जिनमें अराध्या राजए श्रेया मणि त्रिपाठी व रीता कुशवाहा ने अपने कला का प्रदर्शन करते हुये रंगोली बनाकर सबका ध्यान अपनी रंगोली के तरफ खींचा। सफेद, गुलाबी, पीले रंग की ड्राईंग सीट पर किसी ने कोविड-19 से बचाव हेतु चित्र उकेरा तो कइयों ने कागज पर लोक अदालत का जीवंत दृश्य उकेर कर सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने पेण्टिंग के माध्यम से विभिन्न थीम को उजागर किया जिनमें लोक अदालत जाना हैं, वादों को सुलझाना हैं, गॉव, नगर या हो गलियारा, लोक अदालत से हो घर-घर में उजियारा, दो गज की दूरी, मास्क हैं जरूरी, जन-जन की अब यहीं पुकार, लोक अदालत सफल हो बार-बार, यदि कोरोना भगाना हैं।



# भारत बंद में फेल साबित हुए संगठन

संवाददाता। सिद्धौर बाराबंकी



**किसानों** ने भारत बंद आंदोलन को लेकर किसान संगठन सड़कों पर उतरने की बात कर रहे थे लेकिन जनपद में शासन प्रशासन की मुस्तैदी के चलते किसान नेताओं को भारत बंद आंदोलन करने में विफल साबित कर दियाए आपको बता दें कि पुलिसकर्मियों पहले ही एक ड्राफ्टिंग करते हुए किसान नेताओं के घर पर पहुंच कर किसान नेताओं को उन्ही के घर में नजर बंद कर दिया कोठी थाना क्षेत्र में कई किसान नेताओं नजर बंद करते हुए उनके घर के बाहर फोर्स तैनात कर दी उसके बाद निर्धारित समय यानी कि 3रू00 बजे उनके घर से तैनात फोर्स को हटाते हुए उन्हें स्वतंत्र कर दिया,किसान नेता रामबरन के गांव अलुवा मऊ जैदपुर थाने की पुलिस पहुंचकर उनको नजर बंद कर दिया।इसी दौरान कोठी थाना क्षेत्र के नियामतपुर चौराहे पर हौसला प्रसाद किसान नेता सड़क के किनारे बैठ कर प्रदर्शन करने का मन बना रहे थे उधर इसकी भनक कोठी थाना प्रभारी रितेश पांडे को लग गई जिस पर रितेश पांडे ने तुरंत आनन.फानन में पहुंचकर प्रदर्शन को खत्म कराया और उनके द्वारा दिए गए ज्ञापन को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने की प्रक्रिया में लग गए,गौरतलब है कि इस पूरे मुद्दे के लेके विपक्षी पार्टी कहां शांत बैठने वाली थी इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने विपक्षी पार्टी के नेताओं के घर पर भी फोर्स तैनात कर दी उदाहरण के तौर पर पूर्व सांसद राम सागर रावत, उनके दर्जनों समर्थकों को उन्हीं के इंटर कॉलेज में नजरबंद करते हुए फोर्स तैनात कर दी हैदर गढ़ विधानसभा से विधायक रहे राम मगन रावत व उनके समर्थकों को भी असंद्रा थाना प्रभारी ने नजरबंद करते हुए बाहर निकलने नहीं दिया जिसके बाद निर्धारित समय पूरा होने के बाद पुलिस फोर्स हटाकर पूर्व विधायक पूर्व सांसद को स्वतंत्र कर दिया,फिलहाल इस तरीके की तस्वीरें पूरे जनपद से देखने को मिली ऐसे में यह देखना बड़ी बात है कि किसानों के साथ सरकार क्या उचित कदम उठाती हैं और किसानों की मांगों को कैसे पूरा करते हैं।

## अज्ञात के खिलाफ छिनैती व हत्या के प्रयास का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपियो के खिलाफ छिनैती तथा हत्या के प्रयास का सोमवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे छतऊ ढिगवस निवासी बैजनाथ सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पांच दिसंबर की शाम छः बजे उसका लड़का संदीप शौच को गया हुआ था। तभी तीन अज्ञात बाइक सवार आरोपी आ गये और संदीप के कनपटी पर तमंचा लगाकर मोबाइल छीनने लगे। विरोध करने पर बदमाशो ने संदीप को गोली मार दी और मोबाइल छीनकर भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात तीन बदमाशो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर अपनी जांच कर रही है।

# कांग्रेसियों व सपाइयों की गिरफ्तारी

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़



**भारत बंद** को लेकर मंगलवार को स्थानीय तहसील क्षेत्र मे शांतिपूर्ण माहौल नजर आया। हालांकि पुलिस ने एहतियातन बीती सोमवार की देर रात से ही कांग्रेस तथा सपा कार्यकर्ताओं की धरपकड़ शुरू कर दी थी। वहीं व्यापारमण्डल के पदाधिकारियो ने निरीक्षण गृह मे एसडीएम को ज्ञापन देकर किसान बिल का विरोध जताया। पुलिस व प्रशासन को मंगलवार की सुबह से ही मुस्तैद देखा गया। चौक पर भारी पुलिस का बंदोबस्त दिखा। वहीं ब्लाक तथा अस्पताल एवं तहसील के आसपास भी दिनभर पुलिस को अलर्ट देखा गया। कांग्रेस और सपा समेत कई संगठनो ने किसानो के इस भारत बंद को समर्थन दे रखा था। इसके मददेनजर पुलिस व प्रशासन ने सोमवार की आधी रात से ही कांग्रेसियो व सपाइयो की घेराबंदी शुरू कर दी थी। मंगलवार को तडके कोतवाल संजय यादव भारी फोर्स के साथ कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के आवास पर पहुंचे और उन्हें आवास से ही हिरासत मे लेकर कोतवाली ले आयी। इसी क्रम मे पुलिस ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह ददन को भी उनके घरों से हिरासत मे लेकर कोतवाली ले आयी। इधर सपा नेता टीपी यादव तथा रामधन यादव व जनसत्तादल किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह को भी पुलिस ने हिरासत मे ले लिया। लालगंज कोतवाली मे कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी की जानकारी कार्यकर्ताओं को हुई तो जिला युवा इंका अध्यक्ष सुधीर तिवारी के साथ बडी संख्या मे कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गये। यहां कार्यकर्ताओ ने नारेबाजी शुरू की तो सीओ ने समझा बुझाकर उन्हें शांत कराया। कोतवाली मे विरोध जताने वालो मे छोटे लाल सरोज, प्रीतेन्द्र ओझा, अंशुमान तिवारी, मुरलीधर तिवारी, सभासद मो. मुकीम, सभासद रमेश कौशल, सभासद अनिल पाण्डेय आदि रहे। इधर व्यापारमण्डल के अध्यक्ष की अगुवाई मे व्यापारियो ने स्थानीय निरीक्षण गृह मे एसडीएम को ज्ञापन देकर किसान विधेयक के विरोध मे भारत बंद का समर्थन जताया।

## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**बाराबंकी।** मारपीट व लूटपाट के मामले के एक वर्ष बीत जाने के बाद कोर्ट के आदेश पर कुर्सी थाने मेंमुकदमा दर्ज हुआ। मामला कुर्सी क्षेत्र के बहरौली स्थित एक फार्म हाउस का जो लखनऊ के महानगर निवासी वैभव गोयल नाम के व्यक्ति है इन्होंने अपने फार्म हाउस में एक वर्ष पूर्व मैनेजर से मारपीट का मुकदमा व 20 हजार रुपये लूटने का केस दर्ज करवाया है।जिसमे 3 लोग नामजद है और करीब एक दर्जन से अधिक लोग अज्ञात है इनसभी पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताते चलें कि 18 दिसम्बर 2019 में वैभव गोयल के बहरौली स्थित फार्म हाउस में अलीम, मेराज व लाल बहादुर अवैध तमंचे व लाठी डंडो से लैस होकर पंहुचे और फार्म हाउस के मैनेजर की पिटाई कर दी तमंचे की नोक पर मैनेजर के पास मौजूद 20 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित मैनेजर ने कुर्सी थाने में नामजद तहरीर दी थी।

# नहीं दिखा भारत बन्द का असर

संवाददाता। जगदीशपुर, अमेठी

**किसान** बिल के खिलाफ भारत बंद का आह्वान किया गया लेकिन भारत बन्द का कोई असर नही दिखाई पड़ा ।जहाँ प्रति दिन की तरह व्यापारियों ने दुकानों व प्रतिष्ठानों को खोल रखी थी और लोगों का आवागमन जारी रहा और वहीं भारत बन्द को लेकर प्रशासन जगह जगह मुस्तैद रहा ।

जगदीशपुर सहित वारिसगंज रानीगंज बीएचईएल स्थित आसपास की बाजारों में भारत बंदी का कोई खास असर नही दिखाई पड़ा वहीं रोज की भाँति सबकुछ सामान्य रहा जब कि पिछले कई दिनों से लाखों की संख्या में कई राज्यों के किसान दिल्ली के अलग.अलग राज्यों से लगने वाली सीमाओं पर डटे हुए हैं केंद्र सरकार के द्वारा लाए गए कृषि कानून के खिलाफ दिल्ली चलो नाम से किसानों ने आंदोलन शुरू किया । जहाँ सरकार व किसानों के प्रतिनिधियों के बीच कई बार बातचीत की गई लेकिन मामला बेनतीजा रहा उसके बाद यह आंदोलन और उग्र होने के बाद देशव्यापी बन चुका है वहीं एकत्रित किसानों और प्रदर्शनकारियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है और उन किसानों को राजनीतिक दलों का भरपूर समर्थन मिल रहा है फिर भी जगदीशपुर क्षेत्र में भारत बन्द का कोई असर नहीं दिखा वहीं भारत बन्द को लेकर एसडीएम राम शंकर सीओ मनोज कुमार यादव तहसीलदार श्रद्धा सिंह कोतवाल राजेश कुमार सिंह वारिसगंज चौकी प्रभारी उमेश कुमार मिश्रा कमरौली थानाध्यक्ष शिवाकान्त पाण्डेय वरिष्ठ उपनिरीक्षक सन्तोष कुमार त्रिपाठी महेन्द्र सरोज सरफराज अहमद राम शंकर तिवारी अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र की बाजारों में भ्रमण करते रहे ।

### किसान यूनियन ने बंद कराई दुकाने

**तिलोई, अमेठी।** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के इन्हौना कस्बे में भारतीय किसान यूनियन द्वारा भारत बंद के आह्वान पर दुकानें बंद कराई हालांकि पुनः खुल गई।भारतीय किसान यूनियन ;भानू गुटद्ध के तहसील अध्यक्ष नंदकुमार पांडेय के नेतृत्व में किसानों ने कस्बे का भ्रमण कर दुकानें बंद कराई व सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए किसान बिल वापस लेने की मांग की ।मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी तिलोई महात्मा सिंह को राष्ट्रपतिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित किसानों बिल का ज्ञापन सौंपा और शीघ्र किसान विरोधी बिल वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर

तिलोई अध्यक्ष नन्द कुमार पाण्डेयजिला उपाध्यक्ष सियाराम दत्त मिश्र संगठन मंत्री अब्बास फौजीए ब्लाक अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार मिश्रए रवी उल्लाए मो इजहार आदि भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# काट दिए गए प्रतिबंधित हरे पेड़



संवाददाता। जगदीशपुर अमेठी

**पुलिस** एवं वन विभाग की मिलीभगत के चलते प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान जोरों पर की जा रही है शिकायत के बाद अधिकारी लकड़ी ठेकेदारों पर नाम मात्र के लिए जुर्माने की रसीद थमा कर इति श्री कर लेते हैं । जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जान कर भी अनजान बने रहते हैं ।

कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे हैदर अली मजरे कठौरा में पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से हरे पेड़ों को काट कर सम्बंधित विभाग को चुनौती दे रहे हैं इतना ही नही दिन दहाड़े हरे पेड़ो पर आरा चलाकर समबन्धित विभाग की करतूतों की पोल भी खोल रहे हैं ।जिसके कारण क्षेत्र में खुले आम हरियाली का कत्ल किया जा रहा है।विभागीय अधिकारी मूक दर्शक बनकर तमाशबीन का किरदार निभा रहे हैं और वहीं लकड़ी ठेकेदारों द्वारा प्रतिबंधित हरे पेड़ों को तेजी से काटा जा रहा है। शिकायत के बाद वन विभाग के अधिकारियों द्वारा नाम मात्र के लिए जुर्माने की रसीद थमा दी जाती है। वहीँ नाम न छापने की शर्त पर लकड़ी ठेकेदार ने बताया कि प्रतिबन्धित लकड़ियों को काटने के लिए स्थानीय पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों को प्रति ट्राली के हिसाब से धन देने के बाद ही पेड़ों पर काम लगाया जाता है।लकड़ी कटान के सम्बन्ध में सीओ मुसाफिर खाना मनोज कुमार यादव ने बताया कि हरे पेड़ों की कटान पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगा है कटान की शिकायत मिलती है तो उस ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाती है ।

## निबंधन को किया गया रद्द

**अमेठी ।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण अमेठी ने बताया कि मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड रंजीतपुर जनपद . अमेठी की समिति उत्तर प्रदेश सहकारी समिति की अधिनियम 1965 में निर्धारित नियमों के अधीन कार्य न करनेए आदर्श उपविधियों का मुख्य उद्देश्य एवं गौण उद्देश्यों का उल्लंघन करने के कारण तथा समिति का संचालन उत्तर प्रदेशए सहकारी समिति अधिनियम 1965 तथा नियमावली 1968 में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार संभव न होने की स्थिति में उप निदेशक मत्स्य एवं उप निबंधक;सह मत्स्य निदेशालयए उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना दिनांक 14 जून 1988 द्वारा प्रदत्त निबंधक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा.72 के अधीन मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड के निबंधन को तत्काल प्रभाव से रद कर दिया गया है।

# प्लानिंग के साथ किसान नेताओं को किया नजरबंद



संवाददाता। बाराबंकी

**किसानो** के आह्वान पर किसानो के समर्थन में उतरे विभिन्न राजनैतिक दल। जिसमें समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, विधायक जैदपुर गौरव रावत, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, युवजन सभा के जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यनआदि सपाईयों ने कृषि विधेयक के विरोध में सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वही भारत बंदी पर जोरदार प्रदर्शन की आशंका कें दृष्टिगत पुलिस व प्रशासन ने नजर बनाकर रखी, प्रदर्शन के दृष्टिगत अरविन्द कुमार सिंह गोप, सदर विधायक सुरेश यादव, जैदपुर विधायक गौरव रावत, समाजवादी युवजन सभा जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन को पुलिस ने घरों में नजरबन्द कर दिया। जिससे वह सभी अपने घरों में ही नजरबन्द रहें।

इसी क्रम मेंकांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन परएक दिवसीय किसान विरोधी सरकार के खिलाफ बहुत ही विशाल धरना प्रदर्शन जिला के अंदर जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के अध्यक्षता में दिया गया जिसमें जिले केतमाम कांग्रेसी कार्यकर्तागण एवं पदाधिकारी उपस्थित होकर धरने को विशाल रूप देते हुए जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि आज से नहीं आजादी से लगाकर आज तक किसान रूपी भगवान जो हमारा अन्नदाता है। और हिंदुस्तान की सबसे बड़ी पंचायत में अगर पहुंचाने का कार्य वर्तमान सरकार को किया है तो वह किसान ही है। लेकिन वर्तमान सरकार किसानों की ही पेट पर लात मारने का कार्य कर रही है। वर्तमान सरकार भारत के इतिहास में सभी सीमाएं लांग कर जो तानाशाही का रवैया अपना रही है उससे या प्रतीत होता है कि रामराज नहीं रावण राज धीरे.धीरे कायम हो रहा है। लेकिन वर्तमान सरकार शायद यह भूल चुकी है। कि जब जब अधर्म बड़ा है तब तक धर्म की रक्षा करने के लिए किसी न किसी रूप में एक महाशक्तिप्रकट हुई है और आज महाशक्ति के रूप में देश का भगवान हमारा अन्नदाता खेत छोड़कर सड़क पर आ चुका है निश्चित ही विनाश का माहौल बन चुका है।विशाल धरने के मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित विभाग के मध्य जोन के प्रदेश अध्यक्ष माननीय तनुज पुनिया ने कहा किधिक्कार है उन नेताओं पर जो एक तरफ देश का अन्नदाता कहते हैं देश का भगवान कहते हैं तो दूसरी तरफ उसी अन्नदाता भगवान के साथ नया अध्यादेश लाकर बहुत बड़ा षड्यंत्र कर रहे हैं। मैं खुलेआम इस धरने के माध्यम से कहना चाहता हूं कि षड्यंत्र तो रावण ने भी किया था। लेकिन क्या हर्ष हुआ भारत के इतिहास में 10 सर वरदान प्राप्त रावण का बध भगवान श्री राम के द्वारा हुआ है। तो निश्चित ही भाजपा का पतन देश के नौजवान और किसानों के हाथों ही होना है।विशाल धरने को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी गण,समस्त ब्लॉक अध्यक्ष,समस्त विधानसभा प्रभारी,नगर कमेटी,समस्त फ्रंटल अध्यक्ष गण,समस्त विभाग अध्यक्ष गण,समस्त प्रकोष्ठ अध्यक्ष गण एवं कार्यकारिणीमौजूद रहें।

इसी तरह केंद्र सरकार द्वारा किसान विरोधी बिल के खिलाफ भारत बंद आंदोलन में शिवसेना नेताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और जमकर केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए नारेबाज़ी की।शिवसेना जिला प्रमुख मनोज विद्रोही ने कहा कि अन्नदाता किसान की उपज की कीमत संसद और विधानसभा मे तय की जाती है और अडानी अम्बानी अपने उत्पाद की कीमत खुद तय करते हैं उद्योगपतियोंके माल में किसान से पंद्रह रुपये में खरीदकरउसी माल कों छियालीस रुपये में बेचा जाता है। कृषि बिल छलावा है दो हज़ार रुपए देकर सरकार किसानों को ठग रही है किसानों के सम्मान के साथ खिलवाड़ नही होने दियाजाएगा। शिवसेना किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए कृषि बिल का विरोध करती है।

इस मौके पर किसान यूनियन(आज़ाद) जिलाध्यक्ष लाल जी यादव,प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (आज़ाद) सुनील यादव, शिवसेना जिला उप प्रमुख सूरज जायसवाल,जिला वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, विद्यार्थी सेना जिला प्रमुख दिव्य प्रकाश पाठक,शोभित जायसवाल, राम राज त्रिवेदी, शुभम सोनी, धनीराम आदि शिवसैनिक उपस्थित रहे।

मोदी सरकार अडानी, अम्बानी की नौकर सरकार है उन्ही के इशारे पर कृषि क्षेत्र के काले कानून बनाये गए हैं और किसान आन्दोलन की मांगे सरकार नहीं मान रही है, आल इण्डिया किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रणधीर सिंह सुमन ने किसान सभा द्वारा दिल्ली किसान आन्दोलन कारियों के समर्थन में निकाले गए जलूस को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने सम्बोधित करते हुए कहा कि ''किसान और मजूदर मोदी सरकार को उखाड़ फेकेगा'' क्योंकि अडानी और अम्बानी को फायदा देने के लिए बनाये गए कानूनों को सरकार रद्द नहीं करने जा रही है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव बृज मोहन वर्मा ने कहा कि किसानों के समर्थन में आज भारत बंद पूर्णतया सफल है। पार्टी के जिला सह सचिव शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि किसान विरोधी तत्वों को जनपद में किसानों की धान खरीद का नाटक दिखाई नहीं देता है, जबकि शहर में हजारों ट्रालियों पर लदा धान खड़ा है' किसान सभा के जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि धान खरीद को लेकर आन्दोलन चलाया जायेगा और इस सरकार की जुमलेबाजी की पोल खोला जायेगा। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष प्रवीन कुमार ने कहा कि सरकार किसानों के जल, जंगल, जमीन अम्बानी और अडानी को बेच देना चाहते हैं।

छाया चौराहे से जलूस पुलिस लाइन चौराहा होते हुए सरकार विरोधी गगन भेदी नारे लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक गया, जलूस मं गिरीश चन्द, पवन कुमार, रमेश कुमार, अमान गाजी, आशीष शुक्ला, मनोज कुमार, पवन वर्मा, संदीप तिवारी, महेन्द्र यादव, नैमिष सिंह, अंकित यादव, लव त्रिपाठी, आशीष वर्मा, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, ज्ञानेश्वर वर्मा, अमर सिंह गुड्डू, राज कुमार, सहजराम वर्मा आदि प्रमुख किसान नेता थे अंत में राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया।

### विधायक को किया नजरबन्द

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश की तानाशाह सरकार ने जैदपुर के विधायक गौरव कुमार रावत को टेस्टी बाइट स्थित आवास पर नजरबन्द कर पूर्व में प्रस्तावित पद यात्रा में जाने से रोका।सुबह 6 बजे से ही उत्तर प्रदेश सरकार की पुलिस के अधिकारी प्रदेश सरकार के इशारे पर विधायक के आवास पर पहुॅच गए और विधायक गौरव कुमार रावत के पूर्व में निर्धारित जैदपुर कस्बे में पदयात्रा कार्यक्रम में जाने से रोका। गौरव रावत ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने व उनकी आमदनी दो गुना करनेका वादा करने वाली बात कर किसानों के साथ धोखा दिया गया है। अब उस गरीब किसान की जमीन खरीदने की तैयारी है। कृषि विधेयक लाकर भाजपा सरकार किसानों को बर्बाद कर रही है। समाजवादी पार्टी ने किसानों के हित में जो व्यवस्थाए की भाजपा सरकार ने उन्हे बर्बाद कर दिया अखिर बेचारा किसान क्या करे? किसान आत्म हत्या करने को मजबूर हो रहा है।उक्त अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मो0 रिजवान संजय, जिलाउपाध्यक्ष व जैदपुर प्रभारी कामता प्रसाद यादव, पिछडा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव विश्राम पाल, झितिज वर्मा, मो0 जावेद, सीता सरन, मोहित यादव, धीरज रावत, जैदपुर चेयरमैन मो0 रियाज, गोलू रावत, पवन यादव, रवि यादव समेत आदि लोग थे।

## आठ किलो गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**तिलोई अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत 8 किग्रा0 ;कीमत लगभग 2 लाख रुपयेद्ध अवैध गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के मुताबिक जनपद अमेठी में चलाए जा रहे नशा मुक्त अमेठी अभियान के क्रम में सोमवार को उ0नि0 तनुज कुमार पाल चौकी प्रभारी इन्हौना मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान अकबरपुर रेलवे क्रासिंग के पास से तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया।पूंछताछ के दौरान पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान सन्तोष कुमार पटेल पुत्र ओमकार नाथ पटेल नि0 ग्राम टूडरपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़एरुपेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह नि0 ग्राम पूरे पुरन्दर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ए एवम राजू वर्मा नि0 ग्राम आहिया कमालुद्दीन थाना सलोन जनपद रायबरेली के रूप में हुई है।

# अधिकारी पेयजल संबंधी समस्याओं का तत्काल संज्ञान लें: डीएम

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड.19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुईए जिसमें बताया गया कि आज 1578 टेस्ट किये गए हैं। विगत 24 घण्टे में जनपद में कुल 13 धनात्मक केस पाए गए हैंए साथ ही 01 मरीज को डिस्चार्ज किया गया है। जनपद में वर्तमान में कुल 66 एक्टिव केस हैं। जनपद में मरीजों का रिकवरी रेट 96ण्45ए सीएफआर 1ण्45 तथा धनात्मकता रेट 1ण्48 प्रतिशत है।

कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अस्स्पतालों में मरीजों को गर्म खाना एवं पेयजल दिया जा रहा है साथ ही नियमित रुप से उनके स्वास्थ्य की जांच की जा रही है।

पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पेयजल आपूर्ति के सम्बंध में प्राप्त हो रही शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर निस्तारण की कार्यवाही से अवगत भी करायें। बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद में धारा 15;3द्ध के तहत सार्वजनिक स्थानों पर मास्क न लगाने पर 41054 चालान कर 4373850 रु0 जुर्मानाए धारा 15;4द्ध के तहत रात्रि में निषेधाज्ञा धार्मिक जुलूस आदि के सम्बन्ध में 2987 चालान कर 378950 रु0 जुर्माना तथा धारा 15;5द्ध के तहत दोपहिया वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी बैठाने पर 4802 चालान कर 1245650 रु0 जुमार्ना वसूला गया है। साथ ही धारा 144 के उल्लंघन से 106 व्यक्तियों पर धारा 188 के तहत कार्यवाही की गई है।कांटेक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अधिक से अधिक कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग करते रहें।

### ललितपुर में भारत बंद रहा बेअसर

**ललितपुर।** कृषि बिल के विरोध में किसानों द्वारा एवं तमाम पार्टियों द्वारा भारत बंद का ऐलान किया गया था भारत बंद ललितपुर में बेअसर रहा यहां जनपद में सभी दुकाने खुली रही चप्पे.चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा दुकानदारों ने बेखौफ होकर अपनी दुकानें खोली यहां कोई असर नहीं दिखा बताते चलें कि समाजवादी पार्टी एवं अन्य पार्टियों ने भारत बंद का समर्थन किया था लेकिन व्यापारियों पर इसका कोई असर नहीं दिखा

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कोटवाधाम बड़े बाबा के दर्शन करने आए श्रद्धालु की सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई वही उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है।मंगलवार को कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के कोटवाधाम में सहादतगंज कोटवासड़क से अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से समर्थ स्वामी जगजीवन दास साहेब बड़े बाबा की समाधि पर दर्शन पूजन करने आए राजन यादव की बाइक को अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राजन यादव की मौके पर ही मौत हो गई वही उसका साथी श्रवण यादव गंभीर रूप से घायल हो गया घटना सुबह करीब आठ बजे दर्शन पूजन कर लौटते समय ग्राम अमनियापुर के पास हुई है । घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बदोसराय पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी सिरौलीगौसपुर भेज दिया । जहां डॉक्टरों ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया । वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सामूहिक विवाह का आयोजन, सांसद ने दिया आशीर्वाद



संवाददाता। बाराबंकी

**मंगलवार** को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 5 जोड़ों की शादी विकास खण्ड बंकी के सभागार में आयोजित की गयी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के सांसद उपेन्द्र सिंह रावत व विशिष्ठ अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव उपस्थित रहें । सांसद उपेन्द्र सिंह रावत तथा जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने जोड़ों को अपनाआर्शावाद दिया तथा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना इस प्रकार की योजना है जिसमें जो भी उत्तर प्रदेश के ऐसे गरीब परिवार अपनी बच्चियों की शादी का खर्च नहीं उठा सकते हैं उन परिवारों की लड़कियों का विवाह हमारी सरकार द्वारा सामूहिक विवाहमें किया जाएगा,जो कि सरकार की तरफसे होगा,इसमें गरीब परिवारों को एक भी रुपया नहीं देना होगा यह उत्तर प्रदेश सरकार की लड़कियों के लिए सबसे अच्छी पहल है इस योजना का मुख्य उद्देश्य है,कि लड़कियों को गरीब परिवार अपने ऊपर बोझ ना समझें, क्योंकि शादी का सारा खर्चा उत्तर प्रदेश सरकार उठाएगी,जिसका गरीब परिवार लाभ उठा सकेंगे ।

इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी,परियोजना निदेशक,खण्ड विकास अधिकारी बंकी,सौरभ शुक्ला,शिवकुमार शर्मा व दिनेश चन्द्र रावत निजी सचिव मा0 सांसद सहित दोनों पक्षों के परिजन उपस्थित रहें ।

## दोबारा एमएलसी निर्वाचित होने पर किया स्वागत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन मे दोबारा जीत हासिल करने के बाद पहली बार मंगलवार को नगर पहुंचे शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी का शिक्षको व समर्थको ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। नगर क्षेत्र मे पूरे हरिकिशुन, राजेन्द्र नगर, तहसील गेट, पुनीत इण्टर कालेज, राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज, बहुगुणा पीजी कालेज गेट पर विधायक उमेश द्विवेदी का फूल मालाओ से स्वागत दिखा। वहीं व्यापारमण्डल की ओर से चौक पर अध्यक्ष उदयशंकर दुबे की अगुवाई मे शिक्षक विधायक का स्वागत किया गया। सरस्वती विज्ञान प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय गेट पर भी शिक्षको ने उमेश द्विवेदी को माल्यार्पण कर जीत की बधाई दी। इसके पूर्व वर्मा नगर, रामपुर बावली तथा अझारा स्थित नागेश दत्त पब्लिक स्कूल मे भी शिक्षक विधायक का चुनाव जीतने के बाद प्रथम आगमन पर स्वागत हुआ दिखा। द्विवेदी ने चुनाव मे मिले सहयोग के लिए साथी शिक्षको व क्षेत्रीय लोगों का आभार जताया।